वैदग्ध्यरहित वैदिक-मीमांसकादि द्वारा प्रयोग करने योग्य पदों से भिन्न (कवि द्वारा प्रयुज्यमान) पदों के अलौकिक सौन्दर्य, जिसे पदों की उज्ज्वलता भी कहा जाता, को 'कान्ति' कहते हैं ।

'माधुर्य' गुण का उदाहरणभूत 'नितरां परुषा सरोजमाला' इत्यादि पद्य में 'कान्ति' नामक गुण भी विद्यमान है ।

रचना में क्रमशः गाढ़ता और शिथिलता का होना हीं 'समाधि' नामक शब्द-गुण है ।

गाढ़ता और शिथिलता को हीं वामन ने क्रमशः आरोह और अवरोह कहा है ।

दादस्य भेदकः। तत्र हि तयोर्व्यत्क्रमेण वृत्तेः।

यथा—

स्वर्गनिर्गतनिरर्गलगङ्गातुङ्गभङ्गुरतरङ्गसखानाम् ।
केवलाऽमृतमुचां वचनानां यस्य लास्यगृहमास्यसरोजम् ॥

अत्रारोहः प्रथमेऽर्धे। तृतीयचरणे त्ववरोहः। गङ्गेत्यादौ माधुर्यस्य

चारोहमिहोदाहरति, तत्र च प्रसादेन साङ्कर्यमित्यतः पण्डितराजेनान्यथा व्याख्यातम्। अत्र वामनग्रन्थे कश्चन विशेषो वर्णितस्तत एवावधेयः। अत्रापि पर-सवर्णजन्यहल्भिन्नहल्घटितसंयोगमादाय समन्वयः कर्त्तव्यः।

स्वर्गनिर्गतेत्यादि। कस्यचिद्विदुषो वर्णनमिदम्। यस्य विदुष आस्य-सरोजम्=मुखकमलम्, स्वर्गान्निर्गताया निरर्गलाया गङ्गायास्तुङ्गैर्भङ्गुरैश्च तरङ्गैः सदृशानां केवलस्यामृतस्य वर्षकाणां वचनानां लास्यगृहं नृत्यशाला वर्त्तत इत्यर्थः। केवलममृतं मुञ्चन्तीति क्विपि षष्ठीबहुवचनान्तं केवलामृतमुचामिति। अत्र वचनोपमानभूतानां तरङ्गाणां 'भङ्गुर' इति विशेषणं वचनेषु भङ्गियुक्तत्व-प्रत्यायकतया कथञ्चिद् व्याख्येयम्, अन्यथा वैरस्यापादकं स्यात्। अथवा तुङ्गभङ्गुरेत्यनेनोच्चावचत्वं प्रतिपादयतो बिदग्धमुखाम्बुजेऽपि वचनानामुच्चावचत्वं गाढत्वशैथिल्यवैशिष्टयरूपमभिप्रेतमिति व्याख्येयम्।

तृतीयचरणेति। अत्र 'तृतीयचरण इति बहुव्रीहिः। द्वितीयेऽर्धे इत्यर्थः' इति मर्मप्रकाशो युक्त एव, चतुर्थचरणे संयोगपरह्रस्वस्य यस्य-पदस्थयकारोत्तराकारमात्रे सत्वेऽपि प्राचुर्याभावात्, अन्ययोश्च संयोगपरत्वेऽपि ह्रस्वत्वाभावात्पण्डितराजानु-सारेण गाढत्वरूपारोहानुपपत्तेः। 'उत्तरार्धे तु सोऽपि' इत्यनेन स्वयमपि वक्ष्यत्येतत्। अतो यदुक्तं चन्द्रिकायाम्—'इह तृतीयचरणे इत्यत्र बहुव्रीहिरिति केषाञ्चिद्

'प्रसाद' और 'समाधि' में गाढ़ता और शिथिलता का क्रम-भेद—'समाधि' में पहले गाढ़ता और पश्चात् शिथिलता जब कि 'प्रसाद' में पहले शिथिलता और पश्चात् गाढ़ता का अवस्थान—हीं दोनों में परस्पर भेद का साधक है।

इसका एक उदाहरण 'स्वर्गनिर्गत०' आदि पद्य है—

"ये ऐसे विलक्षण विदग्ध विद्वान् हैं जिनका मुखकमल स्वर्ग से निकल कर अबाध गति से बहने वाली गङ्गा की ऊँची-नीची तरङ्गों का मित्र (अर्थात् उन तरङ्गों के समान) और केवल अमृत बरसाने वाली वाणी (स्वरूप-नर्त्तकी) की नृत्यशाला है॥"

इस पद्य के प्रथमार्ध में तो आरोह—गाढ़ता है जब कि तृतीयचरणघटित उत्तरार्ध में अवरोह—शिथिलता है। यद्यपि पूर्वार्ध के 'गङ्गातुङ्गभङ्गुरतरङ्ग' अंश में

व्यञ्जकेषु वर्णेषु सत्स्वपि दीर्घसमासान्तःपातितया न तस्य प्ररोहः । उत्तरार्धे तु सोऽपि । एते दश शब्दगुणाः ॥

एवम्—

क्रियापरम्परया विदग्धचेष्टितस्य तदस्फुटत्वस्य तदुपपादकयुक्तेश्च सामानाधिकरण्यरूपः श्लेषः ॥

विवरणं चिन्त्यम्, बहुव्रीहिणा तस्योत्तरार्धपरत्वाभ्युपगमे तद्घटकचतुर्थचरणे बन्धशैथिल्याप्रतीतेर्लक्षणसमन्वयाऽसम्भवात्' इति तच्चिन्त्यम् । अत एव सरलाप्येवं वर्णयन्ती सरलैव । अतो यत्पुनरुक्तं रसचन्द्रिकायाम्—'सरला तु चतुर्थचरणेऽवरोहं नानुभवति । तत्सत्यम्, तृतीयचरणमपेक्ष्य नावरोहः, परं प्रथमार्धमपेक्ष्य द्वितीयार्धेऽवरोहमनुभवन् मर्मप्रकाशः प्रायो नाऽसमीचीन इति प्रतिभाति' इति तदप्यकिञ्चित्करम् । माधुर्यलक्षणे संयोगस्य परसवर्णनिष्पन्नहल्भिन्नहल्घटितत्वस्योक्तत्वाद्द्वितीयचरणे कथं न माधुर्यस्यारोह इत्याशङ्कां निराचष्टे—गङ्गेत्यादावित्यादिना । दीर्घसमासेत्यादि । एतेन माधुर्यार्थमपेक्ष्यमाणस्य पृथक्पदत्वस्याभावोपपादनम् । न प्ररोह इति । प्ररोहः=प्रकर्षः । समासघटकतया द्वितीयचरणस्य प्रथमपादेन गाढत्वप्ररोहवता तथात्वमित्यभिप्रायः । सोऽपि=माधुर्यप्ररोहोऽपि । अतश्चोत्तरार्धे समाधिमाधुर्ययोरुभयोः सत्त्वं प्रतिपादितम् । एतावता दशशब्दगुणनिरूपणं प्राचामनुसारेण परिष्कृत्य कृतम् ॥

अर्थगुणान्निरूपयितुमुपक्रमते—एवमित्यादिना ।

तदस्फुटत्वस्य=विदग्धचेष्टितस्य परेणाप्रतीयमानत्वस्य । तदुपपादकेत्यत्रापि तत्पदेन विदग्धचेष्टितस्य ग्रहणम् । सामानाधिकरण्यमेकत्र वाक्ये महावाक्ये वा

माधुर्य-व्यंजक वर्ण विद्यमान हैं तथापि दीर्घसमास के कारण माधुर्य-लक्षणघटक 'पृथक्पदत्व' का अभाव होने से यहाँ माधुर्य का उत्कर्ष नहीं माना जा सकता । उत्तरार्ध में माधुर्य-विरोधी दीर्घसमासादि लक्षणों के न होने और माधुर्य-व्यंजक वर्णों के होने से शिथिलता के साथ-साथ माधुर्य का भी उत्कर्ष है हीं ॥

इस प्रकार प्राचीन वामनादि द्वारा स्वीकृत दश शब्दगुणों का निरूपण किया गया ॥

शब्दगुण के समान नाम वाले श्लेष, प्रसाद आदि दश अर्थगुण भी वामनादि के अभिमत हैं । किन्तु नामसाम्य होने पर भी इनके स्वरूप में भेद है । अतः श्लेष, प्रसाद आदि दश अर्थगुणों का क्रमशः लक्षण-उदाहरण के साथ निरूपण किया जा रहा है—

एक के बाद एक क्रिया का निर्देश करते हुए क्रमशः किसी विदग्धजन की चेष्टा; उस चेष्टा की अव्यक्तता और उस चेष्टा के उपपादक युक्तियों का सामाना-

प्रबन्धघटके निवेशः। प्रबन्धे प्रायेण सर्वत्र, मुक्तके तु क्वचिदेवायं गुणः।

अस्योदाहरणं पण्डितराजग्रन्थे न दृश्यते। कथञ्चित् परिभ्रष्टमिति प्रतीयते। अतो वामनोक्तमुदाहरणं द्रष्टव्यम्—

दृष्ट्वैकासनसंस्थिते प्रियतमे पश्चादुपेत्यादराद्
एकस्या नयने पिधाय विहितक्रीडानुबन्धच्छलः।
ईषद्वक्रितकन्धरः सपुलकः प्रेमोल्लसन्मानसाम्
अन्तर्हासलसत्कपोलफलकां धूर्तोऽपरां चुम्बति॥

अस्यार्थः—एकस्मिन्नेवासन उपविष्टे प्रियतमे (द्वितीयाद्विवचने रूपम्) दृष्ट्वा धूर्तो नायकः पश्चात् पृष्ठदेशत आदरादतर्कितालिङ्गनकौतुकादस्या नायिकायाः क्रीडानुबन्धच्छलेन नयने पिधाय मनाङ्नमितग्रीवः सरोमोद्गमश्च सन् प्रेमोल्लसन्मानसां रहस्यसंगोपनेच्छया विहितेनान्तर्हासेनोत्फुल्लकपोलफलकां चापरां नायिकां चुम्बतीति। उभयोर्नायिकयोः प्रियतमेतिनिर्देशात्प्रथमाया अपि चुम्बनादिकं तेन क्रियत एव। सपुलक इत्युक्त्या पुनर्द्वितीयस्यामनुरागातिशयो द्योत्यते। अत्र चैकस्या वञ्चनेनापरस्याश्चुम्बनं विदग्धचेष्टितम्, एकयाऽपरचुम्बनस्याज्ञातत्वात्तदस्फुटत्वम्, क्रीडानुबन्धच्छलेन च प्रथमनायिकानयनपिधानादपरस्याश्चुम्बनस्योपपादनम् इत्येतत्सर्वं तदनुकूलक्रियापरम्परया पश्चादागमनादिरूपया समान एव पद्ये ग्रथितमिति श्लेषोऽत्रार्थगुण इति समन्वयप्रकारः।

धिकरण्यसम्बन्ध, अर्थात् किसी एक काव्यवाक्य या महावाक्य में वर्णन होना ही 'श्लेष' नामक अर्थगुण है।

यह अर्थगुण इसीलिए माना जाता कि उक्त सामानाधिकरण्य चेष्टा आदि अर्थों का हीं विवक्षित है, तद्वाचक शब्दों का नहीं।

इसका उदाहरण रसगङ्गाधर में उपलब्ध नहीं है। अतः वामन द्वारा उद्धृत अमरुक कवि के 'दृष्टैकासनसंस्थिते' इत्यादि पद्य में ही इसका उदाहरण द्रष्टव्य है। पद्य संस्कृत-टीका में उद्धृत है, इसका अर्थ निम्नलिखित है—

"जब धूर्त्त नायक ने देखा कि उसकी दोनों ही प्रियतमाएँ एक हीं जगह बैठी हुई हैं और उस स्थिति में उन दोनों में अनुकूलतर प्रियतमा को चूमना उसके लिए सम्भव नहीं, क्योंकि वैसा करने पर एक प्रियतमा नाराज हो जाएगी तब उसने उत्कण्ठापूर्वक पीछे जाकर खेल के बहाने उस एक प्रियतमा की आँखें बन्द कर दीं। फिर धीरे से अपनी गर्दन को कुछ टेढ़ी करके प्रेम से उल्लसित होती हुई और 'अन्य प्रियतमा कहीं यह रहस्य समझ न ले'—इस भय से भीतर ही भीतर हँसने के कारण फूले हुए गालों वाली दूसरी प्रियतमा को रोमाञ्चित होकर उस (धूर्त्त नायक) ने चूम लिया।"

यावदर्थकपदत्वरूपमर्थवैमल्यं प्रसादः ॥

यथा—'कमलानुकारि वदनं किल तस्याः' इत्यादि। प्रत्युदाहरणं तु 'कमलकान्त्यनुकारि वक्त्रम्' इत्यादि।

प्रक्रमाऽभङ्गेनार्थघटनात्मकमवैषम्यं समता ॥

यावदर्थकेत्यादि। यावन्तोऽर्थाः प्रतिपिपादयिषिताः तावतामेव शब्दानां न न्यूनानां नाप्यधिकानां प्रयोगो यत्र तत्त्वं प्रसाद इत्यर्थः। अर्थेऽन्यूनानतिरिक्तपद-प्रतिपाद्यत्वं प्रसादोऽर्थगुण इति तात्पर्यम्। इदं च 'अर्थवैमल्यं प्रसादः' इति वामनोक्तलक्षणस्यैव स्फुटतरं वचनम्।

कमलकान्तीत्यत्र प्रत्युदाहरणे कान्तिपदमधिकमित्याशयः। वामनेन तु अर्थपुनरुक्तावपि प्रत्युदाहरणत्वमङ्गीकृतम्। प्रकृतेऽपि तद् बोध्यम्। तादृशं प्रत्युदाहरणं च वामनादिग्रन्थेभ्योऽधिगन्तव्यम्। परन्तु भङ्ग्यन्तरेणार्थस्य पुनरुक्तिर्गुण एव, न दोष इति कविसम्प्रदायः। वक्ष्यते चैवं माधुर्यं लक्षयता ग्रन्थकृता।

प्रक्रमाऽभङ्गेनेति। येन शब्देनार्थस्याभिधानमारम्भे तेनैव समाप्तिपर्यन्त-मभिधानम्—समानशब्देनैवोपक्रमप्रभृत्युपसंहारपर्यन्तं प्रतिपाद्यमानत्वमर्थस्य समतेति भावः। उद्देश्यस्यैक्येऽभिन्नेनैव पदेनोपादानं तस्य विशेषेणापेक्ष्यते। विच्छित्त्या-

---

एक को धोखा देकर दूसरी को चूमना विदग्धचेष्टित है, यह विदग्धचेष्टित जिसकी आँखें बन्द हैं उसके लिए अव्यक्त भी है और पीछे से आकर एक की आँखें बन्द कर देना इस विदग्धचेष्टित का उपपादक है। इस प्रकार एक हीं पद्य में चुम्बन क्रिया द्वारा विदग्धचेष्टित का, खेल करने का बहाना करने की क्रिया द्वारा उस विदग्धचेष्टित की एक नायिका के लिए अव्यक्तता का और पीछे से आकर आँखें बन्द कर देने की क्रिया से उस विदग्धचेष्टित चुम्बन का उपपादन किये जाने से यहाँ पूर्वलक्षित 'श्लेष' गुण की स्थिति स्पष्ट है।

अर्थ की विमलता—स्पष्टता, अर्थात् प्रतिपाद्य अर्थ का प्रतिपादन करने के लिए जितने शब्द आवश्यक हों उतने हीं शब्दों द्वारा, उनसे कम या अधिक शब्दों द्वारा नहीं, अर्थ-प्रतिपादन किया जाना 'प्रसाद' नामक अर्थगुण कहलाता।

जैसे—"उस नायिका का मुख कमल का अनुकरण करने वाला, अर्थात् कमल-सदृश मनोहर है" इस वाक्य द्वारा वर्णित अर्थ में 'प्रसाद' गुण है। इसके विपरीत, "उस नायिका का मुख कमल की कान्ति का अनुकरण करने वाला है" इस वाक्य में वर्णित अर्थ में 'प्रसाद' गुण नहीं है, क्योंकि इस वाक्य में विवक्षित अर्थ के प्रतिपादन के लिए आवश्यक शब्दों से अधिक 'कान्ति' शब्द प्रयुक्त है।

विवक्षित एक अर्थ का जिस शब्द से वर्णन के प्रारम्भ में प्रतिपादन किया गया

यथा—

हरिः पिता हरिर्माता हरिर्भ्राता हरिः सुहृत् ।
हरिं सर्वत्र पश्यामि हरेरन्यन्न भाति मे ॥

अत्र विष्णुर्भ्रातेत्यादिनिर्माणे प्रक्रमभङ्गात्मकं वैषम्यम् ।

एकस्या एवोक्तेर्भङ्ग्यन्तरेण पुनः कथनात्मकमुक्तिवैचित्र्यं माधुर्यम् ।

धानार्थत्वादस्यान्यत्रापि तथा । यदि तु एकपदप्रयोगे न विच्छित्तिस्तदा परिहरणीय एव सः ।

हरिरित्यादिपद्ये हरिशब्देनैवोपक्रमादुपसंहारपर्यन्तं परमेश्वररूपार्थस्याभिधीयमानत्वं स्पष्टमेव । पर्यायशब्दानां परस्परं भिन्नत्वं नार्थभिन्नत्वे कारणमिति यद्यप्यापाततः प्रतीयते तथापि शब्दस्यापि शाब्दबोधे भानस्य वैयाकरणादिसम्मतत्वेन एकशब्देनार्थबोधे एकरूपेणार्थः प्रतीयते शब्दान्तरेण पुनर्बोधे तच्छब्दविशिष्टः प्रतीयत इति विशेषणभेदादर्थभेदोऽर्थवैषम्यरूप इति मर्मप्रकाशः । अत्रोदाहृतमिदं पद्यं कीदृशं काव्यमिति विवेचनीयम् ।

वामनोक्तं माधुर्यलक्षणं परिष्कृत्याह—एकस्या इत्यादिना । उक्तिशब्दे-

---

हो उसी शब्द से अन्त तक उसका प्रतिपादित होना (प्रारम्भ में एक शब्द से और बाद में अन्य शब्द से प्रतिपादित न होना) 'समता' है ।

जैसे—

"हरि हीं मेरे पिता हैं, हरि हीं माता हैं, हरि हीं मित्र हैं, मैं सर्वत्र हरि को हीं देखता, मुझे हरि से अतिरिक्त कुछ भी नहीं दिखायी देता ॥"

इस पद्य में उपक्रम से उपसंहार तक परमेश्वर-स्वरूप अर्थ का एक 'हरि' शब्द से हीं प्रतिपाद होने से इसमें 'समता' नामक गुण है । इसके विपरीत,

हरिः पिता हरिर्माता विष्णुर्भ्राता हरिः सुहृद् ।
विष्णुं सर्वत्र पश्यामि विष्णोरन्यन्न भाति मे ॥

इत्यादि प्रकार से यदि भिन्न-भिन्न शब्दों द्वारा परमेश्वर-स्वरूप अर्थ का अभिधान किया गया होता तो 'समता' न होती । इसका कारण यह है कि शाब्दबोध के सविकल्पक होने—विशेषणविशिष्ट विशेष्य का ज्ञान होने—से विशेषणीभूत शब्द में भी शाब्दबोध विषयता होती । ऐसी स्थिति में भिन्न-भिन्न शब्दों से एक हीं अर्थ का प्रतिपादन करने पर तत्तच्छब्दजन्य बोध में तत्तत् शब्द (नाम) की प्रतीति होने से सभी खण्डवाक्यों से होने वाले बोध में एकरूपता हो नहीं सकती । अत एव ऐसी दशा में प्रक्रमभङ्गदोष आ जाने से 'समता' विघटित हो जाती है ।

उक्तिवैचित्र्य को 'माधुर्य' कहा जाता । उक्तिवैचित्र्य का अभिप्राय एक हीं

यथा—

विधत्तां निःशङ्कं निरवधिसमाधिं विधिरहो
सुखं शेषे शेतां हरिरविरतं नृत्यतु हरः।
कृतं प्रायश्चित्तैरलमथ तपोदानयजनैः
सवित्री कामानां यदि जगति जागर्ति भवती ॥

अत्र विध्यादिभिर्नास्ति किमपि प्रयोजनमित्येषोऽर्थः समाधिविधानादिप्रेरणारूपेणोक्तिवैचित्र्येणाभिहितः। अन्यथाऽनवीकृतत्वापत्तेः।

नार्थोऽत्राभिप्रेतो व्युत्पत्तिभेदेन लक्षणया वा।

विधत्तामित्यादि पद्यं गङ्गालहर्याम्। सवित्रीति तृजन्तं पदम्, कामानामिति षष्ट्यन्तपदात्। तृन्नन्तत्वे तु द्वितीया स्यात्, न लोकाव्ययेति कर्मषष्ठ्या निषेधात्। उत्कर्षः पुनस्तृन्नन्तप्रयोगे स्यात्। भवती=गङ्गा। पद्यार्थः स्फुटः।

प्रेरणात्र लिङर्थः, अभीष्टं वा। अन्यथा=उक्तिवैचित्र्याभावे। अनवीकृतत्वमर्थदोषो विच्छित्त्यनाधायकत्वात्सहृदयोद्वेजकत्वाच्च।

अकाण्डे=अनवसरे। मार्गे विवक्षितदेशप्राप्तेरुद्देश्यत्वे नावसर इति शोकस्यानवसरता। एतच्च बोध्यगतत्वे शोकस्य कथञ्चित् संगच्छते। सहृदयगतत्वं तु शोकस्य विवक्षितमिति मन्यामहे। उदाहरणानुरोधेन चाकाण्ड इत्यस्य तात्पर्यमस्फुटम्। 'अपारुष्यं सौकुमार्यम्' इति वामनोक्तं लक्षणमेवात्र परिष्कृतम्। सुकुमारतायाः पारुष्याभावस्वरूपत्वेनैव दोषाभावात्मकत्वमुपपादयन्त्यन्ये।

अर्थ का भिन्न-भिन्न भङ्गी (अभिव्यक्ति-प्रकार) से प्रतिपादन करना है।

उदाहरण गङ्गालहरी के निम्नलिखित पद्य में द्रष्टव्य है—

"माँ गङ्गे! सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाली तू जब इस संसार में सजग है तब विधाता निश्चिन्त होकर अनन्त समाधि में निमग्न हो जाँय, भगवान् विष्णु शेषनाग के ऊपर आराम से शयन के लिए चले जाँय, भगवान् शिव सर्वदा अपने ताण्डव में संलग्न हो जाँय, पापक्षय के निमित्त विभिन्न प्रायश्चित्त करने की भी कोई आवश्यकता नहीं और इसके लिये तप, दान और पूजन आदि शास्त्र-विहित कर्म का भी कोई उपयोग नहीं ॥"

इस पद्य में प्रतिपादनीय अर्थ यही है कि जब गङ्गा सकल पाप-ताप का दूर करने के लिए सन्नद्ध है तो फिर विधाता आदि का कोई प्रयोजन नहीं। परन्तु यदि इसी रूप में यह अर्थ शब्दों द्वारा प्रतिपादित होता तो इसमें चमत्कार न होने से यहाँ 'अनवीकृतत्व' दोष आ जाता। अत एव विधाता आदि को अनन्त समाधि में निमग्न हो जाने आदि की प्रेरणा का प्रतिपादन किया गया है जिससे अर्थ में एक

अकाण्डे शोकदायित्वाभावरूपमपारुष्यं सुकुमारता ॥

यथा—'त्वरया याति पान्थोऽयं प्रियाविरहकातरः'।

'प्रियामरणकातरः' इत्यत्र शोकदायिनो मरणशब्दस्य सत्त्वात्पारुष्यम्। इदं चाश्लीलतादोषव्याप्यम्।

वस्तुनो वर्णनीयस्यासाधारणक्रियारूपयोर्वर्णनमर्थव्यक्तिः ॥

यातीत्यस्य गृहमिति शेषः। अत्र पारुष्याभावमुपपादयति—प्रियामरणेत्यादिना। एतेनेदं सूच्यते यन्मृतप्रियस्य पान्थस्यैव प्रियाविरहकातर इति वर्णने सुकुमारता। यस्य पुनर्देशान्तरगतस्य प्रिया गृहे जीवत्येव तस्यैतादृशवर्णने न सौकुमार्यम् इति। पारुष्यं दोष इत्यपि लक्षणेन सूच्यत एव; परन्त्वयं दोषो न पृथक् परिगणित इति कथमत्र दोषत्वेनाभिधानं तस्येत्याशङ्कां समाधत्ते-इदं चेत्यादिना। अमङ्गलसूचकत्वादिति भावः। कस्यचिद् व्याप्यदोषस्य पृथक् परिगणनं कस्यचिच्च नेति विषये सम्प्रदाय एव शरणम्।

क्रियारूपयोरिति। क्रिया च रूपं स्वरूपं च, तयोरित्यर्थः। असाधारण-

---

वैदग्ध्य आ जाता है।

प्रतिपाद्य अर्थ में पारुष्य—कठोरता, जिसका अर्थ अनवसर में शोक देना है, के अभाव को हीं 'सुकुमारता' कहते।

जैसे—

"यह पथिक अपनी प्रियतमा के विरह (=मरण) से अत्यन्त खिन्न होकर शीघ्रता से अपने घर को लौट रहा है॥"

इसी वक्तव्य में यदि मरणस्वरूप अर्थ के प्रतिपादन के लिए 'प्रियामरणकातरः' कहा जाता तो यह अनवर में हीं शोकप्रद होता, क्योंकि घर लौटने के समय उस पथिक की प्रियतमा के मरण की बात सुनकर सहृदयों को शोक होता। यद्यपि जिस व्यक्ति को ऐसी कठोर बात कही जाती उसे भी शोक हो हीं सकता है तथापि काव्य में सहृदयगत शोक हीं विवक्षित होता। अतः उक्त लक्षण में निर्दिष्ट शोक को सहृदयनिष्ठ शोक समझना चाहिए। इस लक्षण से यह स्पष्ट है कि यह अर्थगत कठोरता—पारुष्य, जिसके अभाव को 'सुकुमारता' कहा गया है, एक अर्थगत दोष है। इसे स्वतन्त्र दोष के रूप में नहीं माना गया है अपितु वह 'अश्लीलता' दोष के अन्तर्गत आता, जिसमें व्रीड़ा (=लज्जातिशय), जुगुप्सा अथवा अमङ्गल की प्रतीति होती। 'अश्लीलता' दोष के अन्तर्गत पूर्वोक्त मरण-शब्द से प्रतिपादित अर्थ में अमङ्गलसूचकतास्वरूप 'अश्लीलता' है।

वर्णनीय वस्तु के असाधारण स्वरूप और असाधारण क्रिया का वर्णन करना हीं 'अर्थव्यक्ति' है। असाधारण का अर्थ वैदग्ध्यपूर्ण है। ऐसा प्रतीत होता कि 'अर्थ-

यथा—

गुरुमध्ये कमलाक्षी कमलाक्षेण प्रहर्तुकामं माम् ।
रदयन्त्रितरसनाग्रं तरलितनयनं निवारयाञ्चक्रे ॥

अयमेवेदानींतनैः स्वभावोक्त्यलंकार इति व्यपदिश्यते ।

त्वमुभयोर्विशेषणम् । एतेन—अर्थव्यक्तिरित्यत्रार्थशब्दोऽसाधारणक्रियास्वरूपयोर्वर्त्तत इति बोध्यम् ।

गुरुमध्य इत्यादि । गुरूणां श्रेष्ठजनानां मध्ये कमलाक्षेण प्रहर्त्तुं कामोऽभिलाषो यस्य तादृशं मां कमलाक्षी प्रिया लज्जया रदैर्दन्तैर्निपीडितं रसनाया अग्रं यत्र अथ च तरलिते निकोचवती नयने यत्र कर्मणि तथा निवारयाञ्चक्रे । दन्तैर्जिह्वाग्रं निपीडयन्ती नयने च व्यापारयन्ती कमलाक्षी कमलाक्षेण प्रहर्त्तुकामं मां निवारितवतीत्यभिप्रायः । रदयन्त्रितेत्यादिक्रियाविशेषणद्वयम् । अत्र 'निवारयाञ्चक्रे' इति लिट्प्रयोगश्चिन्त्यः । पद्येऽस्मिन् कमलाक्षीत्यनेन असाधारणस्य नायिकास्वरूपस्य रदयन्त्रितेत्यादिविशेषणद्वयविशिष्टाया निवारणक्रियायाश्च वर्णनादर्थव्यक्तिर्गुण इत्यभिप्रायो ग्रन्थकृतः । तत्रोक्तनिवारणक्रियायामापामरप्रसिद्धायां कीदृशमसाधारणत्वमिति विवेचनीयम् । यद्वा पामरसुलभायामप्येतादृश्यां निवारणक्रियायां वैदग्ध्यात्प्रतिभामात्रवेद्यत्वादसाधारणत्वं कथञ्चिन्मन्तव्यम् ।

इदानीन्तनैः—गुणत्रयवादिभिराचार्यैः । स्वभावोक्तीत्यादि । इदं च 'वस्तुस्वभावस्फुटत्वमर्थव्यक्तिः' इति वामनोक्तलक्षणेनैव सूचितप्रायम् । विशेषः काव्यप्रकाशादिभ्यो ज्ञेयः ।

व्यक्ति' शब्द के पूर्वभाग—'अर्थ' शब्द के अभिधेय वस्तु (—अर्थ) के असाधारण स्वरूप और असाधारण क्रिया हैं ।

इसका उदाहरण निम्नलिखित पद्य में उपलब्ध है—

"जब श्रेष्ठ जनों के बीच बैठी अपनी कमलतुल्य नेत्रोंवाली प्रियतमा पर मैंने अपने कमल-सदृश नयन से प्रहार करना चाहा—उसपर कटाक्षपात करने को उद्यत हुआ तो उसने दाँतों तले जीभ दबाकर आँखों के इशारे (कनखी) से मुझे वैसा करने से रोक दिया ।"

इस कथन में प्रियतमा के असाधारण स्वरूप का 'कमलाक्षी' शब्द से और दाँतों तले जीभ दबाकर आँखों के इशारे से रोकने की असाधारण–वैदग्ध्यपूर्ण क्रिया का वर्णन होने से 'अर्थव्यक्ति' नामक गुण है ।

इसी 'अर्थव्यक्ति'-नामक वामनादि-सम्मत गुण को परवर्ती आचार्यों ने 'स्वभावोक्ति' अलङ्कार कहा है ।

'चुम्बनं देहि मे भार्ये कामचाण्डालतृप्तये' इत्यादिग्राम्यार्थपरिहार उदारता ॥

एकस्य पदार्थस्य बहुभिः पदैरभिधानम्, बहूनां चैकेन, तथैकस्य वाक्यार्थस्य बहुभिर्वाक्यैः, बहुवाक्यार्थस्यैकवाक्येनाभिधानम्, विशेषणानां साभिप्रायत्वं चेति पञ्चविधमोजः ॥

चुम्बनं देहीत्यादौ प्रतिपाद्योऽर्थो न विदग्धोचितः। अतो ग्राम्यत्वं नामाऽविदग्धार्थोक्तिर्दोषस्तदभाव उदारतेत्यर्थः। अधमभिन्ने वक्तरि ग्राम्यत्वं दोषः, अधमोक्तौ तु ग्राम्यत्वं गुण एवेति बोध्यम्। ग्राम्योक्तिकवलितो हि विभावादिरूपोऽर्थो न रसनिष्पत्तये समर्थः, भ्रष्टं बीजमिवाङ्कुरायेति प्रदीपादौ स्पष्टम्।

सम्प्रति क्रमप्राप्तमोजोगुणं वर्णयति—एकस्येत्यादिना। बहूनामित्यादि। बहूनां पदार्थानामेकेन पदेनाभिधानमित्यर्थः।

ग्राम्य अर्थ का परिहार (करते हुए अग्राम्य—विदग्धोचित अर्थ का प्रतिपादन किया जाय तो) 'उदारता' नामक अर्थगुण कहा जाता।

उत्तम और मध्यम श्रेणियों की प्रकृतियों के लिए वैदग्ध्यरहित अर्थ का प्रतिपादन करना ग्राम्यत्वदोष कहा गया है। किन्तु अधम प्रकृति के लिए तो यह ग्राम्यत्व गुण है, दोष नहीं। अतः उत्तम और मध्यम प्रकृतियों द्वारा प्रतिपादित अर्थ में हीं 'उदारता' सम्भव है।

ग्राम्यत्व दोष का उदाहरण देखिये—

"ओ भार्ये (=प्रिये)? कामरूपी चाण्डाल की तृप्ति के लिए मुझे चुम्बन दे ॥"

इसमें चुम्बन आदि ग्राम्य अर्थ का अभिधान होने से इस वाक्यार्थ में ग्राम्यत्व दोष है। किन्तु यदि यही वाक्य किसी अधम प्रकृति—गँवार जन द्वारा प्रयुक्त हो तो ग्राम्यत्व दोष नहीं होगा। अतः किसी उत्तम या मध्यम श्रेणी के मनुष्य द्वारा ऐसा कहने पर हीं ग्राम्यत्व दोष समझना चाहिए।

ओज पाँच प्रकार का होता है—(१) एक पद द्वारा जिस अर्थ का प्रतिपादन सम्भव हो उस अर्थ का पद-समूह द्वारा प्रतिपादन किये जाने पर, (२) पद-समूह द्वारा जिस अर्थ का प्रतिपादन किया जा सकता उस अर्थ का किसी एक पारिभाषिक पद द्वारा प्रतिपादन किये जाने पर (३) एक वाक्य के द्वारा जिस अर्थ का प्रतिपादन संभव हो उसका अनेक वाक्यों द्वारा प्रतिपादन किये जाने पर, (४) अनेक वाक्यों द्वारा जिस अर्थ का प्रतिपादन किया जाना है उसका एक वाक्य से प्रतिपादन किये जाने पर और (५) विशेषण के साभिप्राय, अर्थात्

यदाहुः—

पदार्थे वाक्यरचना वाक्यार्थे च पदाभिधा।
प्रौढिर्व्याससमासौ च साभिप्रायत्वमस्य च ॥ इति।

पूर्वार्धप्रतिपाद्यं द्वयं व्याससमासौ चेति चतुष्प्रकारा प्रौढिः, साभिप्रायत्वं चेति पञ्चप्रकारमोज इत्यर्थः। प्रौढिः प्रतिपादनवैचित्र्यम्।

यथा—

सरसिजवनबन्धुश्रीसमारम्भकाले
रजनिरमणराज्ये नाशमाशु प्रयाति।

उक्तार्थे वामनवचनं प्रमाणत्वेनोपन्यस्यति— यदाहुरिति। वाक्यरचनेत्यत्र वाक्यरचनं वाक्यवचनं चेति पाठद्वयं वामनग्रन्थे सम्प्रत्युपलभ्यते। अत्र पद्ये 'साभिप्रायत्वमस्य च' इत्यत्रेदम्पदेन विशेषणस्य ग्रहणमभिप्रेत्य पूर्वं विशेषणस्य साभिप्रायत्वमुक्तम्। वामनेनापि 'आश्रयः कृतधियाम्' इत्यत्र विशेषणस्यैव साभिप्रायत्वं वर्णितम्।

चतुष्प्रकारेति। वामनमते तु प्रौढिरेव पञ्चमोपि प्रकारः प्रतीयते। अत एव 'अर्थस्य प्रौढिरोजः' इत्येव तत्कृतमोजोलक्षणं पञ्चस्वपि प्रकारेष्वनुगतं लभ्यते। साभिप्रायविशेषणप्रयोगे प्रतिपादनवैचित्र्यरूपा प्रौढिः पण्डितराजेन कथं न मन्यते इत्यवगमो दुश्शकः। यद्वा प्रथमेषु चतुर्षु प्रकारेषु विवक्षितार्थस्य पदादिभिः प्रतिपादने कृतेऽपि वैचित्र्यमात्राभावो भवति, न त्वपुष्टार्थता; साभिप्रायविशेषणाभावे त्वपुष्टार्थता भवतीति वैलक्षण्यादत्र वैचित्र्यरूपप्रौढ्यभावमादायास्य तद्वहिर्भाव उक्त इति बोध्यम्।

विवक्षित अर्थ का पोषक, होने पर।

यही विषय वामन ने स्पष्ट किया है—

"पद के अर्थ का वाक्य (=पद समूह) से और वाक्यार्थ का किसी एक हीं पारिभाषिक पद से प्रतिपादन, व्यास, समास ये चार प्रकार की प्रौढ़ियाँ और विशेषण का साभिप्राय होना–ये पाँच प्रकार ओज के होते॥"

इनमें व्यास और समास शब्द क्रमशः 'एक वाक्य के स्थान पर अनेक वाक्यों से और अनेक वाक्यों के स्थान पर एक वाक्य से अर्थ के अभिधान' के वाचक हैं। यहाँ प्रौढ़ि का अर्थ प्रतिपादनगत वैचित्र्य—विदग्धता है। पण्डितराज के कथन के अनुसार ओज के प्रथम चार प्रकार हीं प्रौढ़ि हैं, पञ्चम प्रकार नहीं। जब कि वामन ने 'अर्थस्य प्रौढिरोजः' यह ओज का लक्षण करते हुए पूर्वोद्धृत 'पदार्थे वाक्यरचना' इत्यादि पद्य में पाँचों प्रकारों को प्रौढ़ि के अन्तर्गत हीं रखा है।

परमपुरुषवक्त्रादुद्गतानां नराणां
मधुमधुरगिरां च प्रादुरासीद्विनोदः ॥

अत्रोषसीत्येकपदार्थस्याभिधानाय प्रथमचरण इत्याद्यग्रेऽपि बोध्यम् ।

पदार्थे वाक्यरचनाया उदाहरणम्—सरसिजेत्यादि । कमलवनस्य बन्धोः सूर्यस्य श्रियः समारम्भकाले अथ च रजनिरमणस्य चन्द्रस्य राज्ये आशु शीघ्रं तत्क्षणं वा नाशं प्रयाति सति—इत्यर्थकस्य पूर्वार्धस्य उषसीत्यर्थः, अयं च एकेनैव उषसीति पदेनाभिधातुं योग्योऽपि पूर्वार्धरूपेण वाक्येन प्रतिपादितः । एवमेव परमपुरुषस्य महेश्वरस्य मुखादुद्गतानां नराणामिति वाक्यं ब्राह्मणानामित्येकपदार्थे प्रयुक्तम् । परमपुरुषवक्त्रादुद्गतानामित्यन्वेति मधुमधुरगिरामित्यत्रापि । तथा चास्य पदसमूहस्य वेदानामित्यर्थः पर्यवस्यति । उषसि ब्राह्मणानां वेदानां च विनोदः क्रमेण पाठकर्तृत्वात् पाठकर्मत्वाच्च प्रादुरासीदीति भावः । वाक्यं चात्र पदसमूहमात्रं विवक्षितं न त्वाकांक्षादिमत्पदसमूहो निराकांक्षार्थप्रतिपादक एव । अत एव ग्रन्थकृता 'बहुभिः पदैरभिधानम्' इत्युक्तम् । तथा च पदसमूहमात्रं वा स्यादाकांक्षादिमत्पदसमूहो वेत्यत्र नाग्रहः । यथोदाहरणं व्यवस्था ।

प्रथमचरण इत्यत्र बहुव्रीहिः, तथा च प्रथमो भागः पूर्वार्द्धरूप इत्यर्थः । यद्यपि प्रथमचरणेन द्वितीयेन वा विवक्षितार्थप्रतिपादनं शक्यसम्भवम् तथापि पुनरुक्तिवारणाय बहुव्रीहिः स्वीकृत इति बोध्यम् ।

द्वितीयस्योदाहरणमाह—खण्डितेत्यादि । खण्डिताया अनुपदं वक्ष्यमाण-

---

एक पद से प्रतिपाद्य अर्थ के पद-समूह द्वारा प्रतिपादन का उदाहरण यह है—

"जिस समय कमल-कुल के मित्र (सूर्य) की छटा का उदय हो रहा था और निशानाथ चन्द्रमा के राज्य का शीघ्रता से अन्त हो रहा था (पूर्वार्द्ध का अर्थ) उस समय परमपुरुष भगवान् के मुख से उत्पन्न मानवों में और उसी भगवान् के मुख से आविर्भूत मधुसदृश मधुर वाणी का उल्लास हुआ ॥"

इस पद्य में प्रथम और द्वितीय चरणों के पद समूह से उस उष:काल का प्रतिपादन, वैचित्र्य के साथ, किया गया है जिसका अभिधान एक ही 'उषसि' पद से हो सकता था । इसी प्रकार एक 'ब्राह्मण' पद द्वारा जिस अर्थ का अभिधान किया जा सकता था, उसके लिए सम्पूर्ण तृतीय-चरणरूप पद-समूह का और केवल 'वेद' पद के अभिधेय अर्थ के लिए 'परमपुरुषवक्त्रादुद्गतानां मधुरमधुगिराम्' इस पद-समूह का प्रयोग किया गया है । अतः इसमें प्रथम प्रकार का ओज है ।

एक पद द्वारा वाक्यार्थ के अभिधान का उदाहरण देखिए—

खण्डितानेत्रकञ्जालिमञ्जुरञ्जनपण्डिताः ।
मण्डिताखिलदिक्प्रान्ताश्चण्डांशोर्भान्ति भानवः ॥

अत्र 'यस्याः पराङ्गनागेहात् पतिः प्रातर्गृहेऽञ्चति' इति वाक्यार्थे खण्डितापदाभिधानम् ।

अयाचितः सुखं दत्ते याचितश्च न यच्छति ।
सर्वस्वं चापि हरते विधिरुच्छृङ्खलो नृणाम् ॥

अत्र दैवाधीनं सर्वमित्येकस्मिन्वाक्यार्थे नानावाक्यरचनात्मको व्यास-पदवाच्यो विस्तरः ।

लक्षणाया नायिकाया नेत्रकञ्जालेर्नेत्रकमलश्रेण्या रञ्जुनि रञ्जने पण्डिता निपुणा अथ च मण्डिता अखिला दिग्भागा यैस्तादृशाश्चण्डांशोः सूर्यस्य भानवो भान्तीत्यर्थः ।

वाक्यार्थे = निरुक्तखण्डितालक्षणवाक्यार्थस्थाने खण्डितापदेनार्थाभिधानादोजोऽर्थ-गुणः ।

तृतीयस्योदाहरणम्—अयाचित इति । अत्त 'दत्ते', 'यच्छति' इति क्रिया-द्वयान्वयाय नृणामित्यत्र चतुर्थ्या विपरिणामः कर्त्तव्यः । यद्वा सम्प्रदानत्वाऽविवक्षया सम्बन्धसामान्ये षष्ठ्यैव निर्वाहः, 'कस्याद्य किं दीयताम्' 'किं दीयताम-विकलक्षितिदायिनस्ते' इत्यादिवत् ।

"सूर्य के वे प्रकाश चमक रहे हैं जो 'खण्डिता' नायिका के नेत्र-कमलों के पूर्ण रंजन में निपुण हैं और दिग्-दिगन्तों को मण्डित करने वाले हैं ॥"

इस पद्य में "जिसका पति परकीया नायिका के साथ रात बिता कर प्रातः काल में उसके पास लौट आता (वह नायिका 'खण्डिता' कहलाती)" इस सम्पूर्ण वाक्यार्थ का एक ही 'खण्डिता' पद से अभिधान किया गया है ।

अब तृतीय प्रकार के ओज का; जिसमें एक वाक्य के अर्थ का अनेक वाक्यों द्वारा विच्छित्तिपूर्ण रीति से प्रतिपादन किया जाता है, उदाहरण लीजिए—

"मनुष्यों का भाग्य कितना उच्छृंखल-अव्यवस्थित होता कि वह बिना मांगे सुख देता पर मांगने पर सुख भी न देता और सारा सर्वस्व भी हर लेता है ।"

इस पद्य में तीन वाक्यों द्वारा 'सब कुछ भाग्याधीन है' इस एक वाक्यार्थ का प्रतिपादन किया गया है । यही वामन के शब्द में 'व्यास',' अर्थात् शब्द-विस्तर कहा गया है ।

अब अनेक वाक्यों के अर्थों के एक वाक्य द्वारा प्रतिपादन का उदाहरण प्रस्तुत है—

तपस्यतो मुनेर्वक्त्राद्वेदार्थमधिगत्य सः।
वासुदेवनिविष्टात्मा विवेश परमं पदम् ॥

अत्र मुनिस्तपस्यति, तद्वक्त्रात्स वेदार्थमधिगतवान्, तदनन्तरं वासुदेवे परब्रह्मणि मनः प्रावेशयत्, ततश्च मुक्तोऽभूदिति वाक्यार्थकलापः शतृक्त्वा-बहुव्रीहिभिस्तिङन्तेन चानुवाद्यविधेयभावेनैकवाक्यार्थीकृतः।

साभिप्रायत्वं च प्रकृतार्थपोषकता।

चतुर्थस्योदाहरणम्—तपस्यत इति। मुक्तोऽभूदिति चतुर्थपादार्थ उक्तः। शतृ-प्रत्ययोऽत्र तपस्यत इति पदे, क्त्वाप्रत्ययोऽधिगत्येत्यत्र, तृतीये च पादे बहुव्रीहिश्चतुर्थे विवेशेति तिङन्तम्। सर्वासां क्रियाणां तिङन्तेन कृदन्तेन वा शब्देनाभिधाने वाक्य-चतुष्टयं स्यात्, तत्स्थाने त्रयं क्रमशः शतृप्रत्ययादिना क्रियाप्रतिपादनपूर्वकमुद्देश्य-विशेषणतयोद्देश्यीकृतं तिङन्तप्रतिपाद्यायाः परमपदनिवेशक्रियाया विधेयाया इत्येक-वाक्यत्वं स्पष्टम्, प्रधानीभूतक्रियायास्तिङन्तपदोपस्थाप्याया विशिष्टस्योद्देश्यस्य चैकत्वादित्यभिसन्दधानेनोक्तम्—अनुवाद्येत्यादिना। अनुवाद्यम्=शाब्दमुद्देश्यम्।

पञ्चमं प्रकारं व्याचष्टे—साभिप्रायत्वमिति। प्रकृतार्थस्य पोषकत्वमुपपाद-

---

"तपस्या करते हुए मुनि के मुख से वेदार्थ का परिज्ञान कर के परमात्मा मे अपने मन को समाहित कर उसने परम पद को प्राप्त कर लिया॥"

इस पद्य में चार वाक्यों—'मुनि तपस्या कर रहे हैं (मुनिस्तपस्यति), 'उनके मुख से उसने वेदार्थ का परिज्ञान किया' (तद्वक्त्रात् स वेदार्थमधिगतवान्), 'उसके बाद उसने वासुदेव, अर्थात् परब्रह्म में अपने चित्त को समाहित कर लिया' (तदनन्तरं वासुदेवे स मनः समावेशयत्) और 'उसके पश्चात् वह मुक्त हो गया' (ततश्च स मुक्तोऽभूत्)—के अर्थों का प्रतिपादन एक हीं वाक्य में चारो वाक्यों का समावेश कर किया गया है। प्रथम वाक्य की समापिका क्रिया—'तपस्यति' को शतृप्रत्ययान्त 'तपस्यत' शब्द द्वारा, द्वितीय वाक्य की समापिका क्रिया—'अधिगतवान्' को क्त्वा—ल्यप्—प्रत्ययान्त 'अधिगत्य' पद द्वारा और तृतीय वाक्य की समापिका क्रिया को बहुव्रीहि (वासुदेवे निविष्ट आत्मा=अन्तःकरणं यस्य तथाविधः—तत्पुरुषगर्भबहुव्रीहि) समास द्वारा प्रथम तीन वाक्यार्थो को उद्देश्य (के विशेषण) और अन्तिम वाक्य के तिङन्तघटित होने से उसके अर्थ को विधेय बनाकर चार वाक्यों के स्थान में एक हीं वाक्य द्वारा अर्थ का प्रतिपादन कर दिया गया है।

विशेषण के साभिप्राय होने का अर्थ उसका विवक्षित अर्थ का परिपोषक होना है। ऐसे हीं विशेषण को 'हेतुगर्भ विशेषण' कहते।

देखिए—

यथा—

गणिकाऽजामिलमुख्यानवता भवता बताहमपि ।
सीदन्भवमरुगर्त्ते करुणामूर्त्ते न सर्वथोपेक्ष्यः ॥

अत्रोपेक्षाभावे करुणामूर्त्तित्वं पोषकम् । पापिष्ठत्वात्करुणाया अभावे प्रकृतेऽस्याः संपादनाय गणिकेत्यादि सीदन्निति च ।

दीप्तरसत्वं कान्तिः ॥

कत्वमित्यर्थः । एतादृशं विशेषणं हेतुगर्भमित्युच्यते ।

गणिकेत्यादि । हे करुणावतार परमेश्वर ? गणिकाऽजामिलौ मुख्यौ येषां तान् अवता रक्षता भवता भव एव मरुगर्त्तस्तस्मिन् सीदन् क्लेशमनुभवन्नहमपि न सर्वथोपेक्ष्य इति कश्चिद् अधमो भक्तो भगवन्तं प्रार्थयते । अथ च पद्ये निर्दिष्टा गणिका पिङ्गलानाम्नी यस्याः कथा श्रीमद्भागवते एकादशस्कन्धस्य नवमेऽध्याये, अजामिलस्य च दासीपुत्रस्य कथा तत्रैव षष्ठस्कन्धस्याद्येषु त्रिष्वध्यायेषु वर्णिता । बतेत्यामन्त्रणे ।

अत्र विशेषणस्य साभिप्रायत्वमुपपादयति—अत्रेत्यादिना । अत्र च करुणामूर्त्ते इति सम्बोधनपदस्य करुणामूर्त्तित्वविशिष्टार्थकत्वेन करुणामूर्त्तित्वस्य (=करुणायाः) विशेषणत्वमुक्तम् । योग्यतावशात्परमेश्वरपदाध्याहारे तु करुणामूर्त्तिरेव विशेषणं परमेश्वरस्य, क्रियाया वेति बोध्यम् ।

कान्तेर्वामनोक्तं लक्षणं प्रस्तौति- दीप्तेत्यादि ।

"ओ करुणावतार परमेश्वर ! तूँने गणिका और अजामिल जैसे अधमों को तारा है; इस लिए संसाररूपी सूखे गड्ढे में तड़पने वाले मुझ अधम की भी किसी तरह उपेक्षा मत कर ॥"

इस पद्य में करुणामूर्त्ति का करुणामूर्त्तित्व अथवा अध्याह्रियमाण परमेश्वर का 'करुणामूर्त्ति' यह विशेषण 'उपेक्षा मत कर' इस अर्थ का परिपोषक है । इसी तरह प्रार्थी के पापिष्ठ होने से आपाततः वह करुणा का पात्र नहीं हो सकता ; किन्तु पापिष्ठ जन भी यदि पीड़ा से तड़प रहा हो और जिससे करुणा की भिक्षा मांगी जा रही हो वह यदि उसकी भिक्षा देने का अभ्यस्त हो तो पापिष्ठ जन में भी करुणापात्रता आ जाती है—इसी अभिप्रेतार्थ के पोषण के लिए गणिका आदि को दृष्टान्त रूप में परमेश्वर के विशेषण का घटक और 'सीदन्' इस पद को प्रार्थी का विशेषण बनाया गया है । अतः इस पद्य में विशेषणों की प्रकृतार्थ-पोषकतारूप साभिप्रायता है ।

दीप्तरसत्व को 'कान्ति' नामक अर्थगुण (वामन ने) कहा है ।

तच्च स्फुटप्रतीयमानरसत्वम्। उदाहरणं च वर्णितमेव रसप्रकरणे, वर्णयिष्यते च।

अवर्णितपूर्वोऽयमर्थः पूर्ववर्णितच्छायो वेति कवेरालोचनं समाधिः॥

ज्ञानस्य विषयतासंबन्धेनार्थनिष्ठत्वादर्थगुणता।

आद्यो यथा—'तनयमैनाकगवेषण–' इत्यादौ। द्वितीयस्तु प्रायशः

तच्च=दीप्तरसत्वं च। वर्णितमेवेति। 'शयिता सविधेऽप्यनीश्वरा·········' इत्यादौ वर्णयिष्यत इत्यस्य यथासम्भवमलङ्कारादिप्रकरण इति शेषः।

अवर्णितपूर्वेत्यादि। इमावेवार्थौ वामनेन क्रमशः 'अयोनिः', 'अन्यच्छायायोनिः' इति कथितौ। वामनेन पुनरुभावप्यर्थौ व्यक्तसूक्ष्माभ्यां द्विधा, अनयोरपि सूक्ष्मो द्विविधो भाव्यवासनीयभेदाभ्यामित्युक्तम्।

अर्थविषयकालोचनस्य कविनिष्ठत्वेन कथमर्थनिष्ठत्वमित्याशङ्कामपाकरोति—ज्ञानस्येत्यादिना। समवायेन कवौ वर्त्तमानमप्यालोचनं विषयतासम्बन्धेनार्थनिष्ठमेवेत्यस्य ज्ञानमात्रस्य विषयतयाऽर्थनिष्ठत्वादित्यर्थः। एतच्च विषयताया वृत्तिनियामकसम्बन्धत्वस्वीकार एवोपपद्यते।

'तनयमैनाक' इत्यादिगद्यसन्दर्भो मध्यमकाव्योदाहरणतया व्याख्यातः। प्रायश

रस की दीप्तता का अर्थ उसकी स्फुट रूप में अभिव्यक्ति है। इसका उदाहरण रस-निरूपण के सन्दर्भ में दिया जा चुका है। वहाँ 'शयिता सविधेऽप्यनीश्वरा···' आदि पद्य में विप्रलम्भ-शृङ्गार रस की स्फुट अभिव्यक्ति बतलाई गई है। आगे भी ध्वनि-अलङ्कार आदि के निरूपण के अवसर पर इसके अनेक उदाहरण दिये जायेंगे।

काव्य रचना करते समय कवि का यह चिन्तन कि वह जिस अर्थ का अपने काव्य में उपनिबन्ध करने जा रहा है वह पहले किसी कवि द्वारा वर्णित नहीं हुआ है—अपूर्व अर्थ है या वह अर्थ पूर्व कवि द्वारा वर्णित अर्थ का हीं साक्षात् या प्रकारान्तर से अनुकरण है, 'समाधि' नामक अर्थगुण है।

यद्यपि यह 'समाधि'-स्वरूप गुण समवाय-सम्बन्ध से तो कविनिष्ठ हीं है तथापि विषयता-सम्बन्ध से अर्थनिष्ठ होने के कारण अर्थगुण माना गया है, क्योंकि ज्ञान-मात्र विषयता-सम्बन्ध से अर्थनिष्ठ होता।

अपूर्व अर्थ के उपनिबन्ध का एक उदाहरण वही है जो मध्यम काव्य का उदाहरण पहले 'तनयमैनाकगवेषण···' इत्यादि यमुना-वर्णनात्मक गद्य दिया जा चुका है। पूर्ववर्णित अर्थ का अनुकरणात्मक उपनिबन्ध तो प्रायः, कुछ काव्यों को छोड़

सर्वत्रैवेत्याहुः ॥

अपरे त्वेषु गुणेषु ,कतिपयान्प्रागुक्तैस्त्रिभिर्गुणैर्वक्ष्यमाणदोषाभावालंकारैश्च गतार्थयन्तः, कांश्चिद्वैचित्र्यमात्ररूपतया क्वचिद्दोषतया च मन्यमाना न तावतः स्वीकुर्वन्ति। तथा हि—श्लेषोदारताप्रसादसमाधीनामोजोव्यञ्जकघटनायामन्तर्भावः। न च श्लेषोदारतयोः सर्वांशे गाढबन्धात्मनोरोजोव्यञ्जकघटनान्तर्भावोऽस्तु नाम, प्रसादसमाध्योस्तु गाढशिथिलात्मनोरंशेनौजोव्यञ्जकान्तर्भावेऽप्यंशान्तरेण कुत्रान्त-

---

इति। अवर्णितपूर्वस्यार्थस्य क्वचिदेव केनचिदेवोपनिबन्धनाभिप्रायेणोक्तमिदम्। 'इत्याहुः' इत्यस्य दशशब्दगुणप्रस्तावे निर्दिष्टेन 'जरत्तरास्तु' इत्यनेनान्वयः॥

एतावता प्रबन्धेन सपरिकरं दशशब्दगुणान् दशैव चार्थगुणान् वामनादिसम्मतान्निरूप्य सम्प्रति गुणत्रयवादिमते यथैषां त्रिषु गुणेषु तदतिरिक्तेषु वा गुणालङ्कारादिषु यथायथमन्तर्भावो मम्मटाद्यभिमतस्तन्निरूपयति—अपरे त्वित्यारभ्य मम्मटभट्टादय इत्यन्तेन ग्रन्थेन। वक्ष्यमाणत्वं दोषस्य तदभावस्य वा स्वमते, न मम्मटादिमते, तत्र गुणेभ्यः पूर्वमेव दोषाणां वर्णनात्। अलङ्कारैश्चेत्यत्र चकार उपलक्षणं रसध्वने रसवदलङ्कारस्य चेति बोध्यम्। क्वचिद् दोषतयेति। विवक्षितार्थप्रतिकूलत्वे सतीत्यर्थः। अन्तर्भावमेवोपपादयति—तथा हीत्यादिना। क्रमप्राप्तं शब्दगुणानामन्तर्भावप्रकारमाह—श्लेषेत्यादिना। अंशेन = गाढात्मना। अंशान्तरेण = शिथिलात्मना। अंशान्तरस्येत्यादेर्माधुर्याभिव्यञ्जकेत्यादिर्वाक्यस्य। परेषाम् = वामनादीनाम्। अस्माकम् = मम्मटादीनाम्। वामनादिभिः शब्दे माधुर्यं स्वीकृतम्, मम्मटादिभिः पुना रसे। तथा च वामनाद्यभिमतं शब्दनिष्ठं माधुर्यं मम्मटादिमते रसनिष्ठमाधुर्यस्याभिव्यञ्जकमिति व्यङ्ग्यरसधर्मवाचकस्य माधुर्यादिशब्दस्य तद्-

---

कर, सर्वत्र देखा जा सकता है।

इस प्रकार वामनादि-सम्मत दश अर्थगुणों का निरूपण किया गया॥

गुणत्रयवादी आचार्य तो पूर्वोक्त वामनादिसम्मत २० गुण नहीं मानते। इन बीस गुणों में से कुछ को तो ये पूर्ववर्णित—माधुर्य, ओजस् और प्रसाद इन तीन हीं गुणों में, कुछ को दोषाभाव में, कुछ को अलङ्कार आदि में गतार्थ कर देते; शेष में से कुछ को दोष हीं मानते। जैसे—शब्दगुणान्तर्गत श्लेष, उदारता, प्रसाद और समाधि का ओजोगुण के व्यञ्जक रचना में अन्तर्भाव हो जाता है। इनमें भी श्लेष तथा उदारता का तो ओजोव्यञ्जक रचना में अन्तर्भाव सुस्पष्ट है, क्योंकि इन दोनों में बन्ध—रचना की गाढ़ता पूर्णरूपेण होती हीं है। परन्तु प्रसाद में प्रारम्भ में और समाधि में अन्त में विभिन्नता होने से इन दोनों के प्रौढांश का ओजोव्यञ्जक

र्भाव इति वाच्यम्। माधुर्याभिव्यञ्जके प्रसादाभिव्यञ्जके वेति सुवच-त्वात्। माधुर्यं तु परेषामस्मदभ्युपगतमाधुर्यव्यञ्जकमेव। एवं च सर्वत्र व्यञ्जके व्यङ्ग्यशब्दप्रयोगो भाक्तः। समता तु सर्वत्रानुचितैव, प्रति-पाद्योद्भटत्वानुद्भटत्वाभ्यामेकस्मिन्नेव पद्ये मार्गभेदस्येष्टत्वात्।

व्यञ्जकशब्दधर्मे प्रयोगो भाक्तः। एवमेव व्यङ्ग्यरसप्रतिपादकस्य मधुरादिशब्दस्यापि तद्व्यञ्जकरचनाविशेषप्रतिपादनाय प्रयोगोऽपि भाक्त एवेत्याह—एवमित्यारभ्य भाक्त इत्यन्तेन ग्रन्थेन। समता = उपक्रमादासमाप्ते रीत्यभेदरूपा। प्रतिपाद्यः = अर्थः। इष्टत्वादिति। अत्र कश्चिद् विशेषः साहित्यदर्पणादिभ्योऽवसेयः। इदं तु चिन्त्यम्—यत्रोपक्रमादुपसंहारपर्यन्तमनुद्धतस्यैवार्थस्य प्रतिपादनमिष्टं तत्र समता कथमनुचितेति। यथा चैकस्मिन्नेव पद्ये प्रतिपाद्योद्भटत्वानुद्भटत्वाभ्यां गुणत्रय-वादिनामपि नानागुणयोगित्वमभिमतं तथैव प्रकृतोदाहरणेऽपि कथं न सम्भवतीति। उपधेयसङ्करस्तु उपाधीनामसाङ्कर्याद् वामनादिमते न दुष्यति। रससंकरोदाहरणेषु च गुणत्रयवादिनां गत्यन्तराभावोऽपीति।

रचना में और शिथिलांश का माधुर्याभिव्यञ्जक रचना में अथवा प्रसादाभिव्यञ्जक रचना में यथासम्भव अन्तर्भाव हो जाता है। यह स्मरणीय है कि वामनादिसम्मत माधुर्य गुण गुणत्रयवाद्यभिमत माधुर्य गुण नहीं, अपितु इसका व्यञ्जक है (और माधुर्य गुण इससे व्यङ्ग्य है)। इसी प्रकार वामनादिसम्मत ओज आदि गुण भी गुणत्रयवादिसम्मत ओज आदि गुणों के अभिव्यञ्जक हैं। अतः स्पष्ट है कि व्यङ्ग्-भूत गुणविशेषवाचक माधुर्य आदि शब्दों का माधुर्यादि के व्यञ्जक रचना-विशेषों के लिए जो वामनादि द्वारा प्रयोग किया गया है वह (=व्यङ्ग्यार्थ-वाचक माधुर्यादि शब्दों का व्यञ्जकीभूत रचना के अर्थ में प्रयोग) औपचारिक है।

जहाँ तक समता-नामक प्राचीन-सम्मत शब्दगुण का प्रश्न है वह तो सर्वत्र—सम्पूर्ण काव्य में नितान्त अनुचित है (अतः इस रूप में यह दोष है, गुण नहीं), क्योंकि एक ही काव्य में प्रतिपाद्य अर्थ की उत्कटता और उसकी अनुत्कटता के आधार पर क्रमशः समता और विषमता होनी चाहिये, न कि सम्पूर्ण में समता ही। उदाहरणार्थ 'निर्माणे यदि ...' पद्य में अर्थ की उत्कटता—प्रौढ़ता के कारण प्रथम तीन चरणों में गाढ़ता और चतुर्थ चरण में अर्थ की अनुत्कटता—शिथिलता के कारण रीति में जो विषमता—शिथिलता है वही गुण है। यदि यहाँ चतुर्थ चरण में भी प्रथम तीन चरणों की तरह गाढ़ता या प्रथम तीन चरणों में ही चतुर्थ चरण की तरह शिथिलता होती तो दोष ही होता।

थथा—

निर्माणे यदि मार्मिकोऽसि नितरामत्यन्तपाकद्रव-
न्मृद्वीकामधुमाधुरीमदपरीहारोद्धुराणां गिराम्।
काव्यं तर्हि सखे सुखेन कथय त्व समुखे मादृशां
नो चेद्दुष्कृतमात्मना कृतमिव स्वान्ताद्बहिर्मा कृथाः॥

अत्र पूर्वार्धे तृतीयचरणे च लोकोत्तरनिर्माणप्रतिपादके यो मार्गो न स चतुर्थचरणे कदर्यकाव्यप्रतिपादक इति वैषम्यमेव गुणः। ग्राम्यत्वकष्टत्वयोस्त्यागात्कान्तिसौकुमार्ययोर्गतार्थता, प्रसादेन चार्थव्यक्तेरिति॥

अर्थगुणेष्वपि—श्लेषः, ओजस आद्याश्चत्वारो भेदाश्च वैचित्र्यमात्र-

---

निर्माण इत्यादि। हे सखे! यदि त्वम् अत्यन्तेन परिपाकेन निमित्तेन द्रवन्त्याः प्रक्षरन्त्या मृद्वीकाया द्राक्षाया मधुनो मृष्टस्य रसस्य माधुर्यमदापहारे नितरामतिशयेनोद्धुराणां मृद्वीकारसमाधुर्यतिरस्कारकारिणीनां गिरां निर्माणे संग्रथने मार्मिकोऽसि तर्हि मादृशां सहृदयानां संमुखे सुखेन स्वं काव्यं कथय। अन्यथा आत्मना कृतं दुष्कृतमिव स्वं सहृदयहृदयोद्वेजकं नीरसं काव्याभासं स्वान्ते मनस्येव स्थापय, न त्वस्मत्समक्षं तद्बहिष्कुरु—इति पद्यार्थः।

अत्रार्थानुसारेणादितस्तृतीयं चरणं यावदुद्धतश्चतुर्थे पुनरनुद्धतो मार्ग इत्याह—अत्रेत्यादिना। इदानीं दोषाऽभावेऽन्तर्भावमाह—ग्राम्यत्वेत्यादिना। ग्राम्यत्वाभावः कान्तिः, कष्टत्वस्य परुषवर्णघटितत्वस्याभावः सौकुमार्यम् इत्यन्वयः। अर्थव्यक्तेरित्यस्य गतार्थतेत्यनेन पूर्ववाक्यस्थेनाभिसम्बन्धः। इतिशब्देन शब्दगुणान्तर्भावप्रकारोपसंहारः सूच्यते॥

क्रमप्राप्तमर्थगुणान्तर्भावप्रकारमाह—अर्थगुणेष्वपीत्यादिना। वैचित्र्यमात्रमित्यत्र वैचित्र्यं कवेर्भङ्गिविशेषः। अन्यथा = वैचित्र्यमात्रस्य गुणत्वेऽभिमते।

उदाहृत पद्य का अर्थ निम्नलिखित है—

"अरे मित्र! पूरी तरह पक जाने से रस टपकाने वाले अङ्गूर के मधु-सदृश माधुर्य के मद को भी ध्वस्त करने में समर्थ वाणी के विन्यास में यदि तू निपुण है तब तो मेरे सामने अपना काव्य पढ़, नहीं तो—यदि तेरे काव्य में प्रचुर माधुर्य नहीं है तो—अपने काव्य को अपने किये गये कुकर्म की तरह भीतर ही छिपा कर रख, उसे बाहर मत कर॥" इसी प्रकार, ग्राम्यत्व-दोष का अभाव कान्ति-नामक प्राचीनाभिमत गुण है, जब कि कष्टत्व-दोष का अभाव सौकुमार्य है। अर्थव्यक्ति तो प्रसाद में हीं समाविष्ट है॥

प्राचीनाभिमत अर्थगुणों में भी श्लेष और ओज के प्रथमोक्त चार प्रकार तो

रूपा न गुणान्तर्भावमर्हन्ति, अन्यथा प्रतिश्लोकमर्थवैचित्र्यवैलक्षण्याद्गुण-भेदापत्तेः। अनधिकपदत्वात्मा प्रसादः, उक्तिवैचित्र्यवपुर्माधुर्यम्, अपारुष्य-शरीरं सौकुमार्यम्, अग्राम्यरूपोदारता, वैषम्याभावलक्षणा समता. साभि-प्रायत्वात्मकः पञ्चम ओजसः प्रकारः, स्वभावस्फुटत्वात्मिकाऽर्थव्यक्तिः, स्फुटरसत्वरूपा कान्तिश्च, अधिकपदत्वानवीकृतत्वामङ्गलरूपाश्लीलग्राम्य-भग्नप्रक्रमापुष्टार्थरूपाणां दोषाणां निराकरणेन स्वभावोक्त्यलङ्कारस्य रसध्वनिरसवदलंकारयोश्च स्वीकरणेन च गतार्थानि। समाधिस्तु कविगतः काव्यस्य कारणं न तु गुणः, प्रतिभाया अपि काव्यगुणत्वापत्तेः। अतस्त्रय एव

गुणभेदः=गुणानन्त्यम्। 'तदभावेऽपि काव्यव्यवहारप्रवृत्तेः' इति प्रकाशोक्तो हेतु-रहेतुः, परैरेषां काव्यमात्रगुणत्वाऽस्वीकारात्। अन्यथा गुणत्रयवादेऽपि प्रत्येकस्य काव्यमात्रगतत्वाभावाद् अगुणत्वप्रसङ्गादिति पण्डितराजाशयः। अनधिकेत्यारभ्य पञ्चम ओजसः प्रकार इत्यन्ते ग्रन्थे वर्णितानां वामनाद्यभिमतानां प्रसादादीनां गुणानां क्रमशोऽन्तर्भाव उच्यतेऽधिकपदत्वादिदोषाणामभावेषु—अधिकपदत्व . . . . निराकरणेनेति। अर्थव्यक्तेः स्वभावोक्त्यलङ्कारे, कान्तेश्च यथासम्भवं रसध्वनौ रसवदलङ्कारे चान्तर्भाव उच्यते—स्वभावोक्तीत्यादिना। अत्र विशेषः काव्य-प्रकाशतट्टीकादिभ्योऽवसेयः। कारणमिति। ग्रथनीयार्थस्य कविकर्तृकालोचनाभावे

उक्तिवैचित्र्य मात्र है, इनको गुण कहना अनुचित है। अन्यथा—यदि उक्तिवैचित्र्य को भी गुण माना जाय तो प्रत्येक श्लोक में भिन्न-भिन्न प्रकार के उक्तिवैचित्र्य को एक-एक गुण कहना होगा। ऐसी स्थिति में दश हीं नहीं, अपितु अनन्त गुण हो जायेंगे। प्रतिपाद्य अर्थ से (कम या) अधिक शब्दों के प्रयोग का अभाव, जिसे प्राचीनों ने प्रसाद-नामक अर्थगुण कहा है, (न्यून-पदत्व दोष अथवा) अधिक-पदत्व-दोष का अभाव हीं है, कोई भावात्मक गुण नहीं। उक्तिवैचित्र्य, अर्थात् एक हीं अर्थ का भङ्गिभेद से पुनः कथन उनके मत में माधुर्य-नामक अर्थगुण है; यह वस्तुतः अनवीकृतत्व-दोष का अभाव है। जिस अपारुष्य को उन्होंने सौकुमार्य-नामक अर्थगुण कहा है वह भी अश्लीलता-दोष के घटक अमङ्गल का अभाव हीं है। उदारता-नामक उनका अर्थगुण तो ग्राम्यत्व-दोष का अभाव-मात्र है—यह उन्हीं के लक्षण से स्पष्ट है। उनकी वैषम्याभावस्वरूप समता भी भग्नप्रक्रमता-दोष के अभाव से अतिरिक्त कोई भावात्मक गुण नहीं। विशेषण की साभिप्रायता को उन्होंने ओज का पञ्चम प्रकार कहा है, किन्तु यह भी वस्तुतः अपुष्टार्थत्व-दोष का अभाव-मात्र है। स्वभाव-स्फुटता (-सम्पादक वर्णन) जो उनके मत में अर्थव्यक्ति-नामक अर्थगुण है, गुणत्रयवादियों के स्वभावोक्त्यलङ्कार का हीं नामान्तर है। स्फुटरसत्व को कान्ति-नामक अर्थगुण माना है, परन्तु यह तो रस की प्रधानता होने पर रस-

गुणा इति मम्मटभट्टादयः ॥

तत्र टवर्गवर्जितानां वर्गाणां प्रथमतृतीयैः शभिरन्तस्थैश्च घटिता, नैकट्येन प्रयुक्तैरनुस्वारपरसवर्णैः शुद्धानुनासिकैश्च शोभिता, वक्ष्यमाणैः सामान्यतो विशेषतश्च निषिद्धैः सयोगाद्यैरचुम्बिता, अवृत्तिर्मृदुवृत्तिर्वा

सत्काव्यरचनाऽसम्भवात्, अर्थालोचनरूपस्य समाधेः मुख्यतया (=समवायेन) कविनिष्ठतया विषयतायाश्च वृत्त्यनियामकतया तस्य समाधेः काव्यनिष्ठत्वानुपपत्तेश्चेति तात्पर्यम्। काव्यकारणस्य काव्यगुणत्वाङ्गीकारे त्वनिष्टापत्तिमाह—**प्रतिभाया अपि** इत्यादि। एतावता प्रबन्धेन मम्मटादिसम्मतं मतं निरूपितम् ॥

इदानीं माधुर्यव्यञ्जिकां रचनां विशेषेण निरूपयति—**तत्रे**त्यादिना। गुणत्रयमध्य इत्यर्थः। शभिः=शषसकारैः। अन्तःस्थैः=यवरलैः। नैकट्येन=अव्यवधानेनेषद्व्यवधानेन वा। येन व्यवधानमेषामपरिहार्यन्तेन व्यवधानमपि पुनरव्यवधानमेव मन्तव्यम्। **शुद्धानुनासिकैरिति**। अनुनासिकेषु शुद्धत्वं परसवर्णाद्यनिष्पन्नत्वम्। तथा च ञमङणनकारैरित्यर्थः। अत्र च टवर्गवर्जितानां वर्गाणामित्यस्य पूर्वोक्तस्य सम्बन्धो न विवक्षितः। अतो णकारस्यापि संग्रहः। अत एव टवर्गे वर्जनीया आदितश्चत्वार एवेत्यपि बोध्यम्। **अवृत्तिरिति**। वृत्तिः समासोऽत्र विवक्षितः। अभावार्थकश्च नञिति समासात्यन्ताभावे माधुर्यव्यञ्जकरचनायां स्वीकृते तादृशव्यञ्जकत्वस्य निर्विषयत्वं विरलविषयत्वं वापततीतिहेतोर्मृदुवृत्तिरित्यप्युक्तम्। मृदुशब्दश्चाल्पार्थकः प्रसिद्धः। तथा चाल्पवृत्तिरिति पर्यवस्यति। तथैवोक्तं विश्वनाथेनापि। एवं हि वैदर्भरीतौ सम्भवति। मम्मटेन तु मध्यमवृत्तिर्वेत्युक्तवता पाञ्चाल्यपि संगृहीता। तत्र च द्वित्रिचतुष्पदान्तः समासो गृह्यत इति तद्व्याख्यातारः। परमत्र स्वेदाम्बित्यादिदीर्घसमासमुदाहरतो ग्रन्थकृतः कीदृशं मृदुत्वं वृत्तौ विवक्षितमिति विभावनीयम्। अपरुषवर्णतत्समूहात्मकपदानि मृदूनीत्यर्थो वा।

ध्वनि में और अप्रधानता होने पर रसवदलङ्कार में समाविष्ट है। अतः इनके नौ गुणों का यथासम्भव उक्तिवैचित्र्यादि में अन्तर्भाव हो जाने से उन्हें स्वतन्त्र अर्थगुण मानने की आवश्यकता नहीं रह जाती। अब उनका एक समाधि-नामक अर्थगुण अवशिष्ट है जो वस्तुतः गुण नहीं अपितु काव्य का कविनिष्ठ एक कारण है। यदि कविनिष्ठ काव्य-कारणों को भी गुण कहा जाय तो प्रतिभा आदि काव्य-कारणो का भी गुण कहना पड़ेगा। यह तो उन्हें भी इष्ट नहीं है। अतः माधुर्य, ओज और प्रसाद ये हीं तीन गुण हैं—ऐसा मम्मट आदि आचार्यों का मत है ॥

उक्त तीन गुणों में माधुर्य-गुण का व्यञ्जक रचना—वर्णानुपूर्वी वह है जिसमें टवर्ग से भिन्न चार व्यञ्जन-वर्गों के प्रथम और द्वितीय व्यञ्जन, शर्-प्रत्याहारान्त-

रचनानुपूर्व्यात्मिका माधुर्यस्य व्यञ्जिका। द्वितीयचतुर्थास्तु वर्ग्या गुणस्यास्य नानुकूलाः, नापि प्रतिकूलाः, दूरतया सन्निवेशिताश्चेत्। नैकट्येन तु प्रतिकूला अपि भवन्ति, यदि तदायत्तोऽनुप्रासः। अन्ये तु वर्गस्थानां पञ्चानामप्यविशेषेण माधुर्यव्यञ्जकतामाहुः॥

उदाहरणम्—

तान्तमालतरुकान्तिलङ्घिनीङ्किङ्करीकृतनवाम्बुदत्विषम्।
स्वान्त मे कलय शान्तये चिरं नैचिकीनयनचुम्बितां श्रियम्॥

व्यञ्जिका इति। तथा च प्रोक्तानां वर्णानाम् अवृत्तेर्मृदुवृत्तेर्वा वर्णपदपौर्वापर्यरूपाया आनुपूर्व्या रचना-घटनादिशब्दाभिधेयायाश्च समुदितरूपेण माधुर्यव्यञ्जकत्वम् इति पर्यवसितोऽर्थः। व्यञ्जकत्वं चात्र ग्रन्थकृन्मते प्रयोजकत्वरूपं तद्विषयव्यंजकत्वं वा ग्राह्यम्। वर्ग्या इति। टवर्गभिन्नवर्गस्था इत्यर्थः। अनुप्रास इति। एतेन नैकट्येनासकृद् द्वितीयानामेकवर्ग्याणां चतुर्थानां वा प्रयोगे प्रतिकूलत्वं सूचयता द्वितीयचतुर्थयोर्नैकट्येन सकृत् प्रयोगेऽपि प्रतिकूलत्वाभावः सूचितः। प्रकाशकारादीनां मतमाह—अन्ये त्विति। वर्गस्थानामित्यत्र णकारातिरिक्तटवर्गवर्जितानामित्यादिरनुसन्धेयः। अविशेषेणेति। दूरतया नैकट्येन वा प्रयुक्तानां सर्वेषामित्यर्थः। आहुरित्यस्वरसोद्भावनम्। तद्बीजन्तु नैकट्येन प्रयुक्तानां वर्गस्थद्वितीयानां चतुर्थानां चानुप्रासस्य सहृदयोद्वेजकत्वेन कटुत्वे प्रसिद्धेऽप्यस्मिन् पक्षे माधुर्यव्यञ्जकत्वापत्तिरेव।

तान्तमालेत्यादि। मे स्वान्त? तमालतरोः कान्तेर्लङ्घिनीं तिरस्कारिणीम्,

---

र्गत व्यञ्जन (श, ष, स,) अन्तःस्थ (य, र, ल, व) हों; जो निकटता से अनुस्वारों और परसवर्णों एवम् शुद्ध-अनुनासिक (ङ, ञ, ण, न, म) से शोभित हों; आगे जिन संयोग आदि का सामान्य या विशेष रूप में निषेध किया जाने वाला है उनसे रहित हो और समास-शून्य अथवा लघु-समास से युक्त हो। उक्त चार व्यञ्जन-वर्गों में द्वितीय और चतुर्थ व्यञ्जन यदि दूर-दूर में प्रयुक्त हुए हों तो माधुर्य-गुण के न अनुकूल होते और न प्रतिकूल हीं, किन्तु यदि इनका समीप में हीं प्रयोग किया गया हो जिससे अनुप्रास हो गया हो तो इन्हें माधुर्य-गुण के प्रतिकूल समझना चाहिए। कुछ आचार्य तो उक्त चार व्यञ्जन-वर्गों के पाँचो व्यञ्जनों को और णकार को समान रूप में माधुर्य-व्यञ्जक मानते।

इसका एक उदाहरण है—'तान्तमालतरु ....' आदि पद्य।

पद्यार्थ इस प्रकार है—"रे मन! तू शाश्वत शान्ति के लिए उस (भगवान् श्री कृष्ण की) छटा का ध्यान कर जो तमाल-वृक्ष की छटा को भी अपमानित कर चुकी

यथा वा—

स्वेदाम्बुसान्द्रकणशालिकपोलपालि-
रन्तःस्मितालसविलोकनवन्दनीया ।
आनन्दमङ्कुरयति स्मरणेन कापि
रम्या दशा मनसि मे मदिरेक्षणायाः ।।

प्रथमे पद्येऽतिशयोक्त्यलंकृतस्य भगवद्ध्यानौत्सुक्यस्य भगवद्विषयकरतेर्वा ध्वन्यमानायाः शान्त एव पर्यवसानात्तद्गतमाधुर्यस्याभिव्यञ्जिका

किङ्करीकृता दासीकृता नवाम्बुदत्विड् यया तादृशीमथ च नैचिकीनामुत्तमानां गवां नयनैश्चुम्बितां तां विलक्षणां श्रीकृष्णश्रियं चिरं शान्तये शाश्वताय विश्रमाय कलय समाश्रयेत्यर्थः । अत्र सम्बोधनप्रथमान्तस्य स्वान्तपदस्यामन्त्रितत्वेन 'आमन्त्रितं पूर्वमविद्यमानवत्' इत्यनुशासनेनाविद्यमानवद्भावादस्मत्पदस्य पदात्परत्वाभावेन 'मे' इत्यादेशश्चिन्त्य इति चन्द्रिकायाम् ।

स्वेदाम्बुसान्द्रेत्यादि । पूर्वोद्धृतेऽस्मिन् पद्ये द्वितीयपादे कुण्डलशब्दे 'ण्ड' इत्यस्य प्रतिकूलतया किञ्चित् परिवर्तितमत्र । अत्र च पालिरित्यन्तमेकं विशेषणं दशायाः ,अन्यच्च वन्दनीयेत्यन्तम् । अन्तःस्मितकाले कपालयोरुत्फुल्लतया नेत्रसंकोचादलसत्वं विलोकनस्य लभ्यते ।

अतिशयोक्तीति । श्रीकृष्णश्रियो वस्तुतस्तमालतरुकान्तिलङ्कत्वाद्यसम्बन्धेऽपि तत्सम्बन्धवर्णनाद् बोध्याऽत्रातिशयोक्तिः । तद्गतेति । तत्प्रयोज्येत्यर्थः ।

है, नवीन धन की छवि भी जिसकी दासी बन चुकी है और दुधारू गायों की अनुरक्त आँखें जिसे चूमती रहती हैं ।।''

इसका दूसरा उदाहरण है—'स्वेदाम्बुसान्द्र ···' आदि पद्य । इसका अर्थ निम्नलिखित है—

''मदमाती आँखों वाली कामिनी की वह अलौकिक रमणीय दशा, जिसमें उसके गालों पर पसीने की घनी बून्दें छलक आई थीं और जो (दशा) मुस्कुराहट और अलसाई आँखों के कारण प्रशंसनीय रही, स्मरणमात्र से मेरे मन में आनन्द उत्पन्न कर रही है ।।''

प्रथम उदाहरण-पद्य में शान्तरसगत माधुर्य का व्यञ्जक वर्णविन्यास है, क्योंकि उस पद्य में चाहे अतिशयोक्तिपूर्ण वर्णन में भगवान् कृष्ण के ध्यान की उत्सुकता ध्वनित होती हो या उनमें रति (=भक्ति), दोनों का पर्यवसान तो अन्ततः शान्त-रस में हीं है । किन्तु द्वितीय उदाहरण में स्मरण से परिपुष्ट शृङ्गार-रस के माधुर्य

रचनेयम्। द्वितीये तु स्मृत्युपष्टब्धश्शृङ्गारगतस्य ॥

नैकटयेन द्वितीयचतुर्थवर्गवर्ण-टवर्गजिह्वामूलीयोपध्मानीयविसर्गसकार-बहुलैर्वर्णैर्घटितो झयरेफान्यतरघटितसंयोगपरह्रस्वैश्च नैकटयेन प्रयुक्तैरालिङ्गितो दीर्घवृत्त्यात्मा गुम्फ ओजसः। अस्मिन्पतिताः प्रथमतृतीयवर्ग्याः गुणस्यास्य नानुकूला नापि प्रतिकूलाः संयोगाघटकाश्चेत्। तद्घटकास्त्वनुकूला एव। एवमनुस्वारपरसवर्णा अपि। यथा—'अयं पततु

तद्विषयेति वा विवक्षितम्। एवमग्रेऽपि। स्मृत्युपष्टब्धेति। मदिरेक्षणादशाविशेषस्मृतिपरिपोषितेत्यर्थः ॥

ओजोव्यञ्जिकां रचनां निरूपयति—नैकटयेनेत्यादिना। अव्यवधानमीषद्व्यवधानं च नैकटयम्, वैविक्षकं वा। द्वितीयेत्यादि। द्वितीयाश्चतुर्थाश्च वर्गघटका ये वर्णाः—ख्, घ, छ्, झ्, थ्, ध्, फ्, भ् इत्येते तैरित्यर्थः। वर्गा अत्र टवर्गभिन्ना विवक्षिताः, टवर्गस्य पृथगुपादानात्। बहुलैरिति। एतेन क्वचित् क्वचिदन्येषामपि व्यञ्जनानां सत्त्वं न हानिकरमिति स्वयमेव वक्ष्यति। झयिति। 'झभञ्, घढधष्, जबगडदश्, खफछठथचटतब्, कपय्' इति माहेश्वरसूत्रस्थानि व्यञ्जनानि अनुबन्धातिरिक्तानि झय्-प्रत्याहारेण गृह्यन्ते। तथा च झय्-रेफान्यतरघटिता ये संयोगास्ते परा येभ्यो ह्रस्वेभ्यस्तैरित्यर्थः। दीर्घवृत्त्यात्मेति पदपञ्चकादिघटितः समास उक्तः। अयमपि प्रकृतगुणव्यञ्जकवर्णघटित एवौजोव्यञ्जको बोध्यः। बहुलैरिति सूचितं विशदयति—अस्मिन् इत्यादिना। गुम्फे रचनायामित्यर्थः। पतिता इत्यनेनापि प्रथमतृतीयानां टवर्गातिरिक्तवर्गचतुष्टयस्थानां व्यञ्जनानां क्वचित्प्रयोगे क्षत्यभाव एवावेद्यते। अत एवैषां नैकटयाभावान्न माधुर्यव्यञ्जकत्वमिति नौजःप्रतिकूलत्वम्। एवम्=ओजोव्यञ्जकगुम्फपतितास्तत्र क्वचित्प्रयुक्ताः प्रथमतृतीयवर्ग्या इव। अत एव चैते दूरवर्तिन इत्येतेषां माधुर्यव्यञ्जकत्वमादाय न क्षतिः। अत्र 'अनुस्वारपरसवर्णा अपि संयोगा-

का व्यंजक वर्णविन्यास (रचना) है ॥

अब ओजोगुण-व्यंजक रचना का निरूपण किया जा रहा है—टवर्ग भिन्न चार व्यंजन वर्गों के द्वितीय और चतुर्थ व्यंजनों, टवर्ग, जिह्वामूलीय, उपध्मानीय, विसर्ग और सकार की जिसमें अधिकता हो, जिसमें झय् (=झ, भ, घ, ढ़, ध, ज, ब, ग, ड, द, ख, फ, छ, ठ, थ, च, ट, त, क, प) अथवा रेफ से घटित संयोग से पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वरों का निकटता से प्रयोग किया गया हो और जो लम्बे-लम्बे समस्त पदों से घटित हो वह रचना ओजोगुण-व्यजक होती। इस प्रकार की रचना में टवर्गातिरिक्त वर्गों के प्रथम और तृतीय व्यंजन, यदि संयोग के घटक न हों तो न अनुकूल होते और न प्रतिकूल हीं। किन्तु यदि ये व्यंजन संयोग के घटक (=संयुक्त) हों तब तो ओजोगुण के अनुकूल हीं होते। इसी प्रकार, अनुस्वार और

निर्दयं दलितदृप्त'–इत्यादौ प्रागुदाहृते ॥

श्रुतमात्रा वाक्यार्थं करतलबदरमिव निवेदयन्ती घटना प्रसादस्य। अयं च सर्वसाधारणो गुणः। उदाहरणान्यत्र प्रायशो मदीयानि सर्वाण्येव पद्यानि।

तथापि यथा—

चिन्तामीलितमानसो मनसिजः सख्यो विहीनप्रभाः
प्राणेशः प्रणयाकुलः पुनरसावास्तां समस्ता कथा।

घटका उदासीनाः, संयोगघटकास्त्वनुकूला एव भवन्तीत्यर्थः' इति चन्द्रिकोक्ति-रयुक्ता, अनुस्वारस्य स्वरधर्मत्वेन संयोगघटकत्वाऽसम्भवात्। शर्षं पाठेऽपि स्वरेण सह तस्य संयोगाऽसम्भवस्तथैव। परसवर्णस्य तु संयोगाऽघटकत्वमसम्भवमेवेति सुव्यक्तमेव। प्रागुदाहृत इत्यस्य रौद्ररसप्रस्ताव इति शेषः ॥

करतलेति। करतलस्थमित्यर्थः। एतदपि सहृदयानां कृते। प्रायश इति केषुचिदिहोदाहृतेषु पद्येषु पद्यांशेषु वा प्रसादाभावं सूचयति। अत्र प्रसङ्गात्तदुदाहरण-जिज्ञासायान्त्वाह—तथापीत्यादि।

चिन्तेत्यादि। अतिमानवतीं कामिनीम्प्रति क्रुद्धायाः कस्याश्चन सख्या उक्ति-रियम्। मुग्धे सखि! तवानेनातिमानेन मनसिजो वैफल्यभयात् चिन्तया मीलितं सङ्कुचितं मानसं यस्य तादृशो जातः, तव सख्यश्च हृतप्रभा जाताः, तव प्राणेशः प्रणयाय व्याकुलः, एवं त्वदीयपरिजनान्तरव्याकुलत्वविषयिणी समस्ता कथा सम्प्रति कालातिक्रमशङ्कयाऽनवसरेणाऽसम्भवेन च न वक्तव्येति सा तावदास्ताम्। अधुना तु यथावसरमेतावदेव त्वां विनिवेदयामि यद् यदि त्वं ममोक्तिं हितां स्वकल्याणकरीं मन्यसे तर्हि मानं मा कुरु, अन्यथा प्रियतमाह्लादाऽजनकं रोषकलुषित-

---

परसवर्ण भी (यदि निकट-प्रयुक्त न हों तो) इस गुण के अनुकूल या प्रतिकूल नहीं होते। इसका उदाहरण रौद्र रस के उदाहरण-रूप में पूर्व-निर्दिष्ट 'अयं पततु निर्दयं ....' इत्यादि पद्यार्ध है ॥

जो रचना सुनते हीं वाक्यार्थ का किसी आयास के बिना प्रतिपादन करने वाली हो वह प्रसाद-गुण का अभिव्यञ्जक होती। यह प्रसाद गुण सभी रसों में समान रूप से उपलब्ध हो सकता है। यद्यपि इसके उदाहरण तो मेरे द्वारा रचित प्रायः सब के सब पद्य हैं तथापि प्रसङ्गवश 'चिन्तामीलितमानसो ...' आदि पद्य भी उदाहरणार्थ प्रस्तुत है। पद्यार्थ यह है—

"अरी मूढ़ सखी ? तेरे इस हठ (=मान) के चलते कामदेव का मन चिन्ता में डूब चुका है, तेरी सखियों में उदासी छा गई है, तेरे प्राणनाथ प्रणय के लिए

एतत्त्वां विनिवेदयामि मम चेदुक्तिं हितां मन्यसे
मुग्धे मा कुरु मानमाननमिदं राकापतिर्जेष्यति ॥

अत्र सर्वावच्छेदेन प्रसादाभिव्यञ्जकत्वमंशभेदेन तु माधुर्यौजोभिव्यञ्जकत्वमपि, मनसिजान्तस्य माकुर्वादेश्च माधुर्याभिव्यक्तिहेतुत्वात्, सख्य इत्यादेरोजोगमकत्वात्। नन्वत्र शृङ्गाराश्रयस्य माधुर्यस्याभिव्यक्तये तदनुकूलास्तु नाम रचना, ओजसस्तु कः प्रसङ्गो यदर्थं तदनुकूलवर्णविन्यास इति चेत्? नायिकामानोपशान्तये कृतानेकयत्नायास्तदीयं हितमुपदिशन्त्याः सख्याः सक्रोधत्वस्य व्यञ्जनीयतया तथाविन्यासस्य साफ-

---

मतएव विकृतवर्णं तवेदमाननं राकापतिः पूर्णश्चन्द्रोयं कलङ्ककलुषितोऽपि यत्किञ्चित्-सौभाग्यवज्जनाह्लादकत्वात्सुभगवर्णत्वाच्च जेष्यति—इति पद्यार्थः। त्वामित्यत्र युष्मच्छब्देनात्मीयत्वं द्वितीयया चेप्सिततमत्वं लभ्यते। जेष्यतीत्यत्र भविष्यति विहितेन तिङ्प्रत्ययेनेतः पूर्वं तदाननेनैव राकापतेः पराभवः सूच्यते। अथवा त्वत्प्राणेशाय त्वद्विप्रलम्भकातराय त्वदनभिमतोत्कटवेदनादाने समर्थत्वात्त्वदानन राकापतिर्जेष्यतीति भावो बोध्यः। यद्वा त्वदाननस्यापि रोषकलुषितत्वात्तत्सादृश्यं भजिष्यन् जेष्यति—इति तात्पर्यम्।

अत्र प्रसादस्य गुणान्तरसामानाधिकरण्योपपादनायाह—अंशभेदेनेत्यादि। अंशविशेषावच्छेदेनेत्यर्थः। शृङ्गाराश्रयस्येत्यत्र बहुव्रीहिः, परैरेषां गुणानां रसाश्रितत्वाभ्युपगमादिदम्। माधुर्यविशेषणं चैतत्। कृतानेकयत्नाया इति। एतदुपदेशात्पूर्वं सख्या बहुविधायासः कृतः, परं न नायिकामानभङ्गे साफल्यं समवाप्तमित्यत एतदुपदेशकाले सख्याः सक्रोधत्वमुपपद्यते। पूर्वं प्रयत्ना एव चिन्तामीलितमानस

व्याकुल हो रहे हैं, ··· और इस प्रसङ्ग में अब तुझे मैं क्या-क्या बताऊँ! यदि तुझे मेरी बात अच्छी लगे तो मुझे इतना हीं कहना है कि अब इस हठ को छोड़ दे, नहीं तो पूनम का चान्द तेरे इस मुँह को जीत लेगा ॥''

उदाहृत पद्य में प्रसाद-गुण तो सर्वांश मे है हीं, 'चिन्तामीलितमानसो मनसिजः', 'मा कुरु मानमाननमिदम्' इन अंशों में माधुर्य-व्यंजकता और 'सख्यो विहीनप्रभाः' आदि में ओजा-व्यंजकता भी है हीं। अब प्रश्न यह है कि उक्त पद्य में शृङ्गार रस की अभिव्यक्ति के अभिप्रेत होने से शृङ्गाराश्रित माधुर्य का अभिव्यंजक वर्ण-विन्यास तो उचित है, किन्तु ओज के व्यंजक विन्यास की क्या उपयोगिता है, क्योंकि इसके आश्रयभूत रौद्र आदि रस तो प्रकृत पद्य से अभिव्यज्यमान हैं नहीं। इसके उत्तर में यह कहना है कि नायिका पर सखी के क्रोध की अभिव्यक्ति के लिए ओजो-व्यंजक रचना आवश्यक है। सखी में क्रोध होना इस लिए उचित है चूँकि

ल्यात् । किं बहुना ! रसस्यौजस्विनोऽमर्षादिर्भावस्य चाविवक्षायामपि वक्तरि क्रुद्धतया प्रसिद्धे, वाच्ये वा क्रूरतरे, आख्यायिकादौ प्रबन्धे वा, परुष-वर्णघटनेष्यते । यथा वा—

वाचा निर्मलया सुधामधुरया यां नाथ शिक्षामदा-
स्तां स्वप्नेऽपि न संस्पृशाम्यहमहंभावावृतो निस्त्रपः ।
इत्यागःशतशालिनं पुनरपि स्वीयेषु मां बिभ्रत-
स्त्वत्तो नास्ति दयानिधिर्यदुपते मत्तो न मत्तः परः ॥

इत्यादिनोपदेशेन सूचिता इति बोध्यम् । अत्र क्रोधस्य स्थायित्वे शृङ्गारभङ्गप्रसङ्ग इत्यतस्तस्यात्र व्यभिचारित्वमुपपादयति—किं बहुनेत्यादिना । वाच्ये=विवक्षितेऽर्थे । प्रबन्धे वेत्यत्र वा-शब्दः समुच्चये, तेन मुक्तकस्यापि संग्रहः ।

सम्प्रति प्रसादस्यासङ्कीर्णोदाहरणमप्याह—यथा वेत्यादिना ।

वाचेत्यादि । हे नाथ यदुपते ! निर्मलया सुधामधुरया च वाचा श्रुतिगीतादि-रूपया त्वं मह्यं यां शिक्षामदास्तामहमहङ्कारावृतविवेकोऽत एव निर्लज्जः स्वप्नेऽपि किमुत जाग्रद्दशायां न संस्पृशामि नानुसरामि । संस्पृशामीत्यस्य स्मरामीति रसचन्द्रिकाव्याख्यानमसत्, विरुद्धत्वात् । जाग्रत्स्वप्नयोरननुसरणं वाच्यमेव, सुषुप्तौ तु तदसम्भव एवेति भावः । एतेन सर्वावसरेषु शिक्षोपेक्षा गम्यते । अत एव पुनः पुनरुपेक्षया आगःशतशालित्वमुपपद्यते । तथाविधमपि क्रियासमभिहारेण-

---

नायिका को समझाते-बुझाते वह थक चुकी है, पर वह मूढ़ नायिका अपना हठ छोड़ने को तैयार नहीं । यह तथ्य उत्तरार्ध में निर्दिष्ट वर्णन से भी स्पष्ट होता है । इस विषय में (कि शृङ्गार आदि रसों में भी कदाचित् क्रोध की अभिव्यक्ति उचित है) अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, क्योंकि ओजोगुण-युक्त रसों की और उनके अमर्ष आदि व्यभिचारिभावों को अभिव्यक्ति के अभिप्रेत न होने पर भी आख्यायिका आदि गद्य-काव्यों और प्रबन्ध-काव्यों में ओजो-व्यंजक रचना देखी जाती है यदि वक्ता स्वभावतः क्रोधी हो अथवा वक्तव्य अर्थ हीं क्रूर—कठोर हो तो । अतः उक्त उदाहरण में अंशतः ओजो-व्यंजक रचना अनुचित नहीं है ।

अथवा दूसरा उदाहरण—जिसमें केवल प्रसाद है, अन्य कोई गुण नहीं—'वाचा निर्मलया······' आदि पद्य है । पद्यार्थ निम्नलिखित है—

"हे भगवन् ! मैं अहङ्कार से ओतप्रोत ऐसा निर्लज्ज अधम हूँ कि तुमने निर्मल और अमृत के समान मधुर वेदादि शास्त्रों द्वारा मुझे जो उपदेश दिये उनका तो मैं स्वप्न में भी पालन नहीं करता, फिर भी तुमने असंख्य अपराध करने वाले मुझे अपने परिजनों में स्थान दे दिया है । अतः हे यदुनाथ ! न तो तुम से बढ़कर कोई

अत्र गुणान्तरासमानाधिकरणः प्रसादः ॥

इदानीं तत्तद्गुणव्यञ्जनक्षमाया निर्मितेः परिचयाय सामान्यतो विशेषतश्च वर्जनीयं किंचिन्निरूप्यते—वर्णानां स्वानन्तर्यं सकृदेकपदगतत्वे किंचिदश्रव्यम्। यथा—'ककुभसुरभिः, विततगात्रः, पललमिवाभाति' इत्यादौ। असकृच्चेदधिकम्। यथा—'वितततरस्तरुरेष भाति भूमौ।'

पराध्यन्तं मां स्वकीयेषु परिजनेषु बिभ्रतस्त्वत्त उत्कृष्टतरोऽन्यो दयानिधिर्नास्ति, नापि मदधिकतरः कश्चनान्यो मत्त उन्मत्तोऽस्तीति पद्यार्थः।

अत्र प्रसादस्य गुणान्तराऽसामानाधिकरण्यं कथमिति विवेचनीयम्। 'मत्तो न मत्तः' इत्यत्र दीर्घसमासाभावात् कथञ्चिदोजस अभावोपपादनेऽपि पदविशेषे वाचेत्यादौ माधुर्यस्याभावो न स्वीकर्तुं शक्यते यतः। पदसमूहात्मकमंशमादाय वा पदे वर्त्तमानस्यापि गुणान्तरस्यात्राऽनभिव्यञ्जनमिति संगमनीयं कथञ्चित्। समूहश्चाव्यवहितानामिति तु प्रसिद्धमेव। वस्तुतश्चिन्त्यमेवैतत्।

ककुभेत्यादि। अत्र ककारस्य स्वानन्तर्यम्। यद्यप्यत्रापि पूर्वककारोत्तरककारयोरकारेण व्यवधानादानन्तर्यं नास्ति तथापि व्यञ्जनस्फुटोच्चारणार्थं ह्रस्वस्याकारस्य प्रसिद्धतया तदतिरिक्तह्रस्वाकारस्यापि तज्जातीयत्वेन तद्व्यवधानेऽ-

दया-निधान है और न मुझसे बढ़कर कोई उन्मत्त—कर्त्तव्यच्युत अधम।।"

इस पद्य में ग्रन्थकार का कहना है कि यहाँ केवल प्रसाद-गुण है, अन्य कोई गुण नहीं। परन्तु चतुर्थ चरण में (विशेष कर 'मत्तो न मत्तः' इस अंश में) ओजोव्यञ्जकता क्यों न मानी जाय—यह विचारणीय है।।

अब भिन्न-भिन्न गुण की व्यंजकता में समर्थ रचना का परिचय देने के लिये सभी गुणों के व्यंजक रचनाओं में और गुणविशेष-व्यंजक रचना-विशेष में जिन वर्णविशेषों का प्रयोग वर्जनीय है उनका क्रमशः निरूपण किया जा रहा है। इनमें प्रथमतः सामान्यरूप में वर्जनीय क्या हैं यह बताया जा रहा है—

किसी भी व्यजन का एक पद में विना व्यवधान[1] के दो बार प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे वह पद (तथा तत्पदघटित वाक्य भी) अश्रव्य—सुनने में अप्रिय हो जाता है। जैसे—'ककुभसुरभिः', 'विततगात्रः', 'पललमिवाभाति' इत्यादि शब्दों में एक पद मे क्रमशः 'कक', 'तत' और 'लल' के प्रयोग से अश्रव्यता आ गई है। यदि दो से अधिक बार प्रयोग किया गया हो तब तो और भी अधिक अश्रव्यता आ जाती है। यथा—'वितततरस्तरुः' इस शब्द में एक हीं

१. अकार का व्यवधान अथवा किसी अन्य ह्रस्वस्वर का व्यवधान होने पर भी ग्रन्थोक्त आनन्तर्य—अव्यवधान मान्य है।

एवं भिन्नपदगतत्वेऽपि। यथा—'शुक करोषि कथं विजने रुचिम्' इत्यादौ। असकृद्भिन्नपदगतत्वे ततोऽप्यधिकम्। यथा—'पिक ककुभो मुखरीकुरु प्रकामम्'। एवं स्वसमानवर्ग्यानन्तर्यं सकृदेकपदगतत्वे किंचिदश्रव्यम्। यथा—'वितथस्ते मनोरथः'। असकृच्चेदधिकम्। यथा—'वितथतरं वचनं तव प्रतीमः'। एवं भिन्नपदगतत्वे। यथा—'अथ तस्य वचः श्रुत्वा' इत्यादौ। असकृद्भिन्नपदगतत्वे तु ततोऽप्यधिकम्। यथा—'अथ तथा कुरु येन सुखं लभे'। एतच्च वर्गाणां प्रथमद्वितीययोस्तृतीयचतुर्थयोरानन्त्यानन्तर्यमुक्तम्। अत एवानुपदं गुरुव्यवायेनाश्रव्यत्वव्यतिरेकं वक्ष्यति। पूर्वोक्तस्याकारस्य ह्रस्वत्वादिना साजात्यं विवक्षितं चेद् ह्रस्वस्वरमात्रव्यवधानेऽप्यानन्तर्यं न विघटत इत्यपि बोध्यम्। भिन्नपदगतत्वेऽपीत्यस्य सकृत् स्वानन्तर्यं किञ्चिदश्रव्यम् इति शेषो बोध्यः। भिन्नपदगतत्वे इत्यग्रेऽपि सकृत् स्वसमानवर्ग्यानन्तर्यं किञ्चिदश्रव्यमिति शेषः। एतच्च = स्वसमानवर्ग्यानन्तर्यं च। प्रथमद्वितीययोरित्यादौ क्रमो न विवक्षितः। अतो व्युत्क्रमेणानन्तर्येऽपि तथैवाश्रव्यत्वम्। तथा =

'विततरः' पद में 'त' का लगातार तीन बार प्रयोग होने से अधिक अश्रव्यता आ गई है। यदि पद की भिन्नता होने पर भी लगातार दो या अधिक बार किसी एक व्यंजन का प्रयोग किया गया हो तो भी क्रमशः सामान्य एवं असामान्य रूप में अश्रव्यता आ जाती है। 'शुक करोषि······' और 'पिक ककुभो······' ये दो क्रमशः उदाहरण हैं। प्रथम में दो पदों—'शुक' और 'करोषि' में लगातार दो बार 'क' का प्रयोग और द्वितीय में 'पिक,' 'ककुभो' इन दो पदों में कुल मिलाकर तीन बार 'क' का प्रयोग होने से क्रमशः अश्रव्यता और अश्रव्यतातिशय आ गये हैं। इसी प्रकार, यदि एक हीं वर्ग के दो व्यंजनों का किसी एक पद में लगातार एक-एक बार प्रयोग हुआ हो तो भी अश्रव्यता आ जाती है। जैसे—'वितथस्ते मनोरथः' इस वाक्य के 'वितथ' पद में लगातार 'त' और 'थ' का प्रयोग अश्रव्यताजनक है। यदि समानवर्गीय व्यंजनों का अनेक बार प्रयोग एक पद में किया गया हो तब तो यह अश्रव्यता और भी अधिक बढ़ जाती है। जैसे—'वितथतरं वचनं······' इस वाक्य के 'वितथतरं' पद में 'त-थ-त' के प्रयोग से अश्रव्यता उत्कट रूप में है। अश्रव्यता की यही स्थिति भिन्न पदों में समानवर्गीय अनेक व्यंजनों का एक-एक बार और अनेक बार (दोनों में से किसी एक का भी दूसरे के बाद) प्रयोग होने पर आ जाती है। उदाहरणार्थ—'अथ तस्य······' इत्यादि वाक्य में 'अथ' पद में 'थ' के बाद 'तस्य' पद में 'त' के प्रयोग से कुछ अश्रव्यता आ हीं गई है। 'अथ तथा कुरु······' इत्यादि वाक्यों में तो 'थ-त-थ' के प्रयोग से उत्कट अश्रव्यता है। किन्तु समानवर्गीय दो व्यंजनों के आनन्तर्य में जो अश्रव्यता आती है वह प्रथम

न्तर्यम् । प्रथमतृतीययोर्द्वितीयतृतीययोर्वाऽऽनन्तर्यं तु तथा नाश्रव्यम्, किं त्वीषत्, निर्माणमार्मिकैकवेद्यम् । एतदप्यसकृच्चेत्ततोऽधिकत्वात्साधारणैरपि वेद्यम् । यथा—'खग कलानिधिरेष विजृम्भते', 'इति वदति दिवानिशं स धन्यः' । पञ्चमानां मधुरत्वेन स्ववर्ग्यानन्तर्यं न तथा । यथा—'तनुते तनुतां तनौ' । स्वानन्तर्यं त्वश्रव्यमेव । यथा—'मम महती मनसि व्यथाविरासीत्' ।

एतानि चाश्रव्यत्वानि गुरुव्यवायेनापोद्यन्ते । यथा—'संजायतां कथंकारं काके केकाकलस्वनः' ।

अधिकम् । ईषदित्यस्य तात्पर्यमाह—निर्माणमार्मिकैकवेद्यमिति । स्वानन्तर्यम् = वर्गस्थपञ्चमानां स्वानन्तर्यमित्यर्थः ।

सञ्जायतामित्यादौ 'काके', 'केके', 'केका', 'काक' इत्यत्र च गुरुव्यवायः ।

द्वितीय व्यंजनों तथा तृतीय और चतुर्थ व्यंजनों के विषय में हीं समझनी चाहिए । जहाँ तक समानवर्गीय प्रथम-तृतीय और द्वितीय-तृतीय व्यञ्जनों के भिन्न पदों में एक वार आनन्तर्य का प्रश्न है, अश्रव्यता तो उसमें भी है हीं, किन्तु अत्यल्प । इसे कुछ विशिष्ट रचनाकार—कवि हीं समझ सकते, साधारणजन नहीं, जब कि पूर्व-वर्णित अश्रव्यता तो साधारण जन के भी समझ में आ जाती है । हाँ, यदि इनका भी आनन्तर्य अनेक वार हो तो स्पष्ट रूप में अश्रव्यता आ हीं जाती है जिसका साधारणजन को भी अनुभव हो हीं जाता है । 'जैसे 'ख-ग-क' इस प्रकार द्वितीय-तृतीय-प्रथम समानवर्गीय व्यंजनो के प्रयोग से जो अश्रव्यता है वह सुस्पष्ट है । इसी प्रकार 'इति वदति दिवानिशं······' इस वाक्य में भी 'द-ति-दि' यह आनन्तर्य-प्रयोग सुस्पष्ट रूप में अश्रव्य है हीं । किन्तु सभी वर्गों के पञ्चम व्यंजनों के मधुर होने से इनका यदि स्ववर्गीय व्यंजनों से आनन्तर्य हो तो भी उसमें अश्रव्यता नही आती । जैसे 'तनुते तनुतां तनौ' इस वाक्य में प्रथम-पञ्चम का अनेक बार आनन्तर्य होने पर भी अश्रव्यता नहीं आई है । हाँ, यदि समान पंचम व्यञ्जनों का आनन्तर्य हो तब अश्रव्यता आ हीं जाती है । जैसे—'मम महती मनसि ···' इत्यादि वाक्य में ।

यदि उपर्युक्त अश्रव्यताधायक एक अथवा एकवर्गीय व्यंजनों के मध्य गुरु-स्वर (दीर्घ-स्वर) हो तो उपर्युक्त अश्रव्यता नहीं आती । जैसे—'संजायतां ··· काके केकाकल····' इत्यादि वाक्य में 'काके' 'केके', 'केका' और 'काक' शब्दों में दीर्घ-स्वर के व्यवधान के कारण अश्रव्यता नहीं है ।

यथा वा—

यथा यथा तामरसायतेक्षणा मया सरागं नितरां निषेविता ।
तथा तथा तत्त्वकथेव सर्वतो विकृष्य मामेकरसं चकार सा ॥

इदं तु दीर्घव्यवाये । सयोगपरव्यवाये तु—

सदा जयानुषङ्गाणामङ्गानां सङ्गरस्थलम् ।
रङ्गाङ्गणमिवाभाति तत्तत्तुरगताण्डवैः ॥

यथा यथेत्यादि-पद्यपूर्वार्द्धे 'था ता' इत्यत्र, पद्योत्तरार्धे च 'तथा तथा तत्त्व' इत्यत्र 'थात' 'थात' इत्यनयोर्गुरुव्यवायेनाश्रव्यत्वनिरासः । 'तथा तथा' इत्यत्र तु तकारथकारयोर्गुरुव्यवायाभावादानन्तर्यं भवत्येवाश्रव्यमिति वक्ष्यति—इदं तु बोद्धव्यमित्यादिग्रन्थेन । तत्त्वशब्दे तु प्रथमतकारोत्तराकारस्य संयोगपरतया गुरुत्वेन तद्व्यवायान्नाश्रव्यत्वमिति बोध्यम् । प्रकृतपद्ये तामरसायतेक्षणेत्यस्य कमलोत्फुल्ललोचनेत्यर्थः । एकरसमित्यत्रैकशब्दो नायिकार्थकः, उपमाने तु ब्रह्मार्थको बोध्यः ।

'संयोगे गुरु' इति शास्त्रानुसारेण प्रसिद्धमूलकेन संयोगपूर्ववर्त्तिनो ह्रस्वस्यापि पारिभाषिकं गुरुत्वमस्त्येवेति तद्व्यवायेऽपि गुरुव्यवायकृतमश्रव्यत्वाभावमाह—संयोगेत्यादिना ।

सदा जयेत्यादि । सर्वदा जयेऽनुषङ्गः सम्बन्धो येषान्तेषामङ्गदेशाधिपानां

अन्य उदाहरण भी देखिए—'यथा यथा ताम··· तत्त्व' आदि पद्य में । इसमें '(य) था ता (म···)' में द्वितीय-प्रथम का आनन्तर्य दीर्घ-स्वर के व्यवधान के कारण अश्रव्य नहीं है । इसी प्रकार उत्तरार्द्ध में '(त) था त' और 'था तत्त्व' में दीर्घ-स्वर के व्यवधान से अश्रव्यता का निराकरण हो जाता है । 'त(त्त्व)' में तकारोत्तरवर्ती अकार में 'संयोगे गुरु' के अनुसार दीर्घत्व ज्ञातव्य है । किन्तु 'तथा-तथा' में प्रथम-तृतीय के आनन्तर्य में तो सूक्ष्म अश्रव्यता है हीं । इसी प्रकार 'तत् (व)' में स्वानन्तर्य-प्रयुक्त अश्रव्यता वर्त्तमान है । 'मामे····' में पञ्चम का स्वानन्तर्य-प्रयुक्त अश्रव्यता का भी दीर्घ व्यवधान के कारण अभाव ज्ञातव्य है । पद्यार्थ इस प्रकार है—

"ज्यों ज्यों मैं कमल के समान विकसित नेत्रों वाली इस कामिनी की अधिकाधिक सेवा (सम्पर्क) करता गया त्यों-त्यों तत्त्व-कथा की तरह इसने मुझे सब तरफ से मोड़कर एकरस कर दिया ॥" तात्पर्य यह है कि जैसे तत्त्वविद्या-सम्पन्न व्यक्ति को सर्वत्र-सर्वदा तत्त्व—ब्रह्म हीं ब्रह्म दीखता है वैसे हीं मुझे सर्वत्र-सर्वदा यही कामिनी दीखती है ।

ये सब उदाहरण स्वतः दीर्घ-स्वर के व्यवधान से अश्रव्यता के निराकरण के हैं । (इनमें भी 'तत्त्व' शब्द में जो दीर्घ-स्वर का व्यवधान है वह तकारोत्तरवर्ती

इदं तु बोद्धव्यम्—गुरुर्ययोर्व्यवधायकस्तयोरेव वर्णयोरानन्तर्यकृतम-श्रव्यत्वमपवदति। तेनात्र थकारतकारानन्तर्यकृतदोषापवादेऽपि तकार-थकारानन्तर्यकृतमश्रव्यत्वमनपोदितमेव।

एव त्र्यादीनां संयोगोऽपि प्रायेणाश्रव्यः—'राष्ट्रे तवोष्ट्र्यः परितश्चरन्ति' इति। एवमादयः श्रुतिकाटवभेदा अन्येऽप्यनुभवानुसारेण बोध्याः।

सङ्गरस्थलं रणभूमिः तस्य तस्य तुरगस्य ताण्डवैः रङ्गाङ्गणं नृत्यशालेवाभातीति पद्यार्थः। रङ्गाङ्गणेत्यत्र णत्वं चिन्त्यम्। अनेककर्तृकत्वात्ताण्डवानां बहुत्वमुक्तम्। अत्र च पद्ये चतुर्थपादे 'तत्तत्तु…' इत्यत्र प्रथमद्वितीययोर्ह्रस्वाकारयोः संयोगपरत्वेन तद्व्यवधानादश्रव्यत्वाभावः। '(आभा) ति त…' इत्यत्र तु ह्रस्वेकारव्यवधानेऽपि स्वानन्तर्यसत्त्वादश्रव्यत्वमनपनोदितमेव मन्तव्यम्। अत्र परवसर्णभूयस्त्वं दोषः।

प्रकारान्तरमाह—एवमित्यादि। त्र्यादीनामित्यत्रादिशब्दश्चतुर्णां ग्राहकः, तदधिकानां संयोगस्याऽप्रसिद्धत्वात्। राष्ट्र इत्युदाहरणे ष्ट्र इत्यत्र त्रयाणां ष्ट्र्य

अकार के स्वरूपतः दीर्घ होने से नहीं, अपितु उसके संयोग-पूर्वक होने से) इसके अतिरिक्त संयोग-पूर्ववर्त्ती ह्रस्व-स्वर के पारिभाषिक गुरुत्व—दीर्घत्व को लेकर दीर्घ-स्वर के व्यवधान के आधार पर अश्रव्यता के अभाव का (एक अन्य) उदाहरण 'सदा जयानु… तत्तत्तुरगताण्डवैः' इस पद्य में द्रष्टव्य है। यहाँ 'तत्तत्…' आदि शब्द में दो तकार-द्वयों का आनन्तर्य संयोगपूर्वत्व-निमित्तक गुरु—दीर्घ-स्वर के व्यवधान के कारण अश्रव्यताधायक नहीं है। इस पद्य का अर्थ यह है—

"जिनका जय के साथ नित्य सम्बन्ध बना हुआ है ऐसे अङ्गदेश के राजाओं की युद्धभूमि विभिन्न अश्वों के ताण्डव से नृत्य-शाला के समान शोभित हो रही है॥"

इस प्रसङ्ग में यह ज्ञातव्य है कि जिन दो के बीच स्वाभाविक या पारिभाषिक दीर्घ-स्वर होता उन्हीं दोनों के आनन्तर्य में अश्रव्यतापादकता नहीं होती; गुरु-व्यवधानरहित व्यञ्जनों, चाहे जिनके बीच दीर्घ स्वर हो उन्हीं में से कोई एक क्यों न हो, के आनन्तर्य में तो अश्रव्यता होगी हीं। अतएव 'यथा यथा…' इत्यादि उदाहरण में 'तथा' शब्द में तकार-थकार के और 'तत्तु' शब्द में तकार-तकार के आनन्तर्य से अश्रव्यता बनी हीं है। इसी प्रकार, 'सदा जयानु…' इत्यादि उदाहरण में भी '(…भा) ति त (तत्तुरग…)' के आनन्तर्य से जो अश्रव्यता है वह भी अक्षुण्ण है।

उपर्युक्त अश्रव्यता के समान तीन-चार व्यंजनों का संयोग भी सामान्यतया अश्रव्य होता। जैसे—'राष्ट्रे तवोष्ट्यः परितश्चरन्ति' इस पद्यांश में 'ष्ट्रे' शब्द में

अथ दीर्घानन्तर्यं संयोगस्य भिन्नपदगतस्य सकृदप्यश्रव्यम्; (असकृत्तु सुतराम्) ॥

हरिणीप्रेक्षणा यत्र गृहिणी न विलोक्यते ।
सेवितं सर्वसंपद्भिरपि तद्भवनं वनम् ॥

असकृत्तु सुतराम्[1] । यथा—'एषा प्रिया मे क्व गता त्रपाकुला ।'

इत्यत्र चतुर्णां संयोगः । प्रपञ्च्यतामित्यादौ च्यादीनां संयोगस्य श्रुतिकटुत्वाभावात् प्रायेणेत्युक्तम् । दीर्घानन्तर्यमित्यत्र दीर्घो न संयोगपरो ह्रस्वो विवक्षितः । असकृदिति । सरूपस्य विरूपस्य वेति नानयोर्विशेषः । सुतरामित्यस्याधिकमित्यर्थः । अग्रे वर्णनादिदं प्रक्षिप्तमत्र ।

हरिणीत्यादि । यत्र भवने हरिण्याः प्रेक्षणमिव प्रेक्षणं यस्यास्तादृशी गृहिणी प्रियतमा न विलोक्यते तद्भवनं सर्वसम्पद्भिः परिपूर्णमपि वस्तुतो वनं निवासायोग्यं स्थानमेव गृहस्थस्य कृत इत्यर्थः । वनशब्दोऽत्रौपचारिकः । अत्र च पद्ये प्रेक्षणेति उत्तरपदादेः प्रेतिसंयोगस्य णीशब्दोत्तरं सत्त्वादश्रव्यत्वम् । असकृदित्यादि ।

ष् ट् र् का संयोग और 'ष्ट्र्यः' शब्द में ष्-ट्-र्-य् का संयोग अश्रव्य है । कभी-कभी इनमें अश्रव्यत्व नहीं भी होता । जैसे—'सन्त्वमी' इत्यादि शब्दों में न्-त्-व् का संयोग । इसी प्रकार अन्य अश्रव्यत्व—श्रुतिकटुत्व के भेदों का अनुसन्धान पाठक को अपने अनुभव के आधार पर स्वयं करना चाहिए ।

दीर्घ स्वर[2] के बाद यदि भिन्न-पदगत एक भी संयोग हो तो वह अश्रव्य होता, अनेक होने पर तो कुछ कहना हीं नहीं । जैसे—'हरिणीप्रेक्षणा यत्र ···', इत्यादि पद्य में 'णी' इसके बाद 'प्रे' इस संयोग में अश्रव्यता है । इसी प्रकार 'हरिणीप्लुता' शब्द में 'णी' के बाद 'प्लु' इस संयोग में भी अश्रव्यता है हीं । उदाहृत पद्य का अर्थ इस प्रकार है :—

"जिस भवन में मृगनयनी गृहिणी न देखी जाय वह सभी सम्पत्तियों से युक्त होने पर भी भवन नहीं, अपितु वन हीं है ॥"

परन्तु दीर्घ-स्वर के बाद यदि भिन्न-पदगत संयोग वारम्वार[3] आये हों

---

१. अग्रे मुद्रितोऽप्ययं पाठः प्रसङ्गानुरोधादत्रास्माभिः स्थापितः ।

२. यहाँ स्वाभाविक दीर्घ-स्वर विवक्षित है, पारिभाषिक नहीं ।

३. 'विवक्षितमित्यदोषः' इस परवर्त्ती ग्रन्थ के बाद मुद्रित—'असकृत्तु सुतराम् । यथा—'एषा प्रिया मे क्व गता त्रपाकुला ।'' अंश को 'हरिणीप्रेक्षणा' आदि पद्य के बाद औचित्य के आधार पर मैंने रखा है । इसी से यहीं इस अंश की व्याख्या की गयी है ।

एकपदगतस्य तु तथा नाश्रव्यम् । यथा—'जाग्रता विचितः पन्थाः शात्रवाणां वृथोद्यमः' । परसवर्णकृतस्य तु संयोगस्य सर्वथा दीर्घाद्भिन्नपदगतत्वाभावान्मधुरत्वाच्चानन्तर्यं न मनागप्यश्रव्यम् । यथा—'तान्तमालतरुकान्ति-' इत्यादिपद्ये । अत्र तामित्यत्र नीमित्यत्र च परस-

---

भिन्नपदगतस्य संयोगस्यानेकवारं प्रयोगेऽधिकमश्रव्यत्वमित्यर्थः ।

तथा=दीर्घानन्तर्यं संयोगस्य सकृदसकृद्वा । यद्वाऽसकृत्संयोगस्य दीर्घानन्तर्यमित्यनुवर्त्य तथेत्यस्य सुतरामश्रव्यमित्यर्थः कार्यः । तथा च किञ्चिदश्रव्यत्वं भवत्येवेति तात्पर्यं कल्पनीयम्, जाग्रतेत्युदाहरणे जा, शा, थो इति त्रयाणां संयोगपूर्वाणां दीर्घाणामुपलम्भात् । सर्वथेति । अव्यवहितयोर्द्वयोर्हलोः संयोगसंज्ञेति पक्षे परस्य हलः परपदावयवत्वेन तद्घटितसमुदायरूपस्य संयोगस्य न पूर्णतः पूर्वपदघटकत्वं न वा पूर्णत उत्तरपदघटकत्वमित्यभिप्रायेणोक्तं सर्वथेति । दीर्घादित्यस्य आनन्तर्यमित्यनेनान्वयः । नीमित्यत्रेत्यादि । लङ्घिनीङ्क्ङ्करीत्येतद्घटकस्येत्यर्थः ।

तब तो अश्रव्यता का आधिक्य हो जाता है। जैसे—'एषा प्रिया मे क्व गता त्रपाकुला' इस पद्यांश में 'षा' के बाद 'प्रि' और 'ता' के बाद 'त्र' इन संयोगों में अधिक अश्रव्यता है। किन्तु यदि दीर्घोत्तरवर्ती संयोग एक-पदनिष्ठ हो, अर्थात् जिस पद में दीर्घ स्वर हो उसी पद में दीर्घोत्तरवर्त्ती संयोग भी हो, तो अश्रव्यता नहीं आती। जैसे—उक्त पद्य में ही 'विलोक्यते' पद में 'लो' में दीर्घ स्वर के बाद 'क्य' में क्-य् का संयोग अश्रव्य नहीं है। इसी प्रकार 'जाग्रता विचितः पन्थाः शात्रवाणां वृथोद्यमः' (शत्रुओं का सारा प्रयास निरर्थक हो गया, क्योंकि जगे हुए उसके विरोधी ने उसके गुप्त मार्ग को खोज लिया) इस पद्यार्ध में 'जा' के बाद 'ग्र' और 'शा' के बाद 'त्र' इन संयोगों में अश्रव्यता नहीं है। यदि दीर्घ-स्वर के बाद का भिन्न-पदगत संयोग परसवर्ण-सन्धि से निष्पन्न—परसवर्णादेशहल्घटित हो तो उसमें अश्रव्यता—श्रुतिकटुता नहीं आती। इसके दो कारण हैं—एक तो यह कि उस संयोग का घटक पूर्ववर्ती व्यञ्जन पूर्व-पद का अन्त्यावयव होता और इस लिए उस परसवर्णनिष्पन्न व्यञ्जन तथा परवर्ती पद के आद्य व्यञ्जन का संयोग उत्तरवर्ती पद का आद्य अवयव होता हीं नहीं, उसका अवयव तो उस संयोग का केवल परवर्त्ती व्यञ्जन होता जो स्वयं में संयोग नहीं है। दूसरा कारण यह है कि परसवर्णनिष्पन्न संयोग स्वरूपतः मधुर होता जिससे उस संयोग के ह्रस्व या दीर्घ स्वर के परवर्ती होने पर भी उसमें अश्रव्यता आ हीं नहीं सकती। जैसे—'तान्तमालतरुकान्ति…' इत्यादि पूर्वोदाहृत पद्य में 'न्त' और 'न्ति' में जो संयोग हैं वे दीर्घ स्वर से परवर्त्ती होने पर भी उक्त कारणों से अश्रव्य नहीं हैं। यह विचार

वर्णस्य पूर्वपदभक्ततया न संयोगो भिन्नपदगतः। प्रत्येकं संयोगसंज्ञेति पक्षेऽपि भिन्नपदगतः संयोगो न दीर्घादव्यवहितपरः। नवाम्बुदेत्यत्र त्वे-

---

तानित्यत्र नीडिन्त्यत्यत्र च इति पाठः श्रेयान्। प्रत्येकमित्यादि। अयं च पक्षः संयोगसंज्ञासूत्रभाष्योक्तः। एवञ्च परसवर्णनिष्पन्नो हलेकः संयोगः, यस्मिश्च परे परसवर्णः सोऽन्यः संयोग इति लभ्यते। तथा च तान्तमाले-त्यादौ न् इत्येकः, त् इत्यपरः संयोगः। भिन्नपदगतः संयोगः = परपदाद्या-वयवहल्रूपः। न दीर्घादित्यादि। पूर्वपदान्त्यावयवभूतेन परसवर्ण-निष्पन्नहला संयोगरूपेण व्यवधानादिति भावः। यश्च पूर्वः संयोगः परसवर्णरूपः स न भिन्नपदगत इत्यपि बोध्यम्। 'तान्तमाल·' इत्यादिपद्यद्वितीयपादघटके 'नवाम्बुद' शब्दे विचारयति—नवाम्बुदेत्यादिना। एकादेशस्य = नव + अम्बुदेत्यत्र

तो पूर्व और उससे अव्यवहितोत्तरवर्त्ती दोनों व्यञ्जनों के समूह की संयोग संज्ञा होती है—इस पक्ष के अनुसार किया गया। अब पाणिनि के "हलोऽनन्तराः संयोगः" इस संयोग-संज्ञाविधायक सूत्र के महाभाष्य में निर्दिष्ट पक्षान्तर—'प्रत्येकं संयोग-संज्ञा', अर्थात् जो दो व्यञ्जन अव्यवहित पूर्वापर हों—जिन दो व्यञ्जनों के मध्य में कोई स्वर न हो—उनमें से प्रत्येक व्यञ्जन संयोग कहलाता—पूर्व व्यञ्जन भी एक संयोग है और परवर्त्ती व्यञ्जन भी एक संयोग है—के अनुसार भी विचार करने पर परसवर्णनिष्पन्न संयोग में श्रुतिकटुता नहीं आती, क्योंकि जो प्रथम संयोग परसवर्णनिष्पन्न व्यंजन है वह यदि दीर्घ स्वर के बाद आया भी हो तो वह भिन्न-पदगत नहीं होता और जो द्वितीय संयोग—परवर्त्ती पद का आद्यावयव व्यंजन है वह पूर्ववर्त्ती पद के दीर्घ-स्वर से नहीं अपितु उसके अन्त्यावयवभूत परसवर्णनिष्पन्न प्रथमसंयोगस्वरूप व्यंजन से परवर्त्ती है। इस प्रकार स्पष्ट है कि परसवर्णनिष्पन्न संयोग वहां भी श्रुतिकटु नहीं होता जहां उसका एक व्यंजन पूर्वपद का अन्त्यावयव हो और दूसरा दूसरे पद का आद्यावयव। जहां एक हीं पद में परसवर्ण है वहां तो उसके श्रुतिकटु होने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। अब 'तान्तमालतरुकान्ति···' आदि पद्य के उत्तरार्ध में आये 'नवाम्बुद...' एवं इस प्रकार के अन्य 'म्बु' आदि शब्दों में जो दीर्घ स्वर के बाद परसवर्ण-निष्पन्न संयोग श्रूयमाण हैं उनके विषय में विचार कर लेना चाहिए कि वे श्रुतिकटु (अश्रव्य) होते या नहीं। एकादेश के विषय में पाणिनि का एक योग है—"अन्तादिवच्च" (६।१।८५)। इसका अर्थ यही है कि पूर्व-पर स्वरों के स्थान में हुआ एक आदेश, जैसे अ + अ के स्थान में हुआ सवर्णदीर्घ एकादेश 'आ', साधारणतया पूर्वपद का आद्यावयव भी माना जाता और परपद का अन्त्यावयव भी। इसके अनुसार नव + अम्बुद इन दो पदों में पूर्वपद 'नव' के अन्तिम अकार और परपद 'अम्बुद' के आद्य अकार के

कादेशस्य पदद्वयभक्ततया दीर्घाद्भिन्नपदगतत्वे सत्यव्यवहितोत्तरत्वं यद्यपि परसवर्णकृतसंयोगस्य भवति तथाप्यत्र भिन्नपदगतत्वमेकपदगतभिन्नत्वं विवक्षितमित्यदोषः। (असकृत्तु सुतराम्। यथा—'एषा प्रिया मे क्व गता

सवर्णदीर्घस्य आकारस्य। पदद्वयभक्ततयेति। 'अन्तादिवच्च' इति पाणिन्यनुशासनादित्यर्थः। तथा च आकारोऽयं पूर्वपदस्यान्तावयवोऽपि मन्यते, उत्तरपदस्याद्यावयवोऽपि। तत्र च पूर्वपदस्यान्तावयवत्वे 'म्बु' इत्यस्य दीर्घादव्यवहितोत्तरसंयोगत्वादश्रव्यत्वापत्तिरिति पूर्वपक्षः। अम्बुशब्दश्च भौवादिकाद् 'अबि शब्दे' इत्यात्मनेपदिनो धातोर्बाहुलकादौणादिके उ-प्रत्यये धाताश्चेदित्वान्नुमागमे 'अन्बु' इत्यत्र नकारस्यापदान्तस्य परसवर्णे च कृते निष्पन्न इति भवति 'म्ब्' शब्दस्य परसवर्णकृतसंयोगत्वम्। एकपदगतभिन्नत्वमिति। अत्र पञ्चमीतत्पुरुषे हरिणीप्रेक्षणेति पूर्वोदाहरणे समस्तादेकपदाद्भिन्नपदगतत्वाभावो भवत्येव प्रेतिसंयोगस्येति तत्राश्रव्यत्वोक्तिरसंगता स्यादित्यत एकपदगतश्च तद्भिन्नश्चेत्येकपदगतभिन्नस्तत्त्वमिति विग्रहो न्याय्यः। तथा च यत्र संयोगे ऐकपद्ये समासादौ दीर्घाव्यवहितोत्तरत्वमथ च तद्भिन्न ऐकपद्याभावेऽपि तथा तस्यैवाश्रव्यत्वमिति स्थितौ हरिणीप्रेक्षणेत्यत्रोभयथापि दीर्घाव्यवहितोत्तरत्वसत्त्वादश्रव्यत्वोपपत्तिः, नवाम्बुदेत्यत्र तु एकादेश एव संयोगस्य 'म्ब्'-इत्यस्य तथात्वान्नाश्रव्यत्वमिति तात्पर्यमुत्तरपक्षस्य। एकपदगतभिन्नत्वमित्यत्र पञ्चमीसमासाभिप्रायेण प्रकारान्तरेण रसचन्द्रिकायां कृतः परिष्कारो युक्तोऽपि ग्रन्थाक्षराननुगुणत्वादस्माभिरुपेक्षितः। असकृत्त्वित्यादि। अयमंशो व्याख्यातपूर्वः। एषेत्यादि। अत्र प्र-क्व-त्रेति त्रिषु संयोगेष्वश्रव्यत्वाधिक्यम्।

स्थान में सवर्णदीर्घस्वरूप एकादेश से निष्पन्न दीर्घ स्वर (नव्+) 'आ' पूर्व-पद का आद्यावयव माना हीं जा सकता है (अर्थात् 'नवा' पूर्व-पद हो जाता है)। इससे भिन्न पद 'म्बुद' में जो संयोग है वह दीर्घ-स्वर के बाद आने वाला भिन्नपदगत परसवर्ण-निष्पन्न संयोग है हीं। अतः इसमें अश्रव्यता माननी चाहिए या नहीं।[1] समाधान करते हुए पण्डितराज कहते हैं कि पूर्वोक्त 'भिन्नपदगत संयोग' का तात्पर्य उस संयोग में है जो 'एकपदगतभिन्न' हो। इसका आशय यही है कि जो संयोग समास एवम् सन्धि आदि करने पर भी दीर्घ-स्वर के अव्यहित उत्तर में भिन्न पद के आरम्भ में श्रूयमाण हो और उनके विना भी पूर्वपदवर्त्ती दीर्घ-स्वर से अव्यवहित उत्तर में भिन्न पद में श्रूयमाण हो वही 'भिन्नपदगत संयोग' के रूप में विवक्षित है, अन्य प्रकार का संयोग नहीं। ऐसी स्थिति में, परसवर्णनिष्पन्न

---

१. यह विचार परसवर्णनिष्पन्न संयोग की स्वाभाविक मधुरता की मान्यता को ध्यान में न रखकर किया गया है। इसका उद्देश्य 'भिन्नपदगत' शब्द का परिष्कृत अर्थ प्रस्तुत करना है।

ऽपाकुला'।) इदं चाश्रव्यत्वं काव्यस्य पङ्गुत्वमिव प्रतीयते।

अथ स्वेच्छया संध्यकरणं सकृदप्यश्रव्यम्। यथा--'रम्याणि इन्दुमुखि ते किलकिञ्चितानि'। प्रगृह्यताप्रयुक्तं त्वसकृदेव--'अहो अमी इन्दुमुखी-

---

पूर्वोक्तं सर्वमेवाश्रव्यत्वं वक्ष्यमाणं च काव्यांशविशेषे वर्त्तमानं तच्छरीरे वर्त्तमानेन पङ्गुत्वेन तुल्यं चमत्कारापहारि, ततश्च रसाद्यप्रतीत्यापत्तिरित्याह--इदं चेत्यादिना।

प्रकारान्तरमश्रव्यत्वस्याह--स्वेच्छयेत्यादिना। स्वेच्छया=अनुशासनं विना। 'णि' 'इन्द्र' इत्यत्रेकारसवर्णदीर्घसन्ध्यभावः स्वेच्छया कृतः। 'चन्द्रमुखि!' इति पाठे तु नाश्रव्यत्वं स्यात्। असकृदेवेति। एतेन सकृत् प्रगृह्यताप्रयुक्तसन्ध्यभावो नाश्रव्यत्वापादक इति लभ्यते, अन्यथा काव्ये तदनुशासनानर्थक्यमननुष्ठानलक्षणं स्यात्। सकृदनुष्ठानेन शास्त्रसार्थक्ये पुनस्तदननुष्ठानं न शास्त्रवैयर्थ्यात्मकमिति तात्पर्यम्। अहो इत्यत्र 'ओत्' इति सूत्रेण, 'अमी' इत्यत्र च 'अदसो मात्' इति सूत्रेण प्रगृह्यता। चन्द्रमुखीतिपाठे त्वत्राप्यश्रव्यत्वमपनुद्यते। एवमेव=असकृत्

संयोग दीर्घ-स्वर से अव्यवहितोत्तरवर्त्ती और भिन्नपदगत हो हीं नहीं सकता। अतः परसवर्णनिष्पन्न संयोग कभी भी अश्रव्य नहीं होता। यह काव्यगत अश्रव्यता प्राणियों में पाई जाने वाली पङ्गुता (लंगड़ापन) के समान है जो रस-प्रवाह को अवरुद्ध कर देती है। अतः वर्जनीय है।

पूर्वोक्त अश्रव्यता से अतिरिक्त नियमप्राप्त स्वरसन्धि आदि का न करना भी अश्रव्यताधायक है। जैसे--'रम्याणि इन्दुमुखि ते किलकिञ्चितानि' (अरी चन्द्रमुखी! तेरे ये भाव, जो मित्रादि की प्राप्ति से उत्पन्न हर्ष के कारण मुस्कुराहट, शुष्क रोदन और क्रोध आदि से मिश्रित हैं, बड़े ही आकर्षक है)। इस पद्यांश में 'णि' के इकार और 'इन्दु' के इकार के स्थान में प्राप्त सवर्णदीर्घ न करने से अश्रव्यता आ गई है। इसी प्रकार 'प्रगृह्य-संज्ञा' के कारण 'प्रकृतिभाव' हो जाने पर सामान्यतः स्वर-सन्धियाँ जहाँ नहीं हो पातीं ऐसे पदों का अनेक बार एक वाक्य में प्रयोग करने पर भी अश्रव्यता आ जाती। उदाहरणार्थ--'अहो अमी इन्दुमुखीविलासाः' (चन्द्रमुखी के ये विलास अद्‌भुत हैं!) इस पद्यांश में 'अहो' इस निपात के 'ओत्' (पा० सू० १।१।१५) सूत्रानुसार और 'अमी' पद के 'अदसो मात्' (पा० सू० १।१।१२) सूत्रानुसार प्रगृह्य-संज्ञक हो जाने से क्रमशः पूर्वरूप और सवर्णदीर्घ सन्धियाँ नहीं हो पातीं। अतः व्याकरणानुसार इस प्रयोगों में शुद्धता होने पर भी अश्रव्यता है हीं। इसी तरह यदि किसी काव्य मे अनेक बार 'लोपः शाकल्यस्य' (पा० सू० ८।३।१९) सूत्रानुसार यकार अथवा वकार का लोप किया गया हो तो भी अश्रव्यता का अनुभव होता।

विलासाः'। एवमेव च य-व-लोपप्रयुक्तम्—'अपर इषव एते कामिनीनां दृगन्ताः'।

कथं तर्हि—

भुजगाहितप्रकृतयो गारुडमन्त्रा इवावनीरमण ।
तारा इव तुरगा इव सुखलीना मन्त्रिणो भवतः ॥

सन्ध्यकरणम् । अत्र च 'लोपः शाकल्यस्य' इति य-व-लोपानुशासनस्य त्रिपादीस्थत्वेन सपादसमाध्यायीस्थगुणादिविधि प्रत्यसिद्धत्वाद् भवति सन्ध्यकरणम्। असकृदेवं सत्यश्रव्यत्वम् । सकृत्त्वनुशासनानुष्ठानार्थत्वान्न तथा । अपर इषव इत्यत्रायादेशघटकस्य इषव एते इत्यत्र च यादेशस्य पूर्वोक्तेन सूत्रेण विकल्पेन लोपः कृतः ।

भुजगेत्यादि । हे अवनीरमण ? भवतो मन्त्रिणः भुजगानां सर्पाणामहिता प्रकृतिर्येषां ते भुजगाऽहितप्रकृतयो गरुडसम्बन्धिमन्त्रा इव भुजगानां विटानामहिता

जैसे—'अपर इषव एते कामिनीनां दृगन्ताः' (कामिनियों के ये कटाक्ष दूसरे बाण हीं तो हैं) । इस पद्यांश में 'अपरे+इषवः' इस स्थिति में 'रे' के एकार के स्थान में 'एचोऽयवायावः' (पा० सू० ६।१।७८) द्वारा विहित अय् आदेश के अवयव 'य्' का और 'इषवः+एते' इस स्थिति में विसर्गादेश के असिद्ध हो जाने से प्राप्त रेफ के स्थान में 'भो-भगो-अघो...योऽशि' (पा० सू० ८।३।१७) सूत्र द्वारा विहित 'य्' का पूर्वोक्त सूत्र से लोप किये जाने से अश्रव्यता आ गई है। अब प्रश्न यह है कि यदि उपर्युक्त य्, व् के लोप से वाक्य में अश्रव्यता आ जाती है तो फिर पण्डितराज ने स्वयं हीं—'भुजगाहितप्रकृतयो गारुडमन्त्रा इवावनीरमण। तारा इव तुरगा इव सुखलीना मन्त्रिणो भवतः ।।' इस पद्य का निर्माण कैसे किया, क्योंकि इसमें भी 'मन्त्राय् इव', 'ताराय् इव', 'तुरगाय् इव' के स्थान पर जो '... मन्त्रा इव', 'तारा इव', 'तुरगा इव' ये पाठ हैं इनमें 'लोपः शाकल्यस्य' (पा० सू० ८।३।१९) के अनुसार 'य्' का बारम्बार लोप किया गया है। इसके उत्तर में पण्डितराज ने यह कहा है कि उक्त पद्य में य् के लोप के बिना हीं 'मन्त्रायिव', 'तारायिव', 'तुरगायिव' पाठ होने से अश्रव्यता नहीं है। यह य्-लोपाभाव उक्त लोप-विधि के वैकल्पिक—शाकल्यमात्र आचार्य के मत में लोप और अन्य आचार्यों के मत में उसका अभाव—होने से सम्भव है। 'सुखलीनाय् मन्त्रिणो' के स्थान पर 'हलि सर्वेषाम्' (पा० सू० ८।३।२२) सूत्र से नित्य य्-लोप यद्यपि किया गया है तथापि इसका बाहुल्य—एक से अधिक बार—न होने से इस अंश में अश्रव्यता नहीं है। पद्यार्थ निम्नलिखित है—

"हे राजन् ! आपके मन्त्री तो भुजगों—सर्पों के लिए अहितकर स्वभाव वाले गरुड़-मन्त्रों के समान भुजगों—धूर्तों के लिए अहितकर स्वभाव वाले, अच्छी तरह

इति भवदीयं काव्यमिति चेत् ? अकृत्वैव तलोपं पाठान्न दोषः।

एवं रोरुत्वस्य हलि लोपस्य यण्गुणवृद्धिसवर्णदीर्घपूर्वरूपादीनां नैकट्येन बाहुल्यमश्रव्यताहेतुः। एवमिमे सर्वेऽप्यश्रव्यभेदाः काव्यसामान्ये वर्जनीयाः॥

अथ विशेषतो वर्जनीयाः। तत्र मधुररसेषु ये विशेषतो वर्जनीया अनुपदं वक्ष्यन्ते त एवौजस्विष्वनुकूलाः, ये चानुकूलतयोक्तास्ते प्रतिकूला इति सामान्यतो निर्णयः। मधुररसेषु दीर्घसमासं झयुघटितसंयोगपरह्रस्वस्य

प्रकृतिर्येषां ते भुजगाऽहितप्रकृतयः, सुष्ठु खे गगने लीनाः सुखलीनास्तारा इव, अथ च सुष्ठु खलीनं कविका ('लगाम' इति लोके प्रसिद्धम्) येषां ते सुखलीनास्तुरगा इव सुखलीनाः सुखे लीनाः निमग्नाः सन्ति। अत्र 'मन्त्रा इव', 'तारा इव' 'तुरगा इव' इत्यत्र त्रिषु यलोपः पूर्वोक्तसूत्रेण विहितः, तस्यासिद्धत्वाद्गुणसन्धिर्न भवतीत्यश्रव्यत्वं भवतः काव्येऽप्यापतितमिति प्रश्नः। उक्तस्य यलोपस्य वैकल्पिकत्वेन तल्लोपमकृत्वैव 'मन्त्रायिव' 'तारायिव', 'तुरगायिव' इति पाठेन निवारणीयमश्रव्यत्वमित्युत्तरम्। दोषान्तराणि निर्दिशति—एवमित्यादिना। नैकट्येन = अव्यवधानेन, स्वल्पव्यवधानेन वा। अतएव प्रबन्धे दूरेणैषां प्रयोगबाहुल्येऽपि नाश्रव्यत्वं यदि क्वचित् क्वचिद्वाक्ये सकृत्प्रयोगः। एकस्मिन्नेव वाक्ये प्रबन्धघटकेऽप्यसकृत्प्रयोगे त्वश्रव्यत्वं भवेदेव। बाहुल्यमिति। एतेनैषां सकृत् प्रयोगे दोषाभाव उक्तः॥

सम्प्रति तत्तद्गुणानुकूलरचनासु वर्जनीयानाह—अथेत्यादिना। सामान्यत इति। विशेषापेक्षत्वाद्विशेषतो बोध्यमिदम्। दीर्घसमासमिति। अस्य वर्जयेदित्यनेनान्वयात् सकृदपि मधुररसे दीर्घसमासस्य वर्जनीयत्वमुक्तम्। अन्येषान्त्वसकृत्प्रयोगं वर्जयेदिति स्पष्टमेवोक्तम्। झयुघटितेत्यादि। झय्-प्रत्याहारघटितः संयोगः परो

आकाश में लीन (सु+ख+लीनाः) तारों के समान और सुन्दर लगाम वाले घोड़ों के समान (सु+खलीनाः येषाम्) सुख में निमग्न (सुख+लीनाः) हैं॥"

उक्त अश्रव्यता-प्रकारों से अतिरिक्त अश्रव्यता उस काव्य में भी आ जाती है जिसमें 'रु' के स्थान में उत्त्व, 'हलि सर्वेषाम्' सूत्रानुसार य्-लोप, यण्-सन्धि, गुण-सन्धि, सवर्णदीर्घ-सन्धि, पूर्वरूप एवं पररूप आदि सन्धियाँ लगातार एक से अधिक बार की गई हों, केवल एक बार करने अथवा दूर-दूर अनेक बार करने पर भी अश्रव्यता नहीं आती। इस प्रकार स्पष्ट है कि किसी भी सत्कवि को अपने काव्य में उपर्युक्त अश्रव्यताओं तथा अनुभवानुसार अन्य अश्रव्यताओं का भी आघायक विन्यास कदापि नहीं करना चाहिए॥

अब एक-एक गुण के अभिव्यञ्जक काव्य में विशेष रूप से वर्जनीय शब्दों का निरूपण किया जा रहा है—इस प्रसङ्ग में सर्वप्रथम यह ज्ञातव्य है कि शृङ्गारादि मधुर रसों में शीघ्र हीं जिन्हें वर्जनीय कहा जाने वाला है वे ओजस्वी वीरादि रसों

विसर्जनीयादेशसकारजिह्वामूलीयोपध्मानीयानां टवर्गझयां रेफहकारान्यतर-घटितसंयोगस्य हलां ल-म-न भिन्नानां स्वात्मना संयोगस्य झयुद्वयघटित-संयोगस्य चासकृत्प्रयोग नैकट्येन वर्जयेत्। सवर्णझयुद्वयघटितसंयोगस्य

यस्मादिति बहुव्रीहिः। विसर्जनीयेत्यादि। विसर्जनीयस्थानिक आदेशः सकारादि-रित्यर्थः। तेन विसर्जनीयस्याऽसकृत्प्रयोगेऽवर्जनीयत्वं सिध्यति। एतच्च 'सानुरा-गास्सा' इत्यादिवक्ष्यमाणोदाहरणे पूर्वार्धमात्रस्य माधुर्याननुगुणत्ववर्णनेन लभ्यते। तथा च तदवतरणवाक्ये विसर्जनीयप्राचुर्यमित्यस्य विसर्जनीयस्थानिकादेशसकार-प्राचुर्यमित्यर्थो बोध्यः। अत एव 'विसर्गसकार' इति पूर्वोक्त ओजोव्यञ्जकगुम्फ-वर्णनवाक्ये विसर्जनीयादेशः सकार इत्यर्थः। सकारश्चात्र स्वस्थानिकशकार-स्याप्युपलक्षणम्। विसर्जनीयश्च तदादेशाश्चेत्यादिरूपेण समासे विवक्षिते तु वक्ष्यमाणोदाहरणस्य तुरीये पादे 'कान्तायाः स्वान्तवृत्तयः' इति मुद्रितपाठस्थाने उत्तरार्धस्य माधुर्यानुगुणत्वोपपादनाय कान्तायास्स्वान्तवृत्तयः' इति पठनीयम्। स्वात्मनेति। स्वाभिन्नेनेत्यर्थः। टवर्गझयामिति। टवर्गसहितानां टवर्गसह-चरितानां वा झयामित्यर्थः। द्वन्द्वे तु काव्यस्यैतादृशस्य विरलविषयत्वापत्तिः। चतुर्णां टवर्गीयाणां झयुत्वेऽपि विशेषेण वर्जनीयत्वप्रतिपादनाय ब्राह्मणवसिष्ठन्यासेन पृथगुपादानं मन्तव्यं द्वन्द्वपक्षे। झयुभिन्नस्य णकारस्य ग्रहणार्थं टवर्गग्रहणमिति रसचन्द्रिका। तदयुक्तम्, णकारस्यात्र वर्जनीयत्वाभावात्। उपपादयिष्यते चैतदग्रेऽपि एतदुदाहरणव्याख्यानावसरे। पूर्वस्त्वर्थो युक्तः। अत एव समुच्चितानामेवोदाहरण-

में अनुकूल, और जिन्हें मधुर रसों में अनुकूल माना गया है वे ओजस्वी रसों में प्रतिकूल होते। मधुररसाभिव्यञ्जक रचना में दीर्घ-समास का तो कभी प्रयोग नहीं करना चाहिए। साथ ही, झय्-प्रत्याहार (झ्, भ्, घ्, ढ्, ध्, ज्, ब्, ग्, ड्, द्, ख्, फ्, छ्, ठ्, थ्, च्, ट्, त्, क्, प्) के व्यञ्जन के संयोग से पूर्ववर्ती ह्रस्व स्वर का; विसर्जनीयस्थानिक[1] आदेशों—स् अथवा श्, जिह्वामूलीय, उपध्मानीयों का; टवर्ग से सन्निकृष्ट झय्-प्रत्याहारान्तर्गत व्यंजनों का; रेफ अथवा हकार से घटित संयोग का; ल्, म्, और न् को छोड़कर अन्य व्यंजनों के उन्हीं व्यंजनों के साथ (त्+त्) संयोग का और झय्-प्रत्याहारान्तर्गत भिन्न-भिन्न दो व्यंजनों के संयोग का एक से अधिक बार निकट में प्रयोग नहीं करना चाहिए। झय्-प्रत्याहारान्तर्गत सवर्ण व्यञ्जन (च्+छ् आदि) का और शर्[2] (=श्, ष्,

१. विसर्जनीय और उसके आदेशों······इस प्रकार भी अर्थ किया जा सकता है।

२. यद्यपि शल् प्रत्याहार (श्, ष्, स्, ह्) महाप्राण है तथापि हकारघटित-संयोग के असकृत्—एक से अधिक बार—प्रयोग के वर्जनीय होने से यहाँ केवल शर्-प्रत्याहारान्तर्गत व्यञ्जनों का निषेध किया गया है।

र्भिन्नमहाप्राणघटितसंयोगस्य सकृदपीति संक्षेपः ॥

दीर्घसमासो यथा—

लोलालकावलिबलन्नयनारविन्द-
लीलावशवदितलोकविलोचनायाः ।
सायाह्नि प्रणयिनो भवनं व्रजन्त्या-
श्चेतो न कस्य हरते गतिरङ्गनायाः ॥

मपि दास्यते । नैकटयेनेति । नैकट्यं चात्र वैवक्षिकमेकानुभवप्रवाहपतितत्वं वा बोध्यम् । सकृदपीत्यत्रापिशब्देनासकृत्प्रयोगस्य सुतरां वर्जनीयत्वमुक्तम् ।

वर्जनीयानामुदाहरणानि क्रमेणाह—दीर्घेत्यादिना ।

लोलालकेत्यादि । लोलानां चञ्चलानां मुखोपरिस्फुरतामलकानां केशानां या आवलिस्तया बलद् आच्छन्नमावृतं यन्नयनारविन्दं तस्य लीलया विलासपूर्णया आच्छादकाऽलकावलिनिक्षेपाय क्रियमाणेन व्यापारेण वशम्वदितान्येकान्तत आकृष्टानि लोकानां विलोचनानि यया तस्याः, अथचैवंरूपेण सायाह्नि स्वप्रियतमस्य भवनं व्रजन्त्या अङ्गनाया गतिः कस्य रसिकस्य मनो न हरत इत्यर्थः । अत्र हरतेरात्मनेपदं चिन्त्यम् ॥

अत्र पूर्वे व्याख्यातारः वलदिति अन्तःस्थादि चलनार्थकं धातुं मत्वा व्याचक्षते । तत्र चलनार्थकस्य वलधातोः परस्मैपदः कथमित्यवगन्तुं न शक्यते । अतो बलन्निति पवर्गादिः पाठः कर्त्तव्यः । धातूनामनेकार्थत्वाच्च प्राणनार्थकस्य बलधातोरर्थान्तरं प्रकृतोपयोगि मन्तव्यम् । चलदितिपाठान्तरकल्पनमप्यरसिकत्वं तेषाम्प्रमाणयति, लीलेत्यनेनोक्तार्थत्वं चेति । यदि तु कथञ्चिदन्तःस्थादिरेव वलधातुः परस्मैपदीति

स्) को छोड़कर अन्य महाप्राण व्यञ्जनों (पाँचों व्यञ्जन-वर्गों के द्वितीय और चतुर्थ व्यञ्जनों) से घटित संयोग का तो एक बार भी प्रयोग नहीं करना चाहिए ।

दीर्घसमास का प्रयोग 'लोलालकावलि···' इत्यादि पद्य में किया गया है । पद्यार्थ निम्नलिखित है—

"चञ्चल केश-कलाप से आच्छन्न नेत्र-कमल के विलासपूर्ण व्यापार से लोगों के लोचन को बरवश आकृष्ट करती हुई शाम के समय अपने प्रेमी के घर की ओर जाने वाली अभिसारिका की गति किस रसिक के मन को आकृष्ट नहीं कर लेती ? अर्थात् सब के मन को आकृष्ट कर हीं लेती है ॥"

इस पद्य का पूर्वार्द्ध एक समस्त पद है । अतः यह मधुर रस के प्रतिकूल निबन्धन है ।

झयूघटितसयोगपरह्रस्वानां प्राचूर्यं नैकट्येन यथा—

हीरस्फुरद्रदनशुभ्रिमशोभि किं च
सान्द्रामृतं वदनमेणविलोचनायाः ।
वेधा विधाय पुनरुक्तमिवेन्दुबिम्बं
दूरीकरोति न कथं विदुषां वरेण्यः ॥

अत्र भ्रिशब्दपर्यन्तं शृङ्गारानुगुणम् । शिष्टं तु रमणीयम् । उत्तरार्धे ककारतकाररूपझयूद्वयसंयोगस्य सत्त्वेऽपि प्राचुर्याभावान्न दोषः । यदि

मन्यते तर्हि तस्य सम्वरणरूपमाह्लादकमर्थं विहाय चलनार्थकत्वाभ्युपगमस्तेषां रसिकत्वे न प्रमाणमित्यालोचनीयम् ।

हीरस्फुरदित्यादि । हीरा हीरका इव स्वच्छतया स्फुरन्तो ये रदना दन्तास्तेषां शुभ्रिम्णा धवलतया शोभनशीलमथच च सान्द्रममृतं यत्र (अधरोष्ठे तद्घटितम्) मृगाक्ष्या वदनं विधाय विदुषां वरेण्यः श्रेष्ठो वेधा प्रजापतिः पुनरुक्तमिवेन्दुबिम्बं पूर्वविहितमपि कथं न दूरीकरोति ? यथा पूर्वप्रयुक्तमपि शब्दमनन्तरं विवक्षितार्थवाचकमधुरतरशब्दप्रयोगे कृते विदुषां वरेण्यो दूरीकरोति निरस्यति तथैव वेधसापि कर्त्तव्यम्, तथा चाऽकुर्वन् वेधा न विदुषां वरेण्योऽपितु हीन एवेति तात्पर्यम् । मर्मप्रकाशादौ तु नञः काकुप्रयोगमाश्रित्य परिवेषच्छलेन परिभ्रमणच्छलेन वा दूरीकरोत्येवेत्यपि तात्पर्यान्तरमुक्तम् । तत्र लट्प्रयोगोऽत्र काक्वाश्रयणे ईषत्प्रतिकूल इव प्रतीयते ।

अत्र च पद्ये 'स्फु' 'द्र' 'भ्रि' इति फकार-दकार-भकारात्मकझयूघटितसंयोगानां नैकट्येन प्रयोगात् माधुर्याननुगुणत्वं भ्रिशब्दान्तस्य भागस्येत्याह—अत्रेत्यादिना । झयूद्वयेत्यादि । संयोगस्य द्वयोः पर्याप्तत्वात् प्रत्येकमादायास्य झयूघटितत्वम्, स्वस्य

झयू-प्रत्याहार के व्यञ्जनों से घटित संयोगों से पूर्ववर्त्ती ह्रस्व स्वरों का निकटता से प्रचुर प्रयोग 'हीरस्फुरद्रदन ····' आदि पद्य में किया गया है। पद्यार्थ निम्नलिखित है—

"प्रथमोक्त अर्थ का अभिधान जब पुनः (कुछ उत्कृष्ट रूप में) हो जाता है तब लेखक प्रथम शब्द को दूर—काट कर अलग—कर देता है। ऐसी स्थिति में जब विद्वानों मे श्रेष्ठ विधाताने मृगनयनी कामिनी के हीरे के समान चमकते दांतों से सुशोभित और गाढ़े अधरामृत से परिपूर्ण मुख का निर्माण कर ही लिया तब स्वरचित चन्द्रमण्डल को हटा क्यों नहीं लेता ?"

इस पद्य में (····· शु)भ्रि' शब्द तक मधुररस के प्रतिकूल विन्यास है, क्योंकि 'स्फु'; 'द्र' और 'भ्रि' इन तीन झयू-घटित संयोगों से पूर्व अ-अ-उ इन तीन ह्रस्व स्वरों का प्रयोग हुआ है। उत्तरार्ध (तृतीय पाद) मे 'क्त' यह एक झयू घटित

तु 'दन्तांशुकान्तमरविन्दरमापहारि सान्द्रामृतं' इत्यादि क्रियते तदा सर्वमेव रमणीयम् ।

विसर्गप्राचुर्यं यथा—

सानुरागास्सानुकम्पाश्चतुरास्शीलशीतलाः ।
हरन्ति हृदयं हन्त कान्तायाः स्वान्तवृत्तयः ।।

अत्र शकारद्वयसंयोगान्तं पूर्वार्धं माधुर्याननुगुणम् ।

जिह्वामूलीयप्राचुर्यं यथा—

स्वघटकत्वाद्वा । 'म्बं' इत्यस्य झय्घटितसंयोगत्वेऽपि मधुरमकारघटितत्वेन तत्पूर्व ह्रस्वमादाय न प्राचुर्यमिति कथञ्चिद् व्याख्येयम् । मकारस्य परसवर्णनिष्पन्नत्वेन तद्घटितसंयोगस्य चानुकूलतया वा समाधेयम् । दन्तांशुकान्तमित्यादि । दन्तानामंशुभिः प्रकाशैः कान्तं मनोहरमथ चारबिन्दस्य रमायाः श्रियोऽपहारि— इत्यादिरर्थः । चन्द्रबिम्बेपि कमलकान्त्यपहारकत्वं प्रसिद्धमेव ।

सानुरागा इत्यादि । कान्तायाः सानुरागाः सानुकम्पाः चतुरा विदग्धा अथ च शीलेन रसिकस्वभावेन शीतला अनुकूलाः स्वान्तवृत्तयो मनोवृत्तयः कस्य हृदयं न हरन्ति ? हरन्त्येव सर्वेषां हृदयमित्यर्थः । हन्तेति हर्षे ।

पूर्वार्धमित्यादि । अत्र विशेषः पूर्वमुक्तः ।

संयोग से पूर्व 'उ' यह एक हीं ह्रस्व स्वर है । अतः इस तरह के संयोगों से पूर्ववर्त्ती ह्रस्व स्वरों की प्रचुरता नहीं कही जा सकती । यद्यपि 'न्दु' और 'म्बं' इन शब्दों में भी झय् घटित संयोग तो हैं हीं तथापि 'न्दु' शब्द से पहले ह्रस्व स्वर न होन से कोई दोष नहीं है । साथ हीं, 'न्दु' यह संयोग परसवर्णघटित भी है । इसी प्रकार, 'म्ब' यह संयोग भी परसवर्णघटित है । अतः इसमें भी स्व-पूर्ववर्त्ती ह्रस्व स्वर को दूषित करने का सामर्थ्य नहीं है । यदि उक्त पद्य का पूर्वार्द्ध 'दन्तांशुकान्तम···· ' इत्यादि रूप में संग्रथित हुआ होता तो कोई दोष नहीं रह जाता ।

विसर्गस्थानिक सकार-शकार के प्राचुर्य का उदाहरण 'सानुरागास्सानु····' आदि पद्य है । इसमें 'श्शी' शब्द तक पूर्वार्द्ध मधुर रस के प्रतिकूल है, क्योंकि इसमें 'गा-पा-रा' के बाद विसर्गस्थानिक 'स्-श्-श्' का प्रयोग हुआ हैं । पद्यार्थ यह है—

"कामिनी की अनुरागपूर्ण, अनुकम्पायुक्त, आकर्षणनिपुण और शील से शीतल चित्तवृत्तियाँ बरबश हीं रसिकों के अन्तःकरण को आकृष्ट कर लेतीं ।।"

विसर्गस्थानिक जिह्वामूलीय की प्रचुरता 'कलितकुलिश · · · ·' आदि पद्य में उपलब्ध है । पद्यार्थ इस प्रकार है—

कलितकुलिशघाता ≍ केऽपि खेलन्ति वाता ≍
कुशलमिह कथं वा जायतां जीविते मे ।
अयमपि बत गुञ्जन्नालि माकन्दमौलौ
चुलुकयति मदीयां चेतनां चञ्चरीकः ।।

अत्र द्वितीयजिह्वामूलीयपर्यन्तमननुगुणं माधुर्यस्य । यदि च 'कथय कथमिवाशा जायतां जीविते मे, मलयभुजगवान्ता वान्ति वाताः कृतान्ताः' इति विधीयते तदा नायं दोषः ।

उपध्मानीयप्राचुर्यं यथा—

कलितेत्यादि । कुलिशस्य वज्रस्य घाता इव घाताः कुलिशघाताः, कलिताः कुलिशघाता यैस्ते केऽपि विलक्षणा वाता इह खेलन्ति यदा तदा हे आलि मम जीवितविषये कथं नाम कुशलं जायताम् ! माकन्दमौलौ आम्रशिखरे गुञ्जन्नयं चञ्चरीको भ्रमरोऽपि मदीयां चेतनां चुलुकयति शोषयति—इति पद्यार्थः ।

द्वितीयेति । वाता ≍केपीत्यत्रेत्यर्थः । द्विःप्रयोगेऽपि प्राचुर्यमभिमतमिति पूर्वमुक्तमेव । मलयेत्यादि । मलयाचलस्था ये वातास्तैर्वान्ता उद्गीर्णा अत एव कृतान्ताः कृतोऽन्तो विनाशो यैस्ते, यद्वा कृतान्तो यमस्तत्सदृशा (वाताः) वान्ति प्रवहन्ति इत्यर्थः परिष्कृतस्य पाठस्य ।

उपध्मानीय इत्यादि । पफाभ्यां प्रागर्धविसर्गसदृशो विसर्गस्थानिक आदेशः ≍ इति रेखाङ्कित उपध्मानीय उच्यते । तस्य प्रचाचुर्यमेकाधिकवारं प्रयोगः ।

"वज्र के समान कठोर आघात करने वाली यह कोई भयङ्कर हवा (आन्धी) बह रही है । ऐसी दशा में मेरे जीवन में कुशल कैसे हो सकता ? देख मेरी सखी ! आम के बौरों पर गूँजता हुआ यह भौरा भी मेरी चेतना को पीता सा-जा रहा है ।।"

उपर्युक्त पद्य में 'घाता≍' यह प्रथम और 'वाता≍' यह द्वितीय जिह्वामूलीय है । यहाँ तक का अंश माधुर्य के लिये प्रतिकूल है । अतः यदि 'कथय कथमिवाशा....' इत्यादि रूप में पूर्वार्द्ध का विन्यास कर दिया जाय तो माधुर्य के अनुकूल होगा । इस पाठान्तर का अर्थ यह है—"बता री सखी ? मुझे अपने जीवन की आशा कैसे हो सकती जब मलयाचलनिवासी विषधर साँपों के मुँह से निकली हुई प्राणहरण करने वाली हवा बह रही हो ।।"

विसर्गस्थानिक उपध्मानीय की प्रचुरता का प्रयोग 'अलका≍ फणि....' आदि पद्य में हुआ है । इसमें 'अलका≍'और 'नयनान्ता≍' इन दो उपध्मानीयों का प्रयोग शान्त रस के प्रतिकूल है । पद्यार्थ इस प्रकार है—

अलका॒ फणिशावतुल्यशीला नयनान्ता॒परिपुङ्खितेषुलीलाः ।
चपलोपमिता खलु स्वयं या बत लोके सुखसाधनं कथं सा ॥
अत्र द्वावुपध्मानीयावेव न शान्तानुगुणौ ।
टवर्गझयां प्राचुर्यं यथा—

वचने तव यत्र माधुरी सा हृदि पूर्णा करुणा च कोमलेऽभूत् ।
'अधुना हरिणाक्षि हा कथं वा कटुता तत्र कठोरताविरासीत् ॥
अधुना सखि तत्र हा कथं वा गतिरन्यैव विलोक्यते गुणानाम्' इति त्वनुगुणम् ।

अलका॒ फणि ······ इत्यादि । सा स्त्री लोके सुखसाधनं कथं भवेद् यस्या अलकाः केशपाशाः फणिशावैः सर्पशिशुभिस्तुल्यं शीलं येषां तादृशाः, नयनान्ताश्च कटाक्षाः परिपुङ्खिताः पुङ्खयुक्ता ये इषवो बाणास्तेषां लीलेव लीला येषां तादृशाः, गम्भीराघातजनका इति यावत्, अथ च स्वयं चपलया विद्युतोपमिताऽतीव चञ्चलस्वभावा वर्त्तत इत्यर्थः ।

अत्रोपध्मानीयद्वयम्, एकः—अलका॒ इत्यत्र अन्यश्च—नयनान्ता॒ इत्यत्रेति प्राचुर्यं स्पष्टमेव । शेषस्तु बन्धो युक्त एवेत्येवकारेण सूच्यते ।

वचन इत्यादि । हे हरिणाक्षि ? तव यत्र वचने सा विलक्षणा माधुरी, यत्र च तव कोमले हृदि पूर्णा करुणाऽभूत् तत्रैव वचनेऽधुना मानकाले कटुता हृदि च कठोरता कथं प्रादुर्भूतेत्यर्थः । अत्र टवर्गस्य कटुता-कठोरता-शब्दयोर्द्विःप्रयोगो नानुकूल इति अनुकूलं पाठान्तरमुत्तरार्धस्य प्रदर्शयति—अधुनेत्यादि । अर्थः

"जिस वनिता के केश-पाश साँप के बच्चों के समान हों, जिसके कटाक्ष पंख वाले बाणों के समान आघात करने वाले हों और जो स्वयम् बिजली के समान चञ्चल हो वह वनिता भला इस लोक में सुख का साधन कैसे हो सकती ?"

टवर्ग-झय् के प्राचुर्य का उदाहरण है 'वचने तव यत्र···' आदि पद्य। इसमें 'कटुता' और 'कठोरता' शब्दो में टवर्ग के साथ-साथ झय्-प्रत्याहारान्तर्गत क-ट और क-ठ का प्रयोग होने से रचना में शृङ्गारानुकूलता नहीं है। पद्यार्थ निम्नलिखित है।—

"अरी प्रिये ! मुझे आश्चर्य है कि तेरी जिस बाणी में मधुरता और कोमल हृदय में पूर्ण करुणा थी उन्हीं वाणी और कोमल हृदय में आज क्रमशः ये कटुता और कठोरता कहाँ से आ गई ?"

परन्तु इसी पद्य का उत्तरार्द्ध यदि 'अधुना सखि·····' इत्यादि रूप में विन्यस्त होता तो वह शृङ्गार के प्रतिकूल न होता। इस पाठान्तर का अर्थ है—"किन्तु आज तेरी वाणी और कोमल हृदय में पहले के गुणों के विपरीत दशा क्यों देखी जा रही है ?"

रेफघटितसंयोगस्यासकृत्प्रयोगो यथा—

तुलामनालोक्य निजामखर्वं गौराङ्गि गर्वं न कदापि कुर्याः ।
लसन्ति नानाफलभारवत्यो लताः कियत्यो गहनान्तरेषु ।।

यदि तु 'तुलामनालोक्य महीतलेऽस्मिन्' इति निर्मीयते तदा साधु ।

स्पष्टः । अत्र णकारस्याप्यसकृत्प्रयोगमननुकूलमभिमन्यते रसचन्द्रिकाकृत्, तत्त्वस्मिन् परिष्कृते पाठे 'हरिणाक्षि' इति पूर्वपाठस्थाने 'सखि'-शब्दप्रयोगं कारणं मत्त्वा । वस्तुतस्तु नेदं सम्यक्, णकारस्य माधुर्यानुगुणत्वस्य पण्डितराजसम्मतत्वात् । कथमन्यथा पूर्णा करुणेति णकारप्राचुर्यस्य पूर्वार्धे सत्त्वेऽपि उत्तरार्धमात्रमननुगुणं मत्त्वा तत्स्थान एव पाठान्तरं कल्पयेत् ? यस्तु 'हरिणाक्षि' इत्यत्र 'सखि' इति पाठान्तरं कृतं तन्न णकारस्यामधुरत्वादपि तु विवक्षितस्य तत्रेति पदस्य समावेशायैवेति बोध्यम् । तदेवं पूर्वस्मिन् पाठे उत्तरार्धे टवर्गप्राचुर्यं प्रदर्शितम् । अन्येषां टवर्गसहचरितानां ककारादीनां ज्ञयामपि प्राचुर्यं व्यक्तमेवात्र ।

तुलामनालोक्येत्यादि । हे गौराङ्गि ! निजां तुलां स्वकीयगुणसादृश्यमापाततोऽन्यस्यां कामिन्यामनालोक्य कदापि अखर्वं गर्वं न कुर्याः, यतो नानाफलभारसम्पन्नाः कियत्योऽपरिमिता लता गहनान्तरेषु वनान्तःप्रदेशेषु लसन्ति । अतस्त्वमतुलनीया न वर्त्तस इत्याशयः । अत्र पद्ये अखर्वं गर्वं कुर्या इत्येतेषु पदेषु त्रयाणां रेफघटितसंयोगानां सत्त्वादानुगुण्याभाव इति हेतोः पाठान्तरं प्रदर्शयति—'तुलामनालोक्य महीतलेऽस्मिन्' इति । एतावताऽपि 'गर्वं' कुर्याः' इत्युभयत्र रेफघटितसंयोगस्य सत्त्वाद् द्विःप्रयोगेऽपि असकृत्त्वस्य निर्वाहात् कथमानुगुण्यमिति न ज्ञायते । 'न कदापि' इत्यनेन व्यवधानेऽपि नैकट्यं त्वक्षतमेव, कथमन्यथा सङ्गतिः स्यादुदाहरणान्तराणाम् । अतोऽत्रागुनुण्यसम्पादनाय 'तुलामनालोक्य महीतलेऽस्मिन् गौराङ्गि मानं न कदापि कुर्याः' इति, 'तुला · · · · गौराङ्गि गर्वं न कदापि धेयाः' इति वा पाठान्तरं कल्पनीयम् । द्वितीयपादे गर्वं कुर्या इत्यादेः सत्त्वेऽपि

रेफघटित संयोग के प्रचुर प्रयोग का उदाहरण 'तुलामनालोक्य·····' आदि पद्य है । इसमें 'अखर्वं'; 'गर्वं', और 'कुर्याः' इन पदों में तीन बार रेफघटित संयोग हैं। ये शृङ्गाररस के प्रतिकूल हैं । हाँ, यदि इसके पूर्वार्द्ध का 'तुलामनालोक्य महीतलेऽस्मिन् गौराङ्गि मानं न कदाऽपि कुर्याः' यह पाठ हो तो पूर्वोक्त दोष नहीं रह जाता । उदाहृत पद्य का अर्थ है—

"अरी गौराङ्गी सखी ! स्तनों के भार से अवनत अपनी देहयष्टि की अन्य युवतियों में समानता न पाने मात्र से इतना असीम अहङ्कार कदापि मत कर, क्योंकि नाना प्रकार के फलों के भार से अवनत कितनी ही लताएँ जङ्गल के अन्दर सुशोभित हो रही हैं ।।"

हलां ल-म-न-भिन्नानां स्वात्मना संयोगस्यासकृत्प्रयोगो यथा—'विगणय्य मे निकाय्यं तामनुयातोऽसि नैव तन्न्याय्यम्।' ल-म-नानां स्वात्मना संयोगस्तु न तथा पारुष्यमावहति। यथा—

इयमुल्लसिता मुखस्य शोभा परिफुल्लं नयनाम्बुजद्वयं ते।
जलदालिमयं जगद्वितन्वन्कलितः क्वापि किमालि नीलमेघः॥

प्राचुर्याभावादिति यदुक्तं रसचन्द्रिकायां तद् व्यामोहात्। द्विःप्रयोगेऽपि प्राचुर्याऽक्षतेः। हकारेण पुनः घटितस्य संयोगस्याऽसकृत्प्रयोगस्योदाहरणम्—'आरुह्य शैलमपि सह्यमसह्यवातम्' इति रामायणचम्पूतो द्रष्टव्यम्। अत्र तु न लभ्यते। कारणं न ज्ञायते।

विगणय्येत्यादि। खण्डिता नायिका नायकमुपालभते। मम निकाय्यं गृहं विगणय्य परित्यज्य यत्त्वं तामन्यां नायिकामनुयातोऽसि तत् कथमपि न्याय्यं न्यायादनपेतमुचितं नेत्यर्थः। अत्र यकारद्वयघटितः संयोगस्त्रिःकृत्वः प्रयुक्त इति प्रातिकूल्यम्।

तथेति। अधिकमित्यर्थः। अतश्च लादीनामपि परिहरणीय एव भूयो भूयः स्वात्मना संयोगो महाकविनेति सूच्यते। आवहतीति। अत एव हलां ल-म-न-भिन्नानां स्वात्मना संयोगस्य असकृत्प्रयोगं वर्जयेदिति पूर्वमुक्तम्।

इयमुल्लसितेत्यादि। कृष्णदर्शनप्रसन्नां गोपीं तत्सखी पृच्छति—हे आलि? तव मुखस्येयमेतावती विलक्षणा वा शोभा उल्लसिता, नयनकमलद्वयं च परिफुल्लं पूर्णविकसितं वर्तते। तत् सर्वं जगदेव जलदालिमयं मेघमालामयं तद्वन्नीलवर्णं वितन्वन् नीलमेघः श्रीकृष्णस्तद्रूपारोपात् क्वापि कलितो दृष्टः प्राप्तो वा किम्!! अत्र लकारस्य स्वात्मना लकारेण द्वौ संयोगौ वर्तमानावपि नाधिकं पारुष्यं जनयतः।

ल्, म् और न् से भिन्न व्यञ्जनों का अपने से अभिन्न व्यजनों के साथ संयोग की प्रचुरता 'विगणय्य मे······' आदि पद्यार्ध में पाई जाती है। यहाँ तीन बार य्-य् का संयोग है। अतः यह शृङ्गार के प्रतिकूल है। पद्यार्थ यह है—

"मेरे घर की उपेक्षा कर तुम उस (अन्य नायिका) के साथ चले गये—यह किसी तरह न्याय-पूर्ण नहीं हो सकता॥"

किसी खण्डिता नायिका की अपने प्रिय के प्रति यह उक्ति है। किन्तु लकारद्वय, मकारद्वय अथवा नकारद्वय का संयोग कठोर न होने से मधुर रस के प्रतिकूल नहीं होते। लकारद्वय के संयोग का प्रयोग 'इयमुल्लसिता····' आदि पद्य में दो बार हुआ है। पद्यार्थ निम्नलिखित है—

(कोई गोपी अपनी सखी से पूछ रही है—) "क्यों री सखी? आज तेरा मुंह बहुत चमक रहा है और आँखें खिली हुई हैं। सारे संसार को काले बादल के समान बना देनेवाले उस काले बादल (=श्रीकृष्ण) से कहीं भेंट हो गई है क्या?"

झय्द्वयघटितसंयोगस्य यथा—

आ सायं सलिलभरे सवितारमुपास्य सादरं तपसा ।
अधुनाब्जेन मनाक् तव मानिनि तुलना मुखस्याप्ता ।।

अत्र द्वितीयार्धमरम्यम् । 'सरसिजकुलेन संप्रति भामिनि ते मुखतुलाधिगता' इति तु साधु ।

सवर्णझय्द्वयघटितसंयोगस्य सकृत्प्रयोगे यथा—

अयि मन्दस्मितमधुरं वदनं तन्वङ्गि यदि मनाक्कुरुषे ।
अधुनैव कलय शमितं राकारमणस्य हन्त साम्राज्यम् ।।

झय्द्वयेति । असवर्णझय्द्वयेत्यर्थः ।

आ सायमिति । मानापनोदनाय कश्चिन्मानिनीं स्तौति । ह्यः प्रातरारभ्य सायंकालपर्यन्तं सलिले स्थित्वा सवितारं सादरमुपास्याब्जं यत्तपस्तेपे तेन निमित्तभूतेन, हे मानिनि ! अधुना अद्य तव मुखस्य मानात्पूर्वं विकसितस्य तेनाब्जेन मनागीषत् तुलना प्राप्ता ।

अत्राब्जशब्दे आप्तशब्दे च बकार-जकारयोः पकार-तकारयोश्च झयोः संयोगद्वयमित्यननुकूलमिदमित्याह—अरम्यमिति । अत्रानुकूलं विन्यासं प्रदर्शयति—सरसिजेत्यादिना ।

अयि मन्देत्यादि । अयि तन्वङ्गि ! यदि त्वं स्ववदनं मनागपि मन्दस्मितेन

झय्-प्रत्याहार के असवर्ण व्यञ्जनों के संयोग का प्राचुर्य "आ सायं सलिलभरे ..." इत्यादि पद्य में उपलब्ध है । पद्यार्थ निम्नलिखित है—

स्मृति में वाच्यता आने पर भी स्मृतित्वविशिष्ट स्मृति में, जिसमें व्यङ्ग्यता अभिप्रेत है, वाच्यता नहीं है । इस प्रकार स्मृति को व्यङ्ग्य कहना सर्वथा उचित है । इस विषय में विशेष विचार संस्कृतटीका में द्रष्टव्य हैं ।

उक्त स्मृति की अभिव्यञ्जना यद्यपि पूरे पद्यात्मक वाक्य से होती हुई प्रतीत होती तथापि पद्यान्तर्गत 'तत्', 'तानि' और 'सा' इन तीन पदों में स्मृतिव्यञ्जनसामर्थ्य की उत्कटता के कारण यहाँ स्मृति को पद से ही व्यङ्ग्य समझना चाहिए । अत एव यह मत निरस्त हो जाता है कि हर्षादि भावों के पद-व्यङ्ग्य होने पर उनमें चमत्कार नहीं रह जाता ।

इस पद्य से प्रसङ्गात् नायिका की आनन्दमग्नता भी उसकी आँखों के उत्तरोत्तर अधिकाधिक संकोच प्राप्त करते जाने की व्यञ्जना द्वारा ध्वनित होती है । संकोच की अभिव्यक्ति सायंकालिक कमल से आँखों की उपमा से होती है ।

अब एक प्रत्युदाहरण भी द्रष्टव्य है—

"मैं प्रियतमा के साथ हुए उस समागम का स्मरण चिरकाल करता रहता हूँ जिसमें उसकी गर्दन कुछ झुकी हुई थी, उसके आकर्षक नयन-कमल लज्जा से कुछ संकुचित हो गये थे और उसका सारा शरीर रतिश्रमजन्य अत्यधिक निःश्वास से अलसाया हुआ था ॥"

इत्यत्र स्मृतिर्न भावः, स्वशब्देन निवेदनादव्यङ्ग्यत्वात्। नापि स्मरणालङ्कारः, सादृश्यामूलकत्वात्। सादृश्यमूलकस्यैव स्मरणस्यालङ्कारत्वम्, अन्यस्य तु व्यञ्जितस्य भावत्वमिति सिद्धान्तात्। किं तु विभाव एव सुन्दरत्वात्कथंचिद्रसपर्यवसायी।

स्त्रीणां पुरुषमुखावलोकनादेः, पुंसां च प्रतिज्ञाभङ्गपराभवादेरुत्पन्नो वैवर्ण्याधोमुखत्वादिकारणीभूतश्चित्तवृत्तिविशेषो व्रीडा।

यथा—

कुचकलशयुगान्तर्मामकीनं नखाङ्कं
सपुलकतनु मन्दं मन्दमालोकमाना।
विनिहितवदनं मां वीक्ष्य बाला गवाक्षे
चकितनतनताङ्गी सद्म सद्यो विवेश॥

स्वशब्देन—स्मरणवाचकस्मरामीतिशब्देन। अव्यङ्ग्यत्वादिति। व्यङ्ग्यस्यैव व्यभिचारिणो भावत्वादिति भावलक्षणेनैव प्रतिपादितत्वादिति तात्पर्यम्। कथञ्चिदिति। नायिकास्वरूपालम्बनविभावातिरिक्तानुभावादीनामनवबोधादित्याशयेनैतदुक्तम्।

व्रीडां लक्षयति—स्त्रीणामिति। अधोमुखत्वादीत्यत्र आत्मगोपनं नखविलेखनादिकं च आदिपदग्राह्यम्।

नायकः स्वमित्रं व्याहरति—कुचेत्यादि। कुचौ कलशाविव पीनोन्नतौ इति

नायक द्वारा अपने मित्र से कहे गये इस पद्य में स्मृति 'स्मरामि' इस क्रिया पद का वाच्य है, व्यङ्ग्य नहीं। अतः यहाँ इसे भाव नहीं कहा जा सकता। इसे स्मरणालङ्कार कहना भी सम्भव नहीं, क्योंकि सादृश्यदर्शनजन्य स्मृति ही अलङ्कार होती। यहाँ तो स्मृति नायिका-विषयक पुनः-पुनः चिन्तन से जन्य है। यह अलङ्कारिकों का सिद्धान्त है कि सादृश्यदर्शनजन्य स्मृति अलङ्कार है, और व्यङ्ग्य होने पर भाव। नायिकास्वरूप आलम्बन विभाव के आकर्षक होने से विप्रलम्भ शृङ्गार-व्यञ्जक सामग्री के अभाव में भी किसी तरह यहाँ विप्रलम्भ की व्यञ्जना मानी जा सकती है।

स्त्रियों में पुरुषों के मुखदर्शन आदि से और पुरुषों में प्रतिज्ञाभङ्ग, शत्रुकृत पराभव आदि से उत्पन्न वह विशेष प्रकार की चित्तवृत्ति 'व्रीडा' (लज्जा) कहलाती जिससे मुख विवर्ण हो जाता, नीचे झुक जाता॥

उदाहरण देखिए—

"अपने कलशतुल्य विशाल एवम् उन्नत कुचों के बीच मेरे द्वारा किये गये नख-

शुण्डादण्डं कुण्डलीकृत्य कूले कल्लोलिन्याः किंचिदाकुञ्चिताक्षः ।
नैवाकर्षत्यम्बु नैवाम्बुजालिं कान्तापेतः कृत्यशून्यो गजेन्द्रः ।।

लोभ शोक · भयादिजनितोपप्लवनिवारणकारणीभूतश्चित्तवृत्तिविशेषो धृतिः ।।

उदाहरणम्—

संतापयामि हृदयं धावं धावं धरातले किमहम् ।
अस्ति मम शिरसि सततं नन्दकुमारः प्रभुः परमः ।।

अत्र विवेकश्रुतसंपत्त्यादिर्विभावः । चापलाद्युपशमोऽनुभावः । ननु चोत्तरार्धे चिन्ता नास्तीति वस्तुनोऽभिव्यक्तेः कथमस्य धृतिभावध्वनित्वमिति

शुण्डादण्डमित्यादि । कान्तापेत इत्यनेन विभावः प्रदर्शितः । अनुभावाश्चाक्षेपगम्याः ।

धृतिलक्षणम्—लोभेत्यादि । जनिपर्यन्तमुपप्लवविशेषणम् ।

सन्तापयामीत्याद्युदाहरणं धृतेः । धावं धावमित्याभीक्ष्ण्ये णमुल्, धावित्वा धावित्वेत्यर्थः । अर्थः स्पष्टः । उत्तरार्धे कारणवर्णनम् ।

विवेकसम्पत्तिः श्रुतं शास्त्रीयं ज्ञानं तस्य च सम्पत्तिः विवेकश्रुतसम्पत्तिः । वस्तुनः—चिन्ताभावस्य । अभावस्य तुच्छस्यापि रसालङ्कारभिन्नत्वाद् वस्तुत्व-

"गजराज अपनी प्रियतमा हथिनी के वियोग से इतना किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो चुका है कि अपनी सूँड़ को कुण्डलाकार बना और आँखों को सिकोड़कर वह नदी-तट पर खड़ा होकर भी न तो पानी पी रहा और न ही कमलों को ही अस्त-व्यस्त कर रहा है ।।"

यहाँ भी प्रिया-वियोग विभाव है और नदी-तट पर खड़ा होकर पानी न पीना आदि अनुभाव जिन सबसे गजेन्द्रगत मोह की अभिव्यञ्जना होती ।।

लोभ, शोक और भय आदि से उत्पन्न होने वाली अशान्ति को उत्पन्न होने से रोकने वाली चित्तवृत्ति धृति है ।।

इसका उदाहरण देखिए—

"इस धरातल पर इधर-उधर भाग-दौड़कर अपने हृदय को मैं क्यों सन्तप्त करूँ जब परमेश्वर नन्दकुमार—भगवान् श्रीकृष्ण मेरे सर पर हाथ रखे हुए हैं !!"

यहाँ (आक्षेपगम्य) विवेकज्ञान, शास्त्राध्ययन-मनन आदि विभाव हैं और चित्तचाञ्चल्य आदि का अभाव अनुभाव । इन सबसे धृति अभिव्यक्त होती ।

अब प्रश्न यह है कि जब उत्तरार्ध से 'फिर मुझे कैसी चिन्ता' इस प्रकार निश्चिन्ततास्वरूप वस्तु की व्यञ्जना होती तब इसमें धृति को व्यङ्ग्य भाव कैसे

*चेत्, तस्य धृत्युपयोगितयैवाऽभिव्यक्तेः।

किमनिष्टं मम भविष्यतीत्याकारश्चित्तवृत्तिविशेषः शङ्का।

उदाहरणम्—

विधिवञ्चितया मया न यातं, सखि! सङ्केतनिकेतनं प्रियस्य।
अधुना बत! किं विधातुकामो, मयि कामो नृपतिः पुनर्न जाने॥

रूपेणैव ध्वननमत्र प्रतीयत इति कथमस्य पद्यस्य धृतिसंज्ञक-भावध्वनेरुदाहरणत्वमिति प्रश्नः। तस्य चिन्ताऽभावरूपस्य वस्तुनो धृतिभावोपयोगितयैव तदुपकारितयेव तदङ्गतयैवाभिव्यक्तिर्भवतीति धृतिरेवात्र प्रधानं, चिन्ताऽभावरूपं वस्तु गौणमिति भवतीदं पद्यं धृतिभावध्वनेरुदाहरणमित्युत्तरम्।

शङ्करं शङ्करं नत्वा रसगङ्गाधरं हरम्।
अपूर्णां पूरये व्याख्यां रम्यां रसतरङ्गिणीम्॥

शङ्काख्यं भावं लक्षयति—**किमनिष्टेति**। भाविनः स्वानिष्टस्यानिश्चितस्यापि या आशङ्का मनसि जायते सैव शङ्काख्यो भावः। आशङ्कात्र सम्भावना। अनिष्टसम्भावनायाः कारणरूपाः परक्रूरतादयः शङ्काया विभावः, वैवर्ण्यादिश्चानुभावः।

विधीति। हे सखि! भाग्यप्रतारितया मया नायिकया प्रियस्य संकेतभवनं नैव गतम्, न स्वेच्छया विवेकपूर्वकमपि तु भाग्यवशादेवेति नाहमपराधिनीति ध्वनितम् प्रियेत्यनेन प्रणयाश्रयत्वेन तत्रावश्यं गन्तुमुचितमिति च। अधुना हन्त! भाग्यप्रेरणया मया अपराधे कृते सति नृपतिः कामो राजा कामदेवः, शासकत्वाद् युवजनानां स राजेति दण्डदायकः क्रूर इति ध्वन्यते। स किं विधातुकामो वर्तते इति न जाने, कठोरं दण्डं दास्यति, किं वा विधास्यतीति शङ्का। विधातुकाम इत्यत्र "तुंकाममनसो"रित्यादिवार्त्तिकेन मलोपः।

माना गया? उत्तर है कि यहाँ 'चिन्ता का अभाव' यह वस्तु प्रधान नहीं है, अपितु धृतिभाव के उपकारक के रूप में गौण ही है। उसी रूप में चिन्ता के अभाव की अभिव्यक्ति हुई है। अतः यहाँ भावध्वनि ही प्रधान है। वस्तु-भावध्वनि के पोषक होने से ही चमत्कारक है।

'किस प्रकार का अनिष्ट मुझे हो जायेगा?' इस प्रकार की मानसिक भावना को शंका नामक भाव कहते हैं। इसमें अनिश्चित अनिष्ट के सन्देह का चिन्तन रहता है। यथा—

---

*किन्हीं अपरिहार्य कारणों से आचार्य डॉ० श्रीनारायण मिश्र जी द्वारा सम्पादित व्याख्या समाप्त्यन्त तक सम्पन्न न हो पायी। अतः अवशिष्ट भाग की पूर्ति आचार्य श्री डॉ० शशिनाथ झा जी द्वारा की गयी।

अत्र राजापराधो विभावः। मुखवैवर्ण्यादय आक्षेप्या अनुभावाः। इयं तु भयाद्युत्पादनेन कम्पादिकारिणी, न तु चिन्ता।

आधिव्याधिजन्य-बलहानिप्रभवो वैवर्ण्य-शिथिलाङ्गत्वदृग्भ्रमणादि-हेतुर्दुःखविशेषो ग्लानिः।

यथा—

शयिता शैवल-शयने, सुषमाशेषा नवेन्दुलेखेव।
प्रियमागतमपि सविधे, सत्कुरुते मधुरवीक्षणैरेव॥

अत्र प्रियविरहो विभावः। मधुरवीक्षणैरेवेत्येवकारेण बोध्यमाना प्रत्युद्गम-चरणनिपतनाश्लेषादीनां निवृत्तिरनुभावः। न चात्र श्रमः शङ्क्यः, कारणाभावात्।

अत्रोदाहरणे राज्ञः कामदेवस्य (तं प्रति) अपराधो नायिकाकृतः शङ्काख्य-भावस्य कारणत्वाद् विभावः साक्षादुक्त एव। नायिकाया मुखविवर्णत्वादयः साक्षादनुक्ता अपि आक्षेपलभ्याः शङ्कायाः कार्यरूपा अनुभावाः। साक्षादुक्तं कारणं दृष्ट्वा तत्कार्यस्या-नुमानलभ्यत्वमाक्षेप्यत्वम्। शङ्काख्यभावस्य चिन्ताख्यभावतो वैशिष्ट्यं दर्शयति—**इयमिति**। इयं शङ्का, भयकष्टादिकमुत्पाद्य कम्प-मुखवैवर्ण्यादिकं जनयति, चिन्ता तु नैव जनयतीत्यनयोर्भेदः।

ग्लानिलक्षणमाह—**आधिव्याधीति**। मानसिक-शारीरिकदुःखेन शरीरे या बलस्य हानिस्तदुत्पन्नं दुःखमेव ग्लानिभावश्चित्तवृत्तिविशेष एव। तयैव ग्लान्या देहे विवर्णता-शिथिलतानयनभ्रमणानुत्साहादयो जायन्ते।

ग्लानिभावमुदाहरति—**शयितेति**। सुषमा परमा शोभैव शेषा यस्याः सा विर-हिणी द्वितीयाचन्द्रलेखा इव सूक्ष्मावयववती अतिक्षीणा शारीरिकदुःखयुक्तेति यावत्, शैवलशयने शयिता मानस-शारीरतापशमनाय शैवालतल्पे शयिता न तूपविष्टा बलहीना-त्वात्, प्रियं रमणम् सविधे समीपे आगतमपि मधुरदृष्ट्यैव सत्कुरुते, प्रत्युत्थानादिष्व-सामर्थ्यात्।

हे सखि! भाग्य से वञ्चित होने (भाग्य के साथ न देने) के कारण मैं प्रिय के द्वारा संकेतित स्थान पर नहीं जा सकी। 'हाय! अब न जाने राजा कामदेव मेरे विषय में क्या करना चाहता है'। स्वेच्छा से नहीं, दुर्भाग्यवश मैं अपराधिनी हो गई। राजा स्वभावतः क्रूर होते हैं। कामराज कहीं दण्ड न दे दें, इसकी शङ्का है।

इस शंका का विभाव राजा के प्रति अपराध है, अनुक्त भी मुखविवर्णतादि आक्षेपलभ्य अनुभाव है। यह शंका 'भय आदि उत्पन्न कर' कम्प आदि ला देती है, चिन्ता ऐसा नहीं करती है। अतः शंका चिन्ता से भिन्न है।

मानसिक एवं शारीरिक दुःख के कारण हुई दुर्बलता से उत्पन्न दुःखविशेष को

केचित्तु व्याध्यादिप्रभव-बलनाशं ग्लानिमाहुः। तेषां मते चित्तवृत्त्यात्मकेषु भावेषु नाशरूपाया ग्लानेः कथं समावेश इति ध्येयम्। यद्यपि—

बलस्यापचयो ग्लानिराधिव्याधि-समुद्भवः।

इतिलक्षणवाक्यादपचयशब्देन नाश एव प्रतीयते, तथापि प्रागुक्तानुपपत्त्या बलनाशजन्यं दुःखमेव बलापचयशब्देन विवक्षितम्।

विरहेति। विरहजन्याधिसम्भूतबलहानिरित्युक्तिरुचितेति **कविशेखरचरणाः**। **श्रम** इति। ननु श्रमेण परिक्लान्तापि प्रत्युद्गमादिकरणेऽसमर्था भवतीति प्रस्तुतोदाहरणेन श्रमभावस्यैव प्रतीतिरस्त्विति चेन्न, बहुतरशरीरायासरूपश्रमप्रतिपादककारणोपन्यासाभावात्।

बलनाशमिति। बलाभावस्य चित्तवृत्तित्वाभावात् कथं भावत्वम्। भावस्य चित्तवृत्त्यात्मकता अन्यैः स्वीकृता इत्याशयादिदमुक्तम्। यद्यपि भरतमुनिना तादृशबलापचयरूपैव ग्लानिरुक्ता। तत्रापचयेन नाशस्यैव प्रतीतिर्भवति, तथापि तेनैव पूर्वं भावस्य चित्तवृत्तित्वं कथितम्, तदनुरोधेनात्र तन्नाशजन्यं दुःखमेव ज्ञेयम्।

ग्लानि कहते हैं, जो मुख की विवर्णता, अङ्ग की शिथिलता, आँखों का घूमना आदि का कारण है। यथा—

परम सौन्दर्यमात्र शेष है, जिसमें ऐसी नवीन चन्द्रलेखा के समान क्षीण गात्रवाली नायिका शैवाल के बिछौने पर पड़ी हुई, समीप में आये हुए भी प्रिय का सत्कार मधुर दृष्टि से ही करती है। (शैवालशयन से, मन एवं शरीर का ताप है, जिसे शान्त कर रही है, ऐसा ध्वनित होता है और मधुरदृष्टि से ही स्वागत से ध्वनित होता है कि वह उठने में भी असमर्था है।)

यहाँ ध्वनित प्रियविरह (से उत्पन्न बलहानि) ग्लानि का विभाव है, 'मधुरवीक्षणैरेव' में एव शब्द से बोध में आते हुए अगवानी करना, पैर पर गिरना, आलिङ्गन देना आदि के अभाव (नहीं करना) अनुभाव हैं।

इस पद्य में अगवानी आदि करने में अक्षमता से श्रमभाव व्यक्त होता है, ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि श्रम के कारण 'बहुतरशरीरायास' का यहाँ अभाव है।

कोई आचार्य 'व्याधि आदि से उत्पन्न बलनाश' को ही ग्लानि कहते हैं। उनके मत में चित्तवृत्ति स्वरूप भावों में नाशरूप (जो चित्तवृत्ति नहीं है) ग्लानि का समावेश कैसे होगा? यह विचारणीय है। (आचार्यों ने सभी भावों को चित्त में रहने वाला ही माना है)। यद्यपि "आधि-व्याधि से उत्पन्न बल की क्षीणता को ग्लानि कहते हैं"—ऐसा भरतमुनिकृत लक्षण के 'अपचय' शब्द से नाश ही समझा जाता है, तथापि उनके द्वारा पूर्व में कहे हुए (चित्तवृत्तिविशेषा भावः) वचन की अनुपपत्ति के

दुःख-दारिद्र्यापराधादि-जनितः स्वापकर्ष-भाषणादिहेतुश्चित्तवृत्ति-विशेषो दैन्यम् ।

उदाहरणम्—

हतकेन मया वनान्तरे, वनजाक्षी सहसा विवासिता ।
अधुना मम कुत्र सा सती, पतितस्येव परा सरस्वती ॥

सीतां परित्यक्तवतो भगवतः श्रीरामभद्रस्येयमुक्तिः । अत्र सीतापरित्यागरूपोऽपराधस्तज्जन्यं दुःखं वा विभावः । पतितसाम्यरूप-स्वापकर्षभाषणमनुभावः । यदाहुः—

दैन्यं भावं निरूपयति—**दुःखेति** । स्वीयदुःखादिकारणेन यद् "अहं पातकी"-त्यादिभाषणद्वारा स्वकीयहीनत्वं प्रकाश्यते तेन दैन्यो भावश्चित्तवृत्तिविशेषो व्यज्यते ।

उदाहरति—**हतकेनेति** । सीतापरित्यागानन्तरं रामस्योक्तिरियम् । हतकेन औचित्य-हननकर्त्रा हतभाग्येन वा, मया रामेण, वनजाक्षी जलजाक्षी कमलनयना अतिकोमलाङ्गीति भावः, 'पयः कीलालममृतं जीवनं भुवनं वनम्' इत्यमरः, सहसा झटिति अविचारिततयैव वनान्तरे सुदूरे वने, निर्वासिता ! अधुना सम्प्रति स्वीयघोरापराधे ज्ञाते सति मयि सा निर्दोषा, सती पतिव्रता सीता, पतितस्य भ्रष्टस्य विप्रस्य, परा सर्वोत्कृष्टा सरस्वती श्रुतिरिव, मम कुत्र भविष्यति ? यथा पतितैः श्रुतिर्नैव प्राप्यते तथैव सा मत्सम्पर्कवर्ती नैव भवितुमर्हतीति भावः । स्वस्मिन् पतितवदपकर्षप्रतिपादकं वचनं दैन्यभावं प्रकाशयति ।

अत्रेति । अपराधोऽत्र विभावः । साक्षादपराधस्तेन च दुःखं व्यज्यते । वस्तुतो नापराधमात्रेण स्वापकर्षभाषणं सम्भवति, अपि तु स्वापराधजन्यदुःखेनैवेति दैन्यलक्षणे 'दारिद्र्यापराधादिसमुत्पन्नदुःखजनित' इत्येव कथनं युज्यते । अत एव 'तज्जन्यं दुःखं वेति' पक्षान्तरमुक्तम् ।

कारण बल के नाश से उत्पन्न दुःख ही यहाँ 'बलापचय' शब्द से विवक्षित है, ऐसा जानना चाहिए ।

दुःख, दरिद्रता, अपराध आदि के कारण उत्पन्न अपनी हीनता को प्रकाशित करने वाली अपनी उक्ति का कारण जो चित्तवृत्ति उसे दैन्य भाव कहते हैं । उदाहरण—

अभागा मैंने पहले कमल-नयना कोमलाङ्गी सीता को बिना विचारे ही सुदूर वन में निर्वासित कर दिया ! अब पतित व्यक्ति की श्रुति (वेद) के समान वह पतिव्रता मेरी कहाँ हो सकती है ।

सीता के परित्याग करने के बाद भगवान् रामचन्द्र की यह उक्ति है । यहाँ सीतापरित्याग रूप अपराध या उस अपराध से उत्पन्न दुःख विभाव है और 'पतित के

चित्तौत्सुक्यान्मनस्तापाद् दौर्गत्याच्च विभावतः ।
अनुभावात्तु शिरसोऽभ्यावृत्तेर्गात्रगौरवात् ॥
देहोपस्करणत्यागाद् दैन्यं भावं विभावयेत् ॥ इति ।
दौर्गत्यादेरनौजस्यं दैन्यं मलिनतादिकृत् ॥ इति च ।

अत्र हतकेन मया विवासिता, न तु विधिनेत्येतस्यार्थस्य पतितोपमयैव परिपोषः, न तु शूद्राद्युपमया । यतः शूद्रस्य जात्यैव श्रुतिदौर्लभ्यं विधिना कृतम्, पतितस्य तु ब्राह्मणादेर्विधिना श्रुतिसुलभत्वे स्वभावेन कृतेऽपि तेनैव तथाविधं पापमाचरता स्वतः श्रुतिर्दूरीकृतेति तस्य पतितेन साम्यम् । तस्याश्च श्रुत्येत्युपमालङ्कारो दैन्यमेवालङ्कुरुते ।

चित्तौत्सुक्येति । चित्तस्य औत्सुक्यं, मनोव्यथा, दौर्गत्यं दरिद्रता चेति दैन्यभावस्य विभावाः, शिरसोऽभ्यावृत्तिः पुनःपुनर्धूननं, देहशैथिल्यं, देहप्रसाधनत्यागश्चेति अनुभावाः तेभ्यो दैन्यं भावं विभावयेद् जानीयात् । दौर्गत्यादेर्दारिद्र्यादिकारणाद् यद् अनौजस्यम् ओजोहीनता, सैव दैन्यं यद् मुखमालिन्यादि करोतीति ।

अत्रेति । पूर्वोक्तोदाहरणे मयेत्यनेन मयैव न तु विधिनेति व्यज्यते । तदर्थस्य पतितसादृश्येनैव परिपुष्टिर्भवति, न तु शूद्रसादृश्यकथनेन 'वृषलस्येव' इत्यनुमितपाठ-कल्पनेन । जात्यैव शूद्रत्वेनैव ''न स्त्रीशूद्रौ वेदमधीयाताम्'' इत्यागमबोधितेनैव वेद-शून्यत्वं शूद्रस्य जन्मनैव विधिना विहितम् । पतितो द्विजातिस्तु विधिना स्वभावेन, स्वजात्यैव श्रुतिप्राप्त्यधिकारीकृतः, परन्तु स पतितः स्वकीय-पापाचणेनैव स्वतः श्रुतिं दूरीकृत्य तादृशपावनवस्तुतो विहीनो भवतीति । तथैव रामोऽपि सीतायाः पतित्वेन स्वतः सुलभां तां स्वीयाविवेकाद् दूरीकृत्य तदनधिकारी संवृत्त इति रामे पतितद्विजाति-

---

समान' इस प्रकार का अपने विषय में हीनता के प्रतिपादक वचन अनुभाव है । इन्हीं से दैन्य संज्ञक भाव अभिव्यक्त हो रहा है । ऐसा ही प्राचीनाचार्यों ने कहा है—

मन की उत्सुकता, मनस्ताप और दरिद्रता इन विभावों से तथा सर को बार बार हिलाने, देह का भारीपन और शरीर के प्रसाधन का त्याग, इन अनुभावों से दैन्य भाव को जाने । और यह भी कहते हैं कि दरिद्रता आदि के कारण जो दुर्बलता (ओज-स्विता का अभाव) हो जाती है, वही दैन्य भाव है जो मुखमलिनतादि का कारण है ।

यहाँ 'अभागा मैंने सीता को निर्वासित कर दिया, न कि विधाता ने' इस अर्थ की परिपुष्टि पतितसादृश्य से ही होती है, न कि शूद्रादि के सादृश्य से । क्योंकि शूद्र के लिए जन्म से ही या जाति से ही वेद को दुर्लभ कर दिया विधाता ने, पर पतित ब्राह्मणादि के लिए विधाता ने स्वाभाविक रूप से वेद को यद्यपि सुलभ कर दिया है, तथापि उसी पतित ने उस प्रकार के पाप करके स्वतः वेद को दूर कर दिया । अतः

तथा मयेति सेति चोपादानलक्षणामूलध्वनिभ्यां कृतघ्नत्व-कृतज्ञात्व,-निर्दयत्व-दयावतीत्वाद्यनेकधर्मप्रकाशनद्वारा तदेव परिपोष्यते, सेति स्मृत्या च लेशतः प्रतीयमानया ।

इष्टाप्राप्त्यनिष्टप्राप्त्यादिजनितो ध्यानपरपर्यायो वैवर्ण्य-भूलेखनाऽधोमुखत्वादिहेतुश्चित्तवृत्तिविशेषश्चिन्ता ।

सादृश्यं संघटते । **तस्याश्च** सीतायास्तु श्रुतिसादृश्यमिति उपमालङ्कारोऽत्र स्फुटतया वाच्यो व्यङ्ग्यं दैन्यमलङ्करोति । व्यङ्ग्यप्राधान्यादस्योत्तमकाव्यतैवेति । दैन्यभावोदाहरणत्वमस्य भवत्येव ।

मयेति । वनवासेऽपि सीतया अत्यक्तोऽहं, तादृशेनात्यक्तेन मयेत्युपादानलक्षणया 'स्वसिद्धये पराक्षेप' इत्युक्तलक्षणवत्त्या ज्ञायते । तेन लक्ष्यार्थेन रामे कृतघ्नत्व-निर्दयत्व-गर्हितत्वादिधर्मा ध्वन्यन्ते । एवमेव सेति पदेन विपन्नावस्थायामपि सहचरी सेति प्रयोजनमूलोपादानलक्षणाद्वारा ज्ञायते, ततश्च सीतायां कृतज्ञात्व-दयावतीत्व-क्षमावतीत्वादिधर्मा ध्वन्यन्ते । ध्वनिनाऽपि **तदेव** दैन्यमेव परिपोष्यते । सेति पदेन यद्यपि तादृश्या गुणवत्याः सीतायाः **स्मृतिर्लेशतः** आंशिकरूपेण परिपोषकसामग्रीविरहात् प्रतीयते, तथापि स्मृतिरपि दैन्यमेव पोषयतीति, नेदं स्मृतेरपितु दैन्यस्योदाहरणमेव ।

चिन्तां लक्षयति—**इष्टेति** । इष्टाप्राप्त्यादयश्चिन्तायाः कारणस्वरूपा विभावाः, तस्याः कार्यस्वरूपाः तज्जन्याः मुखविवर्णतादयोऽनुभावाः । ध्यानं चिन्तापरपर्यायं स्मृत्यनुकूलव्यापाररूपमिति प्रौढमनोरमा-शब्दरत्नग्रन्थादौ **हरिदीक्षिताः** । चिन्ता-

---

यहाँ पतित से ही राम का साम्य दिखाया गया । उस सीता का श्रुति से साम्य कहा गया । यहाँ उपमा अलङ्कार दैन्य भाव को ही अलंकृत करता है, अतः प्रधान नहीं है । प्रधान तो दैन्य ही है ।

इसी तरह उपर्युक्त उदाहृत पद्य में 'मया' और 'सा' इन पदों में उपादान-लक्षणामूलक ध्वनियों के द्वारा कृतघ्नत्वादि अनेक धर्म प्रकाशित होकर उसी दैन्य भाव को पुष्ट कर रहे हैं और 'सा' इस पद से अत्यन्तप्रिया सीता की हल्की स्मृति भी उसी का पोषक है । 'मया' पद से 'वनवास के समय में भी सीता से अत्यक्त मैं' ऐसा अर्थ प्रयोजनमूला उपादान लक्षणा से होता है, जिससे राम में कृतघ्नत्व, निर्दयत्व, आदि धर्म ध्वनित होते हैं । 'सा' पद से उक्त लक्षण द्वारा 'विपन्नावस्था में भी सहचरी वह सीता' यह अर्थ आकर सीता में कृतज्ञत्व, दयावतीत्व आदि धर्म ध्वनित करते हैं, जो दैन्य को ही पुष्ट कर रहे हैं ।

अभीष्ट वस्तु की अप्राप्ति अनिष्ट वस्तु का प्राप्त हो जाना इत्यादि कारणों से उत्पन्न मुख का पीले पड़ जाना निष्प्रयोजन नख से भूमि पर लिखना, नीचे मुख करना आदि कार्यों का कारण जो चित्तवृत्ति, उसे ही ध्यान या चिन्ता कहते हैं ।

यदाहुः—

विभावा यत्र दारिद्र्यमैश्वर्यभ्रंशनं तथा।
इष्टार्थापहृतिः शश्वच्छ्वासोच्छ्वासावधोमुखम् ॥
सन्तापः स्मरणं चैव कार्श्यं देहानुपस्कृतिः।
अधृतिश्चानुभावाः स्युः सा चिन्ता परिकीर्तिता ॥
वितर्कोऽस्याः क्षणे पूर्वे पाश्चात्येवोपजायते ॥ इति ॥
ध्यानं चिन्ता हितानाप्तेः सन्तापादिकरी मता ॥ इति च।

उदाहरणम्—

अधरद्युतिरस्त-पल्लवा, मुखशोभा शशिकान्ति-लङ्घिनी।
अकृतप्रतिमा तनुः कृता, विधिना कस्य कृते मृगीदृशः ॥

लक्षणस्यास्य प्राचीनाचार्यसम्मतत्वं दर्शयति—**यदाहुरिति**। सा चिन्ता, यत्र दारिद्र्यादयो विभावाः, इष्टार्थापहृत्यादयोऽनुभावा इति सारांशः। दरिद्रता जन्मजाता पश्चाद्भवा वा धनाभावजन्या, प्रभुत्वस्य प्रभावस्य नाश ऐश्वर्यभ्रंशनं, शश्वत् सदैव, स्मरणमर्थादिनाशस्य, कार्श्यं देहस्य क्षीणता, अनुपस्कृतिरसंस्कारः, अधृतिर्धैर्याभावः। अस्याः पूर्वक्षणे पश्चात्क्षणे वा वितर्को जायते। हिताप्राप्तिजन्यं यद्ध्यानं तदेव चिन्ता।

चिन्ताख्यं भावमुदाहरति—**अधरेति**। विधिना विधात्रा, मृगीदृशो मृगनयनाया रमण्या एताः कस्य पुण्यातिशयवतो भाग्यवतो यूनः कृते कृता निर्मिताः? अस्तो दूरे निक्षिप्तः पल्लवो यया जितपल्लवेत्यर्थः तथाविधा अधरकान्तिः, चन्द्रशोभातिक्रमणकारिणी मुखशोभा, न कृता प्रतिमा प्रतिकृतिर्यस्यास्तादृशी अनुपमाना तनुश्चेति। व्यतिरेकालङ्कारः।

जैसे कि आचार्यों ने कहा है—

जहाँ जन्मसिद्ध दरिद्रता, ऐश्वर्य (प्रभुत्व या सम्पत्ति) से च्युत होना एवं इष्ट वस्तु का अपहरण हो जाना चिन्ता के कारण होने से विभाव हों और सतत श्वास का तेजी से ऊपर नीचा होना, नीचे मुख करना, सन्ताप, नष्ट वस्तु का स्मरण, दुबले होना, देह को परिष्कृत न करना, अधीरता इत्यादि कार्यरूप अनुभाव हों, उस चित्त-वृत्ति को चिन्ता कहा गया है। इस चिन्ता के पूर्वक्षण में या बाद के क्षण में वितर्क (सन्देहादि के बाद आने वाला स्फूर्तियुक्त विचार) उत्पन्न होता है। और भी कहा है कि हित वस्तु की अप्राप्ति से उत्पन्न उस विचार को चिन्ता कहते हैं जिससे सन्ताप आदि उत्पन्न होते हों। उदाहरण—

विधाता ने इस मृगनयना के शरीर की रचना किसके लिए की, जिसे नायिका के अधर की कान्ति पल्लव की शोभा को दूर फेंक दी, मुखशोभा चन्द्रमा की कान्ति से बढ़कर है और शरीर तो अनुपम ही है।

अत्र तदप्राप्तिर्विभावः। अनुतापादय आक्षेप्या अनुभावाः। न चात्रौत्सुक्यध्वनिरिति वाच्यम्, 'कस्य कृते' इत्यनिर्धारितधर्म्यालम्बनायाश्चिन्ताया एव प्रतीयमानतया सतोऽप्यौत्सुक्यस्यैतद्वाक्येन प्राधान्येनाबोधनात्।

मद्याद्युपयोगजन्मा उल्लासाख्यः शयन-हसितादिहेतुश्चित्तवृत्तिविशेषो मदः।

यदाहुः—

सम्मोहानन्दसन्दोहो मदो मद्योपयोगजः॥ इति।

तदप्राप्तिर्वर्ण्यमानाया नायिकाया अप्राप्तिश्चिन्ताख्यभावस्य कारणत्वेन विभावः, तज्जन्या व्याकुलीभावादयः कार्यतयानुभावाः। शब्दतोऽनुच्यमाना अपि ज्ञायमाना अनुतापादयोऽनुभावा आक्षेपलभ्या इति।

न चात्रेति। अस्मिन् पद्ये नायिकाप्राप्तिविषयकोत्कटेच्छायाः सत्त्वेन औत्सुक्याख्यभावध्वनिरेवास्तु, चिन्ता हि तस्यानुभावत्वेनेति शङ्का, 'कस्य कृते' इत्यनेन 'मम स्यात् अन्यस्य वा' इति चिन्तैव प्रबला भवति, औत्सुक्यं गौणम्, यदि अन्यस्येयमिति ज्ञानविरहः स्यात्, स्वप्राप्तिर्निश्चिता स्यात् तदैव औत्सुक्यभावः सम्भवति, अत्र तु तथा नास्तीति चिन्तोदाहरणमेवेदमिति **समाधानम्**।

मादकद्रव्याणाम् मद्य-सुरा-भङ्गा-नालीप्रभृतीनां सेवनेनोत्पन्न उल्लासापरपर्यायः स्वाप-हसनादीनां कारणस्वरूपा चित्तवृत्तिर्मदनामको भावः। अत्र प्राचीनसम्मतिं दर्शयति—**यदाहुरिति।** सम्मोहस्य अविवेकस्य = मूढभावस्य, आनन्दस्य च सन्दोहः समुच्चयो मद्यसेवनादुत्पन्नो मदसंज्ञको भावः। अत्र स्वापादीनामाधिक्य एवानुभावत्वम्। परुषोक्तिः कठोरवाक्। **साहित्यदर्पणा**नुसारि चेदमनुभावनिरूपणं **काव्यप्रदीप**प्रतिकूलम्। तथा हि—

यहाँ उस नायिका की अप्राप्ति विभाव है। उस अप्राप्ति से उत्पन्न दुःख, विकलता आदि अनुभाव है, जो शब्दतः नहीं रहने से आक्षेपलभ्य है।

यहाँ नायिका के प्रति उत्सुकता व्यक्त होने से औत्सुक्य ध्वनि ही है, न कि चिन्ता, ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि 'किसके लिए' यह नायिका है—इस उक्ति के द्वारा किसी अनिश्चित व्यक्ति के विषय में होने वाली चिन्ता ही ध्वनित हो रही है। अतः औत्सुक्य के विद्यमान रहने पर भी इस वाक्य से उसकी प्रधानता प्रतिपादित नहीं हो रही है।

मदिरा पीने से उत्पन्न शयन हसित आदि का कारण उल्लास नाम का चित्तगत जो भाव उसे मद कहते हैं। जैसा कि आचार्यों ने कहा है—

विचारशून्यता और आनन्द के समुदाय को मद कहते हैं, जो मद्य के सेवन से उत्पन्न हुए हों।

तत्रोत्तमे पुरुषे स्वापोऽनुभावः। मध्यमे हसित-गाने। नीचे तु रोदन-परुषोक्त्यादि। अयं च मदस्त्रिविधः—तरुण-मध्यमाधमभेदात्। अव्यक्तासंगत-वाक्यैः सुकुमारस्खलद्गतया च योऽभिनीयते स आद्यः। भुजाक्षेप-स्खलित-घूर्णितादिभिर्मध्यमः। गतिभङ्ग-स्मृतिनाश-हिक्काच्छर्द्यादिभिरधमः। उदाहरणम्—

मधुरतरं स्मयमानः, स्वस्मिन्नेवाऽलपञ्शनैः किमपि।
कोकनदयँस्त्रिलोकीमालम्बन-शून्यमीक्षते क्षीबः॥

उत्तमसत्त्वः प्रहसति, गायति तद्वच्च मध्यमप्रकृतिः।
परुषवचनाभिधायी, शेते रोदित्यधमसत्त्वः॥

उत्तमे प्रहासोऽट्टहासः, अधिके मदे सति स्वापः, मध्यमे उत्तमवद् अतिहासो गानं च, अधमे परुषवचनं, रोदनम् अपहसितं च, अधिके मदे तु सर्वत्र स्वाप एवेति तत्त्वम्।

अव्यक्तेति। अव्यक्तमस्फुटाक्षरम्, असंगतमसम्बद्धम्। सुकुमारा अनुद्धता, स्खलन्ती वारं वारं त्रुट्यन्ती चासौ गतिस्तया। हिक्का 'हिचकी' इति हिन्दीभाषाप्रसिद्धा, पित्तोल्वणवशात्कण्ठगतविकृतवायुध्वनिः। छर्दिः वमनम्।

मधुरतरमिति। कश्चित् क्षीबो मत्तः, मन्दं मन्दं स्मितं कुर्वन्, स्वस्मिन् आत्मनि अन्यं विनैव, किमपि असम्बद्धं, शनैरस्पष्टम् आलपन् वार्तालापं कुर्वन्, त्रिलोकीं त्रिभुवनमेव मदारुणदृष्ट्या कोकनदयन् रक्तकमलमिव कुर्वन्, आलम्बनशून्यं निरालम्बं निर्विषयं शून्यमेवेति यावत्, पश्यति।

उत्तम व्यक्ति मद्यपान के बाद सो जाता है और यही शयन मदभाव का अनुभाव है। मध्यम व्यक्ति में हँसना और गाना अनुभाव होता है, जब कि अधम व्यक्ति (नीच) में रोदन और कठोर वचन आदि अनुभाव अनुभूत हैं। यह मद तीन प्रकार का है—तरुण, मध्यम एवं अधम। अव्यक्त एवं असंगत वाक्यों के द्वारा कोमल एवं लड़खड़ाती हुई गति के द्वारा जो अभिनीत हो, वह तरुण मद कहलाता है। बाँहों को फड़काना, स्खलित एवं चकराती गतियों से मध्यम मद व्यक्त होता है। चलने में रुकावट, स्मृतिनाश, हिचकी एवं वमन आदि से अधम मद प्रकटित होता है। यथा—

मत्त व्यक्ति मधुर-मधुर मुस्काता हुआ, आप-ही-आप धीरे-धीरे कुछ-कुछ (असम्बद्ध) बोलता हुआ, तीनों लोकों को लाल कमल के समान (मदजन्य आँख एवं मन की रक्तिमा से) रक्त वर्ण करता हुआ, विषय के बिना ही शून्य को देख रहा है।

अत्र मादकद्रव्यसेवनं विभावः। अव्यक्तालापाद्यनुभावः। अत्र मत्त-स्वभाववर्णनस्य तन्निष्ठमदव्यञ्जनार्थत्वान्मदभाव एव प्रधानमिति न स्वभावोक्त्यलङ्कारस्य प्राधान्यम्, अपि तु तद्ध्वन्युपस्कारकत्वमेव।

इदं वा पुनरुदाहरणम्—

मधुरसान्मधुरं हि तवाधरं, तरुणि! मद्वदने विनिवेशय।
मम गृहाण करेण कराम्बुजं, पपपतामि हहा! भभभूतले॥

अत्रापि स एव विभावः। अधिकवर्णोच्चारणादिरनुभावः। पूर्वार्धगता ग्राम्योक्तिः, उत्तरार्धे च तरुणीकरेऽम्बुजोपमेयतया निरूपणीये स्वकरस्य तदुपमेयतया निरूपणं च मदमेव पोषयतः।

बहुतर-शारीरव्यापारजन्मा निश्श्वासाङ्गसम्मर्दनिद्रादिकारणीभूतः खेदविशेषः श्रमः।

मत्तस्वभावेति। यद्यप्यत्र स्वभावोक्तिरलङ्कारः स्फुटः, तथापि मदाख्यभावोपकारकत्वान्न तस्य प्राधान्यम्, अपि तु मदस्यैव प्राधान्यम्। ननु क्षीबपदेन मदाश्रयो मत्तपुरुषो वाच्यवृत्त्यैव ज्ञायते, तत्र मदोऽपि विशेषणतया वाच्य एव इति वाच्यार्थीकृतस्य व्यङ्ग्यस्य कथं चमत्कारित्वमिति चेदुदाहरणान्तरं दर्शयति—**इदं वेति**।

मधुरसेति। हे तरुणि! मधुरसादपि मधुरतरं तवाधरं स्वकीयाधरं त्वं मद्वदने मन्मुखे विनिवेशय। किञ्च त्वं स्वकरेण (साधारणेन) मम कराम्बुजं करकमलं गृहाण। हहा हन्त! अहं भूतले पतामि। पकारद्वयं भकारद्वयं चाधिके मदभावसूचिके।

स एव मादकद्रव्यसेवनादिः। **ग्राम्योक्तिः** स्ववदनेऽधरनिवेशनस्य गूढतया प्राकाश्यस्य वाच्यरूपेणोक्तिः। स्वकरस्य कृते कमलविशेषणं नायिकाकरस्य कृते तु नेति वैषम्योक्तिर्विपरीता मदस्य पोषिका।

श्रमभावं निरूपयति—**बहुतरेति**। बहुतरेण अत्यधिकेन, शारीरव्यापारेण भारवहनादिना जन्म उत्पत्तिर्यस्य। एतेन श्रमभावस्य विभावो वर्णितः। निश्श्वासो

यहाँ मादक द्रव्य का सेवन विभाव है। अव्यक्त आलाप आदि अनुभाव है। यहाँ मत्तस्वभाव का वर्णन रहने से स्वभावोक्ति अलंकार है, परन्तु वह मत्तव्यक्ति में रहनेवाले मदभाव को अभिव्यक्त करने के लिए ही वर्णित हुआ है। अतः मदभाव ही प्रधान है, न कि स्वभावोक्ति अलंकार। अपितु मदभाव ध्वनि के उपकारक (संस्कारक) के रूप में गौणतया ही वह अलंकार उपस्थापित है। अथवा यह भी मद का उदाहरण है—

हे तरुणि! मधु रस से भी मधुर अपने अधर को तू मेरे मुख में डाल दो, अपने हाथ से मेरे करकमल को पकड़ो, हाय हाय! मैं तो भ भ भूतल पर ग ग गिर रहा हूँ।

यदाहुः —

अध्वव्यायामसेवाद्यैर्विभावैरनुभावकैः ।
गात्रसंवाहनैरास्य-सङ्कोचैरङ्गमोटनैः ॥
निःश्वासैर्जृम्भितैर्मन्दैः पादोत्क्षेपैः श्रमो मतः ॥ इति ।
श्रमः खेदोऽध्वगत्यादेर्निद्राश्वासादिकृन्मतः ॥ इति च ।

अयं च सत्यपि बले जायते, शारीरव्यापारादेव जायते, न तु ग्लानिः । अतो ग्लानिः श्रमस्य च भेदः ।

दीर्घश्वासः, अङ्गसम्मर्दः स्वेनैव देहमर्दनं, निद्राऽऽलस्यादिः, एतेषां कारणस्वरूपः । एतेन श्रमभावस्यानुभावो दर्शितः । खेदो दुःखं चित्तवृत्तिरेव श्रमभाव उच्यते ।

प्राचीनसम्मतिं दर्शयति—अध्वेति । अत्राध्वपदं श्रमकारणत्वेन अध्वगमनपरम् । मार्गगमन-व्यायाम-सेवाप्रभृतिभिः विभावैः, गात्रस्य शरीरस्य संवाहनैर्मर्दनैः, मुखसंकोचैः, अङ्गतिर्यक्करणैः, दीर्घोष्णश्वासैः, जृम्भाकरणैः मन्दतया पादोत्क्षेपैश्चानुभावैः श्रमाख्यो भावो जायते ।

इतरविपश्चिन्मतमप्याह—श्रम इति । अध्वगत्यादिकारणादुत्पन्नः खेद एव श्रमो मतः, यो हि निद्रादिकारको भवति ।

ननु ग्लानिभावेऽपि खेद एव जायत इति तेनैवास्य श्रमस्य गतार्थतास्तु, इति चेन्न, श्रमस्य सबलपुरुषेऽपि सत्त्वात् शारीरव्यापारादेव जन्यत्वात्, ग्लानेस्तथात्वाभावाच्च ।

यहाँ भी वही (मादक द्रव्य सेवन) विभाव है । अधिक वर्णों का उच्चारण अनुभाव है । पद्य के पूर्वार्ध में ग्राम्य उक्ति (मुख में अधर देना) और उत्तरार्ध में तरुणी के हाथ को कमल से उपमा देने के बजाय अपने हाथ की ही उपमा देना भी मदभाव को ही पुष्ट कर रहे हैं ।

अत्यधिक शारीरिक मिहनत से उत्पन्न एवं दीर्घ श्वास, देह मोड़ना, निद्रा आदि का कारण जो खेद उसे श्रम संज्ञक भाव कहते हैं । जैसा कि प्राचीनाचार्यों ने कहा है—

राह में अधिक चलना व्यायाम एवं सेवादि करना इन विभावों के द्वारा एवं देहमर्दन, मुँह सिकोड़ना, देह मोड़ना, लम्बी साँस, जम्हाई लेना, मन्द-मन्द पैर फेंकना इन अनुभावों से श्रम को प्रकटित होते हुए माना गया है ।

अन्यों ने भी कहा है कि मार्ग गमन आदि से उत्पन्न खेद को श्रम कहते हैं जो निद्रा, श्वास आदि करनेवाला होता है ।

यह श्रमभाव शरीर में बल रहने पर भी होता है, शारीरिक व्यापार से ही होता है जबकि ग्लानिभाव में ऐसी बात नहीं है । अतः खेदविशेष रूप ऐक्य रहने के बावजूद ग्लानि से श्रम का भेद है । उदाहरण—

उदाहरणम्—

विधाय सा मद्वदनानुकूलं कपोलमूलं हृदये शयाना ।
चिराय चित्रे लिखितेव तन्वी, न स्पन्दितुं मन्दमपि क्षमासीत् ॥

अत्र विपरीतसुरतरूपः शारीरव्यापारो विभावः । स्पन्दराहित्य-शयनादयोऽनुभावाः । न चात्र निद्रा-भावध्वननेन गतार्थतेति शङ्क्यम्, सुषुप्तौ हि ज्ञानराहित्येनैव यत्नराहित्यान्मन्दमपि स्पन्दितुं न क्षमासीदित्यस्यानतिप्रयोजनकत्वापत्तेः, शीङाभिहिततया तस्या व्यङ्ग्यत्वानुपपत्तेश्च । श्रमे त्वानुगुण्यमुचितम् ।

रूपधनविद्यादिप्रयुक्तात्मोत्कर्षज्ञानाधीनपरावहेलनं गर्वः ।

उदाहरति—**विधायेति** । सा तन्वी कोमलाङ्गी, कपोलमूलं मद्वदनानुकूलं विधाय हृदये नायकस्योरसि शयाना सती, चिराय चिरकालं यावत् चित्रे लिखिता इव, मन्दं स्वल्पमपि स्पन्दितुं शरीरसंचारं कर्त्तुं क्षमा समर्था नासीत् ।

न चात्रेति । अत्र श्रमोदाहरणपद्ये निर्व्यापारत्वादिना व्यज्यमाना निद्रैवेति तयैव श्रमभावो गतार्थ इति नाशङ्कनीयम् । अत्र हेतुद्वयम्—सुषुप्तौ निद्रायां ज्ञानाभावेनैव चेष्टाशून्यत्वं स्वतः सिद्धं, तदर्थं च स्पन्दराहित्यवर्णनं व्यर्थं स्यादित्येको हेतुः, अपरश्च "शयाना" इतिपदेन वाच्यतयैव निद्रोपस्थिता कथं व्यङ्ग्यता स्यादिति । श्रमभावे तु निद्राद्युपकारकमेव ।

गर्वं निरूपयति—**रूपेति** । रूपधनादिकारणैः स्वस्मिन् उत्कर्षज्ञानेन जायमानं परेषाम् अवज्ञा तिरस्कारः चित्तवृत्तिविशेषो गर्वाख्यो भावः । आत्मोत्कर्षप्रतिपादनं गर्वस्य विभावः, परावहेलनजनको वाक्प्रयोगोऽनुभावः ।

वह कोमलाङ्गी अपने गाल के मूल को मेरे मुख के अनुकूल करके मेरे (नायक के) हृदय पर सोयी हुई देर तक तस्वीर में लिखित होने के समान थोड़ा भी शारीरिक संचार करने में अक्षम थी ।

यहाँ विपरीत सुरत रूप शारीरिक व्यापार श्रम का विभाव है और हिलने में असमर्थता, शयन आदि अनुभाव है । यहाँ निद्रा भाव के ध्वनित होने से ही श्रम को गतार्थ नहीं माना जा सकता, क्योंकि निद्रित अवस्था में ज्ञानरहित होने से ही यत्न-रहितत्व सिद्ध ही है, फिर "थोड़ा भी हिलने में सक्षम नहीं थी" इस कथन का निष्प्रयोजन होने की आपत्ति आती है और शीङ् धातु के रूप "शयाना" के द्वारा वाच्यरूप से उपस्थित निद्रा को व्यङ्ग्य कहना अनुपपन्न है । श्रमभाव में तो ऐसा कथन अनुकूल ही है ।

रूप, धन, विद्या आदि के कारण अपने उत्कर्ष ज्ञान के अधीन अन्य व्यक्ति का तिरस्कार ही गर्व भाव है ।

उदाहरणम्—

आमूलाद् रत्नसानोर्मलय-वलयिताद् आ च कूलात् पयोधे-
र्यावन्तः सन्ति काव्यप्रणयनपटवस्ते विशङ्कं वदन्तु।
मृद्वीका-मध्य-निर्यन्मसृण-रसझरीमाधुरीभाग्यभाजां
वाचामाचार्यताया: पदमनुभवितुं कोऽस्ति धन्यो मदन्यः॥

अत्र स्वकीयकविताया अनन्यसाधारणताज्ञानं विभावः। पराधिक्षेपपरै-तादृशवाक्यप्रयोगोऽनुभावः। इमं चासूयापि लेशतः पुष्णाति। उत्साहप्रधानो गूढगर्वो हि वीररसध्वनिः, अयं तु गर्वप्रधान इति तस्मादस्य विशेषः।

आमूलादिति। रत्नसानोः सुमेरुपर्वतस्य, मूलमभिव्याप्य तत आरभ्य मलयाचलवेष्टितात्, पयोधेः कूलं तटमभिव्याप्य तावत्पर्यन्तं यावन्तः यावत्सङ्ख्यकाः काव्यरचनाकुशलाः सन्ति, ते विशङ्कं निश्शङ्कं वदन्तु। अत्र मलयवेष्टितसमुद्रतटस्य दक्षिणवर्त्तित्वात्सुमेरोरुत्तरवर्त्तित्वं स्वतः सिद्धम्, 'सर्वेषामेव वर्षाणां मेरुरुत्तरतः स्थितम्' इति पौराणिकवचनमप्येतत्साधकम्। 'आङ्मर्यादाभिविध्योः' इति सूत्रेण अभिविधावर्थेऽत्र आङः कर्मप्रवचनीयसंज्ञा, तद्योगे पञ्चमी। किं वदन्त्वित्याह—**मृद्वीकेति**। मृद्वीकानां द्राक्षाफलानां मध्यान्निर्यन्ती निस्सरन्ती मसृणा चिक्कणा रसझरी रसधारा तस्यां माधुरी मधुरतैव भाग्यं भजन्तीति तादृशीनां वाचाम् आचार्यतायाः पदं स्थानम् अनुभवितुं मदन्यो मद्भिन्नो धन्यः कृतार्थः कोऽस्ति ? न कोऽपीत्यर्थः।

अनन्यसाधारणं सर्वोत्कृष्टम्। पराधिक्षेपपरः परतिरस्कारकः।। **इममिति**। इमं गर्वम् असूया परयशोऽसहनं लेशतः प्रतीयमानापि पोषयति। ईषत्प्रतीताप्यसूयाऽप्रधानैवेति भावः। **उत्साहेति** वीरध्वनित्वमस्य निरस्यति। वीरध्वनौ हि गर्वोऽप्रधान-उत्साह एव प्रधानः, गर्वध्वनौ गर्वस्य प्राधान्यम्, उत्साहस्याप्रतीतिश्चेति।

कोई अभिमानी कवि कह रहा है कि सुमेरु पर्वत के मूल से लेकर मलयपर्वत से घिरे सागरतट पर्यन्त में बसनेवाले जितने भी काव्यरचना में निपुण कविगण हैं, वे साफ-साफ कहें कि अंगूर के मध्य से निकलती हुई चिकनी रसधारा के माधुर्य-भरी वाणियों के आचार्यत्व पद पाने वाले मुझे छोड़कर कौन धन्य हो सकता है ? अर्थात् कोई नहीं।

यहाँ अपनी कविता का अन्य की कविता से असाधारण (उत्कृष्ट) होने का ज्ञान विभाव और अन्यों पर आक्षेपयुक्त वाणी का प्रयोग अनुभाव है।

इस गर्वभाव को असूया (दूसरे के यश को न सहना) भी आंशिकरूप से पुष्ट कर रही है। (अतः प्रतीयमाना भी असूया गौण ही है।) इस उदाहरण को वीररसध्वनि नहीं कह सकते, क्योंकि वीररसध्वनि में उत्साह प्रधान रहता है और गर्व गूढ़ रहता है, जबकि यहाँ तो गर्व ही प्रधान है। अतः वीररस-ध्वनि से इस

तथा हि—वीररसप्रसङ्गे प्रागुदाहृते "अपि वक्ति" (पृ० १५५) इत्यादि पद्ये गीष्पतिना गिरामधिदेवतयापि साकमहं वदिष्यामीति वचनेनाभिव्यक्तस्यो-त्साहस्य परिपोषकतया स्थितः सर्वेभ्यः पण्डितेभ्योऽहमधिक इति गर्वः, न तु प्रकृतपद्य इव नास्त्येव महीतले मदन्य इति स्फुटोदितेन सोल्लुण्ठवचनेनानुभावेन प्राधान्येन प्रतीयमानः।

श्रमादिप्रयोज्यं चेतःसम्मीलनं निद्रा।

नेत्रनिमीलन-गात्रनिष्क्रियत्वादयोऽस्यानुभावाः।

उदाहरणम्—

सा मदागमन-बृंहिततोषा, जागरेण गमिताखिलदोषा ।
बोधितापि बुबुधे मधुपैर्न, प्रातराननज-सौरभलुब्धैः ॥

सोल्लुण्ठं साभिप्रायम्।

निद्राख्यं भावं लक्षयति—**श्रमादीति**। श्रम-क्लम-निशीथादिकारणेन समुत्पन्नं चेतःसम्मीलनं मनसः इन्द्रियसम्पर्करहितावस्था निद्रा। न्यायनये मनसः हृदयसमीपस्थपुरी-तत्संज्ञकनाड्यां प्रवेशः सुषुप्तिः। वेदान्तनये तस्य हृदयसमीपस्थ-दहराकाशसंज्ञकशून्य-स्थानेऽवस्थानं निद्रेति। निद्रायां चेतसो वृत्तिर्न भवति, स्वप्ने तु भवत्येवेति उभयोर्भेदः।

उदाहरति—**सेति**। सा पूर्वानुभूतप्रीतिमती, मदागमनेन नायकस्य प्रवासादा-गमनेन बृंहितो वर्द्धितस्तोषो यस्याः, जागरेण आलापविलासादिवशान्निद्राभावेन गमिता यापिता अखिलापि दोषा रात्रिर्यया, सा प्रातःकाले आननज-सौरभलुब्धैः मुखोत्पन्न-सुगन्धिलोलुपैर्मधुपैर्भ्रमरैः बोधितापि जागरितापि, न बुबुधे न जागृतवती।

(गर्व) का वैलक्षण्य है। इसे और स्पष्ट करते हैं कि वीररस के प्रसङ्ग में पूर्वोदाहृत "अपि वक्ति" (पृ० १५५) इत्यादि पद्य में 'बृहस्पति और सरस्वती के साथ भी मैं बोलूँगा' इस वचन के द्वारा प्रकाशित उत्साह के पोषक के रूप में स्थित 'सभी पण्डितों से मैं अधिक हूँ' यह गर्व है। वहाँ इस प्रस्तुत पद्य के समान 'पृथ्वी पर मुझसे भिन्न कोई ऐसा है ही नहीं' इस प्रकार के स्पष्ट कथित साभिप्राय वचन रूप अनुभाव के द्वारा प्रधानरूप से व्यंग नहीं है।

परिश्रम, थकावट, देर तक जागने, मध्यरात्रि होना आदि कारणों से चित्त सम्मीलन (पुरीतत् संज्ञक नाड़ी में प्रवेश होने के कारण विषय से शून्य रहना) को निद्रा कहते हैं। श्रम से थकावट और उससे निद्रा होती है। अतः श्रम निद्रा का साक्षात् कारण नहीं है। इसीलिए 'जन्य' न कहकर प्रयोज्य कहा है। इसका विभाव श्रम आदि और अनुभाव आँखें मूँदना, देह का निष्क्रिय होना आदि है। उदाहरण—

वह मेरी प्रियतमा मेरे प्रवास से आने पर बहुत आनन्दित हुई, उसने सारी

रात्रिजागरणश्रमोऽत्र विभावः। मधुपैर्बोधाभावोऽनुभावः।

शास्त्रादिविचारजन्यमर्थनिर्धारणं मतिः।

अत्र निःशङ्कतदर्थानुष्ठान-संशयोच्छेदादयोऽनुभावाः।

उदाहरणम्—

निखिलं जगदेव नश्वरं, पुनरस्मिन् नितरां कलेवरम्।
अथ तस्य कृते कियानयं, क्रियते हन्त ! मया परिश्रमः॥

"शरीरमेतज्जलबुद्बुदोपमम्" इत्यादिशास्त्रपर्यालोचनमत्र विभावः। हन्तपदगम्या स्वनिन्दा राजसेवादिविरतिर्वितृष्णता चानुभावः। झगिति मतेरेव चमत्काराद् ध्वनिव्यपदेशहेतुता, न शान्तस्य, विलम्बेन प्रतीतेः।

बोधाभाव इति। मधुपैर्बोधनानन्तरमपि बोधाभावोऽनुभाव इति तात्पर्यम्।

मतिसंज्ञकभावं लक्षयति—**शास्त्रादीति**। शास्त्र-व्यवहारशिष्टोक्त्यादि-विचारेणोत्पन्नो योऽर्थस्तस्य निर्धारणं निर्णयस्वरूपा मतिरुच्यते।

निःशङ्कस्य असन्दिग्धतया ज्ञातस्य तदर्थस्य निर्णीतार्थस्य अनुष्ठानं व्यवहरणम्, सन्देहदूरीकरणं चेत्यादयो मतेरनुभावा भवन्ति। शास्त्रवचनाद्यनुशीलनं विभावः।

उदाहरति—**अखिलमिति**। यतो निखिलं सम्पूर्णं, जगत् संसार एव नश्वरं विनाशशीलमस्ति, अस्मिन् जगति, कलेवरं शरीरं पुनर्नितरां नश्वरं वर्तते। अथ तदा, तस्य नश्वरस्य शरीरस्य कृते पोषणादिनिमित्तं हन्त ! मया अयं कियान् परिश्रमः क्रियते। व्यर्थ एव मया श्रमः क्रियत इति मे मूढतैवेति निर्णयोऽत्र मतिसंज्ञको भावः।

ननु जगन्नश्वरता देहसंसारनिरर्थकता चेति निर्वेदमेव प्रकटयतस्तेन शान्तस्य एव रसोऽस्त्विति शङ्कां निराचष्टे—**झगितीति**। शरीरं क्षणिकमिति मतिरेव प्रथमोप-

---

रातें जागकर बिता दी और प्रातःकाल में उसके मुख की सुगन्धि से लुभाये भौंरों के द्वारा जगाने पर भी वह नहीं जाग सकी।

यहाँ रात में जागने से हुए श्रम विभाव एवं भौंरों के द्वारा जगाने पर भी न जागना अनुभाव है।

शास्त्र, लोकाचार एवं मान्यजनों के वचन के विचार से उत्पन्न किसी वस्तु के निश्चयात्मक चित्तवृत्ति को मति कहते हैं।

इस मति भाव के (शास्त्रवचनानुशीलन आदि विभाव और) निःशंक होकर निर्णीत अर्थ को करना, सन्देह का नाश आदि अनुभाव हैं।

जब यह सम्पूर्ण संसार ही नश्वर (नाश को प्राप्त होने वाला) है और उसमें भी शरीर तो अत्यन्त ही नाशशील है, हाय ! तो भी शरीर के लिए मैं कितना परिश्रम करता हूँ ?

'यह शरीर जल के बुलबुले के समान है' इत्यादि शास्त्रवचन का अनुशीलन

रोगविरहादिप्रभवो मनस्तापो व्याधिः ।

गात्रशैथिल्य-श्वासादयोऽत्रानुभावाः । यदाहुः—

एकैकशो द्वन्द्वशो वा त्रयाणां वा प्रकोपतः ।
वातपित्तकफानां स्युर्व्याधयो ये ज्वरादयः ।।
इह तत्प्रभवो भावो व्याधिरित्यभिधीयते ।।

उदाहरणम्—

हृदये कृतशैवलानुषङ्गा, मुहुरङ्गानि यतस्ततः क्षिपन्ती ।
तदुदन्तपरे मुखे सखीनाम्, अतिदीनामियमादधाति दृष्टिम् ।।

स्थितत्वाद् भावध्वनितामधिरोहति । शान्तस्तु तदनन्तरभावीति विलम्बितत्वान्न प्रधान इति ।

व्याधिभावं लक्षयति—**रोगेति** । यद्यपि व्याधिशब्दो रोगपर्याय एव, तथापि साहित्यशास्त्रे चित्तवृत्तिविशेषो रोगादिजन्यो गृह्यते । वात-पित्त-कफानां सर्वेषा-मन्यतमानां वा प्रकोपाद् रोगो जायते । प्रियविश्लेषो हि विरहस्तज्जन्यस्तापो दुःखं व्याधिभावः कथ्यते ।

एकैकश इति । वात-पित्त-कफानां शरीरस्य व्यवस्थापकतत्त्वानां प्रकोपतः अन्यतमस्य सर्वेषां वा विकृतावस्थापन्नत्वात् दोषतापन्नत्वात् ज्वरादयो व्याधयो रोगास्त्रिदोषोत्पन्नाः । इह काव्यशास्त्रे तत्प्रभवो ज्वरादिव्याध्युत्पन्नस्य भावस्य व्याधि-संज्ञास्ति ।

उदाहरति—**हृदय इति** । इयं वियोगिनीहृदये कृतः शैवलस्य अनुषङ्गः सम्पर्को यया तादृशी । अत्र कृत इत्यस्य हृदयपदसापेक्षत्वे कथं समास इति चेद् देव-

---

यहाँ विभाव और 'हन्त' पद से गम्य (प्रतीयमान) अपनी निन्दा अर्थात् राज-सेवादि से विरति और तृष्णा का अभाव अनुभाव है ।

यहाँ यद्यपि वैराग्य की प्रतीति होने से शान्त रस की प्रतीति हो रही है, परन्तु मति झट से चमत्कार लाती है, जब कि शान्त विलम्ब से । अतः यहाँ मति को ही ध्वनि का पद मिल सकता है ।

रोग, विरह आदि से उत्पन्न मन के ताप (दुःख) को व्याधि कहते हैं ।

देह की शिथिलता, तेज श्वास आदि यहाँ अनुभाव हैं । जैसा कि कहा है :— वात, पित्त और कफ इन तीनों में किसी एक के, दो के या तीनों के कुपित (उत्कट) होने से जो ज्वर आदि होते हैं, उन्हें व्याधि कहा जाता है । इस साहित्यशास्त्र में उस व्याधि से उत्पन्न भाव को ही व्याधि कहते हैं ।

यह विरहिणी हृदय पर शीतलता के लिए शैवाल के रखे जाने पर भी अङ्गों को

विरहोऽत्र विभावः, अङ्गक्षेपादिरनुभावः ।

भीरोर्घोरसत्त्वदर्शन-स्फूर्जथु-श्रवणादिजन्मा चित्तवृत्तिविशेषस्त्रासः ॥

अनुभावाश्चास्य रोमाञ्च-कम्प-स्तम्भ-भ्रमादयः । यदाहुः—

औत्पातिकैर्मनःक्षेपस्त्रासः कम्पादिकारकः ॥

उदाहरणम्—

आलीषु केली-रभसेन बाला, मुहुर्ममालापमुपालपन्ती ।
आरादुपाकर्ण्य गिरं मदीयां, सौदामिनीयां सुषमामयासीत् ॥

दत्तस्य गुरुकुलमिति गुरुद्वारा देवदत्तस्य कुलेऽप्यन्वयाद्यथा समासस्तथैवेति । यतस्ततो मुहुर्वारं वारं स्वाङ्गानि क्षिपन्ती, सखीना तदुदन्तपरे तस्य नायकस्य य उदन्तो वृत्तान्तः तद्वर्णनपरायणे मुखे इयं नायिका अतिदीनां दृष्टिम् आदधति । सखीनां कृते प्रयुक्ते मुख-शब्दे एकवचनेन सर्वासां मुखे एक एव वृत्तान्तो नायकागमनसंकेतरहितः सूच्यते ।

त्रासाख्यभावमाह—**भीरोरिति** । भीरोर्भयशीलस्य, घोरसत्त्वानि व्याघ्र-वराहादयः तेषां दर्शनेन, स्फूर्जथुः वज्रपातशब्दः तच्छ्रवणेन, आदिना विकृताकारपुरुष-दर्शनेन चोत्पन्नः कम्पादिजनको मनोधर्मस्त्रासशब्देनोच्यते ।

घोरसत्त्वदर्शनादिर्विभावः, तज्जन्या रोमाञ्चादयोऽनुभावाः ।

औत्पातिकैरिति । उत्पातेन भव औत्पातिको वज्रनिर्घोषादिः तेनोत्पन्नो मनःक्षेपो मनसो व्याकुलीभावः कम्प-रोमाञ्चादिजनक एव त्रासः । यथा—

आलीष्विति । नायकः सखायं वक्ति—सा बाला मुग्धा मत्प्रिया, केलीरभसेन विलासकथनकौतुकेन, आलीषु सखीनां मध्ये, मुहुरनेकशः मम सम्बन्धिनम् आलापं

बार बार इधर-उधर फेंक रही है । सखियों ने जब उसके मन बहलाने के लिए उस नायक के सम्बन्ध में बातें छेड़ी तो यह अत्यन्त दीन होकर दृष्टि डाल रही है ।

यहाँ विरह विभाव और अङ्गक्षेपणादि अनुभाव है ।

डरपोक (भीरु) के मन में भयानक जीव के देखने या मेघ गर्जन सुनने से उत्पन्न चित्तवृत्ति को त्रास कहते हैं ।

इसके विभाव घोरसत्त्वदर्शनादि और अनुभाव रोमाञ्च, कम्प, चेष्टाहीनत्व, भ्रम आदि हैं । जैसा कि कहा है :—उत्पात करने वाले वस्तुओं या प्राणियों से उत्पन्न मन की बेचैनी को त्रास कहते हैं, जो कम्प आदि को उत्पन्न करता है ।

(जैसे अमर्ष भाव के प्रसंग में मूलकार ने शंका की है कि स्थायीभाव क्रोध और संचारी भाव अमर्ष में क्या भेद है ? वैसे ही यहाँ भी भयानक रस का स्थायीभाव भय और इस संचारी भाव त्रास में क्या भेद है ? यह प्रश्न उठ सकता है । दोनों का समाधान विषयता-वैलक्षण्य ही है । अर्थात् वही डर उत्कट दशा में भय और अनुत्कट दशा में त्रास होगा ।) उदाहरण—

नायक कहता है कि वह बाला (मेरी मुग्धा प्रिया) क्रीडाकौतुकवश सखियों के

अत्र पत्या स्ववचनाकर्णनं विभावः। पलायनमनुभावः। न चात्र लज्जाया व्यङ्ग्यत्वमाशङ्कनीयम्, शैशवेनैव तस्या निरासात्।

इदं वा विविक्तमुदाहरणम्—

मा कुरु कशां कराब्जे, करुणावति ! कम्पते मम स्वान्तम्।
खेलन् न जातु गोपैरम्ब ! विलम्बं करिष्यामि ॥

वार्तालापम् उपालपन्ती कथयन्ती सती आराद् दूरादेव मदीयां नायकस्य गिरं वाणीम् उपाकर्ण्य श्रुत्वा, सौदामनीयां विद्युत्सम्बन्धिनी चपला सुषमा शोभातिशयम् अगमत् प्राप्तवतीत्यर्थः। सौदामनी विद्युत्, 'सुषमा परमा शोभे'त्यमरः। नायकशब्द-श्रवणेनैव सद्य एव पलायितेति भावस्तेन त्रासो व्यज्यते। अत्रालापस्य नायकनिष्ठत्वात् उपालापस्य च नायिकानिष्ठत्वान्नाधिकपदत्वशङ्का।

स्ववचनेति। नायिकाया वचनस्य आकर्णनं पतिद्वारेत्यर्थः। यद्यपि स्वशब्देन सन्निकृष्टस्य पत्युरेव परामर्श इत्यायाति, तथापि स्वेति सर्वनाम्नो बुद्धिस्थसन्निकृष्टाया नायिकाया एव परामर्शित्वम्। किञ्च स्वशब्दमहिम्नैव पतिकृत-नायिकावचनाकर्णनं जातमिति नायिका यदा जानाति तदैव तस्य विभावत्वमिति लभ्यते।

न चात्रेति। अत्र लज्जयापि पलायनं संभवतीति लज्जैव भावोऽस्तु, न त्रास इति निराकरोति **शैशवेनैवेति,** बालापदबोध्येनेति भावः। ननु बालापदमत्र न शिशु-मपि तु मुग्धामेव बोधयतीति पुनर्लज्जाया उपस्थितिस्तदवस्थैवेति उदाहरणान्तरं प्रस्तौति—**इदं वेति।** विविक्तं स्फुटम् लज्जाया असंसक्तम् स्वतन्त्रं त्रासस्योदाहरणम्।

मा कुर्विति। श्रीकृष्णो यशोदया तर्जितस्तां प्रति सभयं ब्रूते। हे करुणावति अम्ब ! मातः ! मम कराब्जे करकमले कशां चर्मसटिकां मा नहि, कुरु ताडय।

बीच मेरे विषय में बार-बार बातें कर रही थी, कि दूर से ही मेरी आवाज को सुनकर बिजली की शोभा को प्राप्त कर गयी (फुर्ती से भाग गयी)।

यहाँ पति के द्वारा अपने (नायिका के) वचन को सुन लेना विभाव और भागना अनुभाव है।

यहाँ लज्जा ही व्यंग्य है, ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि 'बाला' पद से नायिका में शिशुत्व कहा गया है और बचपन में लज्जा का प्रश्न ही कहाँ है।

यदि कहें कि यहाँ बाला पद से मुग्धा अभिप्रेत है, बच्ची नहीं तो त्रास और लज्जा का सांकर्य ही मानना पड़ेगा। अतः लज्जा से असम्पृक्त स्वतन्त्र रूप से त्रास का दूसरा उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है :—

हे दयावती माता ! तू अपने करकमल में कोड़ा मत उठाओ, क्योंकि इससे मेरा मन काँप जाता है। अब मैं गोपों के साथ खेलता हुआ कभी भी देर नहीं करूँगा।

एषा भगवतो लीलागोपकिशोरस्योक्तिः ।

निद्राविभावोत्थज्ञानं सुप्तम् ॥

स्वप्न इति यावत् । अस्यानुभावः प्रलापादिः । नेत्रनिमीलनादयस्तु निद्राया एवानुभावाः, न त्वस्य, अनिद्रजन्यत्वात् । यत्तु प्राचीनैः "अस्यानुभावा निभृतगात्रनेत्रनिमीलनम्" इत्याद्युक्तं, तदन्यथासिद्धानामपि तेषामेतद्भावव्यापकत्वादिति ध्येयम् ।

उदाहरणम्—

अकरुण ! मृषाभाषासिन्धो ! विमुञ्च ममाञ्चलं
तव परिचितः स्नेहः सम्यङ्मयेत्यनुभाषिणीम् ।
अविरल-गलद्बाष्पां तन्वीं निरस्तविभूषणां
क इह भवतीं भद्रे निद्रे ! विना विनिवेदयेत् ॥

तेन मम स्वान्तं मनः, कम्पते । अम्ब ! गोपं खेलन् अतः परं न जातु नैव, विलम्बं करिष्यामि । लीलया गोपकिशोरोऽत एव त्रासमभवत्येव ।

सुप्ताख्यं भावं लक्षयति—**निद्रेति** । निद्रारूपविभावात् उत्थम् उत्पन्नं ज्ञानमेव सुप्तं सुप्तज्ञानं सुप्ताख्यो भावः । स्वप्न इति फलितोऽर्थः । स्वयं भावरूपापि निद्रा सुप्तभावस्य विभावो भवति । नेत्रनिमीलनं निद्राजन्यं, न स्वप्नजन्यम् । **अनिद्रजन्यत्वात्** अस्वप्नजन्यत्वात् । **अन्यथासिद्धानां** निद्रयैवोत्पन्नत्वात् तेषां नेत्रमीलनादीनाम् **एतद्भावव्यापकत्वात्** स्वप्नभावः तावदेव यावन्नेत्रमीलनमिति स्वप्नकाले नेत्रमीलनदर्शनेनैव प्राचीनैरेतद्भावानुभावत्वेनोक्तम् । वस्तुतो नैव तदुचितम् ।

विदेशस्थो नायकः स्वप्ने प्रियां दृष्ट्वा निद्रां प्रति वदति—**अकरुणेति** । हे भद्रे निद्रे ! भवतीं विना को जनः एवंविधां तन्वीं कोमलाङ्गीं मत्प्रियां विनिवेदयेत्

यह उक्ति लीला करते हुए गोपकुमार श्रीकृष्ण की है ।

निद्रा विभाव से उत्पन्न या निद्रादशा में उत्पन्न ज्ञान को सुप्त भाव कहते हैं । इसे ही स्वप्न कहा जाता है ।

इसके अनुभाव (कार्य) प्रलाप (बड़बड़ाना) आदि हैं । आँखों का बन्द रहना तो निद्रा के अनुभाव हैं, सुप्त के नहीं, क्योंकि ये स्वप्न से उत्पन्न नहीं होते हैं ।

प्राचीनाचार्यों ने जो कहा है कि इस सुप्त के अनुभाव देह की निश्चेष्टता और आँखों का बन्द रहना है । परन्तु ये तो अन्यथासिद्ध हैं । अर्थात् निद्रा से ही सिद्ध हैं, इससे नहीं । उनका तात्पर्य है कि ये विभाव निद्रा के समय में रहने से इस सुप्तभाव में भी रहते ही हैं ।

प्रवासी विरही नायक को स्वप्न में प्रिया का दर्शन हुआ था । जागने पर वह निद्रा से कह रहा है—हे निद्रे ! कल्याणदायिनि ! आपके बिना कौन मुझे ऐसी प्रिया

एषा प्रवासगतस्य स्वप्नेऽपि प्रियामेवंभाषिणीं दृष्टवतो निद्रां प्रति कस्य-चिदुक्तिः। यद्यप्येवंभूतायाः प्रियतमावस्थाया निवेदनेन "निद्रे मम भवत्या महानुपकारः कृतः" इति वस्तु, विप्रलम्भशृङ्गारश्चात्र प्रतीतिपथमवतरति, तथापि पुरःस्फूर्तिकतया स्वप्नध्वननमत्रोदाहृतं न प्रान्ते तयोर्ध्वननं निरोद्धुमीष्टे।

निद्रानाशोत्तरं जायमानो बोधो विबोधः ॥

निद्रानाशश्च तत्पूर्ति-स्वप्नान्त-बलवच्छब्द-स्पर्शादिभिर्जायत इति त एवात्र विभावाः। अक्षिमर्दन-गात्रमर्दनादयोऽनुभावाः। तत्र संक्षेपेणोदाहरणम्—

उपस्थापयेत्? न कोऽपीत्यर्थः। कीदृशीं प्रियाम्? हे अकरुण! प्रियादशां विस्मृत्य निष्ठुरस्वरूप! मिथ्याकथनसागर! मम अञ्चलं विमुञ्च, मया तव नायकस्य स्नेहः सम्यक्तया परिचितः, तव स्नेहः कृत्रिमो, न वास्तविक इत्यर्थः, इत्येवं भाषिणीम्। किञ्च धाराप्रवाह-निपतदश्रुयुक्ताम्, परित्यक्तालङ्काराञ्चेति।

विभावोऽत्र निद्रा, अनुभावश्च मुखविकास-हस्तसंचारादिः आक्षेपलभ्यः। स्वप्न-ध्वननमत्र प्राथम्येनोपस्थाय प्राधान्यं भजते। वस्तु-रसध्वनिद्वयस्य पश्चाद्भावित्वेन अप्राधान्यम्। स्वप्नध्वननं हि **प्रान्ते** अन्ते, **तयोः** वस्तुरसध्वन्योः ध्वननं न निरोद्धुं समर्थम्। अङ्गितया स्वप्नभावः, अङ्गत्वेन च वस्तु-रसध्वनी अत्र विराजत एव।

विबोधं लक्षयति—**निद्रानाशेति**। निद्राभङ्गानन्तरमुत्पद्यमानं प्रकृतिस्थं ज्ञानं

को दिखा सकता है? अर्थात् कोई नहीं। स्वप्न में वह प्रिया धारा-प्रवाह आँसू बहा रही थी, आभूषणों को उतार चुकी थी और मुझे कह रही थी कि हे निष्ठुर! महा-मिथ्यावादी (झूठे का सागर)! मेरी आँचल छोड़ो, तेरे स्नेह को मैंने भलीभाँति जान लिया है!

यह उक्ति प्रवास-गत किसी नायक की है, जो स्वप्न में प्रिया को इस प्रकार देखकर निद्रा से कह रहा है।

यद्यपि इस प्रकार की प्रियतमावस्था के निवेदन से—(१) निद्रे! आपने मेरा महान् उपकार किया—ऐसा वस्तुध्वनि और (२) विप्रलम्भ शृङ्गार यहाँ जाना जाता है, तथा उनसे पहले ही स्वप्नभाव की स्फूर्ति होने से उसी भावध्वनि के रूप में इसे यहाँ उदाहरण के रूप में रखा गया है। परन्तु यह ध्वनि अपने बाद अन्त में उन दोनों (वस्तु एवं शृंगार) ध्वनि को रोकने में समर्थ नहीं है। अर्थात् ये ध्वनियाँ भी यहाँ होते ही हैं। प्रथमोपस्थिति के कारण स्वप्नध्वनि प्रधान है।

निद्रानाश के बाद होनेवाले ज्ञान को विबोध कहते हैं।

निद्रा का नाश अनेक कारणों से होता है, जैसे—निद्रा पूर्ण होना, स्वप्न का

नितरां हितयाऽद्य निद्रया मे, बत ! यामे चरमे निवेदितायाः ।
सुदृशो वचनं शृणोमि यावन्, मयि तावत् प्रचुकोप वारिवाहः ॥

अत्र गर्जितश्रवणं विभावः । प्रियावचनश्रवणोल्लासनाशोऽनुभावस्तून्नेयः ।

केचिदविद्याध्वंसजन्यमप्यनुमाममनन्ति । तेषां मते—

नष्टो मोहः स्मृतिर्लब्धा, त्वत्प्रसादान्मयाच्युत ।
स्थितोऽस्मि गतसन्देहः, करिष्ये वचनं तव ॥

इतिगीतापद्यमुदाहार्यम् ।

विबोधः, सद्यो जागृतावस्थायां समुत्पन्नं ज्ञानमित्यर्थः । **त एवेति** निद्रापूर्ति-स्वप्नावसानोच्चशब्द-कठिनस्पर्शादयः ।

नितरामिति । बत हन्त ! अद्य मे मम, नितरामतिशयेन हितया प्रियकारिण्या निद्रया निवेदिताया उपस्थापितायाः, सुदृशः सुलोचनायाः प्रियाया वचनं चरमे यामे रात्र्यन्तिमप्रहरे यावत् शृणोमि, तावत् वारिवाहो मेघः, मयि नायके, प्रचुकोप अतिकुपितोऽभूत् । घनगर्जितेन मधुरस्वप्नो भग्न इत्याशयः । उन्नेय उद्भावनीयः ।

विबोधलक्षणे मतान्तरमाह —**केचिदिति** । अविद्यायाः स्वकर्तृत्वाभिमानादिरूपायाः ध्वंसजन्यम् आत्मज्ञानं विबोध इत्यपि स्वीकुर्वन्ति । तदनुसारम् —

नष्टो मोहः इतिपद्यमत्रोदाहरणीयम् । मोहः अज्ञानं शरीरात्मवादादि नष्टम्, स्मृतिः आत्मस्मरणं तत्त्वज्ञानं, हे अच्युत श्रीकृष्ण ! त्वत्प्रसादात् त्वदुपदेशाल्लब्धम् । इदानीं विगतसन्देहोऽहं स्थितोऽस्मि, ते तव वचनं करिष्ये पालयिष्यामीति । अत्र अविद्याध्वंसजन्यस्य विबोधस्य स्पष्टत्वात्तदुदाहरणमपन्यस्तम् ।

अन्त, तेज आवाज, जोरदार स्पर्श आदि, ये कारण ही विबोध संज्ञक भाव के विभाव होते हैं । आँख मलना, देह का अंगड़ाई लेना आदि अनुभाव हैं ।

संक्षिप्त रूप से उदाहरण—

आज रात के अन्तिम पहर में अत्यन्त हितकारिणी निद्रा के द्वारा लायी गयी सुन्दरी का वचन जब-तक मैं सुनने लगा, तभी मेरे ऊपर मेघ कुपित हो गया ।

यहाँ गरजने का शब्द सुनना विभाव है । प्रिया के वचन को सुनने के उल्लास का नाश अनुभाव है, जो ऊह करने पर जाना जाता है । (साक्षात् प्रतिपादित न होने से गम्य है ।)

कोई आचार्य अविद्या (अज्ञान) नाश से उत्पन्न आत्मसाक्षात्कार को ही विबोध मानते हैं । उनके मत में इसका उदाहरण निम्नांकित गीता का पद्य हो सकता है । (उपर्युक्त उदाहरण नहीं)—

हे श्रीकृष्ण ! आपकी कृपा से मेरा अज्ञान नष्ट हुआ, ज्ञान प्राप्त हुआ । अब मैं सन्देह-रहित हो चुका हूँ । इसलिए तुम्हारा वचन ही करूँगा ।

न तु वारिवाहविषयाया असूयाया एवात्र वाक्यार्थतेति शङ्क्यम्, विबोधप्रतीतौ हि सत्यां तस्मिन्नौचित्यावगमे सत्यनुचित-विबोधजनकत्वेन वारिवाहेऽसूयाया विलम्बेन प्रतीतेः, परमुखनिरीक्षकत्वात्। स्यादपि तस्या अपि प्राधान्यम्, यदि वारिवाहे निष्करुणत्वादिबोधकं किञ्चिदपि स्यात्। नापि स्वप्नस्य, वारिवाहनादेन तन्नाशस्यैव प्रतिपत्तेः। अस्तु वा स्वप्नभावप्रशमेनासूयया च सहास्य सङ्करः।

इदन्तु नोदाहार्यम्—

गाढमालिङ्ग्य सकलां, यामिनीं सह तस्थुषीम्।
निद्रां विहाय स प्रातरालिलिङ्गाथ चेतनाम्॥

अमर्ष भाव ही यहाँ अभिव्यक्त हो रहा है, ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि सतत भगवान् में अनुरागवाले प्रह्लाद मे हिरण्यकशिपु का अमर्ष चिरकाल से विद्यमान रहने के कारण आत्मवधेच्छा का अभी-अभी प्राथमिकरूप से होना संगत नहीं होता है (यदि आत्मवधेच्छा अमर्ष से ही होती तो इससे पहले भी विद्यमान अमर्ष के द्वारा होती रहती, अभी ही क्यों हुई और इससे पहले क्यों नहीं हुई ?)। पहले-पहल उत्पन्न कार्य का पहले-पहल समागत कारण से ही उत्पत्ति युक्त है, अतः चिरकाल से विद्यमान चित्तवृत्ति से विलक्षण ही एक चित्तवृत्ति, जो अभी-अभी हुई है, इसका कारण है और वही तो चपलता है।

यदि यह कहे कि उत्कट-अमर्ष ही आत्मवधेच्छा के कारण के रूप में ध्वनि बन रहा है तो ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि प्रकर्ष (उत्कृष्ट, अतिशय) अमर्ष भी स्वाभाविक (सामान्य) से विलक्षण है, ऐसा मानना तो आवश्यक ही है और वही अमर्ष-प्रकर्ष तो चपलता कहलाता है।

निर्वेद भाव दो प्रकार का है—नीचपुरुषगत एवं उत्तमपुरुषगत। नीच पुरुष में गाली-गलौज, तर्जन, रोग, मारपीट, दरिद्रता, विरह, दूसरों की उन्नति देखना आदि के कारण एवं उत्तम पुरुष में अपमान आदि के कारण से सांसारिक विषयों से

उदाहरणम्—

यदि लक्ष्मण ! सा मृगेक्षणा, न मदीक्षासरणिं समेष्यति ।
अमुना जडजीवितेन मे, जगता वा विफलेन किं फलम् ॥

नित्यानित्यवस्तुविवेकजन्यत्वाभावान्नासौ रसपदव्यपदेशहेतुः ।

देवादिविषया रतिर्यथा—

निर्वेदो जायते, अधिक्षेप-व्याधि-दारिद्रयेष्टविरहादिभिस्तु उभयेषु उत्तमे रामचन्द्रे विरहेणैव निर्वेदस्यानुपदमेवोदाहृतत्वादिति । अनुभावास्तु उभयेषु रोदनादयः ।

उदाहरति—**यदीति** । सीताहरणापमानेन विरहेण वा रामस्येयमुक्तिः । हे लक्ष्मण ! सा मृगनयना सीता यदि मदीक्षासरणिं मन्नेत्रपथं न समेष्यति, (तदा) मे मम अमुना दुरवस्थापन्नेन जडवज्जीवनेन, विफलेन निरर्थकेन, जगता संसारेण वा किं फलम् ? न किमपीत्यर्थः । अत्र फलशब्दस्य द्विरुपादानरूपस्य कथितपदत्वदोषस्य परिहाराय 'फलम्' इत्यस्य स्थाने 'भवेत्' इति पाठ्यम् । उत्तरवाक्ये 'तदा' इति आक्षेपलभ्यम् ।

ननु निर्वेदस्य स्थायिभावत्वादत्र शान्तरसध्वनिरेव कथं न प्रतीयत इति चेत् समाधत्ते—नित्यानित्येति । योऽसौ स्थायीभावो निर्वेदः स हि नित्यानित्यवस्तुविवेकजन्यः । भावरूपस्यास्य निर्वेदस्य तु आक्रोशादिजन्यत्वादुभयोर्वैषम्यम् ।

चतुस्त्रिंशं भावं रतिमुदाहरति—**यथेति** । रतिर्हि द्विविधा—स्त्रीपुरुषयोः परस्परानुरागात्मिका स्थायीभावस्वरूपा शृङ्गाररसाधारभूता प्रथमा, देवता-गुरु-मित्र-पुत्रादि-विषयक-प्रेमाख्यचित्तवृत्तिस्वरूपा व्यभिचारिभावात्मिका द्वितीया । पूर्वनिरूपि-

विरक्तिस्वरूप निर्वेद उत्पन्न होता है, जो रोना, लम्बी साँस, दीन मुँह होना आदि का कारण है । वस्तुतः गाली, मारपीट और परसम्पत्तिदर्शन से नीचों में ही और अवज्ञा से उत्तमों में ही तथा विरहादि से दोनों में निर्वेद देखा जाता है । अतएव उत्तम श्रीराम में विरह से निर्वेद का उदाहरण प्रस्तुत हो रहा है ।

हे लक्ष्मण ! यदि वह प्राणप्रिया मृगनयनी सीता मेरी आँखों के सामने नहीं आयेगी तो मेरे इस जड़ (चैतन्यहीन) जीवन से तथा निरर्थक इस संसार से ही क्या फल होगा ? कुछ नहीं । यहाँ प्रिया का विरह विभाव एवं जीवन-जगत् का निष्फल बताना अनुभाव है ।

निर्वेद दो प्रकार का है—एक शान्तरस का स्थायीभाव, जो नित्यानित्यवस्तु-विवेक से उत्पन्न होता है और दूसरा प्रस्तुत भावरूप, जो विरहादि से उत्पन्न होता है । यहाँ नित्यानित्यवस्तुविवेक के न रहने से रसध्वनि नहीं हो सकता है ।

देवता-गुरु-पुत्र इत्यादि विषयक रतिभाव का उदाहरण देते हैं—

भवद्द्वारि क्रुध्यज्जय-विजय-दण्डाहतिदलत्-
किरीटास्ते कीटा इव विधिमहेन्द्रप्रभृतयः।
वितिष्ठन्ते युष्मन्नयनपरिपातोत्कलिकया
वराकाः के तत्र क्षपितमुर! नाकाधिपतयः॥

अत्रापमानसहन-भगवद्द्वारनिषेवण - भगवत्कटाक्षपाताभिलाषादिभिर्ब्रह्मादिगता भगवदालम्बना रतिर्नाभिव्यज्यते, अपि तु भगवदैश्वर्यमवाङ्मनसगोचर इति चेत्, तथापि तादृशभगवदैश्वर्यवर्णनानुभावितया कविगत-भगवदालम्बनरत्या ध्वनित्वमक्षतमेव।

तत्वादिह लक्षणं नोक्तम्। **भवद्द्वारीति।** हे क्षपितमुर! मुरनामकासुर-नाशक मुरारे! भवतो द्वारदेशे विधिमहेन्द्रप्रभृतयो ब्रह्मेन्द्रादयः, क्रुध्यतोर्जय-विजयाख्ययोर्द्वारपालयोर्दण्डाभ्यामननुमतिप्रवेशनिवारकाभ्यां वेत्रदण्डाभ्यां या आहतिराघातः तेन दलन्तः स्फुटन्तः किरीटा येषां ते कीटा इव स्वोपरि भवन्नयनपरिपातोत्कण्ठया विशेषेण यत्र तिष्ठन्ति, तत्र वराका दीनाः (महेन्द्राद्यपेक्षयाल्पप्रभावाः) नाकाधिपतयः स्वर्गराजाः यम-कुबेरादयः के भवन्ति? तेषां कुत्र गणना? कुबेरादयो हि स्वर्गे राजानः, इन्द्रस्तु महाराजोऽत एव महेन्द्रः।

अत्रेति। ननु रतिभावोदाहरणमिदं न सम्भवति, द्वारनिषेवणादि तु लोभादिनापि भवितुमर्हति, सर्वप्रभूणां ब्रह्मादीनां तथाचरणेन भगवदैश्वर्यं दुरधिगममिति वस्तु-

---

भवद्द्वारि इत्यादि। प्रेम नामक चित्तवृत्ति ही रति है। वह दो प्रकार की है—(१) स्त्री-पुरुष के परस्पर अनुरागस्वरूप स्थायीभाव, जो शृंगार रस का आधार है और (२) देवगुरु-मित्र-पुत्रादिविषयक अनुरागस्वरूप व्यभिचारीभाव। स्थायीभाव-निरूपण के अवसर पर लक्षण निरूपित हो जाने के कारण रति का लक्षण यहाँ नहीं दिया गया है।

हे मुरारे! आपके द्वार पर जहाँ जल्दबाजी से प्रवेश करने वालों पर बिगड़ते हुए जय-विजय नामक द्वारपालों के द्वारा दण्ड-प्रहार से भग्नमुकुट वाले ब्रह्मा, महेन्द्र आदि स्वयंप्रभु भी कीड़ों के समान अपने पर आपकी दृष्टि पड़ने की उत्कण्ठा से खड़े रहते हैं, वहाँ ये स्वर्ग के दीन राजा लोग (यम, कुबेर आदि) कौन होते हैं? (महेन्द्र के उल्लेख रहने के कारण 'स्वर्ग के राजा' कहने से कुबेर आदि धन, प्रशासन, जल, शिक्षा आदि विभागीय स्वर्गराजों का ग्रहण ही उचित है।)

यहाँ ब्रह्मा आदि के द्वारा अपमान सहना, भगवान् के द्वार पर खड़ा रहना, भगवान् के कटाक्ष पड़ने की अभिलाषा आदि के द्वारा ब्रह्मा आदि महान् देवों में स्थित भगवद्विषयक रति अभिव्यक्त नहीं हो रही है, अपितु 'भगवान् का ऐश्वर्य वाणी और मन से परे है' यह वस्तु ही ध्वनित हो रही है—यद्यपि ऐसा कहा जा सकता है,

इदं वोदाहरणम्—

न धनं, न च राज्यसम्पदं, नहि विद्यामिदमेकमर्थये ।
मयि धेहि मनागपि प्रभो ! करुणाभङ्गितरङ्गितां दृशम् ॥

अत्र धनाद्यपेक्षाशून्यस्य भगवद्दयादृगन्तपाताभिलाषो हि भगवत्यत्यन्तानुरक्तिं व्यनक्ति ।

एवं संक्षेपेण निरूपिता भावाः ॥

'अथ कथमस्य संख्यानियमः, मात्सर्योद्वेग-दम्भेर्ष्याविवेक-निर्णय-क्लैव्य-क्षमा-कुतुकोत्कण्ठा-विनय-संशय-धार्ष्ट्यादीनामपि तत्र तत्र लक्ष्ये दर्शनादिति

ध्वनिरेवात्रेति चेन्न, तादृशेन वस्तुना चरमप्रतीतिकाले कविगताया रतेरेव स्फुटतया प्रतीतेरत्र भावध्वनित्वमेव ।

यदि वस्तुध्वनिरेवात्र प्रधानं न भावध्वनिरित्येवाग्रहस्तर्हि वस्तुध्वन्यसम्पृक्तमुदाहरणान्तरं प्रस्तौति—**न धनमिति** । हे प्रभो भगवन् ! अहं त्वत्तो न तु धनं, न वा राज्यं, न वा विद्यामेव, अपि तु एकमेव वस्तु अर्थये याचे यत् त्वं मनागपि ईषदपि मयि भक्ते दयासङ्केतोच्छलितां दृष्टिं धेहि ।

संक्षेपेणेति । भेदादि-विस्तारं विनैव । त्रयस्त्रिंशत्संख्यकाः व्यभिचारिभावा निरूपिताः ।

अस्य = भावस्य । **संख्यानियम इति** । त्रयस्त्रिंशदेव व्यभिचारिभावा, न ततोऽधिका इति नियमः कथमिति प्रश्नः । उद्वेगस्यावेगपर्यायत्वेन मूलकृतैवोक्तत्वान्नात्र

तथापि उस प्रकार के भगवान् के ऐश्वर्य से प्रकाशित कविगत भगवद्विषयक रति का ध्वनित होना स्थिर ही है । वस्तु के द्वारा अन्ततः रतिभाव का ही प्रकाशन होना है ।

अथवा रतिभाव का स्वतन्त्र (वस्तु से अमिश्रित) उदाहरण—

हे प्रभो ! मैं आप से न धन, न राज्यसम्पत्ति और न विद्या ही माँगता हूँ, अपि तु यह एक मात्र मेरी याचना है कि आप मुझ पर थोड़ी भी दयाभरी चेष्टा से उछलती हुई दृष्टि डाल दें ।

यहाँ धन आदि की अपेक्षा से शून्य किसी भक्त की 'भगवान् के द्वारा दया-दृष्टिपात की अभिलाषा' भगवान् में अत्यन्त अनुराग को व्यक्त कर रही है ।

इस प्रकार संक्षेप में (भेद-निरूपण को छोड़कर) चौंतीस व्यभिचारिभावों (भावध्वनियों) का निरूपण सम्पन्न हुआ ।

अब प्रश्न उठता है कि इन भावों की संख्या ३३ ही है, ऐसा नियम कैसे करते हैं ? क्योंकि इनसे अतिरिक्त मात्सर्य (दूसरे की उन्नति से जलन), उद्वेग (उत्तेजना), दम्भ (घमंड), ईर्ष्या, विवेक, निर्णय, क्लैव्य (पौरुषहीनता), क्षमा, कुतुक (उत्सुकता), उत्कण्ठा (आकांक्षा या लालसा), विनय, संशय, धृष्टता आदि भी

चेद्, न; उक्तेष्वेवैषामन्तर्भावेण संख्यान्तरानुपपत्तेः, असूयातो मात्सर्यस्य, त्रासादुद्वेगस्य, अवहित्थाख्याद् भावाद् दम्भस्य, अमर्षादीर्ष्यायाः, मतेर्विवेक-निर्णययोः, दैन्यात् क्लैब्यस्य, धृतेः क्षमायाः, औत्सुक्यात् कुतुकोत्कण्ठयोः, लज्जाया विनयस्य, तर्कात् संशयस्य, चापलाद् धाष्ट्र्यस्य च वस्तुतः सूक्ष्मे भेदेऽपि नान्तरीयकतया तदनतिरिक्तस्यैवाध्यवसायात्, मुनिवचनानुपालनस्य सम्भव उच्छृङ्खलताया अनौचित्याच्च ।

कथनौचित्यम् । उक्तेष्वेव = त्रयस्त्रिंशद्भावेषु गतार्थत्वादेषां पृथग् नोल्लेख इति संख्या-नियमः समुचित एव इत्युत्तरम् ।

नान्तरीयकेति । असूया-मात्सर्ययोः, त्रासोद्वेगयोरित्यादिषु यद्यपि सूक्ष्मतया भेदोऽस्ति, तथापि तत्तदुदाहरणे उभयोरविनाभावो दृश्यते । यत्र मात्सर्यं तत्र अनिवार्य-तोऽसूया भवत्येव, एवमेव त्रासादिस्थले उद्वेगादयः । अत एव मात्सर्यादीनां पृथग्लक्षणम-कृत्वैव असूयादिलक्षणमेव तथा कृतं येन तत्र तदनतिरिक्तानां = मात्सर्यादिसहितानामेव असूयादित्वेन अध्यवसायो बोधो भवति । **मुनिवचनेति** । भरतेन 'एकोनपञ्चाशद्भावाः' इति नाट्यशास्त्रे सप्तमाध्याये निरूपितम्—अष्ट स्थायिभावाः, अष्ट सात्त्विकभावाः, त्रयस्त्रिंशच्च व्यभिचारिभावाः । शमसहिताः पञ्चाशद्, देवादिविषयक-रतिसहिताश्च एकपञ्चाशद् भावा इति । मूलतः स्थायिसात्त्विक-व्यभिचारिणां सङ्कलनेन ४९ एकोन-पञ्चाशद्भावा मुनिसम्मताः । तेषां स्वीकरणसम्भवे उच्छृङ्खलतायाः तदुल्लङ्घनरूप स्वातन्त्र्यस्य अनौचित्यादव्यवस्थापत्तेश्च संख्यानियमस्वीकरणमावश्यकमेव ।

भावरूप में ही उन-उन प्रयोगों में देखे जाते हैं। तो इनके रहने पर भावों की संख्या बढ़ जानी चाहिए, ऐसा नहीं है, क्योंकि पूर्वोक्त ३३ भावों में ही इनके अन्तर्भाव हो जाने से उक्त संख्या से अधिक संख्या उपपन्न नहीं होती। यद्यपि जिन-जिन भावों में इन मात्सर्य आदि को गतार्थ करते हैं उन-उन से इनका सूक्ष्म भेद है ही; यथा—असूया से मात्सर्य का, त्रास से उद्वेग का, अवहित्थ से दम्भ का, अमर्ष से ईर्ष्या का, मति से विवेक और निर्णय का, दैन्य से क्लैब्य का, धृति से क्षमा का, औत्सुक्य से कुतुक और उत्कण्ठा का, लज्जा से विनय का, तर्क से संशय का तथा चापल से धाष्ट्र्य का सूक्ष्मतः भेद रहने पर भी इनके अविनाभाव (अनिवार्यरूप से परस्पर जुड़े रहने) के कारण असूयादि का लक्षण ही ऐसा करेंगे कि उसके अन्तर्गत मात्सर्यादि भी आ जायँ, इससे भावों की संख्या वही रह जाती है। तात्पर्य यह है कि असूयादि स्थल में मात्सर्यादि रहता ही है, उसे असूयादि के लक्षण से ही गतार्थ कर लेते हैं। भरतमुनि के वचन का पालन न करने पर मनमानी स्वतन्त्रता अनुचित होगी और अव्यवस्था फैल जायगी। उन्होंने भावों की संख्या ४९ बतलायी है—स्थायी—८, सात्त्विकभाव—८ और "व्यभिचारीभाव-३३ = ४९। शान्तरस के स्थायीभाव शम को लेकर भाव पचास हो जाते हैं, जब कि देवादिविषयक रति को लेकर इक्यावन।

एषु च सञ्चारिभावेषु मध्ये केचन केषाञ्चन विभावा अनुभावाश्च भवन्ति । तथा हि—ईर्ष्याया निर्वेदं प्रति विभावत्वम्, असूयां प्रति चानुभावत्वम् । चिन्ताया निद्रां प्रति विभावत्वम्, औत्सुक्यं प्रति चानुभावत्वमित्यादि स्वयमूह्यम् ॥

अथ रसाभासः । तत्र—

अनुचित-विभावालम्बनत्वं रसाभासत्वम् ।

विभावादावनौचित्यं पुनर्लोकानां व्यवहारतो विज्ञेयं, यत्र तेषाम्

एष्विति । हर्षादयो ये सञ्चारिभावा निरूपितास्ते कदापि कदाचिद् विभावा अनुभावाश्चापि जायन्ते । निर्वेदभावस्थले तज्जनकत्वेन ईर्ष्या विभावो भवति । असूयास्थले तज्जन्यत्वात् साऽनुभावतां याति । यद्यपि चिन्ता निद्राया बाधिकारूपेण प्रसिद्धा तथापि चिरकालस्थितया चिन्तया कदा निद्रा समागतेति न ज्ञायत इत्यपि प्रसिद्धमेवेति चिन्ता निद्रोत्पादिकारूपेण निद्राया विभाव इत्याद्यवसरप्रसङ्गादि दृष्ट्वा स्वयमेवास्वादकैरूहनीयम् ।

रसाभासत्वमिति । रसस्य आभासः प्रकाश आकृतिर्वा यस्मिन् असौ रसाभासः । अनुचितो विभाव आलम्बनं यस्य स अनुचितविभावालम्बन एव रसाभासः । **लोकानामिति** । वस्तुतः सहृदयानामित्येव वक्तव्यम् ! लोके हि स्वीयातिरिक्तानां नायिकानामनुचितत्वेऽपि साहित्ये तासां बहुत्र समुचितत्वप्रतिपादनात् परस्त्रीति वक्तव्ये मुनिपत्न्यादीत्यनुपदमेवोक्तत्वात् । शृङ्गारेऽनुचितविभावत्वं हि परस्परानुरक्तयोः स्त्रीपुंसयोरन्यतरस्य पूज्यत्वं, बहुनायकानुरक्तात्वं तयोरेकतरस्याननुरक्तत्वञ्चेति कविसमयप्रसिद्धम् । वस्तुतो नायकस्य स्वपरिणीता, स्वपरिणययोग्या कुमारी, वश्या चेति त्रिविधैव नायिकात्रोचिता, तद्भिन्ना सर्वा अपि अनुचिता एव ।

अतः भावों की संख्या पूर्वोक्त से अधिक नहीं मानी जा सकती है ।

इन हर्षादि ३३ संचारिभावों में कितने ही किन्हीं के विभाव एवं अनुभाव भी हो जाते हैं । जैसा कि—ईर्ष्या निर्वेद का विभाव एवं असूया के प्रति अनुभाव है । चिन्ता निद्रा के प्रति विभाव और औत्सुक्य के प्रति अनुभाव बन जाती है । इस प्रकार अन्य भावों के विषय में भी स्वयं ऊह करना चाहिए ।

अब रसाभास का निरूपण करते हैं । उसमें पहले इसका लक्षण दिया जा रहा है । जिसका आलम्बन विभाव अनुचित हो वह रसाभास (रस का प्रकाश या आकृति वाला) है ।

विभाव एवं रति के अनौचित्य का ज्ञान लोकव्यवहार से जानना चाहिए । जिस

'अनुचितमिति' धीरिति केचित्। तदपरे न क्षमन्ते, मुनिपत्न्यादिविषयक-रत्यादेः संग्रहेऽपि बहुनायक-विषयाया अनुभयनिष्ठायाश्च रतेरसंग्रहात्, तत्र विभावगतानौचित्यस्याभावात्। तस्मादनौचित्येन रत्यादिर्विशेषणीयः। इत्थं चानुचितविभावालम्बनाया बहुनायकविषयाया अनुभयनिष्ठायाश्च संग्रह इति। अनौचित्यं च प्राग्वदेव।

केचिदिति। प्राचीनाचार्याः पण्डितराजश्चेति। सूत्रे आलम्बनविभाव एव, अनौचित्यस्य विशेषितत्वात्। बहुनायकविषया रतिर्हि नायकगतबहुत्वानौचित्यादेवानुचिता, अनुभयनिष्ठा रतिरपि रत्यभावविशिष्टालम्बनानौचित्यादेवानुचितेति प्राचीन-मतेऽनुपदमेवाक्षिप्तदोषस्योद्धाराच्च।

अपर इति। नवीना इत्यर्थः। बहुनायक—रतिस्थले एकतरनिष्ठरतिस्थले च

विभाव में सामाजिकों को ''अनुचित है'' इस प्रकार का बोध हो, उससे उत्पन्न भाव रस न होकर रसाभास कहलाता है—ऐसा किन्हीं (प्राचीनों) का मत है। (पण्डितराज का भी यही मत है, क्योंकि सूत्र में भी यही है। यहाँ 'लोकानां' के स्थान में 'सहृद-यानां' कहना ही उचित है। लोक में तो विवाहिता से अतिरिक्त सभी को रति के अनुचित माने जाने पर भी सहृदयजन बहुधा परकीया का वर्णन कर देते हैं। उनके लिए श्रृंगार रस का अनुचित विभाव के रूप में यह कहा जा सकता है कि परस्पर अनुरक्त स्त्री-पुरुष में कोई एक-दूसरे का पूज्य, बहुत पुरुषों में अनुरक्त स्त्री और दोनों में एक अनुरागहीन। ऐसा इसलिए कहा गया कि आगे मूल में ही 'परस्त्री' कहने के स्थान में मुनिपत्न्यादि का उल्लेख किया है। वस्तुतः तीन प्रकार की ही नायिका उचित हैं, शेष अनुचित ही हैं—(१) स्वीया, स्वपरिणययोग्य कुमारी एवं वेश्या)।

पूर्वोक्त मत कि अनुचित विशेषण विभाव का है, इसको अन्य (नवीन) आचार्य नहीं मानते हैं, क्योंकि पूर्वमत में मुनिपत्नी आदि विषयक रति के संग्रह (अनुचित रूप में) होने पर भी अनेक नायक-विषयक एवं दोनों (स्त्री-पुरुषों) में न रहकर एक में ही रहने वाली रति का अनुचित रूप में संग्रह नहीं हो पाता है, क्योंकि वहाँ (बहु-नायकस्थल एवं एकपक्षीय प्रेमस्थल में) विभावगत अनौचित्य नहीं है। अतः रसाभास के लक्षण में अनौचित्य से रति, हास, शोक आदि स्थायीभावों को विशेषित करना चाहिए। अर्थात् अनुचित स्थायीभाव के रहने पर वहाँ रसाभास होता है। इस तरह अनुचित आलम्बन विभाव वाली, बहुत नायक में एक नायिका का अनु-राग वाली एवं एकपक्षीय इन तीनों रतियों का संग्रह हो जाता है। इस द्वितीय मत में भी अनौचित्य का विवरण पूर्वप्रतिपादित के समान ही होगा।

(यहाँ पूर्वमत में भी कोई दोष नहीं है, क्योंकि आलम्बनगत दोष से ही रति

तत्र रसाद्याभासत्वं रसत्वादिना न समानाधिकरणं, निर्मलस्यैव रसादित्वात्, 'हेत्वाभासत्वमिव हेतुत्वेन' इत्येके। नह्यनुचितत्वेनात्महानिः, अपि तु सदोषत्वादाभासव्यवहारः, अश्वाभासादिव्यवहारवद् इत्यपरे।

विभावः समुचित एव, किन्तु तत्र रतिरेवानुचितेत्याशयः। **रत्यादिरिति**। नवीनमतेऽनुचितस्थायिभावत्वं रसाभासत्वमित्येव लक्षणम्। आदिपदेन हासशोकादीनां ग्रहणात्। **प्राग्वदिति**। लोकव्यवहारत इति भावः।

तत्रेति। रसाभासे। रसस्य भावस्य वा आभासत्वं प्रतिकूलनिरूपेण ज्ञानं रसत्वेन न व्यवहार्यम्। निर्मलस्य दोषरहितस्य। यथा—कार्यासाधकत्वेऽपि हेतुरिवाभासमानो हेत्वाभासोऽसद्धेतुर्न हेतुत्वेन कार्यसाधकरूपेण व्यवहृतो भवति, यथा वा साहित्ये विरोधाभासो न विरोधस्तथैव रसाभासो न रसः, किन्तु भिन्न एव रसवदाभासते—इत्येकेषामाचार्याणां मतम्।

अपरमतानुसारेण रसाभासोऽपि रस एवेत्युभयोः सामानाधिकरण्यमेव। रसाभासस्य अनौचित्यमेव बीजम्, तत्तु दोषरूपमेव। अनुचितत्वेन दोषसद्भावेन नैव स्वरूपहानिः कीटविद्धरत्नादिवत्। आभासव्यवहारस्तु दोषयुक्तत्वादेव रसस्य आभासो दोषो रसाभास इति। दुष्टोऽश्वोऽश्वाभासो, दुष्टो मनुष्यो मनुष्याभासो यथैव तथैव दुष्टो रसो रसाभासः। दुष्टत्वञ्चात्रानौचित्यरत्यादिमत्त्वम्। रसलक्षणेऽनुचितस्थायिभावनिवारकस्यानुक्तत्वेन रसाभासेऽपि रसव्यवहारे न कापि बाधा। हेतुरपि दुष्टत्वे विद्यमानोऽपि त्याज्यतयैव ज्ञायते नाभावतया। तस्माद् हेत्वाभासत्वेन दृष्टान्तोऽपि समानाधिकरणे बाधक इति।

में भी अनुचितत्व आता है। बहुनायकविषयक रति में नायकगत बहुत्व ही दोष है और एकपक्षीय रति में रत्यभावविशिष्टत्व ही अनुचितत्व है, जो आलम्बन में ही है।)

रसाभास को रस मानें या न मानें—इस विषय में दो मत दिखाते हैं। रस और भाव के आभास का रस के साथ समानाधिकरण नहीं है—दोनों एक स्थल में नहीं रह सकते, क्योंकि निर्मल (निर्दोष) को ही रस कह सकते हैं और जैसे हेत्वाभास (दुष्ट हेतु) का हेतुरूप में ग्रहण नहीं होता है (और साहित्य में विरोधाभास का विरोध के द्वारा ग्रहण नहीं होता) वैसे ही रसाभास का रस के रूप में ग्रहण उचित नहीं है—यह कुछ विद्वानों का मत है।

किसी के अनुचित रहने पर स्वरूप की हानि नहीं होती, दोषयुक्त रहने के कारण ही इसे आभास कहा गया है, जैसे दुष्ट (बुरी चाल वाले) घोड़े को अश्वाभास कहते हैं, वैसे ही अनुचित विभाव वाले रस को ही रसाभास कहते हैं—ऐसा अन्य आचार्य का मत है।

उदाहरणम्—

शतेनोपायानां कथमपि गतः सौधशिखरं
सुधाफेनस्वच्छे रहसि शयितां पुष्पशयने।
विबोध्य क्षामाङ्गीं चकितनयनां स्मेरवदनां
सनिश्श्वासं श्लिष्यत्यहह !! सुकृती राजरमणीम् ॥

अत्रालम्बनम् अनुचितप्रणया राजरमणी। रहोरजन्यादि उद्दीपनम्। साहसेन राजान्तःपुरे गमनं, प्राणेषूपेक्षा, निश्श्वासाश्लेषादयश्चानुभावाः। शङ्कादयश्च सञ्चारिणः। निषिद्धालम्बनकत्वाच्चास्या रतेराभासत्वं रसस्य।

शतेनेति। प्रच्छन्नकामुकस्य राजरमणीरमणवृत्तवर्णनमिदम्। कश्चित् सुकृती पुण्यवान् कामुक उपायानां परमोच्चप्रासादारोहणानुकूलव्यापाराणां शतेन कथमपि क्लेशेन सौधशिखरं राजप्रासादस्योच्चतमप्रकोष्ठं गतः प्राप्तः, तत्र सुधाफेनवन्निर्मलेऽतिधवले पुष्पशय्यायां रहसि एकान्ते शयितां सुप्तां क्षामाङ्गीं विरहातिशयात् कृशाङ्गीं राजरमणीं विबोध्य जागरयित्वा, तां चकितनयनां दुष्करतदागमनविस्मितनमनां स्मितमुखीम् अहह ! निःश्वासेन सहितं यथा स्यात्तथा श्लिष्यत्यालिङ्गति।

अनुचितेति। अनुचितः साधारणपरपुरुषाश्रितः प्रणयो यस्याः। रहो-रजन्यादि एकान्त-रात्रिप्रभृति। निषिद्धं सहृदयैरनुचितत्वेन ज्ञातमालम्बनं प्रच्छन्नकामुकसहिता राजरमणी, तदाश्रितमिदमुदाहरणं रसाभासस्य प्रथमभेदस्यैव।

रतिविषयक रसाभास तीन प्रकार का है—(१) साधारणजन का मुनिपत्नी, राजपत्नी आदि विषयक, (२) बहुनायकाश्रित-नायिकाविषयक और अनुभयनिष्ठ (एकपक्षीय)। क्रमशः तीनों का उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है—

सैकड़ों उपायों के द्वारा किसी-किसी तरह (कड़े पहरे के बावजूद बड़ी कठिनाई से) राजमहल के ऊपरी प्रकोष्ठ में पहुँच कर पुण्यवान् कोई युवक एकान्त में अमृतफेन-तुल्य स्वच्छ फूल की शय्या पर सोई हुई कृशाङ्गी (विरह के कारण दुबली) राजपत्नी को जगाकर उस चकित आँखों वाली मुस्कानभरी रमणी को दीर्घ निःश्वास लेता हुआ आलिङ्गित कर लेता है, यह आश्चर्य है।

यहाँ आलम्बन विभाव अनुचित (परपुरुष में) प्रेम करने वाली राजा की रमणी है। एकान्त एवं रात आदि उद्दीपन विभाव है। साहसपूर्वक राजा के महल (रनिवास) में जाना, प्राणों की उपेक्षा, निःश्वास, आलिङ्गन आदि अनुभाव हैं और शंका आदि संचारीभाव हैं। निषिद्ध (अनुचित) आलम्बन (नायक-नायिका) वाली इस रति के कारण यहाँ रस का आभास है। अर्थात् यह अनुचित आलम्बन वाले रसाभास का उदाहरण है।

न चात्र चकितनयनामित्यनेन परपुरुषस्पर्शत्रासाभिव्यक्त्या रतेरनुभयनिष्ठतेत्याभासताहेतुर्वाच्यः। अस्याश्च चिराय तस्मिन्नासक्ताया अन्तःपुरे परपुरुषागमनस्यात्यन्तमसम्भावनया 'क एव मां बोधयति' इत्युचित एव त्रासः। अनन्तरं च परिचयाभिव्यक्त्या 'सोऽयं मत्प्रियो मदर्थं प्राणानपि तृणीकृत्यागत' इति ज्ञानादुत्पन्नं हर्षमभिव्यञ्जयत् 'स्मेरवदनाम्' इति विशेषणं रतिं तदीयामपि व्यनक्ति, परन्तु प्राधान्यं नायकनिष्ठाया एव रतेः, सकलवाक्यार्थत्वात्। यथा वा—

न चात्रेति। सुप्तावस्थायां सद्योजागरणानन्तरमपि नायिकायां रतेरभावादनुभयनिष्ठस्यैवोदाहरणमिदमिति पूर्वपक्षाभिप्रायः। जागृतायां त्रासस्यैव दर्शनं तन्मतं पुष्णाति। किन्तु 'स्मेरवदनाम्' इति विशेषणं तस्या हर्षं व्यञ्जयद् रतिमपि व्यञ्जयति। ततश्च नायिका अपि रतिविशिष्टैवेति नेदमुदाहरणमनुभयनिष्ठरत्याश्रितस्येत्युत्तरपक्षाभिप्रायः।

तदीयामपीति। "हर्षसमुच्चायकोऽपिः" इति भट्टनागेशो वाक्यान्वयं सम्यक् परीक्ष्यैव लिखति। सरलाकृत्तु अत्रत्येनापिना नायकरतिं समुच्चाययति—तदेतद्वाक्यान्वयपरीक्षानिरपेक्षमेव। नहि "स्मेरवदनाम्" इति विशेषणं नायिकारतिमिव नायकरतिमभिव्यनक्ति येन नायकरतेरत्र समुच्चयः स्यात्। किञ्च नायकरतिः पूर्वसिद्धैव। अत्र केवलं नायिकारतिरेव साध्या, तयैव उभयनिष्ठता रतेरभिप्रेता सिद्धा भवति।

वस्तुतः सन्दर्भान्वयो हि नायकरतिसम्मुच्चायकत्वमत्र 'अपि'शब्दस्य बोधयति। अत एव रतिमपीत्यनुक्त्वा तदीयामपीति लिखनं सङ्गच्छते। अपिर्हि यत्पदाव्यवहिताग्रे प्रयुज्यते तत्रैवान्वेतीति नियमात् नायिकारतिप्रतियोगिनीं नायकरतिं समुच्चाययति।

यदि कहें कि अनुभयनिष्ठ रति वाले रसाभास का ही उदाहरण है, क्योंकि 'चकितनयनां' इस पद से परपुरुषस्पर्श की शंका से त्रास की ही अभिव्यक्ति होती है, रति की नहीं और तब तो नायिका में रति न रहने से यह एकपक्षीय ही हुई—तो ऐसा नहीं कह सकते, क्योंकि यह नायिका तो बहुत दिन से इस नायक पर आसक्त ही है, पर रनिवास में परपुरुष के आगमन का अत्यन्त असम्भव होने के कारण (उस नायक के आगमन की संभावना के अभाव में) 'कौन यह मुझे जगा रहा है' इसमें त्रास (भय) उचित ही है। इसके बाद तुरत परिचय के व्यक्त हो जाने पर 'वही यह मेरा प्रिय मेरे लिए प्राणों को भी तिनके के समान मान कर आया है' इस ज्ञान से उत्पन्न हर्ष को प्रकाशित करते हुए "स्मेरवदनाम्" यह विशेषण उस (नायिका) की रति को भी व्यक्त कर रहा है। (उक्त विशेषण से नायिकानिष्ठ हर्ष एवं रति दोनों व्यक्त होते हैं और तब रति का नायिकानिष्ठ हो जाने पर उभयनिष्ठता सिद्ध हो जाती है, क्योंकि रति नायकनिष्ठ तो पूर्व से ही है। परन्तु प्रधानता तो नायकनिष्ठ रति की

भवनं करुणावती विशन्ती गमनाज्ञालव-लाभलालसेषु ।
तरुणेषु विलोचनाब्जमालामथ बाला पथि पातयाम्बभूव ॥

अत्र कुतश्चिदागच्छन्त्याः पथि तदीयरूपयौवनगृहीतमानसैर्युवभिरनुगम्यमानायाः कस्याश्चिद् भवनप्रवेशसमये निजसेवासार्थक्यविज्ञानाय गमनाज्ञापनरूपलाभलालसेषु तेषु परमपरिश्रमश्रवणसञ्जातकरुणाया गमनाज्ञादाननिवेदकस्य विलोचनाम्बुजमालापरिक्षेपस्यानुभावस्य वर्णनादभिव्यज्यमाना रतिर्बहुवचनेन बहुविषया गम्यत इति भवत्ययमपि रसाभासः ।

बहुनायकविषयरतिस्वरूपं द्वितीयं रसाभासमुदाहरति—**यथा वेति** । काचिद् बाला ग्रामान्तरात् स्वगृहमागच्छन्ती सती (स्वगृहसमीपमागत्य) स्वभवनं प्रविशन्ती (प्रवेशकाले) पथि 'चिरानुगमनानन्तरं गमनस्य परावर्त्तनस्य आज्ञाया यो लवो लेशस्तस्य लाभाय लालसा येषां' तेषु **अनुरक्तेषु** तरुणेषु करुणावती दयावती सती अथ अन्ततो **विलोचनाब्जमालां** नयनकमलश्रेणिं कतिपयकटाक्षान् पातयामास निक्षिप्तवती । अत्र बालाया अनुगमनेन तरुणेषु दृष्टिपातेन च बालायां रतिरभिव्यज्यते ।

निजसेवेति । प्रीत्यानुगमनरूपा तरुणदलकृता युवत्याः सेवा तस्या हृदये मनागपि स्थानं लब्धवती न वेति ज्ञानाय 'भवन्तः स्वगृहान् प्रति प्रस्थातुमर्हन्ति' इति

ही है, क्योंकि यह सम्पूर्ण वाक्यार्थ ही है ।) अन्य (नायिकानिष्ठ रति) तो वाक्य के एकदेशीयार्थ पर ही आश्रित हैं ।

बहुनायकविषयक रतिवाले रसाभास का उदाहरण—कोई तरुणी दूसरे गाँव से अपने घर जा रही थी, रास्ते में एक तरुणदल उसके पीछे मोहित होकर चल रहे थे, जब वह बाला अपने घर प्रवेश करने लगी तो वे युवकगण रुक गये कि अब हमें यह तरुणी प्रस्थान करने की आज्ञा दे तो हम उसी से कृतार्थ हो जायेंगे । दयावती उस तरुणी ने राह पर खड़े उन युवकों पर नयनकमल की श्रेणी ही डाल दी । इसी से वे अपने को धन्य समझ कर चले गये ।

यहाँ कहीं से आती हुई एक युवती का, राह में उसके रूप और यौवन से आकृष्ट मनवाले युवकों ने पीछे-पीछे चलना शुरू कर दिया । जब वह अपने घर के पास पहुँचकर घर में प्रवेश करने लगी तो वे वहाँ रुक गये । देर तक साथ रहने पर भी उस तरुणी का न तो वचन सुना और न ही नजर ही मिला सके । आखिर सुदूर तक अनुगमनरूप अपनी सेवा की सार्थकता (इस सेवा का स्थान उस तरुणी के हृदय में कुछ है या नहीं) को जानने के लिए 'अब आपलोग जा सकते हैं' इस आज्ञा को पाने के हेतु वे युवक तरस रहे थे । वह तरुणी भी उनके अथक परिश्रम को जानकर दया से उन पर अपने नयनकमल से एक नजर डाल दी, जिससे उन्हें जाने की आज्ञा मिल

यथा वा—

भुजपञ्जरे गृहीता, नवपरिणीता वरेण वधूः।
तत्कालजालपतिता, बालकुरङ्गीव वेपते नितराम्॥

अत्र रतेर्नववध्वा मनागप्यस्पर्शादनुभयनिष्ठत्वेनाभासत्वम्। तथा चोक्तम्—

"उपनायक-संस्थायां, मुनि-गुरुपत्नीगतायां च।
बहुनायक-विषयायां, रतौ तथानुभयनिष्ठायाम्"॥ इति।

युवत्युक्तिश्रवणमेव साधकमित्येव तरुणेषु लालसा। सुदूर यावदनुगमनरूपपरिश्रमेण तरुणानां युवती दयावती सती दृष्टि प्रक्षिप्य, न तु वचनेनाज्ञां दत्तवती। **बहुवचनेति**। तेनात्र यदि एकवचनं प्रयुज्यते तर्हि रसप्रतीतिरेव।

रसाभासस्य तृतीयं प्रभेदमनुभयनिष्ठरतिमुदाहरति—**यथा वेति**। नवविवाहिता बाला वरेण (नायकेन) बाहुपाशे गृहीता सती तत्क्षण-जाल-निबद्धा बालमृगी इव नितरां कम्पते। कम्पनेनात्र बालायां त्रास एवाभिव्यज्यते, न रतिः, मुग्धात्वातिशयाद-ननुभूतरतित्वाच्च।

अनुचितत्वं हि रतौ कुत्र कुत्र भवतीति परिगणनं भेदप्रदर्शनपूर्वकं प्राचीनोक्तं प्रस्तौति—**उपनायकेति**। उपपतिविषयिणी, मुनि-गुरु-राजपत्नीविषयिणी, बहुनायक-विषयिणी, अनुभयविषयिणी (एकपक्षाश्रिता) च रतिः चतुर्विधा रसाभासतां याति। अत्र मुनिपत्न्यादिविषयिणी रतिर्हि उपपतिविषयिणी एव, किन्तूपपतिविषयिणी साधारणानौचित्यं, मुनिपत्न्यादिविषयिणी तु अत्यन्तानौचित्यं जनयतीत्यनयोर्भेदः। ग्रन्थकृता तूभयोरेकत्वमेवोररीकृतम्।

गयी। इस गमनाज्ञा देने के सूचक नयनकमलप्रक्षेपरूप अनुभाव के वर्णन से अभिव्यक्त होती हुई रति बहुवचन के द्वारा बहुविषयक सूचित होती है। इसलिए यह भी रसाभास ही है।

रसाभास के तृतीय भेद अनुभयनिष्ठा रति (एकपक्षीय) का उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है—पति ने नवीन विवाहिता वधू को बाहुपाश में बाँध लिया। इससे वह वधू तत्क्षण जाल में फँसी बालमृगी के समान अतिशय काँपने लगी'। कम्पन से यहाँ बाला में त्रास ही व्यक्त होती है, रति नहीं, क्योंकि वह अतिशय मुग्धा है और रति का अनुभव अभी उसे हुआ ही नहीं है।

यहाँ रति का नववधू से थोड़ा भी स्पर्श न होने के कारण अनुभयनिष्ठ (दोनों में न रहकर एक में ही स्थित) द्वारा आभासता है। जैसा कि कहा गया है—

उपपति में रहने वाली, मुनिपत्नी, गुरुपत्नी आदि में रहने वाली, बहुतों नायकों में एक नायिका द्वारा रहने वाली और अनुभयनिष्ठा रति आभासता को प्राप्त करती है।

अत्र मुनिगुरुशब्दयोरुपलक्षणपरतया राजादेरपि ग्रहणम्। अथात्र किं व्यङ्ग्यम् ?—

व्यानम्राश्चलिताश्चैव, स्फारिताः परमाकुलाः।
पाण्डुपुत्रेषु पाञ्चाल्याः, पतन्ति प्रथमा दृशः॥

अत्र व्यानम्रतया धर्मात्मताप्रयोज्यं युधिष्ठिरे सभक्तित्वम्, चलिततया स्थूलाकारताप्रयोज्यं भीमसेने सत्रासत्वम्, स्फारिततया अलौकिकशौर्यश्रवणप्रयोज्यम् अर्जुने सहर्षत्वम्, परमाकुलतया परमसौन्दर्यप्रयोज्यं नकुल-सहदेवयोरौत्सुक्यं च व्यञ्जयन्तीभिर्दृग्भिः पाञ्चाल्या बहुविषयाया रतेरभिव्यञ्जनाद् रसाभास एवेति नव्याः। प्राञ्चस्तु अपरिणेतृबहुनायकविषयत्वे रतेराभासतेत्याहुः।

अथात्रेति। यदि बहुनायकविषया रती रसाभासस्तर्हि द्रौपद्याः पञ्च पाण्डवान् स्वीयान् प्रति प्रकाशितभावद्वारा किं व्यङ्ग्यं ? रसो रसाभासो वा ? स्वीयत्वेन रसो वा, बहुत्वेन रसाभासो वेति विचारणा। विशेषेण आ समन्तान्नम्राः।

बहुविषयाया इति। भक्ति-त्रासयो रतेरव्यञ्जनादपि हर्ष-परमाकुलत्वाभ्यामर्जुन-नकुल-सहदेवेषु द्रौपद्या रतेर्व्यञ्जनाद् बहुविषयत्वं सिद्धमेव। अत्र रसाभास एवेति नवीनाः, बहुनायकविषयत्वमात्रेण तत्सिद्धेः। विवाहित-बहुनायक-विषयत्वे रस एव न रसाभास इति रस एवात्र व्यङ्ग्यमिति प्राचीनाः। 'तु'शब्देन प्राचीनमतेऽरुचिः सूचिता इति नागेशभट्टः, रसाभासलक्षणे तद्भेदविवरणे वा परिणयशब्दस्योल्लेखाभावात्। चन्द्रिकाकृतस्तु प्राचीनमतस्य पूर्वोल्लेखनार्हस्य पश्चान्निर्देशस्तस्य गरीयस्त्वं सूचयति। रसाभासलक्षणे लोकशास्त्रगर्हितत्वरूपानौचित्यस्य प्रवेशेन, प्रकृते तथाविधानौचित्या-

---

यहाँ मुनि और गुरु शब्द उपलक्षण (दृष्टान्तपरक) हैं, इसलिए राजा, मित्र आदि का भी ग्रहण हो जाता है। यहाँ प्रथम भेद साधारण अनौचित्यप्रयुक्त है, जब कि द्वितीय भेद अत्यन्त अनौचित्य के कारण।

अब प्रश्न उठता है कि यदि बहुनायकगत रति को रसाभास मानते हैं तो स्वीय बहुनायकगत रति भी रसाभास ही होगा, पर इसे लोक में अनुचित नहीं माना जाता है। तो अग्रिम उदाहरण में व्यंग्य है क्या—रस या रसाभास ?

पाण्डुपुत्रों (पाण्डवों) पर द्रौपदी की प्रथम दृष्टियाँ इस प्रकार पड़ रही हैं—विनम्र, चञ्चल, विकसित और परम व्याकुल।

यहाँ (दृष्टि के) अतिविनम्र होने से 'धर्मात्मा होने के कारण युधिष्ठिर' के प्रति भक्ति को, चञ्चल होने से 'मोटा-तगड़ा होने के कारण भीमसेन' के प्रति भय को, विकसित होने से 'अद्भुतवीर' होने के यशःश्रवण के कारण अर्जुन के प्रति हर्ष को और परम व्याकुल होने से 'परम सुन्दर होने के कारण नकुल तथा सहदेव' के प्रति औत्सुक्य को व्यञ्जित करती हुई दृष्टियों से द्रौपदी के अनेक पुरुषविषयक रति के

तत्र शृङ्गाररस इव शृङ्गाररसाभासोऽपि द्विविधः, संयोग-विप्रलम्भ-भेदात् । संयोगाभासस्त्वनुपदमेवोदाहृतः । विप्रलम्भाभासो यथा—

व्यत्यस्तं लपति क्षणं, क्षणमथो मौनं समालम्बते,
सर्वस्मिन् विदधाति किं च विषये दृष्टिं निरालम्बनाम् ।
श्वासं दीर्घमुरीकरोति, न मनागङ्गेषु धत्ते धृतिं,
वैदेही-कमनीयता-कवलितो, हा हन्त ! लङ्केश्वरः ॥

अत्र सीतालम्बनेयं लङ्केशगता विप्रलम्भरतिरनुभयनिष्ठतया, जगद्गुरुपत्नीविषयकतया चाभासतां गता 'व्यत्यस्तं लपती'त्यादिभिरुक्तिभिर्व्यज्यमानैरुन्माद-श्रम-मोह-चिन्ता-व्याधिभिस्तथैवाभासतां गतैः प्राधान्येन परिपोष्यमाणा ध्वनिव्यपदेशहेतुः ।

सम्भवान्नात्र रसाभास इति । यत्तु रसचन्द्रिकाकृद् 'न च तस्याम् (अनुभयनिष्ठायां) रतेरयुक्तताधीर्लोकस्य'' इति तन्नास्मभ्यं रोचते, एकपक्षीयरतिस्थले विवाहितायामविवाहितायां वा अनौचित्यस्य सर्वानुभवसिद्धत्वात्, अनौचित्याभावे हि रसाभासलक्षणमेव तत्राव्याप्तं स्यात् ।

अनुपदमेवेति । सद्यः प्रदर्शितपूर्वोदाहरणत्रये । **व्यत्यस्तमिति** । हा हन्त ! वैदेह्या जानक्याः कमनीयतया सौन्दर्येण कवलितो ग्रस्तोऽत्यन्तमाकृष्टो लङ्केश्वरो रावणः क्षणं व्यत्यस्तमसम्बद्धं लपति प्रलापं करोति, अथोऽनन्तरं क्षणं मौनं समालम्बते, किञ्च अपि च सर्वस्मिन् विषये निरालम्बनां शून्यां निष्फलां दृष्टिं विदधाति निक्षिपति दृष्टि-

---

अभिव्यक्त होने के कारण यह रसाभास ही है—ऐसा नवीन आचार्य कहते हैं । परन्तु प्राचीन आचार्य तो अविवाहित अनेक नायक विषय की रति को ही आभास मानते हैं । यहाँ तो पाँचों पाण्डव द्रौपदी से परिणय करने वाले हैं, अतः यहाँ रस ही है ।

शृंगार रस जैसे दो प्रकार का होता है, वैसे ही शृंगाररसाभास भी संयोग और विप्रलम्भ भेद से दो प्रकार का है । उनमें संयोगाभास का तो अभी-अभी उदाहरण दिया जा चुका है । अब विप्रलम्भाभास का उदाहरण दिया जा रहा है—

हाय हाय ! सीता के सौन्दर्य से वशीभूत लंकाधिपति रावण अत्यन्त व्याकुल है—क्षण में उलटा-पुलटा (असम्बद्ध) बोलता है, क्षण में ही चुप हो जाता है (चुप्पी लगा लेता), सभी विषयों में शून्य दृष्टि लगाता है (देखते हुए भी न देख पाता है), दीर्घ श्वास लेता है और अंगों में स्थिरता नहीं रखता है ।

यहाँ सीता पर आश्रित रावण में स्थित विप्रलम्भ रति अनुभयनिष्ठ होने के कारण एवं जगद्गुरु श्रीरामचन्द्र की पत्नी के विषय में रहने के कारण आभास (रत्याभास) होकर 'व्यत्यस्तं लपति' इत्यादि उक्तियों के द्वारा अभिव्यक्त (व्यंग्यार्थ) होते हुए उन्माद, श्रम, मोह, चिन्ता और व्याधि, जो आभास हो रहे हैं, के द्वारा

एवं कलहशील-कुपुत्राद्यालम्बनतया वीतरागादिनिष्ठया च वर्ण्यमानः शोकः, ब्रह्मविद्यानधिकारिचाण्डालादिगतत्वेन च निर्वेदः, कदर्य-कातरादिगतत्वेन पित्राद्यालम्बनत्वेन वा क्रोधोत्साहौ, ऐन्द्रजालिकाद्यालम्बनत्वेन च विस्मयः, गुर्वाद्यालम्बनतया च हासः, महावीरगतत्वेन भयम्, यज्ञीयपशुवसाऽसृङ्मांसाद्यालम्बनतया वर्ण्यमाना जुगुप्सा च रसाभासाः। विस्तृतिभयाच्चामी नोदाहृताः सुधीभिरुन्नेयाः।

क्षेपेणापि विषयं प्रत्यक्षीकर्तुं न प्रभवतीत्यर्थः। दीर्घं श्वासमङ्गीकरोति, अङ्गेषु च मनागपि ईषदपि धृतिं न धत्ते। अत्र प्रलापेन उन्मादः, मौनालम्बनेन श्रमः, दृष्टिदानेऽप्यदर्शनात् मोहः, दीर्घश्वासाच्चिन्ता, धैर्याभावाच्च व्याधिर्भावोऽभिव्यज्यते, तैश्च विप्रलम्भाभासो व्यज्यते, प्राधान्येन च तस्यैव ध्वनिपदव्यवहार्यता।

एवमिति। अनुचितालम्बनादिगता रतिर्यथा रसाभासो भवति, तथैव अनुचितालम्बननिष्ठा अनुचिताश्रयनिष्ठाश्च शोकादयः सर्वेऽपि स्थायिभावा रसाभासतां यान्ति। पित्रा कलहं कृत्वा कुपुत्रो हि पितुः शोकस्य कारणतया आलम्बनविभावो भवति, एवंविधानुचित-कलहोत्पन्नः शोको, वीतरागो विरक्तः तन्निष्ठस्तदाश्रितोऽपि शोको हि करुणरसाभासः। शोक-मोहादिशमनेनैव वीतरागत्वं भवति, तस्मिन् शोको नोचितः। नित्यानित्यवस्तुविवेकजन्यस्य निर्वेदस्य ब्रह्मविद्याज्ञानादेव प्रादुर्भावः सम्भवति, चाण्डालादेः स्वभाव एव तथाविधविवेकवैमुख्यस्य। अत एवानधिकारित्वमुक्तम्। कदर्यः कृपणः, कातरो भीरुः, आदिपदेन दुर्बलखञ्जादिपरिग्रहः, तदाश्रितयोः, गुरुपित्राद्यालम्बयोः शिष्यपुत्राद्याश्रितयोः क्रोधोत्साहयोरनौचित्येन रौद्र-वीररसाभासता। ऐन्द्रजालिक

प्रधान रूप से परिपुष्ट होने के कारण ध्वनि कहलाने योग्य है। तात्पर्य यह है कि यहाँ उन्मादादि भावाभास रत्याभास के उपकारक होने से गौण है, उन्हें ध्वनि की पदवी नहीं मिल सकती है, जबकि रत्याभास उनके द्वारा पुष्ट होने के कारण ध्वनि ही है।

इसी प्रकार श्रृंगाराभास की तरह करुणादि रसों के भी आलम्बनगत अनौचित्य से करुणाभासादि होते हैं। यथा— पिता से कलह करने वाले कुपुत्र के आलम्बन से पितृगत शोक एवं विरक्त में रहने वाला शोक वर्णित होने पर करुणाभास हो जाता है। ब्रह्मविद्या के अनधिकारी चाण्डाल आदि (घोर कुकृत्यों में लिप्त) में स्थित निर्वेद वर्णित होने पर शान्तरसाभास हो जाता है। कृपण एवं कायर आदि में स्थित अथवा पिता आदि गुरुजनों पर होने वाला पुत्रादि स्थित क्रोध और उत्साह वर्णित होने पर क्रमशः रौद्र एवं वीर रस के आभास होते हैं। जादूगर आदि के आलम्बन से उत्पन्न विस्मय अद्भुतरसाभास होता है। गुरु आदि के आलम्बन से शिष्यादिगत हास हास्यरसाभास होता है। महान् वीर में स्थित भय वर्णित होने पर भयानक रसाभास होता है। यज्ञ में घातित पशु के चर्बी, शोणित, मांस आदि के आलम्बनरूप में वर्णित

एवमेवानुचितविषया भावाभासाः ।

यथा—

सर्वेऽपि विस्मृतिपथं विषयाः प्रयाता
विद्यापि खेदकलिता विमुखीबभूव ।
सा केवलं हरिणशावकलोचना मे
नैवापयाति हृदयादधिदेवतेव ॥

गुरुकुले विद्याभ्याससमये तदीयकन्यालावण्यगृहीतमानसस्य, अन्यस्य वा कस्यचिदतिप्रतिषिद्धगमनां स्मरतो देशान्तरं गतस्येयमुक्तिः ।

इन्द्रजालाख्याद्भुतविद्याप्रदर्शकः । यज्ञीयपशुघातस्य लोके सहृदयैर्नानौचित्यं ज्ञायते । यैर्बौद्धादिभिस्तत्रानौचित्यप्रतीतिः क्रियते, तेषां तत्र रसाभास एव ।

एवमेवेति । रसाभासवदेव आलम्बनविभावगता अनुचिता विषया येषां ते भावा एव भावाभासा भवन्ति । तथा च भावविशेषा एव भावाभासाः । स्थायिभावाश्रितास्तु रसाभासाः ।

उदाहरति—**सर्वे** इति । अधुना प्रियायाः स्मरणावसरे सर्वेऽपि विषया दर्शन-श्रवणादिविषयाः चिरसेविता अपि विस्मृतिपथं गताः, चिरादभ्यस्ता विद्याऽपि पराङ्गना-प्रीतिदर्शनेनेर्ष्यावशात् खेदकलिता खिन्ना सती मद्विमुखीभूता । परन्तु केवलमेका साऽचिरपूर्वं सेविता हरिण-शिशुलोचना प्रिया मे मम हृदयाद् अधिदेवता पृथिव्याद्य-धिष्ठातृदेवतेव नैव अपयाति कदापि नैव दूरीभवति ।

तदीयेति । गुरुकुलसम्बन्धिनीत्यर्थः । 'अप्रतिषिद्धे'ति मूलपाठो हि मूलोच्छेद-करत्वादुपेक्षितः, तथा सति अनौचित्याभावाद् भावाभासतैवात्र न स्यात् ।

होने पर घृणा ही बीभत्स रसाभास होता है । ग्रन्थविस्तार के भय से इन सभी रसा-भासों का उदाहरण नहीं दिया गया है, इन उदाहरणों का ऊह स्वयं विद्वान् लोग कर लेंगे ।

इसी प्रकार रसाभास की तरह ही अनुचित विषय रहने पर भावाभास होते हैं । अर्थात् जिस भाव का आलम्बनविभाव अनुचित हो उसे भावाभास कहते हैं । सहृदयों को जो अनुचित मालूम पड़े उसे ही यहाँ अनुचित कह सकते हैं । उदाहरण—

विरही नायक कहता है कि अभी (इस विरह-व्यथा में) सभी विषय (दर्शन—श्रवणादि से उत्पन्न) विस्मृति के मार्ग पर गयी हुई विद्या भी (परस्त्री-विषयक प्रीति देख) खिन्न होकर विमुख हो गयी, केवल मेरी वह (पूर्वदृष्टा अनुरक्ता) बालहरिण-लोचना (प्रिया) अधिष्ठात्री देवी के समान मेरे हृदय से कभी नहीं जाती है ।

गुरुकुल में विद्याभ्यास के समय गुरुपुत्री के सौन्दर्य से आकृष्ट मन वाले या

अत्र च स्वात्मत्यागात्यागाभ्यां स्रक्चन्दनादिषु विषयेषु चिरसेवितायां विद्यायां च कृतघ्नत्वम्, अस्यां च लोकोत्तरत्वमभिव्यज्यमानं व्यतिरेकवपुः स्मृतिमेव पुष्णातीति सैव प्रधानम्। एवं च त्यागाभावगतं सार्वदिकत्वं व्यञ्जयन्त्यधिदेवतोपमापि। एषा चानुचितविषयकत्वादनुभयनिष्ठत्वाच्च भावाभासः। यदि पुनरियं तत्परिणेतुरेवोक्तिः, तदा भावध्वनिरेव।

अत्र व्यङ्ग्योऽपि व्यतिरेकालङ्कारः स्मृतेरङ्गमेव। तथाहि—आजन्मसेविताः स्रक्चन्दनादयो विषयाः चिरसेविता विद्या च स्वस्मिन् आत्मीये चिरसेवके नायके आत्मनः स्वत्वस्य (विषयत्व-विद्यात्वयोः) त्यागेन कृतघ्नतां कृतज्ञत्वाभावं प्रकाशयतः, किन्तु इयं हरिणशावकलोचना स्वस्मिन् आत्मीयेऽचिरसेवके नायके आत्मनः स्वत्वस्य (प्रियात्वस्य) अत्यागेन कृतज्ञतामेव व्यनक्तीति त्रयाणां विषय-विद्या-नायिकानां सेव्यत्वेन साम्येऽपि त्यागात्यागाभ्यां वैषम्यदर्शनाद् व्यतिरेकः स्मृतिपोषकत्वेनाङ्गम्। यथा पृथिव्याद्यधिष्ठातृदेवता स्वसेवकं न कदापि त्यजति तथैवेयं नायिकापि इत्युपमापि स्मृतेरेव पोषिका।

अनुचितविषयकत्वात् अतिप्रतिषिद्धनायिकाचिन्तनविषयत्वात्, अनुभयनिष्ठत्वादेकतरनिष्ठत्वादिति। यदि तया नायिकया परिणयानन्तरं विदेशस्थस्य नायकस्योक्तिरियं तदा स्मृतिभावध्वनिरेव न भावाभासः, अनुचितत्वाभावात्।

किसी अन्य विदेशस्थ नायक की यह उक्ति है, जो रति के लिए अत्यन्त निषिद्ध नायिका का स्मरण कर रहा है।

यहाँ आजन्म सेवित माला, चन्दन आदि विषयों एवं चिरकाल से सेवित विद्या में स्वसेवक (नायक) के प्रति आत्मत्याग (विषयत्व एवं विद्यात्व को छोड़ने) के कारण उससे कृतघ्नता एवं इस (नायिका) में स्वसेवक (नायक) के प्रति आत्मत्याग (नायिकात्व रूप से न छोड़ने) के कारण उससे अलौकिक (अद्भुत) कृतज्ञता अभिव्यक्त होती हुई व्यतिरेकस्वरूप से स्मृतिभाव को ही पुष्ट कर रही है। नायक के द्वारा सेवित विषय, विद्या और नायिका में सेवितत्व रूप से सादृश्य रहने पर भी चिरसेवित विषय और विद्या द्वारा नायक का त्याग और अचिरसेवित नायिका द्वारा अत्याग रूप ही व्यतिरेक है। इसी तरह त्याग न करने में 'सदा' इस गुण को व्यक्त करती हुई पृथिव्यादि अधिदेवता की उपमा भी स्मृति को ही पुष्ट कर रही है। यहाँ व्यंग्य अलंकार गौण एवं स्मृतिभावाभासध्वनि प्रधान है। यह स्मृति अनुचित (परस्त्री) विषयक होने से एवं अनुभयनिष्ठ (केवल नायकनिष्ठ) रहने से भावाभास है और यदि यह उक्ति वर्णित नायिका के पति की ही हो, तो भावध्वनि ही है।

अथ भावशान्तिः

भावस्य प्रागुक्तस्वरूपस्य शान्तिर्नाशः।

स चोत्पत्त्यवच्छिन्न एव ग्राह्यः, तस्यैव सहृदयचमत्कारित्वात्। उदाहरणम्—

> मुञ्चसि नाद्यापि रुषं, भामिनि! मुदिरालिरुदियाय।
> इति तन्व्याः पतिवचनैरपायि नयनाब्जकोणशोणरुचिः॥

इह तादृश-प्रियवचनश्रवणं विभावः, नयनकोणगतशोणरुचेर्नाशः, तदभिव्यक्तः प्रसादो वाऽनुभावः। उत्पत्तिकालावच्छिन्नो रोषनाशो व्यङ्ग्यः। तथा—

भावस्येति। सञ्चारिभावस्य हर्षाद्यन्यतमस्य नाशो भावशान्तिः। स च नाशश्च उत्पत्तिकालिको भावलोपाव्यवहितकालिक एव सहृदयचमत्कारकत्वाद् भावशान्तिः कथ्यते, न तु नाशोत्तरदीर्घकालिकः। उदाहरति—**मुञ्चसीति**। हे भामिनि कोपने! मुदिरालिर्मेघमाला उदियाय प्रादुर्भूता, त्वञ्च अद्यापि इदानीमपि रुषं कोपं न मुञ्चसि, मेघमालादर्शनेन तव कोपस्य स्थितिरसम्भवेति। **इति** एवंविधैः पतिवचनैः तन्व्याः कोमलाङ्ग्याः नयनकमलकोणगतरक्तताछविः अपायि पीता विनाशितेति यावत्। शोणरुचिद्वारामर्षभावः पूर्वस्थितो व्यज्यते, पतिवचनेन च तन्नाशस्य सद्योजातत्वेनामर्षभावशान्तिः।

तादृशं मेघमालागमनबोधकं रतेः परमोद्दीपकम्। शोणरुचिनाशाद् अभिव्यक्तो

अब भावशान्ति का निरूपण करते हैं। पूर्वोक्त हर्षादि भावों के शान्तिकालिक स्वरूप को भावशान्ति कहते हैं।

लक्षण में 'नाश' पद से उत्पत्तिकालिक नाश का ही ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि सहृदयों को वही चमत्कृत करता है। उदाहरण—

'हे कोपने! मेघमाला उदित हो गयी, पर अभी भी कोप को नहीं छोड़ रही हो' पति के इन वचनों ने कोमलाङ्गी के नयनकमल के कोने में स्थित लाल छवि को पी लिया।

मेघमालादर्शन से मानिनी का मान टिक नहीं सकता है। यहाँ इस प्रकार के प्रियतम-कथित वचन का सुनना विभाव है और नयनकमल के कोने में स्थित लाल छवि का नाश या उस लाल छवि के नाश से प्रकटित प्रसन्नता अनुभाव है।

इसी तरह वर्णन के समय में ही भाव की उत्पत्ति को भावोदय कहते हैं। उदाहरण—

हर्ष से प्रिय को आलिङ्गित करती हुई नायिका ने अचानक प्रिय के छाती पर

भावोदयो भावस्योत्पत्तिः ।

उदाहरणम्—

वीक्ष्य वक्षसि विपक्षकामिनी-हारलक्ष्म दयितस्य भामिनी ।
अंसदेश-वलयीकृतां क्षणादाचकर्ष निजबाहु-वल्लरीम् ॥

अत्रापि दयितवक्षोगत-विपक्षकामिनी-हारलक्ष्मदर्शनं विभावः । प्रियांसदेश-वलयीकृत-निजबाहु-लताकर्षणमनुभावः । रोषादयो व्यङ्ग्यः ।

यद्यपि भावशान्तौ भावान्तरोदयस्य, भावोदये वा पूर्वं भावशान्तेरावश्यकत्वाद् नानयोर्विविक्तो व्यवहारस्य विषयः, तथापि द्वयोरेकत्र चमत्कारविरहात्, चमत्काराधीनत्वाच्च व्यवहारस्य, अस्ति विषयविभागः ।

नायिकागतः प्रसाद एव अमर्षनाशसूचक इति तस्यैवानुभावत्वमित्यभिप्रायेण पक्षान्तरमुक्तम् । उत्पत्तिकालावच्छिन्नः सद्योजायमानः ।

भावोदयं निरूपयति—**भावोदय** इति । वर्णनप्रसङ्गेऽविद्यमानस्य कस्यचिद् भावस्य उत्पत्तिर्जन्म भावोदयशब्देनोच्यते ।

वीक्ष्येति । हर्षेण प्रियालिङ्गिता भामिनी अकस्मात् प्रियस्य वक्षसि विपक्षकामिन्याः प्रतिनायिकाया अचिरोपभोगकालिक-हारचिह्नं वीक्ष्य अंसदेशवलयीकृतां प्रियस्कन्धोपरि वेष्टितां निजबाहुलतां क्षणादेव आचकर्ष पृथक्कृतवती । अत्र हर्षभावनाशोत्तरममर्षभावस्योत्पत्तिः प्रधानतया वर्णितत्वेन ध्वनिः ।

अत्रापीति । पूर्ववर्णितभावशान्त्युदाहरणे अमर्षभाव एव आश्रितः, अत्रापि भावोदये स एव वर्णितः । पूर्ववदत्रापि रोषपदममर्षस्य बोधकम् ।

भावान्तरोदयस्येति । पूर्वोक्तभावशान्त्युदाहरणे अमर्षनाशे हर्षोदयस्य,

---

उपनायिका के हारचिह्न को देखकर क्षणभर में उसके (प्रिय के) कन्धे से लिपटी बाँहरूपी लता को हटा ली ।

यहाँ हर्षभाव के नाश के बाद अमर्ष भाव की उत्पत्ति ही प्रधानतया वर्णित है । अतः यह भावोदय ध्वनि का उदाहरण है ।

भावशान्ति की तरह यहाँ भी अमर्ष भाव ही आश्रित है । प्रिय के छाती पर स्थित विरोधिनी नायिका (सपत्नी) के हारचिह्न का दर्शन विभाव है । प्रिय के कन्धे पर लिपटी अपनी बाहुलता को खींचकर हटा लेना अनुभाव है । 'सपत्नी से यह मेरा प्रिय प्रेम करता है' इस अपराध से रोष, 'सपत्नी ने इसे मोह लिया है' इस ज्ञान से ईर्ष्या आदि व्यंग्य होते हैं ।

यद्यपि जहाँ भावशान्ति वर्णित होगी वहाँ किसी भाव का उदय भी अवश्य होगा और जहाँ भावोदय होगा वहाँ किसी भाव की शान्ति अवश्य होगी—यह निश्चित है और ऐसी स्थिति में इन दोनों भावशान्ति एवं भावोदय का एक-दूसरे से अलग रूप

एवम्—

भावसन्धिरन्योन्यानभिभूतयोरन्योन्याभिभावनयोग्ययोः सामानाधिकरण्यम्। उदाहरणम्—

यौवनोद्गम-नितान्तशङ्किताः, शीलशौर्यबलकान्तिलोभिताः।
संकुचन्ति विकसन्ति राघवे, जानकीनयन-नीरजश्रियः॥

अत्र भगवद्दाशरथिगतस्य लोकोत्तरयौवनोद्गमस्य, तादृशस्यैव शील-शौर्यादेश्च दर्शनं विभावः। नयनगत-सङ्कोचविकासावनुभावः। व्रीडौत्सुक्ययोः सन्धिर्व्यङ्ग्यः। तथा—

प्रस्तुतोदाहरणे च हर्षनाशे अमर्षोदयस्य दर्शनेन उभयोः परस्परं सामानाधिकरण्यमेव। **विविक्तः** = पृथक्कृतः। सहृदयैर्यदंशे चमत्कारोऽधिकोऽनुभूयते तत्र तस्यैव ध्वनितवम्।

पूर्वोक्त-हर्षादिभावेषु कयोश्चिद् द्वयोरेकदेशकालस्थयोः प्रधानयोरेव परस्पर-प्रभावयुक्तयोः भावसन्धिरित्याख्या भवति। अनभिभूतयोरतिरस्कृतयोः प्रधानयोरेवेति भावः। उभयोरितरेतरस्याभिभवनयोग्यत्वे सति न कस्याप्यभिभवः सम्भवति, अपितु समबलराज्ञोरिव परस्परं सन्धिर्मैत्री एव भवति। एकतरस्याभिभवे, उभयोरसम्बद्धत्वे वा सन्धिरेव न सम्भवतीति विशेषणद्वयं लक्षणे प्रयुक्तम्।

यौवनेति। जानकीनयननीरजश्रियः सीतानयनकमलशोभाः, यौवनस्य सद्य उद्गमेन नितान्तमतिशयेन शङ्किताः, राघवीय-शील-शौर्यबलकान्तिषु लोभिता सत्यः राघवे श्रीरामचन्द्रोपरि लज्जया संकुचन्ति, औत्सुक्याच्च विकसन्ति। यौवनोद्गमेत्यादिना व्रीडा, शीलेत्यादिनोत्साहोऽभिव्यज्यते।

में (स्वतन्त्र) व्यवहार का विषय हो ही नहीं सकता, तथापि दोनों के एक स्थल में चमत्कारक नहीं होने के कारण और भावशान्त्यादि व्यवहार का चमत्कार के अधीन रहने से दोनों का विषय अलग-अलग ही है। एक स्थान पर दोनों की स्थिति मात्र रहती है, चमत्कार तो एक ही में रहता है और जिसमें चमत्कार रहेगा, वहाँ उसी का विषय माना जायेगा।

इसी तरह पूर्वोक्त हर्षादि भावों में एक स्थल या समय में स्थित किन्हीं दो प्रधान (किसी का अङ्ग नहीं) भावों का परस्पर एक-दूसरे से प्रभावित होकर (एक आश्रय पर) रहने को भावसन्धि कहते हैं। उदाहरण—

स्वयंवर में जानकी के नयनकमलों की शोभाएँ राघव के प्रति उनके यौवन के सद्यः उद्गम से अत्यन्त शंकित होती हुईं एवं शील, वीरता, बल तथा कान्तियों में लुभायी हुईं कभी संकुचित एवं कभी विकसित होती हैं।

यहाँ भगवान् राम में स्थित अलौकिक यौवन की उत्पत्ति का और उसी तरह के (अलौकिक) शील, शौर्य आदि का दर्शन विभाव है। आँखों का संकुचित एवं विकसित होना अनुभाव है। लज्जा और औत्सुक्य भावों की सन्धि व्यंग्य है। इसी तरह—

भावशबलत्वं भावानां बाध्यबाधकभावमापन्नानाम् उदासीनानां वा व्यामिश्रणम् ।

एकचमत्कृतिजनकज्ञानगोचरत्वमिति यावत् । उदाहरणम्—

पापं हन्त ! मया हतेन विहितं, सीतापि यद् यापिता,
सा मामिन्दुमुखी विना बत ! वने किं जीवितं धास्यति ?
आलोकेय कथं मुखानि कृतिनां, किं ते वदिष्यन्ति मां,
राज्यं यातु रसातलं पुनरिदं, न प्राणितुं कामये ॥

पूर्वोक्तहर्षादिभावानां मध्यतः केषाञ्चन विरुद्धानां बाध्यबाधकभावापन्नानाम् अविरुद्धानां च तटस्थानामेकचमत्कारोपस्थितानां मिथो व्यामिश्रणमितस्ततोऽवस्थानं भावशबलत्वम् भावानां चित्रत्वम् । भिन्नाकृतीनां चित्राणां विरुद्धानां तटस्थानां वा एकसन्दर्भान्वियेनैकचित्रता कर्गतादिषु दृश्यते, तद्वदेव भावशबलत्वं नानावाक्यगतानां भावानां विरुद्धानां तटस्थानां वा एकसन्दर्भान्वयित्वमेव । व्यामिश्रत्वमेव स्पष्टीकरोति—**एकचमत्कृतीति** । ज्ञानविषयत्वमित्यर्थः ।

पापमिति । सीतापरित्यागानन्तरं सन्तप्यमानस्य श्रीरामस्योक्तिरियम् । हन्त ! मया रामेण हतेन हतकेन पापं दुष्कृत्यं विहितं, यत् सीतासदृशी पतिव्रताऽपि यापिता वनाय प्रस्थापिता निर्वासिता, बत हन्त ! मां विना सा इन्दुमुखी किं वने स्थिता जीवनं धास्यति ? नैव धारयिष्यति । अहं दुष्कर्मैतत् कृत्वा सुकृतीनां पुण्यात्मनां सभ्याना मुखानि कथमालोकेय पश्येयम् ? ते सुकृतिनो मां रामं किं धिक्कारं वदिष्यन्ति इति न जाने । मम राज्यं रसातलं पातालं यातु, न मे तेन प्रयोजनम्, प्राणितुं जीवितुमपि नाहं कामये, दुःखदुर्यशोज्वालासहनाक्षमो मरणमेवेच्छामि ।

परस्पर विरुद्ध (एक दूसरे के बाधक) या तटस्थ (न साधक और न बाधक) दो से अधिक हर्ष आदि भावों के विशिष्टरूप से मिलने को भावशबलता कहते हैं ।

व्यामिश्रण (विशिष्ट रूप से मिलने) का तात्पर्य है कि इन भावों के अनेक वाक्यों में रहने पर भी एक चमत्कार को उत्पन्न करने वाले ज्ञान से ही उनकी प्रतीति होती हो ।

उदाहरण—सीता-परित्याग के बाद सन्ताप से व्याकुल श्रीराम कहते हैं कि हाय ! हत्यारा मैंने पाप किया जो सीता जैसी पतिव्रता पत्नी को भी वन को विदा कर दिया । हाय ! वह चन्द्रमुखी मेरे बिना वन में जीवन को धारण कर सकेगी क्या ? (नहीं कर सकेगी) । मैं सज्जनों के मुखों को कैसे देखूं ? वे मुझे क्या कहेंगे ? मेरा यह राज्य रसातल में चला जाय । मैं जीना नहीं चाहता हूँ ।

अत्र मत्यसूया-विषाद-स्मृति-वितर्क-व्रीडा-शङ्कानिर्वेदानां प्रागुक्त-स्वस्वविभावजन्मनां शबलता ।

यत्तु **काव्यप्रकाशटीकाकारैः** "उत्तरोत्तरेण भावेन पूर्वपूर्वभावोपमर्दः शबलता" इत्यभ्यधीयत, तन्न—

'पश्येत् कश्चिच्', 'चल ! चपल रे !', 'का त्वरा' ? 'ऽहं कुमारी',
'हस्तालम्बं वितर', 'हहहा !!, व्युत्क्रमः', 'क्वासि' 'यासि' ॥

इत्यत्र शङ्काऽसूया-धृति-स्मृति-श्रम-दैन्य-मत्यौत्सुक्यानामुपमर्दलेशशून्यत्वेऽपि शबलताया राजस्तुतिगुणत्वेन पञ्चमोल्लासे मूलकृतैव निरूपणात् ।

अत्रेति । मया पापं विहितमित्यनेन मतिः, हतेनेत्यनेनासूया, सीतापीत्यनेन विषादः, सेत्यनेन स्मृतिः किं जीवितमित्यनेन वितर्कः, कथमालोकयेत्यादिना व्रीडा, 'किं ते' इत्यनेन शङ्का, राज्यं यात्वित्यनेन च निर्वेदो व्यज्यते । एतेषां भावानाम् एकान्वयिपृथग्वाक्येष्ववस्थितानामुदासीनानामवस्थानं भावशबलता ।

यत्त्विति । काव्यप्रकाशटीकाकारा बाध्यबाधकभावापन्नानां भावानामेकान्वयिनामेव भावशबलत्वमिच्छन्ति । उपमर्दोऽभिभवः । तटस्थानामपीति प्रस्तुतलक्षणेन ग्रहणम् । तत्र काव्यप्रकाशकारव्यवहारः तटस्थानामपि भावानां शबलत्वं ज्ञापयति, तेन टीकाकारा मूलकृन्मतविरोधित्वेनोपेक्ष्याः ।

पश्येदिति । पश्येत् कश्चिदित्यनेन शङ्का, चपलेत्यनेनासूया, का त्वरा इत्यनेन धृतिः, कुमारीत्यनेन स्मृतिः, हस्तालम्बमित्यनेन श्रमः, हहहेत्यनेन दैन्यम्, व्युत्क्रम इत्यनेन मतिः, क्वासीत्यनेन च औत्सुक्यं परस्पराभिभवशून्यत्वेऽपि राजस्तुतिगुणत्वेन एकान्विताः, भावशबलत्वेन काव्यप्रकाशे पञ्चमोल्लासे वर्णिताः ।

यहाँ पूर्वोक्त अपने-अपने विभावों से उत्पन्न मति, असूया, बिषाद, स्मृति, वितर्क, व्रीडा, शङ्का और निर्वेद भावों की शबलता (चित्रता) है ।

यह जो काव्यप्रकाश के टीकाकारों ने कहा है कि "पूर्व-पूर्व भाव का अपने से उत्तर (आगे आने वाले) भाव के द्वारा दबा देने को शबलता कहते हैं"—सो उचित नहीं है, क्योंकि—

'कोई देख लेगा', 'चल रे चञ्चल !' 'जल्दबाजी क्या है' ? 'मैं कुमारी हूँ', 'हाथ का सहारा दो', 'हाय हाय !' 'क्रम भंग हो गया', 'कहाँ हो, कहाँ जा रही हो' ?

यहाँ क्रमशः शंका, असूया, धृति, स्मृति, श्रम, दैन्य, मति और औत्सुक्य भावों में किसी के थोड़े भी दबाने (उपमर्द) से रहित होने पर भी शबलता के द्वारा राजस्तुति के गुण (उपकारक) रूप से काव्यप्रकाश के पञ्चम उल्लास में स्वयं मूल-ग्रन्थकार मम्मट ने ही निरूपित कर दिया है । अतः उत्तर-उत्तर भावों के द्वारा पूर्व-पूर्व भावों का उपमर्द ही शबलता है, यह मत खण्डित हो जाता है ।

स्वोत्तरविशेषगुणेन जायमानस्तु नाशो न व्यङ्ग्यः, नवोपमर्दपदवाच्यः, नापि चमत्कारी। तस्मात्—

नारिकेलजलक्षीर-सिताकदलमिश्रणे ।
विलक्षणो यथास्वादो भावानां संहतौ तथा ॥

अत्रेदं बोध्यम्—य एते भावशान्त्युदय-सन्धिशबलताध्वनय उदाहृताः,

---

स्वोत्तरेति। न्यायसिद्धान्ते चित्तवृत्तिस्वरूपा हर्षादयो भावा ज्ञानेच्छादि-विशेषगुणेष्वेवान्तर्भवन्ति। तथा च विशेषगुणस्वभाव एव पूर्वपूर्वगुणनाशोत्तरमेवोत्तरोत्तरगुणोदयः। एवमेव पूर्वभावनाशो हि उत्तरवर्तिभावेनावश्यक एवेति पूर्वोक्त-काव्यप्रकाशटीकाकृन्मतमेव सम्यगिति न मन्तव्यम्, तथाविधस्य नाशस्य स्वतःसिद्धत्वेन व्यङ्ग्यत्वाभावात्। उपमर्दस्तु विद्यमानस्यैव भावस्य सम्भवति, न तु नष्टस्य, यथा दिने विद्यमानस्यैव चन्द्रप्रकाशस्य सूर्यप्रकाशेनाभिभवो भवति। तथा च भावानां नाशो नैवोपमर्दपदवाच्यः। यदि नाशस्यैव उपमर्दसंज्ञा क्रियते तथापि नासौ चमत्कारी। अतो नैवोपमर्दोऽयं भावशबलतेति। **तस्मादिति।** बुद्धिगतविद्यमानानामेव भावानां शबलतेष्टा। भावानां सम्मिलनेन शबलत्वचमत्कारास्वादो हि विलक्षण एव पृथगवस्थितेभ्यो भावेभ्यः। कथम्? यथा लोके नारिकेलजलक्षीरसिता-कदलानां मिश्रणे स्वस्वास्वाद-सहितो विलक्षणास्वादो भवति, तथैवात्रेति भावः।

अत्रेदमिति। अत्र भावशान्त्यादिप्रकरणे ज्ञातव्यं यद् भावशान्त्यादयोऽपि

काव्यप्रकाश के टीकाकारों के पक्ष से युक्ति दी जाती है कि हर्षादि भाव चित्तवृत्ति (चित्त में रहने वाले) होते हैं, जो ज्ञान, इच्छा आदि आत्मवृत्ति (आत्मा में रहने वाले) विशेष गुण के अन्तर्गत ही आते हैं। विशेष गुणों का स्वभाव ही है कि एक गुण के नाश से ही अन्य गुण का उदय हो सकता है, एक साथ अनेक गुण वहाँ रह ही नहीं सकते। ऐसी स्थिति में अगत्या उत्तर भाव से पूर्व भाव के उपमर्द को ही शबलता कहना होगा।

इसके उत्तर में कहते हैं कि पूर्व गुणों का उत्तर गुणों से होने वाला नाश तो स्वतः सिद्ध ही है, व्यंग्य नहीं, अतः उसे शबलता भाव कहा नहीं जा सकता और उसे उपमर्द (दबाना) भी नहीं कह सकते, क्योंकि विद्यमान वस्तु को ही दबाया जा सकता है, नष्ट को नहीं। यदि इसी को आप उपमर्द कहें तो भी चमत्कारी न होने के कारण यह भावशबलता नहीं हो सकता है। इसलिए—

नारियल का जल, चीनी, केला आदि के मिश्रण से जैसे एक विलक्षण आस्वाद होता है, वैसे ही भावों के मिश्रण से भी होता है। बाह्यरूप से नष्ट होने पर भी सभी भाव बुद्धिगत विद्यमान ही रहते हैं।

यहाँ यह ज्ञातव्य है कि ये जो भावशान्ति, भावोदय, भावसन्धि और भाव-

तेऽपि भावध्वनय एव, विद्यमानतया चर्व्यमाणेष्विव उत्पत्त्यवच्छिन्नत्व-विनश्यदवस्थत्व-सन्धीयमानत्व-परस्परसमानाधिकरणत्वैः प्रकारैश्चर्व्यमाणेषु भावेष्वेव प्राधान्यस्यौचित्यात्, चमत्कृतेस्तत्रैव विश्रान्तेः । यद्यप्युत्पत्ति-विनाश-सन्धि-शबलतानां तत्सम्बन्धिनां भावानां च समानायां चर्वणाविषयतायां न प्राधान्यं विनिर्गन्तुं शक्यते, तथापि स्थितौ भावेषु प्रधानतायाः क्लृप्तत्वाद् भावशान्त्यादिष्वपि तेष्वेव शान्तिप्रतियोगित्वादिभिर्व्यज्यमानेषु तस्याः कल्पयितुमौचित्यात् ।

ध्वनित्वेन प्रकाशिता भावध्वनिस्वरूपा एव, न तु शान्त्यादिध्वनिस्वरूपाः । ये हर्षादयो भावा ध्वनित्वेनास्वाद्यन्ते ते विद्यमानावस्थापन्नत्वेन, तत्र यथा भावध्वनिरेव, न विद्यमानत्वध्वनिस्तथैव भावशान्तौ नाशावस्थापन्नभावस्य, भावोदये उत्पत्त्यवस्थापन्न-भावस्य, भावसन्धौ सन्धीयमानावस्थापन्नभावस्य, भावशबलतायां च परस्परसमानाधि-करणावस्थापन्नभावस्यैव ध्वनित्वं, न तु नाशोदयादेः । नहि नाशमात्रस्य भावशान्तित्व-मपि तु उत्पत्तिकालिकनाशस्यैव । तत्र नाशांशे नैवं चमत्कारोऽपितु विनश्यदवस्थापन्न-भावांश एव । वस्तुतो भावः पञ्चधा—विद्यमानभावः (शुद्धो भावः), विनश्यद्भावः (भावशान्तिः), उत्पद्यमानभावः (भावोदयः), सन्धीयमानभावः (भावसन्धिः), परस्परसमानाधिकरणभावः (भावशबलता) चेति । **स्थितौ** = विद्यमानदशायां भावः प्रधानमिति सर्वसम्मतम् । एवमेव भावशान्त्यादिष्वपि भावस्यैव प्राधान्यं न तु

शबलता ध्वनि उदाहृत हुए हैं, वे भी भावध्वनि ही हैं, क्योंकि विद्यमानत्व रूप से आस्वाद्यमान भावों की तरह उत्पत्तिकालिक अवस्था वाला, नाश होती हुई अवस्था वाला, मिलती हुई अवस्था वाला और परस्पर समानाधिकरण की अवस्था वाला प्रभेद से आस्वाद्यमान भावों में ही प्रधानता का औचित्य है, नाश, उत्पत्ति आदि में नहीं, क्योंकि चमत्कार भावों पर ही विश्राम लेता है । तात्पर्य यह है कि ये जो हर्ष आदि भाव ध्वनि कहलाते हैं, वे विद्यमान अवस्था वाले भाव हैं, वहाँ जैसे भाव ही प्रधान हैं, विद्यमानावस्था नहीं, उसी तरह भावशान्ति आदि में नाश होने की अवस्था में स्थित भाव में ही चमत्कार होने से वही प्रधान है, नाश नहीं; उत्पत्ति होने की अवस्था वाले भाव में भी भाव ही प्रधान है, उत्पत्ति नहीं । इसी प्रकार भावसन्धि एवं भाव-शबलता में भी भाव की प्रधानता जाननी चाहिए ।

यद्यपि उत्पत्ति, विनाश, सन्धि और शबलता तथा उनसे सम्बद्ध भावों का आस्वाद विषय समान ही है, जिसमें किसी का प्राधान्य कहना सम्भव नहीं है कि उत्पत्त्यादि प्रधान हैं या भाव, तथापि विद्यमान दशा वाले भावों (जहाँ शुद्ध हर्ष आदि भाव माने जाते हैं) में भावों की ही प्रधानता (विद्यमानत्व की नहीं) का पूर्व से स्वीकृत होने के कारण भावशान्ति आदि में भी शान्ति आदि के प्रतियोगी

किञ्च यदि भावशान्त्यादौ भावो न प्रधानं, किन्तु तदुपसर्जनकशान्त्यादिरेवेत्यभ्युपेयते, तदा व्यज्यमानभावेषु अभिहित-तत्प्रशमादिषु काव्येषु भावप्रशमादिध्वनित्वं न स्यात्। तथा हि—

उषसि प्रतिपक्षनायिका-सदनादन्तिकमञ्चति प्रिये।
सुदृशो नयनाब्जकोणयोरुदियाय त्वरयाऽरुणद्युतिः॥

अत्रोत्पूर्वकेणैतिना भावोदयस्य वाच्यतयैव प्रत्यायनात्।

तत्तदवस्थायाः। **औचित्यादिति**। विद्यमानभावे निर्णीतार्थः नाशादिभावेष्वपि स्वीकार्य इत्येवोचितम् "एकत्र निर्णीतः शास्त्रार्थोऽपरत्रापि सञ्चरती"ति न्यायात्।

कस्यचिद् भावस्य नाशोत्तरमेवापरभावस्योदयो भवतीति भावशान्तेः प्रथमोपादानं युक्तमत्र तद्व्युत्क्रमेण प्रथममुत्पत्त्यवच्छिन्नत्वोक्तिश्चिन्तनीयैव।

तदुपसर्जनकेति। स भाव उपसर्जनकं विशेषणं यस्य। भावो विशेषणमेव शान्त्यादेरिति भावः। **अभिहितेति**। येषु काव्येषु भावाः भावाः व्यंग्याः, शान्त्यादयश्च अभिहिता वाच्यार्थस्वरूपास्तत्र वाच्यायमानत्वात्तेषां ध्वनित्वं न सम्भवेदित्यर्थः। यथा—**उषसीति**। उषसि रात्र्यन्ते प्रस्तुतनायिकाया विरोधिन्या नायिकाया गृहात् प्रिये पत्यौ अन्तिकं समीपमञ्चति आगच्छति सति सुदृशः शोभननयनाया नायिकायाः नयन-कमल-कोणयोः अरुणद्युतिः रक्तच्छविः त्वरया शीघ्रमेव उदियाय उद्गताऽभूत्।

अत्रेति। उत्पूर्वकेण इण्धातुना उदयार्थकेन अमर्षभावोदयस्य वाच्यार्थरूपेण प्रतीतिगोचरीकृतत्वात् अमर्षभावोदयध्वनित्वं न स्यादुदयप्राधान्यादिनां मते, भावप्रधानवादिनां मते तु स्यादिति भावः।

(विशेष्य) के रूप में भावों की ही प्रधानता मानी जानी चाहिए, यही उचित है। (शान्तिविशिष्ट भाव, उत्पत्तिविशिष्ट भाव आदि रूप में भावशान्त्यादि को जानना चाहिए।

और यह भी जानना चाहिए कि यदि भावशान्ति, भावोदय आदि में भाव प्रधान न हो, किन्तु भावविशिष्ट शान्त्यादि ही प्रधान हो, ऐसा मान लेते हैं तो जिस काव्य में भाव व्यंग्य हैं और उनके शान्ति आदि वाच्य हैं, उस काव्य में भावशान्ति आदि ध्वनि नहीं हो सकेगा, क्योंकि शान्त्यादि तो वाच्य ही है। जैसा कि—

रात के अन्त में उपनायिका के घर से अपने घर के पास प्रिय के आने पर सुनयनी (नायिका) के नयनकमल के कोने में शीघ्र ही लाल चमक उग आयी।

यहाँ उदयार्थक उत् उपसर्गपूर्वक इण् धातु के द्वारा भावोदय का वाच्यरूप से ही प्रतीति होगी (आपके मत से)।

उदयस्य वाच्यत्वेऽपि भावस्यावाच्यत्वाद् ध्वनित्वं सुस्थमिति चेत्, प्रधानस्य व्यपदेशानौपयिकत्वेऽप्रधानकृतव्यपदेशस्यानुपपत्तेः। अस्मन्मते तूत्पत्ते-र्वाच्यत्वेऽपि उत्पत्त्यवच्छिन्नामर्षस्य प्रधानस्यावाच्यत्वाद् युक्त एव भावोदय-ध्वनिव्यपदेशः। एवं व्यज्यमानभावप्रतियोगिकस्य प्रशमस्य वाच्यत्वे भाव-शान्तिध्वनित्वं न स्यात्। यथा—

क्षमापणैकपदयोः पदयोः पतति प्रिये।
शेमुः सरोजनयना-नयनारुणकान्तयः॥

ननु भावोदये भावस्य उदयस्य च समवेतत्वेनैव ध्वनित्वमिति प्रस्तुतपद्ये उदयस्य वाच्यत्वेऽपि भावस्य व्यंग्यत्वाद् ध्वनित्वमुचितमिति चेन्न, भवन्मते प्रधानस्य उदयस्य **व्यपदेशानौपयिकत्वे** मुख्यव्यवहाराप्रयोजकत्वे (व्यंग्यार्थप्रतिपादकत्वाभावे) सति अप्रधानस्य भावस्य कृतो यो व्यङ्ग्यार्थव्यवहारस्तस्य ग्रहणानुपपत्तेः। **अस्मन्मते** भावप्रधानवादिमते उत्पत्तिविशिष्टस्य अमर्षभावस्य प्रधानस्य व्यंग्यत्वाद् भावोदयध्व-नित्वं सम्भवत्येव।

एवं यथा भावोदये भावस्याप्राधान्ये स्वीकृते उदयस्य यत्र वाच्यत्वं तत्र भावोदयध्वनित्वं न सम्भवति, तथैव भावशान्तौ व्यज्यमानभावस्थले तदभावरूपस्य प्रशमस्य शान्तेर्यदि वाच्यत्वं तर्हि तत्र ध्वनित्वं न स्यादित्यपि दोषः समापतति। यथा—क्षमापणस्य अपराधमर्षणस्य एकमात्रस्थानस्वरूपयोः स्वपदयोः नायिकाचरणयोः प्रिये पतति प्रणमति सति सरोजनयनायाः नायिकायाः नयनारुणकान्तयः नेत्रशोण-

---

यदि आप कहेंगे कि उदय के वाच्य रहने पर भी भाव के अवाच्य (व्यंग्य) रहने से इसे ध्वनि कहना ठीक ही है, तो यह भी नहीं हो सकेगा, क्योंकि प्रधान (उदय) के मुख्य व्यवहार व्यंग्यार्थप्रतिपादकत्व में असाधक होने पर अप्रधान (भाव) के द्वारा कृत व्यंग्यार्थ-व्यवहार उचित नहीं है। हमारे (भावप्रधानवादी) के मत में तो उत्पत्ति के वाच्य होने पर भी उत्पत्तिकालिक अमर्ष के प्रधानरूप में अवाच्य (व्यंग्य) रहने से भावोदय ध्वनि कहना उचित ही है। इसी प्रकार व्यंग्य भाव के विशेष्य प्रशम (शान्ति) के वाच्य रहने पर भावशान्तिध्वनि नहीं हो सकेगा। जैसे—

क्षमा देने का एकमात्र स्थान प्रिया के चरणों पर प्रिय के गिरने पर कमलनयना के आँखों की लाल कान्ति शान्त हो गयी।

यह भावशान्तिध्वनि का उदाहरण है। यदि भाव को प्रधान न मान कर शान्ति को ही प्रधान मानते हैं तो वह (शान्ति) 'शेमुः' इस पद का वाच्यार्थ ही है, उसे ध्वनि कैसे कहा जा सकता है? पर शान्ति का प्रतियोगी (विशेष्य) अमर्ष

ननु शब्दवाच्यानां प्रशमादीनामरुणकान्त्यैवान्वयाद् अरुणकान्तिप्रशमादेरेव वाच्यत्वं पर्यवसितं, न तु तादृश-प्रशमादिव्यङ्ग्यस्य रोषप्रशमादेः, व्यङ्ग्य-व्यञ्जकभेदस्यावश्यकत्वात्। न चारुण्यव्यङ्ग्यरोषस्यैव वाच्यीभूत-प्रशमाद्यन्वय इति वाच्यम्, वाच्य-व्यङ्ग्यप्रतीत्यारानुपूर्व्येण सिद्धतया वाच्यान्वयबोधवेलायां वाच्यैः सह व्यङ्ग्यान्वयानुपपत्तेः। अन्यथा 'सुदृशो नयनाब्जकोणयोः' इत्यस्यान्वयो न स्यात्। मैवम्। एवमपि—

कान्तयः शेमुः शान्तिं गताः। अत्रामर्षभावः शान्तिध्वनिः। नयनारुण्येनामर्षो व्यज्यते। शान्तिस्तु 'शेमुः' पदवाच्यैवेति।

भावशान्त्यादौ शान्त्यादिप्राधान्यवादिमतं पोषयति—**शब्देति**। अस्तु शब्दवाच्यः प्रशमादिः, किन्तु तस्यान्वयस्तु अरुणकान्त्यादिनैव, न तु रोषादिना। तथा च अरुण-कान्त्यादिशम एव वाच्योऽर्थः, तेनार्थेन व्यङ्ग्योऽर्थो रोषप्रशमादिः। एवं हि रोषप्रशमादिर्न वाच्यार्थो व्यङ्ग्यार्थत्वात्। व्यञ्जको हि वाच्यार्थो व्यङ्ग्यार्थाद् भिन्न एव सम्भवति। ततश्च रोषप्रशमादेर्व्यङ्ग्यार्थत्वे शान्तिप्राधान्येऽपि भावशान्तिध्वनित्वमक्षत-मित्यभिप्रायः पूर्वपक्षिणः। उत्तरपक्षिणा कृतम् आक्षेपं समाधत्ते—**न चेति**। वाच्यार्थस्य प्रशमादेरन्वयो नैवारुणकान्त्यादिना अपितु तद्व्यङ्ग्यरोषादिनैव। ततश्च वाच्येन शमेन रोषादेरन्वयाद् ध्वनित्वाभावस्तस्य तदवस्थ एवेति नैव वाच्यम्। यतो हि पूर्वं वाच्यार्थ-स्तदनु व्यङ्ग्यार्थः प्रतीयते इत्येव नियमः। ततश्च वाच्यस्य नाशस्य व्यङ्ग्येन शमादि-

---

भाव को मानने पर अरुण कान्ति के कारण के रूप में वह तो व्यंग्य ही है, तो यहाँ ध्वनि हो जाता है।

अब शान्त्यादि को प्रधान मानने वाले शंका करते हैं कि उपर्युक्त उदाहरण में शब्द से वाच्य शान्ति का अन्वय तो अरुण कान्ति से ही है, अमर्ष से नहीं। तब तो 'अरुण कान्ति का प्रशम' यही वाच्यार्थ निर्णीत हुआ, न कि उस वाच्यार्थ से व्यंग्य रोषप्रशम आदि, क्योंकि व्यंग्य (रोषप्रशम) और वाच्य (अरुणकान्तिप्रशम) में भेद रखना तो आवश्यक ही है। इस स्थिति में शान्ति का प्रधान मानने पर भी यहाँ भावशान्तिध्वनि ठीक ही रहता है। यदि इस पर कोई कहे कि केवल आरुण्य (लाली) से व्यंग्य होते हुए रोष का वाच्यस्वरूप प्रशम के साथ ही अन्वय यहाँ है और तब तो प्रशम वाच्य ही रहा, व्यंग्य नहीं, तो यह आपत्ति ठीक नहीं है; क्योंकि वाच्य और व्यंग्य का बोध आनुपूर्वी (एक के बाद दूसरा) रूप में ही सिद्ध है, तो वाच्यार्थ के अन्वयबोध के समय में वाच्य के साथ व्यंग्य अर्थ का अन्वय ही अ,पपन्न (अयुक्त) है, क्योंकि उस समय व्यंग्य अर्थ उपस्थित ही नहीं है। यदि ऐसा न हो तो "सुदृशो नयनाब्जकोणयोः" इसका 'अरुणद्युति' के द्वारा व्यंग्य अमर्ष से अन्वय ही नहीं हो

निर्वासयन्तीं धृतिमङ्गनानां, शोभां हरेरेणदृशो धयन्त्याः।
चिरापराधस्मृतिमांसलोऽपि, रोषः क्षणप्राघुणिको बभूव॥

इत्यादावपि भावप्रशमध्वनित्वापत्तेः, भावस्य वाच्यत्वेऽपि प्रधानस्य तत्प्रशमस्य व्यङ्ग्यत्वात्। उभयोरप्यवाच्यत्वमपेक्षितमिति चेत्, प्रागुक्तपद्यद्वये शमत्वोदयत्वाभ्यां शमोदययोर्वाच्यत्वादनुदाहरणत्वापत्तेः। इष्टापत्तिस्तु

नान्वयो नैव युक्तः। यदि बलादन्वयः इष्ट इत्युच्यते तर्हि पूर्वोक्तभावोदयोदाहरणपद्ये "उषसि प्रतिपक्षे"त्यादौ नयनकोणयोरुणद्युतेरुदयो वर्णितो विरुद्धयेत, यतो हि अरुणद्युतिव्यङ्ग्यार्थोऽमर्षश्चित्तवृत्तित्वान्नेत्रकोणयोर्नैव स्थातुमर्हति। तस्माद् वाच्यार्थव्यङ्ग्यार्थयोरन्वयो नोचितस्तथा सति पूर्वपक्षः सुदृढ इति नैव वक्तव्यमित्याह—**नैवम्** इति। शान्त्यादेः प्राधान्ये स्वीकृते यत्र भावो वाच्यार्थः, शान्त्यादिस्तु व्यङ्ग्यस्तत्र भावशान्त्यादिध्वनिरनिष्टोऽपि स्वीकर्त्तव्य इत्यापत्तिः समापतति।

तथाहि—**निर्वासयन्तीमिति**। अङ्गनानां गोपाङ्गनानां धृतिं धैर्यं निर्वासयन्तीं निस्सारयन्तीं हरेः श्रीकृष्णस्य शोभां सौन्दर्यं धयन्त्याः पिबन्त्या एणदृशो हरिणनयनायाः, चिरकालापराधानां स्मरणेन मांसलोऽपि परिपुष्टोऽपि रोषः अमर्षः क्षणमात्रस्य प्राघुणिकोऽतिथिः बभूव। हरिसौन्दर्याकृष्टाया रोषो विलीनोऽभूदिति भावः। अत्रामर्षभावो रोषपदवाच्य एव, तत्प्रशमस्तु क्षणप्राघुणिकशब्देन व्यज्यते। किन्त्वत्र भावशान्तिध्वनिर्नैव स्वीक्रियते भावस्याव्यङ्ग्यत्वात्।

सकेगा, क्योंकि लाली का अन्वय आँख से संभव है, पर उससे व्यंग्य अमर्ष तो चित्तवृत्ति है, वह आँख में कैसे रहेगा ?

भाव को प्रधान कहने वाले उत्तरपक्षी कहते हैं कि शान्त्यादि को प्रधान मानने वालों का ऐसा उपर्युक्त समाधान ठीक नहीं है, क्योंकि इस समाधान के बावजूद भी अग्रिम पद्य में, जहाँ भावशान्तिध्वनि नहीं होता है, उसमें भी वह ध्वनि हो जायगा—यह आपत्ति (दोष) अलग से खड़ी हो जाती है।

सुन्दरियों के धैर्य को निकालती हुई हरि की शोभा का पान करती हुई (उन्हें एकटक से देखती हुई) मृगनयना का रोष (अमर्ष) चिरकाल से हरि के द्वारा अपराध (अन्य रमणी-अनुराग) करने के स्मरण से परिपुष्ट होने पर भी क्षणभर का अतिथि हो गया (झट से भाग गया)।

इत्यादि पद्यों में भी भावशान्तिध्वनि की आपत्ति आ जायगी, क्योंकि यहाँ भाव (अमर्ष) के वाच्यरूप में (रोषपद से) रहने पर भी उसके प्रशम जो आपके मत से प्रधान ही है, वह तो व्यंग्य ही (क्षणप्राघुणिक शब्द से) है। (हमारे मत से तो भाव प्रधान है, जिसके वाच्य रहने से ध्वनित्व का प्रसंग ही नहीं है।) यदि

सहृदयानामनुचितैव। तस्माद् भावप्रशमादिष्वपि प्राधान्येन भावानामेव चमत्कारित्वम्, प्रशमादेस्तूपसर्जनत्वम्। अतो न तस्य वाच्यतादोषः।

इदं पुनर्भावध्वनिभ्यो भावशान्त्यादीनां चमत्कारवैलक्षण्ये निदानम्—यदेकत्र चर्वणायां भावेषु स्थित्यवच्छिन्नामर्षादित्वम्, अमर्षादित्वमेव वा प्रकारः, अन्यत्र तु प्रशमावस्थात्वादिरपीति।

यदि नाम भावस्य नाशादेश्चोभयोर्व्यङ्ग्यत्व एव भावशान्त्यादिध्वनित्वं स्वीक्रियतेऽत एवात्र न ध्वनित्वमिति चेत् पूर्वोक्तभावशान्ति-भावोदयोदाहरणपद्ययोः शमोदययोर्वाच्यत्वेऽपि केवलभावगतव्यङ्ग्यत्वमादायापि ध्वनित्वव्यवहारः सर्वसम्मतोऽसङ्गतः स्यात्।

उपसर्जनत्वम् = विशेषणत्वेन गौणत्वम्।

एकत्र = भावध्वनौ। **स्थित्यवच्छिन्नेति** = विद्यमानताविशिष्टामर्षादित्वम्।

आप कहेंगे कि ध्वनि होने में भाव और शान्त्यादि दोनों का अवाच्य (व्यंग्य) रहना अपेक्षित है, एक ही का नहीं, तो यह और अधिक आपत्तिजनक हो जायगा, क्योंकि पूर्वोक्त दोनों पद्यों में ''उषसि'' में शान्ति के और ''क्षमापण'' में उदय के वाच्य न रहने के कारण ये उदाहरण ही न रह सकेंगे, जबकि इनका उदाहरण होना सर्वसम्मत है। अतः इस आपत्ति को आप इष्ट नहीं कह सकते, क्योंकि सहृदय इसे अनुचित ही मानेंगे।

अतः भावशान्ति, भावोदय, भावसन्धि और भावशबलता में भी प्रधानतया भावों में ही चमत्कार रहता है, शान्ति आदि तो गौण ही हैं। अतः उनके वाच्य रहने पर भी भाव के व्यंग्य रहने से भावशान्त्यादि ध्वनि मानने में वाच्यता दोष नहीं लगता है।

और भावध्वनियों की अपेक्षया भावशान्ति आदि के चमत्कार में विलक्षणता (फर्क) का यह भी एक मूल कारण है कि एक ओर भावों के आस्वादन में स्थिति रूप अवस्था वाले अमर्ष आदि रहते हैं (पूर्व से ही भाव की स्थिति बनी रहती है), दूसरी ओर भावशान्त्यादि में प्रशमादि उन-उन अवस्था वाले ही अमर्षादि रहते हैं। इस प्रकार भावों के विशेषण के रूप में स्थिति रूप अवस्था-विशेष वाले अमर्षादि या केवल अमर्षादि और भावशान्त्यादि के विशेषण (प्रकार) के रूप में प्रशमावस्थापन्न आदि देखे जा सकते हैं। भावों को प्रथम विशेषण युक्त रहने पर भी भावशान्त्यादि से वैलक्षण्य नहीं होता है, क्योंकि अमर्षादि भी तब भाव-विशेष स्थित्यवस्थापन्न होते हैं और भावशान्त्यादि भी प्रशमावस्थापन्न, उदयावस्थापन्न आदि भाव-विशेष ही होते हैं। अतः भावों को भावशान्त्यादि से विलक्षण दिखाने हेतु उसका प्रकार (विशेषण) अमर्षादित्व (अमर्षत्व, असूयात्व आदि) ही मानें, जिससे शुद्ध भावों का बोध होगा।

रसस्य तु स्थायिमूलकत्वात् प्रशमादेरसम्भवः, सम्भवे वा न चमत्कार इति स न विचार्यते ।

(अलक्ष्यक्रमव्यंग्यध्वनि-विचारः)

सोऽयं निगदितः सर्वोऽपि रत्यादिलक्षणो व्यङ्ग्यप्रपञ्चः स्फुटप्रकरणे झगिति प्रतीतेषु विभावानुभावव्यभिचारिषु सहृदयतमेन प्रमात्रा सूक्ष्मेणैव

केवलं तत्तद्भावरूपत्वमेव वा प्रकारो विशेषणम् । अन्यत्र = भावशान्त्यादी भावत्वेन सह प्रशमावस्थात्वादिरपि विशेषणम् ।

यथा भावस्य प्रशमादिर्भवति, तथैव रसस्यापि कथं न भवतीत्याह—**रसस्य त्विति** । स्थायिभावमूलकत्वेन रसः सर्वदा नित्यत्वेन तिष्ठत्येवेति तस्य प्रशमो-दयादयो न सम्भवन्ति । यदि तथापि तद्वर्णनं क्रियते, तर्हि तत्र न कश्चिच्चमत्कार-सम्भावनेति ।

पूर्वप्रतिज्ञातं "स्थाय्यादीनामपि संलक्ष्यक्रमव्यंग्यत्वमुपपादयिष्यत" इति भाव-निरूपणानन्तरं प्राप्तावसरं प्रस्तौति—**सोऽयमिति** । सद्यः प्रतिपादितो रत्यादिलक्षणः= स्थायिभावाः सञ्चारिभावाश्च, तेषां प्रपञ्चः = समुदायः । स्फुटप्रकरणे स्पष्टवेद्ये प्रकरणे । झगिति = झटिति अविलम्बितेनैव । प्रमात्रा ज्ञात्रास्वादकपुरुषेण । हेतुहेतुमतो कारण-कार्ययोः विभावादि-रसप्रतीत्योर्विद्यमानस्यापि क्रमस्य अलक्षणाद् अप्रतीतेः, शतपत्र-भेदनवत् क्रमो नैव लक्ष्यत इति कारणाद् अलक्ष्यक्रम-नाम्ना मुख्यतया व्यवह्रियते, सर्वे बुधाः रसभावध्वनिमलक्ष्यक्रमत्वेनैव प्रतिपादयन्ति । किन्तु यत्र विचारेण चिन्तनानन्तरं ज्ञेयं प्रकरणं भवति, उन्नेया ऊहनीया वा विभावादयो भावानां कारणस्वरूपास्तत्र

तात्पर्य यह है कि भावों में केवल भावत्व रहता है, जब कि भावशान्त्यादि में शान्ति-विशिष्ट भावत्व आदि । शुद्ध जल और बर्फ में जो अन्तर है, वही भाव और भाव-शान्त्यादि में है । या मित्र के साथ-साथ रहने में जो आह्लाद होता है और उनके विदा, आगमन आदि के समय होता है, इनमें जो अन्तर है वही भाव और भावशान्त्यादि में हैं ।

रस तो स्थायीभावमूलक हैं, उनके सदा स्थायी रहने से उनका प्रशम, उदय आदि होना सम्भव नहीं है । अथवा यदि सम्भव भी हो तो तद्गत कोई अलग से चमत्कार नहीं होगा । अतः उसका विचार ही नहीं किया जा रहा है ।

पूर्ववर्णित ये सभी रत्यादि स्थायीभाव, सञ्चारीभाव रस आदि जितने व्यङ्ग्य-समुदाय हैं, वे सभी प्रकरण के स्पष्ट (व्यक्त) रहने पर विभाव, अनुभाव और व्यभिचारीभाव के शीघ्र प्रतीत हो जाने से अत्यन्त सहृदय ज्ञाता के द्वारा अत्यल्प समय में ही समझ लिये जाते हैं, जिससे कारण (विभावादि) और कार्य (रसप्रतीति) के पूर्व-पर के क्रम के (कौन पहले और कौन बाद में—इसके) लक्षित न होने के कारण (कार्य-कारण में क्रम रहने पर भी कमल के सौ पत्तियों को गुंथने के समान क्रम-

समयेन प्रतीयत इति हेतुहेतुमतोः पौर्वापर्यक्रमस्यालक्षणाद् अलक्ष्यक्रमो व्यपदिश्यते। यत्र तु विचारवेद्यं प्रकरणम्, उन्नेया वा विभावादयस्तत्र सामग्रीविलम्बाधीनं चमत्कृतेर्मान्थर्यमिति संलक्ष्यक्रमोऽप्येष भवति। यथा—"तल्पगतापि च सुतनुः" इति प्रागुदाहृते पद्ये 'सम्प्रति'—इत्येतदर्थावगतिर्विलम्बेन। न खलु धर्मिग्राहकमान-सिद्धं रत्यादिध्वनेरसंलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यत्वम्। अत एव लक्ष्यक्रमप्रसङ्गे—

एवंवादिनि देवर्षौ पार्श्वे पितुरधोमुखी।
लीलाकमलपत्राणि गणयामास पार्वती॥

वाच्यार्थ-लक्ष्यार्थ-प्रकरण-विभावानुभावरूपाणां भावध्वनिबोधकोपकरणानां बोधे विलम्बः स्वाभाविकः। मान्थर्यं मन्थरता विलम्बः। तेन तत्र भावध्वनिबोधे क्रमस्य अनुभवेन तस्य संलक्ष्यक्रमतापि भवति।

धर्मिग्राहकेति। अलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्यत्वं धर्मस्तदाश्रयो रत्यादिध्वनिर्धर्मी, तद्ग्राहकाः तत्साधकाः सहृदया एवात्र मानं प्रमाणम्। तैः सहृदयैः आस्वादनमेव क्रियते, न तु अलक्ष्यक्रमत्वं साध्यते, तत्तु बोधगताविलम्बित्वेनैव साध्यते, तदभावे भावध्वनेः संलक्ष्यक्रमता स्वतःसिद्धैवेति भावः।

अत एवेति। रत्यादिध्वनेः संलक्ष्यक्रमत्वस्यापि सत्त्वादेव। स्वोक्तौ परममान्याचार्ययोरानन्दवर्धनाभिगुप्तयोः सम्मतिं प्रकाशयत्यत एवेति सन्दर्भेण। **एवंवादिनीति**।

प्रतीति न होने के कारण) अलक्ष्यक्रम कहे जाते हैं। किन्तु जहाँ प्रकरण (प्रसङ्ग) का ज्ञान कुछ सोचने के बाद होता है या विभाव आदि का ऊह करना पड़ता है वहाँ रसप्रतीति में अपेक्षित सामग्री (साधनों) के ज्ञान में विलम्ब के कारण चमत्कार मन्द पड़ जाता है और इसलिए यह रस, भाव आदि संलक्ष्यक्रम ध्वनि भी हो जाता है, क्योंकि वहाँ वाच्य-लक्ष्य-प्रकरण-विभाव-अनुभाव आदि के क्रम प्रतीत होते हैं। यथा—उत्तमोत्तम काव्य के उदाहरण में दिये गये "तल्पगतापि" इस पद्य में 'अभी' इस अर्थ की प्रतीति विलम्ब से होती है। (इस मुग्धा को पहले लज्जा अधिक थी, पर अभी भावी वियोग के कारण वह कम हो गयी है—ऐसा अर्थ प्रकरणज्ञान-सापेक्ष होने के कारण विलम्ब से होता है। अतः यहाँ का शृङ्गार रसध्वनि संलक्ष्यक्रमव्यंग्य है)।

रस अलक्ष्यक्रमव्यंग्य ही हो ऐसा कोई नियम नहीं है, क्योंकि अलक्ष्यक्रमव्यंग्यत्व रूप धर्म (भाव) का धर्मी (आश्रय) रस के ग्राहक (ग्रहण करने वाले सहृदय) ही इसके संलक्ष्यक्रमत्व या असंलक्ष्यक्रमत्व में प्रमाण हैं, वे यह नहीं कहते कि रस अलक्ष्यक्रमव्यंग्य ही है। इसलिए रस लक्ष्यक्रमव्यंग्य भी होता है। अतएव संलक्ष्यक्रमव्यंग्य के प्रसंग में आनन्दवर्धनाचार्य ने ध्वन्यालोक में कहा है कि—

'इस प्रकार देवर्षि अङ्गिरा के बोलने पर पिता के पास बैठी हुई पार्वती नीचा मुँह करके खेलने के लिए हाथ में स्थित कमल की पत्तियों को गिनने लगी'।

इत्यत्र कुमारीस्वाभाव्यादप्यधोमुखत्वविशिष्टस्य लीलाकमलपत्रगणनस्योपपत्त्या मनाग् विलम्बेन नारदकृतविवाहादिप्रसङ्गविज्ञानोत्तरं व्रीडायाश्चमत्करणाल्लक्ष्यक्रमोऽयं ध्वनिः'' इति प्राहुरानन्दवर्धनाचार्याः, ''रसभावादिरर्थो ध्वन्यमान एव, न वाच्यः, तथापि न सर्वोऽलक्ष्यक्रमस्य विषय'' इति चाभिनवगुप्तपादाचार्याः।

स्यादेतत्, यद्ययं संलक्ष्यक्रमस्य विषयः स्याद्, अनुरणन-भेदगणनप्रस्तावे ''अर्थशक्तिमूलस्य द्वादशभेदा'' इत्यभिनवगुप्तोक्तिः, ''तेनायं द्वादशा-

पूर्वनिर्दिष्ट-शिवसन्देशं देवर्षौ अङ्गिरसि वदति सति पितुर्हिमालयस्य पार्श्वे स्थिता कुमारी पार्वती अधोमुखी लीलाकमलं क्रीडार्थं स्वहस्ते धृतं कमलं तस्य पत्राणि गणयितुमारेभे। कुमारसम्भवे षष्ठसर्गे स्थितं पद्यमिदम्। अत्र देवर्षिरङ्गिराः, न तु नारदः, पूर्वपद्येऽङ्गिरस एव उपक्रमात्। **उपपत्त्या** सिद्धत्वेन। सद्यो वाक्येऽन्वयानुपपत्तिद्वाराऽर्थान्तरव्यङ्ग्यत्वे विलम्बो न जायते, अन्वयोपपत्तौ तु प्रकरणादिनार्थान्तरबोधे विलम्बेन क्रमो लक्ष्यत एव। अत्र कुमार्याः स्वभाव एव तथाविधो भवतीति नान्वयानुपपत्तिः यया लज्जा व्यक्ता भवेत्, किन्तु पूर्वप्रक्रान्तस्व-विवाहचर्चयाऽधोमुखत्वं तेन तस्यां लज्जा-भावोऽभिव्यज्यते। अत्र कारण-कार्ययोः क्रमाववोधपुरस्सरं लज्जा-भावध्वनिप्रतीतेः तस्य लक्ष्यक्रमत्वं ध्वनिकृतोक्तम्। अभिनवगुप्तव्याख्यया च रसभावादिध्वनेः लक्ष्यक्रमता स्पष्टतां याति।

रसध्वनेः संलक्ष्यक्रमत्वमपीति पूर्वप्रतिपादितसिद्धान्तमाक्षिपति—**स्यादेतदिति।** **अयं** रसभावादिध्वनिः। **अनुरणनभेदः** संलक्ष्यक्रमध्वनिभेदः, अनु = पश्चात् क्रमज्ञानानन्तरं ध्वन्यत इति व्युत्पत्तेः, तथा च विश्वनाथः साहित्यदर्पणे संलक्ष्यक्रमव्यंग्य-

कुमारसंभव के इस पद्य में कुमारी स्वभाववश भी नीचा मुँह करके कमलपत्रों का गिनना संगत हो सकता था, वहाँ लज्जा का बोध नहीं था, पर कुछ विलम्ब से नारद (वस्तुतः अङ्गिरा) के द्वारा चर्चित विवाह-प्रसङ्ग जानने के बाद ज्ञात लज्जा के चमत्कृत होने से यह ध्वनि लक्ष्यक्रम है (क्योंकि भावबोधक-सामग्री के बोध में क्रम देखा जा रहा है)। इसकी व्याख्या करते हुए आचार्य अभिनवगुप्त ने ध्वन्यालोक-लोचन में कहा है कि ''रस, भाव आदि ध्वनि ही होते हैं, वाच्य नहीं, फिर भी वे सभी अलक्ष्यक्रम के ही विषय नहीं होते''।

रसभावादि ध्वनि को यदि संलक्ष्यक्रम भी मानते हैं तो इस पर शंका उठ रही है कि तब तो संलक्ष्यक्रमध्वनि की भेद-गणना के प्रकरण में रसध्वनि की भी गणना होनी चाहिए, परन्तु ''अर्थशक्तिमूलक ध्वनि के बारह भेद होते हैं'' ऐसा अभिनवगुप्त (लोचनकार) का कथन एवं ''इस प्रकार यह बारह प्रकार का है'' ऐसा काव्यप्रकाशकार मम्मट का कथन संगत नहीं हो रहा है (वे इन बारह भेदों में

त्मक'' इति मम्मटोक्तिश्च न सङ्गच्छेत वस्त्वलङ्कारात्मना द्विविधेन वाच्येन स्वतःसम्भवित्व-कविप्रौढोक्तिनिष्पन्नत्व-कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिनिष्पन्नत्वैस्त्रिभिरुपाधिभिस्त्रैविध्यमापन्नेन षडात्मना वस्त्वलङ्कारयोरिव रसादेरप्यभिव्यञ्जनाद् अष्टादशत्वप्रसङ्गात् ।

अत्रोच्यते—प्रकटैर्विभावानुभावव्यभिचारिभिरलक्ष्यक्रमतयैव व्यज्यमानो रत्यादिः स्थायिभावो रसीभवति, न संलक्ष्यक्रमतया। रसीभावो हि नाम

विषये ''व्यंग्यक्रमलक्ष्यत्वादेवानुरणनरूपो यो व्यङ्ग्य'' इत्याह । **वस्त्वलङ्कारयोरिवेति** । संलक्ष्यक्रमध्वनौ वस्तु अलङ्कारश्चेति द्वावेव व्यङ्ग्यौ न रसादिरिति सिद्धयति 'द्वादशात्मक' इति कथनेन । तथा हि वाच्यस्वरूपौ वस्त्वलङ्कारौ व्यञ्जकौ स्वतःसम्भवि-कविप्रौढोक्तिसिद्ध-कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिसिद्धेति भेदैः त्रिविधौ । तथा च व्यञ्जकाः षट् । तैर्व्यञ्जकैर्वस्त्वलङ्कारयोर्व्यङ्ग्यत्वेन द्वादशात्मकता संलक्ष्यक्रमध्वनेः सिद्धा । रसादिध्वनेरपि सम्मेलनेन पूर्वोक्तषड्व्यञ्जकद्वारा तस्यापि षड्विधस्य व्यंग्यस्य सम्भव इति साकल्येन अष्टादशभेदाः कथयितुमुचिताः, किन्तु द्वादशात्मकत्वमेव कथितमिति मान्याचार्यसिद्धान्तविरोधः कथं परिहरणीय इत्याक्षेपः ।

समाधत्ते—**अत्रोच्यत** इति । केनचिदाचार्येणेति शेषो, न तु मयेति । स्वमतेन तु आक्षेपो युक्त एवेत्यत्रत्य-सन्दर्भेण प्रतिभाति । पण्डितराजेन ''उपपादयिष्यते च स्थाय्यादीनामपि संलक्ष्यक्रमत्वम्'', ''सोऽयं निगदितः सर्वोऽपि रसादिलक्षणो व्यङ्ग्यप्रपञ्चः.........संलक्ष्यक्रमोऽप्येष भवति'' इत्यादिसन्दर्भेण रसभावादिध्वनेः संलक्ष्यक्रमता

रसध्वनि का समावेश नहीं करते) क्योंकि वस्तु और अलंकार रूप वाच्य अर्थ के तीन-तीन उपाधि (धर्म या स्वभाव) स्वतःसम्भवी, कविप्रौढोक्तिसिद्ध एवं कविनिबद्धवक्तृप्रौढोक्तिसिद्ध के मिलाकर छः व्यञ्जक (व्यंग्यार्थ के साधक) हुए । इन छः व्यञ्जकों के द्वारा व्यंग्य वस्तु एवं अलंकार को लेकर संलक्ष्यक्रमध्वनि के बारह भेद होते हैं । अब यदि रस को भी ले लिया जाय तो उक्त छः व्यंजकों से व्यंग्य रसध्वनि के छः भेद इसके बढ़ जाने से इन आचार्यों को बारह के स्थान में अठारह कहना चाहिए ।

ज्ञातव्य है कि यह आक्षेप रसध्वनि को संलक्ष्यक्रम भी मानने वाले अभिनवगुप्त एवं जगन्नाथ पर ही लगता है, मम्मट पर नहीं, क्योंकि उन्होंने रसध्वनि को कहीं भी संलक्ष्यक्रम कहा ही नहीं है । यहाँ अपने मत में मम्मट से विरोध रूप आपत्ति होने का ही आक्षेप है ।

उक्त आक्षेप का समाधान करते हैं—जहाँ विभाव, अनुभाव और व्यभिचारीभाव व्यक्त (स्पष्ट) रहते हैं वहाँ तो अलक्ष्मक्रमरूप से ही व्यंग्यार्थ होते हुए रति आदि स्थायीभाव रस बन जाते हैं, संलक्ष्यक्रमरूप से नहीं (क्योंकि वहाँ वाच्यार्थ

झगिति जायमानालौकिक-चमत्कारविषयस्थायित्वम्। संलक्ष्यक्रमतया व्यज्यमानस्य रत्यादेस्तु वस्तुमात्रतैव, न रसादित्वमिति तेषामाशयस्य वर्णनेन न

पूर्वाचार्यसम्मत्याः साधिता। अथवा यथाभिनवगुप्तमते स्वोक्तिविरोधपरिहाराय रसपदस्य रत्यादिस्थायिभावपरतोक्ता तथैव स्वमतेऽपि। युक्तञ्चैतत्, पूर्वप्रतिज्ञावाक्ये रसादीत्यनुक्त्वा "स्थाय्यादीनामपि संलक्ष्यक्रमत्वम्" इत्येव हि पण्डितराजेनोक्तम्, भेदगणनप्रस्तावे च रसगङ्गाधरे नैव रसध्वनिः संलक्ष्यक्रमत्वेन परिगणितः। तेन अत्रोच्यत इत्यस्य मयेति शेषः।

अक्रटैरिति। स्फुटप्रकरणे सुव्यक्ते विभावादौ या रतिः प्रतीयते सा अक्रमतयैव, सैव रसस्वरूपतां याति, अलक्ष्यक्रमसंज्ञा च लभते। या हि रतिः (भावमात्रम्) स्वबोधौ क्रममपेक्षते सा केवलं रतिस्वरूपा, न तु रसस्वरूपा। तस्या वस्तुध्वनावेवान्तर्भाव इति। **रसीभवतीति**, अरसो रसः सम्पद्यत इति अभूततद्भावे च्विप्रत्यये दीर्घे च सिद्ध्यति। नहि स्थायिभावा एव रसा अपि तु अलक्ष्यक्रमा एव, संलक्ष्यक्रमास्तु वस्तुरूपाः। झगिति अविलम्बेन। **तदुक्तीनाम्** आनन्दवर्धनाभिनवगुप्तपादानाम्। स्थाय्यादीनां संलक्ष्यक्रमत्वकथनेऽपि संलक्ष्यक्रमभेदगणने तदनुपादानमिति विरोधः, स्थाय्यादीनां वस्तुध्वनावन्तर्भाव इति समाधानम्।

विभाव एवं रस की प्रतीति में क्रम लक्षित नहीं होता है)। स्थायीभाव जो रस नहीं हैं, वे रस तब बनते हैं जब अतिशीघ्र उत्पन्न अलौकिक चमत्कार के विषय बनते हैं। जहाँ उक्त चमत्कार देर से उत्पन्न होता है वहाँ संलक्ष्यक्रम (क्रम का लक्षित होना) रूप से व्यंग्य होते हुए रति आदि स्थायीभाव या व्यभिचारीभाव भी वस्तुमात्र बनकर रह जाते हैं, अर्थात् रत्यादि वहाँ रस नहीं बन पाते हैं—इस प्रकार से उन लोगों (अभिनवगुप्त आदि) के आशय को वर्णित करने पर उनकी उपर्युक्त उक्तियों ("द्वादश भेदाः") से विरोध नहीं होता है। परन्तु ऐसा समाधान करने में कोई युक्ति होनी चाहिए, जो काव्यतत्त्व के मर्मज्ञ विद्वानों को विचारना चाहिए। (इसके बाद अभी युक्ति दिखायी जायगी।)

अब शंका होती है कि संलक्ष्यक्रम स्थल में यदि रत्यादि रस नहीं बनते, वस्तुमात्र रहते हैं तो अभिनवगुप्त ने जो पूर्व में "रसभावादि सब जगह अलक्ष्यक्रम ही नहीं रहते" ऐसा कहा है और जगन्नाथ ने स्वयं "सभी रसादिलक्षण" ऐसा जो कहा है वह असंगत हो जाता है। इसका समाधान करते हैं कि वहाँ रस शब्द रत्यादि भाव अर्थ में लाक्षणिक (लक्षणा से बोधक) है।

नागेशभट्ट ने उपर्युक्त समाधान में अपेक्षित युक्ति (उपपत्ति) प्रस्तुत की है और एक नवीनमत को भी 'गुरुमर्मप्रकाश' में रखा है। युक्ति यह है कि रस को

तदुक्तीनां विरोधः। उपपत्तिस्त्वर्थेऽस्मिन् विचारणीया। 'रसभावादिरर्थ' इत्यत्र रसादिशब्दो रत्यादिपरः।

उपपत्तिरिति। अस्मिन् स्थाय्यादीनामलक्ष्यक्रमत्वे रसत्वं संलक्ष्यक्रमत्वे तु वस्तुत्वमित्यत्र उपपत्तिर्युक्तिर्विचारणीया काव्यतत्त्वज्ञैः। विषयोऽयं सङ्गतः प्रतिभाति, किन्त्वत्र युक्तिं न पश्यामः, यदि युक्तिरुद्भाव्येत तर्हि मतमिदं मान्यमेवेत्याशयो ग्रन्थकृतः। युक्तिर्हि नागेशभट्टोक्तानुपदमेव वक्ष्यते।

ननु "रसभावादिरर्थो न सर्वोऽलक्ष्यक्रमस्य विषय" इत्यभिनवगुप्तोक्तौ "सर्वोऽपि रसादिलक्षण" इति पण्डितराजोक्तौ च रसस्यापि संलक्ष्यक्रमता विरुद्धचत इत्याह—**रसभावेति**। तत्रत्य-रसपदं स्वाश्रये रत्यादौ लाक्षणिकम्।

अत्रोच्यते—रसादिध्वनेः संलक्ष्यक्रमत्वविषये मतत्रयमुपलभ्यते—(१) सर्वोऽपि रसभावादिध्वनिः संलक्ष्यक्रमोऽपि भवतीति पण्डितराजमतम्। (२) रसव्यतिरिक्ताः सर्वेऽपि स्थायिभावा व्यभिचारिभावाश्च अलक्ष्यक्रमत्वेन भावध्वनयो (रसध्वनयो) भवन्ति, संलक्ष्यक्रमत्वेन तु वस्तुध्वनय इत्यानन्दवर्धनाभिनवगुप्तयोर्मतम्। संलक्ष्यक्रमध्वनिरूपे हि तेषां वस्तुरूपेणैव भानं (रत्यादिरूपेण हर्षादिरूपेण वा), न तु भावत्वेन। अत्र नागेशभट्टोक्ता उपपत्तिः—विगलितवेद्यान्तर एव रसास्वाद इति सर्वसम्मतं, स च अलक्ष्यक्रम एव सम्भवति, यदि वाच्य-लक्ष्य-विभावानुभाव-रसेषु क्रमः पृथगवभासरूपः प्रतीयते तर्हि तत्र वेद्यान्तरस्य ज्ञानान्तरस्य अविगलितत्वेन रसत्वमेव न सम्भवति। अत एव तथाविधस्य स्थाय्यादेर्न रसत्वमपि तु वस्तुत्वमेवेति। (३) रसभावादीनां सर्वेषामपि (स्थाय्यादीनामपि) सदैवालक्ष्यक्रमध्वनित्वमेव, नैव संलक्ष्यक्रमत्वमिति मर्मप्रकाशे नागेशभट्टानां मतम्। अत्रोपपत्तिः—विभावादिप्रतीतिसामग्रीविलम्बे वाच्यार्थप्रतीतौ क्रमसत्त्वेऽपि विभावज्ञानोत्तरं रसप्रतीतौ नैव विलम्बः केनाप्यनुभूयते। वाच्यार्थज्ञानक्रमस्य ध्वनिप्रतीतिक्रमत्वेन नाङ्गीकारोऽपितु विभावज्ञान-रसज्ञानयोः क्रमस्यैव, वक्तृवैशिष्टचप्रकरणादिज्ञानसहितस्यैव व्यञ्जकत्वात्। अत एव सर्वत्र रसोऽलक्ष्यक्रमव्यङ्ग्य एवेति।

सर्वसम्मत रूप से विगलितवेद्यान्तर (अन्य सभी ज्ञानों से रहित एकमात्र रसज्ञानस्वरूप) माना जाता है। ऐसी स्थिति में विभावादि-प्रतीति एवं रस-प्रतीति में यदि सूक्ष्म काल का भी अन्तर हो जाता है तो अन्य ज्ञान की प्रतीति के कारण रसत्व का भङ्ग हो जायगा और संलक्ष्यक्रम में ज्ञानान्तर का बोध हो ही जाता है। अतः उस स्थिति में रहने वाले रत्यादि को रस नहीं, वस्तुमात्र कहा जा सकता है।

नवीन विद्वानों के मत कहकर नागेश ने अपना मत भी दिया है। वक्तृवैशिष्ट्य प्रकरण आदि के ज्ञान सहित वाच्यार्थ ही व्यञ्जक होते हैं और क्रम तो प्रकरणादि ज्ञान में ही रहता है। व्यञ्जक की उपस्थिति से तत्क्षण विभावादि एवं रसादि की

तदित्थं निरूपितस्यास्य रसादिध्वनिप्रपञ्चस्य पदवर्णरचना-वाक्य-प्रबन्धैः पदैकदेशैरवर्णात्मकै रागादिभिश्चाभिव्यक्तिमामनन्ति। तत्र वाक्यगतानां पदानां सर्वेषामपि स्वार्थोपस्थितिद्वारा वाक्यार्थज्ञानोपाये समानेऽपि

यत्तु "नहि विभावादीत्यारभ्य मर्मप्रकाशोऽशुद्धः प्रतिभाति" इति रसचन्द्रिकायामुक्तं तत्तु सूक्ष्मेक्षिकया गूढभावानाकलनजन्यमेव। विभावज्ञानात्पूर्वमेव वाच्यप्रकरणादिप्रतीतौ क्रमोऽनुभूयते, न तत्र विगलितवेद्यान्तरता सहृदयैरनुभूयते, सप्रकरण-वाच्यार्थ-प्रतीत्यनन्तरं तत्क्षणमेव विभावादिज्ञानं जायते यत्र विगलितवेद्यान्तरता, तत्र नैव क्रमोऽनुभूयते। मर्मप्रकाशे 'तत्क्रमग्रहणे' इत्यस्य वाच्यार्थक्रमग्रहण इत्यर्थः।

पूर्वोक्तेषु त्रिष्वपि मतेषु द्वितीये मते एव पूर्वाचार्यग्रन्थसमन्वयो भवति। परन्तु भावध्वनेः संलक्ष्यक्रमे वस्तुध्वनौ, असंलक्ष्यक्रमे तु रसध्वनौ स्थापनं नैव युक्तं, भावानां 'वस्तुतः' पार्थक्यस्य सर्वसम्मतत्वात्, रत्यादीनां विभावादिसामग्रीसमवेतानां न रसत्वमित्यपि नैव सहृदयसम्मतमित्यस्यापि प्रसिद्धत्वात्, विभावादि-रसबोधक-सामग्रीगत-क्रमस्य क्वाप्यदृष्टत्वाच्च रसस्थल इव भावादिस्थलस्य तुल्यत्वाच्चेति तृतीयमतमेव समर्थयामहे।

तदित्थमिति। प्रपञ्चः समुदायः। पदं = सुबन्तं तिङन्तं च। वर्णा अकारादयः, रचना वर्ण-पदोपस्थापनरीतिः, वाक्यं क्रियान्वितपरस्परसाकाङ्क्षपदसमुदायः; प्रबन्धो महावाक्यं मेघदूतादि, पदैकदेशः प्रकृतिः प्रत्ययो वा, अवर्णात्मको वीणादि-

---

प्रतीति होती है, जिसमें क्रम अलक्षित रहता है। अतः इसे अलक्ष्यक्रमव्यंग्य ही कहते हैं, संलक्ष्यक्रम नहीं। वाच्यार्थ के क्रम को लेकर रत्यादि को संलक्ष्यक्रम नहीं कह सकते, क्योंकि विभावादि ज्ञान से रहित यत्किंचित् वाच्यार्थ (वाच्यार्थ के अंश) से रस-प्रतीति नहीं हो सकती है। अतः "तल्पगतापि च सुतनुः" इस उदाहरण में अलक्ष्यक्रम-व्यंग्य ही है। वहाँ व्यञ्जक के अवयव में ही क्रम है। व्यञ्जक और व्यंग्य के ज्ञान में क्रम अलक्षित ही है। अतः रसभावादि ध्वनि सर्वत्र अलक्ष्यक्रम ही होते हैं। अभिनव-गुप्त ने वाच्यार्थगत क्रम को लेकर रत्यादि को जो संलक्ष्यक्रम कहा है सो आरोपितरूप से ही यथाकथंचित् माना जा सकता है।

रस-भावादिध्वनि के विषय में ऊपर तीन मत प्रदर्शित हुए—(१) अस्फुट प्रकरण में रसादिध्वनि संलक्ष्यक्रम होते हैं—यह पण्डितराज का मत है। (२) अस्फुट प्रकरण में रत्यादि वस्तुमात्र रह जाते हैं, रस नहीं—यह आनन्दवर्धन एवं अभिनवगुप्त का मत है। (३) रसादिध्वनि सदा अलक्ष्यक्रम ही होते हैं—यह नागेश का मत है।

अब रसादिध्वनि के व्यंजकों के विषय में प्राचीन एवं नवीन विद्वानों के मत निरूपित करते हुए पहले प्राचीनों का मत प्रस्तुत कर रहे हैं। तो इस प्रकार निरूपित रसभावादि ध्वनियों के समुदायों का पद, वर्ण, रचना (वैदर्भी आदि रीति), वाक्य,

कुर्वद्रूपतया चमत्कारायोगव्यवच्छिन्नत्वेन कस्यचिदेव ध्वनिव्यपदेशहेतुत्वम्, यथा—"मन्दमाक्षिपति" इत्यत्र 'मन्दमि'त्यस्य।

रचना-वर्णानां पदवाक्यान्तर्गतत्वेन व्यञ्जकतावच्छेदककोटिप्रविष्टत्व-

ध्वनिः, रागः भैरवादिः, सङ्गीतशास्त्रीया ताल-मान-रसाश्रित-गानपद्धतिः, आदिना चेष्टादीनां संग्रहः। आमनन्ति प्रतिपादयन्ति प्राचीनाचार्याः। आमनन्तीत्यस्य अनुपदमेव वक्ष्यमाणेन प्राञ्च इत्यनेन सम्बन्धः।

कुर्वद्रूपतयेति। बहुषु समानकार्यसाधकेषु कस्यचिदेकस्य विलक्षणकार्य-कर्तृत्वमेव तस्य कुर्वद्रूपता। शब्दोऽयं बौद्धदर्शने पारिभाषिकः समुदाये एकस्यापि प्रयासेन कार्ये जाते समुदायस्यैव साफल्यमित्यर्थः। यथा—सकलसैन्येषु युद्ध्यमानेषु कस्य-चिदेकस्यासाधारणशौर्येण विजये लब्धे सर्वेऽपि विजयिनो भवन्ति, तथैवात्र वाक्यघटक-सकलपदानां वाक्यार्थबोधे साधनत्वेऽपि कस्यचिदेकस्य विलक्षणशक्तिमत्तया रसप्रतीतौ सम्पूर्णवाक्यस्यैव रसप्रत्यायकत्वमिति। उपायः साधनम्। चमत्कारस्य अयोगोऽ-सम्बन्धः तद्रहितत्वेन नियतचमत्कारसहितत्वेन कस्यचिदेव वाक्यघटकस्यैकस्यैव पदस्य ध्वनिव्यवहारहेतुता। उत्तमोत्तमकाव्यस्योदाहरणे मन्दमाक्षिपतीति। तत्र वाक्यघटकानां सकलपदानां शृङ्गारव्यञ्जकत्वेऽपि मन्दमिति पदेन "शनैः प्रियकरापसारणमि"त्यर्थ इतर-वैलक्षण्येन रतिर्व्यज्यते।

रचनेति। रचना हि वर्णाश्रिता पदाश्रिता वा, तदतिरिक्तं न किमपि स्वरूपं तस्याः, वर्णस्तु पदावयवत्वेन स्वरूपवान् भवति। अर्थबोधो हि रचना-वर्णयोः पदवा-क्यार्थान्तर्गत एवेति रचनैव प्रथममाक्षेप्या। तथा च स्वतन्त्ररूपेण व्यञ्जकता रचना-

प्रबन्ध (सम्पूर्ण ग्रन्थ), पद के अंश (प्रकृति या प्रत्यय), अव्यक्त वीणाध्वनि, राग (भैरव आदि संगीतशास्त्रीय) तथा चेष्टा से अभिव्यक्त (प्रकटित) होना प्राचीन आचार्य प्रतिपादित करते हैं। उनमें वाक्य में स्थित सभी पद यद्यपि अपने-अपने अर्थों को उपस्थित करके वाक्यार्थ के ज्ञान में समान रूप से कारण होते हैं, तथापि प्रधान कार्यकर्त्ता के रूप में चमत्कार के असम्बन्ध से रहित (अवश्य चमत्कारोत्पादक) होने के कारण कोई एक ही पद ध्वनिसम्पादक के रूप में प्रसिद्ध होता है। सेना में स्थित सभी योद्धा लड़ते हैं, पर किसी एक-दो के अद्भुत उत्साह से ही प्राप्त विजय से सभी विजयी कहलाते हैं। इसी प्रकार वाक्यान्तर्गत सभी पद वाक्यार्थ सम्पादित करते हैं, पर किसी एक पद की व्यञ्जकता से उत्पन्न ध्वनि के भागी वे सभी पद होते हैं।

जैसे—'मन्दमाक्षिपति' (पृ० ३८) में 'मन्दम्' इस पद से ही चमत्कृत ध्वनि होता है।

यद्यपि रचना और वर्ण तो पद या वाक्य के अन्तर्गत ही रहने के कारण पदवाक्य में स्थित व्यञ्जकता के विशेषण स्तर में ही प्रविष्ट हो सकते, स्वतन्त्र व्यञ्जक

मेव, न तु व्यञ्जकत्वमिति यद्यपि सुवचम्, तथापि पदवाक्यविशिष्टरचनात्वेन, रचनाविशिष्टपदवाक्यत्वेन वा व्यञ्जकत्वमिति विनिगमनाविरहेण घटादौ दण्डचक्रादेः कारणत्वस्येव प्रत्येकमेव व्यञ्जकतायाः सिद्धिरिति प्राञ्चः।

वर्णरचनाविशेषाणां माधुर्यादिगुणाभिव्यञ्जकत्वमेव, न तु रसाभिव्यञ्जकत्वं, गौरवान्मानाभावाच्च। नहि गुण्यभिव्यञ्जकं विना गुणाभिव्यञ्ज-

---

वर्णयोर्नास्ति, पदवाक्यघटकत्वेनैव तत्र व्यञ्जकता भवति यद्यपीति शेष आक्षेपलभ्यस्तथापीति पदोच्चारणेन। एवञ्च पदवाक्यनिष्ठा या व्यञ्जकता तद्विशेषणश्रेण्यामेव रचनावर्णयोः स्थानम्, न तु प्रधानव्यञ्जकत्वेनेति शङ्का। समाधानं हि—समुदितपदवाक्ययोर्व्यञ्जकत्वेऽपि तद्घटकस्य कस्यांशस्य विशेष्यतेत्यत्र न कापि विनिगमना = तत्पक्षसाधिका युक्तिः, तदभावादुभयोर्व्यञ्जकता मुख्यैव। यथा दण्ड-चक्रादिकं सम्मिलितरूपेणैव घटकारणत्वेन दृष्टम्, तत्र कस्याप्येकस्य विशेष्यतायां युक्त्यभावात् पृथक् पृथग् दण्डस्य चक्रस्य च घटकारणता मुख्यतयैव स्वीक्रियते, तथैव अत्रापीति भावः। प्राञ्चः काव्यशास्त्रप्रणेतारः प्राचीनाचार्या आमनन्तीति।

रचना-वर्णादीनां व्यञ्जकत्वविषये काव्यशास्त्रीयाचार्याणां नवीनानां मतमुपस्थापयति—**वर्णेति**। वर्णविशेषा रचनाविशेषाश्च प्राचीनमते गुणसहित-रसव्यञ्जकाः, नवीनमते तु गुणमात्रव्यञ्जकाः। रचनाविशेषा वैदर्भीप्रभृतयः प्रागुक्ताः, वर्णविशेषाश्च माधुर्यादिगुणस्यैव व्यञ्जकाः, न तु गुणाश्रयाणां रसभावादीनामिति नव्याः जगन्नाथप्रभृतयः। तत्र ते युक्तिद्वयं ब्रुवते—**गौरवादित्यादि**। गुणानां रसव्यञ्जकत्वे तदधिकरचनादीनामपि तद्व्यञ्जकत्वस्वीकारे रसाभिव्यञ्जकसंख्यावर्धने गौरवम्। अन्वयव्यतिरेकाभ्यां माधुर्यादिगुणानामेव रसव्यञ्जकत्वे सिद्धे तदतिरिक्तरचनादेरपि तत्त्वे किमपि प्रमाणं नास्ति।

नहीं हो सकते—ऐसा कहना तो ठीक है, तथापि सम्पूर्ण पद या वाक्य के व्यञ्जक होने पर भी उनके किस अंश में विशेष्यता है या ध्वनिव्यञ्जक के रूप में पदवाक्यस्थित रचना को या रचनायुत पदवाक्य को मानें—इसमें किसी एक पक्ष की साधक युक्ति नहीं है। इसलिए दोनों प्रकार से व्यञ्जकता को प्रधान ही माना जा सकता है। जैसे घट के कारण दण्ड एवं चक्र मिलितरूप से होने पर भी दोनों प्रधानरूप से (अलग कहने पर भी) कारण माने जाते हैं। यह प्राचीन आलंकारिकों का मत है।

काव्यशास्त्र के नवीनाचार्यों के मत में व्यञ्जक वर्ण एवं व्यञ्जक रचना माधुर्य आदि गुणों के ही व्यञ्जक होते हैं, रस-भाव आदि के नहीं; क्योंकि इसमें ध्वनिव्यंजक संख्या बढ़ाने का गौरव (अधिक आयास करना) रूप दोष है। साक्षात् रस से सम्बन्ध रखने वाले माधुर्यादि गुणों से ही रस के व्यंग्य हो जाने से गुणों द्वारा उससे सम्बद्ध

कत्वं नास्तीत्यस्ति नियमः, इन्द्रियत्रये व्यभिचारात्। इत्थं च स्वस्वव्यञ्जकोपनीतानां गुणिनां, गुणानाम् उदासीनानां च यथा परस्परोपश्लेषेणौदासीन्येन वा तत्तत्प्रमितिगोचरता तथा रसानां तद्गुणानां चाभिव्यक्तिविषयतेति नव्याः।

ननु गुणो नाम गुण्याश्रित एव, नहि गुणिनं विना गुणस्य स्थितिरपि सम्भवति। तस्माद् गुणिनः पटादेः सत्त्व एव गुणस्य रक्ततादेरभिव्यक्तिः सम्भवति। अत एवात्रापि गुणिनं रसमभिव्यज्यैव रचनादिद्वारा गुणस्य माधुर्यादेरभिव्यञ्जकता सम्भवतीति शङ्का। समाधानन्तु व्यवहारेण नायं नियमः सिद्धयति—इन्द्रियत्रये घ्राण-श्रोत्र-जिह्वासु व्यभिचाराद् व्यतिक्रमात्। घ्राणेन्द्रियेण हि गुणस्य गन्धस्यैवाभिव्यक्तिर्न तु गुणिनः पृथिव्यादेः, श्रोत्रेण शब्दस्यैवाभिव्यक्तिर्नाकाशादेः, जिह्वया रसस्यैवाभिव्यक्तिर्न जलादेः। एवमेव रचनादिना गुणस्यैव, न तु गुणिनो रसादेरभिव्यक्तिरिति।

इत्थमिति। गुणानां गुणिनाञ्च स्वतन्त्ररूपेणाभिव्यङ्ग्यत्वे स्थिते सतीत्यर्थः। स्वस्वव्यञ्जकैः चक्षुरादिभिः उपनीतानाम् उपस्थापितानां गुणिनां पृथिव्यादीनां, घ्राणादिभिर्गुणानां गन्धादीनाम्, श्रोत्रादिभिः उदासीनानां गुणगुणिभावरहितानां शब्दादीनाञ्च परस्परमन्वयेन विशेष्यविशेषणभावेन, उदासीनतया तटस्थभावेन वा एकविषयकज्ञानगोचरता भवति। एवमेव वर्णरचनादिभिरुपनीतानां माधुर्यादिगुणानां पदवाक्यगुणा-

---

वर्ण-रचनादि को भी रसव्यञ्जक मानने से व्यंजकों की संख्या बढ़ जाती है और इसके व्यञ्जक मानने में कोई प्रमाण भी नहीं है।

यहाँ शंका होती है कि वर्णरचना को माधुर्य आदि गुणों का व्यञ्जक मानना तो सर्वसम्मत ही है, तब तो इन गुणों के आश्रय (गुणी) रसादियों के भी व्यञ्जक इसी को मानना होगा, क्योंकि गुणी (आश्रय) के प्रकटित होने के बिना गुण (आश्रित) की अभिव्यक्ति उचित नहीं है (वस्त्र के बिना उसके गुण लाल आदि का दृष्ट होना संभव नहीं है)। इसके समाधान में कहते हैं कि बात तो यथार्थ है, पर यह बात अनिवार्य नहीं है, सब जगह लागू नहीं होती है; क्योंकि कान, जिह्वा एवं नासिका इन तीनों इन्द्रियों में इस नियम का व्यभिचार (लागू न होना) देखा जाता है। कान से शब्दगुण का तो प्रत्यक्ष होता है पर उसके आश्रय आकाश का नहीं, जीभ से मधुरादि गुण का ही, उसके आश्रय जल का नहीं; नाक से गन्ध का ही, उसके आश्रय पृथिव्यादि का नहीं। पृथिव्यादि का तो अन्य इन्द्रिय (आँख) से ही प्रत्यक्ष होता है।

इस प्रकार अपने-अपने स्वतन्त्र व्यञ्जकों से गुण, गुणी एवं उदासीन (गुण-गुणिभाव-रहित) के व्यंग्य होने पर आपस में मिलकर या न मिलकर जैसे उन-उन (समुदित) अर्थों का प्रत्यक्ष कराना दृष्ट है उसी प्रकार रस एवं माधुर्यादि गुणों की अभिव्यक्ति होती है। अर्थात् रचनादि रस आदि के व्यञ्जक नहीं हैं—ऐसा नवीन

उदाहरणन्तु—"तान्तमाल—" इत्यादि प्रागुक्तमेव। वाक्यस्य व्यञ्जकतायामपि "आविर्भूता यदवधि—" इत्यादि च। प्रबन्धस्य तु 'योगवासिष्ठ-रामायणे' शान्त-करुणयोः, रत्नावल्यादीनि च शृङ्गारस्य व्यञ्जकत्वान्निदर्शनानि प्रसिद्धानि। मन्निर्मिताश्च पञ्च लहर्यो भावस्य। पदैकदेशस्य च "निखिलमिदं जगदण्डकं वहामि—" इति 'क'-रूपतद्धितो वीररसस्य प्रागेवोदाहृतः। एवं रागादिभिरपि व्यङ्ग्यत्वे सहृदयहृदयमेव प्रमाणम्।

दिभिरुपनीतानां रमादिगुणिनाञ्च कदाचिन्मिलितेन, कदाचित्पार्थक्येन चाभिव्यक्तिर्भवतीति।

रचना-वर्णयोरुदाहरणं प्रागुक्तं गुणनिरूपणे निबद्धं माधुर्यगुणव्यञ्जकवर्ण-रचनादिद्वारा शान्तरसस्यापि व्यञ्जकम्।

वाक्यस्येति। रसविशेषनिरूपणप्रसङ्गे समुपन्यस्तं "आविर्भूते"त्यादि सम्पूर्णमपि पद्यं विप्रलम्भशृङ्गाररसव्यञ्जकम्। योगवासिष्ठं महारामायणं, रामायणं वाल्मीकीयं, ते उभे अपि सम्पूर्णग्रन्थसन्दर्भरूपे क्रमशः शान्तरसस्य करुणरसस्य च उदाहरणे। हर्षवर्द्धनप्रणीता रत्नावलीनाटिका, राजशेखरकृता कर्पूरमञ्जरी, विद्यापतिकृता मणिमञ्जरीत्यादीनि स्वस्वसम्पूर्णग्रन्थेषु शृङ्गाररसव्यञ्जकानि। मन्निर्मिता मया जगन्नाथेन निर्मिता गङ्गालहरी-यमुनालहरी-करुणालहरीत्यादि-पञ्चलहर्यः प्रबन्धरूपेण भावस्य देवविषयकरतेः व्यञ्जिकाः। पदैकदेशस्वरूपस्य प्रकृतिप्रत्ययादेर्व्यञ्जकोदाहरणं

आचार्य कहते हैं। नवीन के मत में वर्ण, रचना एवं पदैकदेश को रसादिव्यञ्जक नहीं माना जाता है।

अब पूर्वोक्त रसादिव्यञ्जकों के उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। रचना और वर्ण की व्यञ्जकता का उदाहरण "तान्तमाल" इत्यादि पद्य पहले ही गुणनिरूपण में कहा गया है, जिसमें माधुर्य गुण के व्यञ्जक वर्ण और रचना शान्तरस के भी व्यञ्जक होते हैं। वाक्य की व्यञ्जकता के उदाहरण भी "आविर्भूता" इत्यादि पद्य रसविशेषनिरूपण में दिया जा चुका है, जहाँ सम्पूर्ण वाक्य विप्रलम्भश्रृंगार रस का व्यञ्जक है। प्रबन्ध (सम्पूर्ण ग्रन्थ) की व्यञ्जकता के उदाहरण—योगवासिष्ठ (महारामायण) शान्तरस का, वाल्मीकिरामायण करुणरस का, रत्नावलीनाटिका (हर्षवर्धनकृत) श्रृंगार रस का, विद्यापतिकृत मणिमञ्जरीनाटिका श्रृंगाररस का, ज्योतिरीश्वरकृत धूर्त्तसमागम-प्रहसन हास्य रस का आदि प्रसिद्ध ही हैं। मेरे (जगन्नाथ) द्वारा रचित गङ्गालहरी, यमुनालहरी आदि पाँच लहरियाँ प्रबन्धगत देव-विषयक रतिभाव के व्यञ्जक हैं। पद के अंश (प्रत्यय) की रसव्यञ्जकता का उदाहरण तो "निखिलमिदं" रसविशेषनिरूपण में कहा जा चुका है, जिसमें जगदण्डकं में स्थित तद्धित प्रत्यय 'क' वीररस का

एवमेषां रसादीनां प्राधान्येन निरूपितान्युदाहरणानि। गुणीभावे तु वक्ष्यन्ते, नामानि च। तत्र प्राधान्य एवैषां रसादित्वम्, अन्यथा तु रत्यादित्वमेव। नामनि रसपदं तु रत्यादिपरमित्येके। अस्त्येव रसादित्वं, किन्तु न ध्वनिव्यपदेशहेतुत्वमित्यपरे।

इति तैलङ्ग-पण्डितराज-जगन्नाथ-विरचिते रसगङ्गाधरे प्रथममाननं सम्पूर्णम्।

रसविशेषप्रकरणे जगदण्डकमित्यत्रत्य-कप्रत्ययेन वीररसाभिव्यक्तिरिति। भैरवादिरागैः प्रभातादिव्यङ्ग्यं, चेष्टादिभिर्युवत्वादिव्यङ्ग्यं प्रसिद्धमेव।

प्राधान्येनेति। यत्र वाक्यादौ रसस्य प्रधानता तत्र रसत्वस्य सर्वसम्मतत्वमेव, तेषामुदाहरणानि ग्रन्थेऽस्मिन् प्रदर्शितानि। **गुणीभावे त्विति**। यत्र तु रसस्य वस्त्वलङ्कारादीनामङ्गत्वं, रसस्य गौणता तेषां स्वरूपम्, उदाहरणानि, नामानि रसवत्-प्रेय-ऊर्ज्जस्वि-समाहितालङ्कारस्वरूपाणि अलङ्कारप्रकरणे प्रतिपादयिष्यन्ते।

अत्र मतद्वयं प्रदर्शयति—**तत्रेति**। रसस्य यत्र प्रधानता तत्रैव तस्य 'रस'-पदवाच्यत्वम्, अन्यथा रत्यादेः इतराङ्गतया रत्यादिवस्तुतैव न रसत्वम्। रसवदित्यादौ रसपदं रत्यादौ लाक्षणिकमेवेति प्राचां मतम्।

व्यञ्जक है। इसी तरह भैरव आदि संगीतशास्त्रीय राग, नटों की चेष्टा आदि भी रसादि के व्यञ्जक होते हैं, जिनकी रसादिव्यञ्जकता में सहृदयों के हृदय ही प्रमाण हैं।

अब रसादि प्रकरण का उपसंहार करते हुए कहते हैं कि इस प्रकार इन रस-भाव आदि के प्रधान व्यंग्य रहने पर (उनके) उदाहरण यहाँ प्रस्तुत किये गये। जहाँ ये गुणीभूतव्यंग्य होते हैं (रस आदि किसी अन्य के अंग के रूप में रहते हैं), वहाँ इनकी स्थिति गौण होती है, जिनके उदाहरण अलंकार-प्रकरण में दिये जायेंगे और उनके नाम भी रसवत्, प्रेयस्, ऊर्ज्जस्वि और समाहित भी कहे जायेंगे। 'रसवत्' इस नाम में रस पद का लक्षणा द्वारा रति आदि ही अर्थ है, क्योंकि रत्यादि के गौण रहने पर कतिपय आचार्यों के मत में वहाँ रसत्व रहता ही नहीं है, अपितु बहुत स्थलों में रत्यादि वस्तु बनते हैं और रसवत् आदि में अलङ्कार ही कहे जाते हैं।

नव्यमतमुपस्थापयति–अस्त्येवेति । गौणत्वेऽपि रस-भावादि-व्यवहारो भवत्येव, किन्तु तत्र ध्वनिव्यवहारकारणत्वं न भवति ।

अर्द्धाङ्गीकृतगिरिजः, पशुपतिरीशोऽप्यमानगुणशाली ।
गङ्गाप्रस्तुतभालः, फणिपतिमालः सुखं दद्यात् ॥

इति रसगङ्गाधर-प्रथमाननस्य मैथिलश्रोत्रियपण्डितगङ्गानाथशर्मतनूज-
विद्यावाचस्पतिश्रीशशिनाथझाशर्मकृता रसतरङ्गिणी
व्याख्या समाप्ता ।

अन्य आचार्यों के मत में रत्यादि के गौण रहने पर भी वे रसभावादि कहलाते ही हैं, केवल उन्हें ध्वनि नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि व्यंग्य के प्रधान रहने पर ही ध्वनि होता है ।

इति मिथिलाजनपदावयव-मधुवनीमण्डलान्तर्गत 'दीप' ग्राम-
वास्तव्य मैथिलश्रोत्रिय पण्डितगङ्गानाथशर्मपुत्र-
दरभङ्गासंस्कृतविश्वविद्यालयीय व्याकरण-
प्राध्यापक-विद्यावाचस्पति (डॉ०)
शशिनाथझाशर्मकृत-रसगङ्गाधर-
रसतरङ्गिणी हिन्दी व्याख्या में
प्रथम आनन समाप्त ॥

उदाहृतश्लोकानुक्रमणिका

●

रसगंगाधरे चर्चितग्रन्था ग्रन्थकारश्च प्रमापकाः

(प्रथमानने)